# TEXT DARK AND LIGHT

UNIVERSAL LIBRARY
OU_182626
UNIVERSAL LIBRARY

**OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY**

Call No. H 81/V47S Accession No. G.H. 201

Author अनन्तनारायण

Title स्वर्ण-वातन

This book should be returned on or before the date last marked below.

# सुबह-वतन

अर्थात्

उर्दू-भाषा के स्वर्गीय प्रतिष्ठित और प्रतिभाशाली कवि

## पण्डित ब्रजनारायण "चकबस्त"

की स्फुट कविताओं के संग्रह—

सुबह-वतन—का कठिन

शब्दों के अर्थसहित

हिन्दी-रूपान्तर।

सम्पादक

**पण्डित ब्रजकृष्ण गुर्टू,**

बी० ए०, एल-एल० बी०

---

इंडियन प्रेस, लिमिटेड, प्रयाग।

१९४४

मूल्य २॥=)

Published by
K. Mittra,
at the Indian Press, Ltd ,
Allahabad.

Printed by
A. Bose,
at the Indian Press, Ltd.,
Benares-Branch.

# विषय-सूची


| सं० विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| Foreword ... ... ... | I |
| १—नज़रान-ए रूह ... ... ... | १ |

## प्रथम भाग

| | |
|---|---|
| २—ख़ाके हिन्द ... ... .. | ३ |
| ३—वतन का राग ... ... ... | ७ |
| ४—आवाज़ए क़ौम ... ... ... | ९ |
| ५—मि० बेसेन्ट की ख़िदमत में पयामेवफ़ा ... | १५ |
| ६—फ़रियादे क़ौम ... ... ... | १९ |
| ७—क़ौम के सूरमाओं को बिदाई ... ... | २६ |
| ८—कांग्रेस के पुराने नेता जब कांग्रेस से अलग हुए तब यह कविता लिखी गई ... ... | ३० |
| ९ हम होंगे ऐश होगा और होमरूल होगा ... | ३१ |
| १०—हमारा वतन दिल से प्यारा वतन... ... | ३३ |
| ११—वतन को हम वतन हमको मुबारक ... | ३४ |

## दूसरा भाग

| | |
|---|---|
| १२—फूलमाला ... ... ... | ३६ |
| १३—वर्क़े इसलाह ... ... ... | ३९ |
| १४—दर्दे दिल ... ... ... | ४२ |
| १५—तरक्क़ी अंजुमन ... ... ... | ४६ |
| १६ हालते क़ौम ... ... ... | ४९ |
| १७—नौजवानों से ख़िताब ... ... | ५३ |
| १८—नालआए यास निराशा का रोना... ... | ५६ |
| १९—कृष्ण कन्हैया ... ... ... | ५८ |
| २०—गाय ... ... ... | ६३ |
| २१—क़ौमी मुसद्दस ... .. ... | ६७ |
| २२—देहरादून की सैर .. ... .. | ७२ |
| २३—आसफ़ुद्दौला का इमामबाड़ा ... ... | ७८ |

| सं० | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|

## तीसरा भाग

| | | |
|---|---|---|
| २४— | नौहाजात ... ... ... | ८१ |
| २५— | गोपाल कृष्ण गोखले ... ... | ८७ |
| २६— | बाल गङ्गाधर तिलक ... ... | ९१ |
| २७— | गंगाप्रसाद वर्मा ... ... ... | ९३ |
| २८— | इक़बालनारायण मसयलादान ... ... | ९९ |
| २९— | नश्तरे यास ... ... ... | १०१ |
| ३०— | मातमे यास ... ... ... | १०४ |

## चौथा भाग

| | | |
|---|---|---|
| ३१— | मज़हबे शायराना... ... ... | ११० |
| ३२— | क़ता ... ... ... | १५७ |
| ३३— | जलवए मअरफ़त... ... ... | १५८ |

## पाँचवाँ भाग

| | | |
|---|---|---|
| ३४— | मश्के इब्तिदाई का कलाम ... ... | १६३ |
| ३५— | कश्मीर ... .. ... | १६६ |
| ३६— | क़ौम की हालत ... ... .. | १७० |
| ३७— | नौजवानों की हालत ... ... | १७१ |
| ३८— | दौलत ... ... .. | १७६ |
| ३९— | आज़ादी व इस्लाह ... .. | १८१ |
| ४०— | मज़हब ... ... ... | १८३ |
| ४१— | पीराने निकोकार ... ... ... | १८५ |
| ४२— | तम्बीह ... ... ... | १८६ |
| ४३— | महादेव गोविन्द रानाडे ... ... | १८८ |
| ४४— | एक जवाँमार्ग दोस्त .. ... | १९५ |
| ४५— | जलवए सुबह ... ... ... | २०३ |
| ४६— | आबे अंगूर ... ... ... | २०७ |
| ४७— | बरसात ... ... ... | २१२ |
| ४८— | कलाम मुतफ़र्रिक़ ... ... ... | २१४ |
| ४९ | लार्ड कर्ज़न से झपट ... ... | २२१ |

---

# FOREWORD

( BY SIR TEJ BAHADUR SAPRU )

IT is not my intention or purpose to write a thesis on the rise and growth of Urdu poetry I have been asked by some friends who, in common with myself, have admired the poetry of Pandit Brij Narain Chakbast to write a foreword. Much as I should have liked that someone with better qualifications than mine had undertaken this duty I have agreed to write a foreword because I have known the poet intimately for the last twenty-five years and admired him for his high ideals in literature and life, and have enjoyed some of the best moments of my life in reading his poetry. I share the regret with many others that he has not found it possible to devote himself more steadily to the cultivation of the genius that is undoubtedly his. It is an irony of fate that men of the type of Sir Muhammad Iqbal and Mr Brij Narain Chakbast should find themselves compelled to divide their time between Law and Poetry. There is very little of idealism in Law—at any rate, in the practice of it—and yet the fact remains that both of them have given us during the last quarter of a century some of the finest poetry in Urdu. It augurs well for the future of Urdu literature that it should have been able to command the services of two such cultured men—men who have tasted of the best that English literature has to give us and yet retained their love for their own literature and tried to express in a

language, of which they are such inimitable masters, some of the deepest thoughts, and the subtlest of emotions which have stirred the minds of their countrymen in Northern India during their times. As already stated, I disclaim all intention to write on the general history of Urdu poetry. This has been done by persons far more competent than myself—men who have devoted time and research to the subject. There are, however, just a few aspects of Urdu poetry to which it may be permissible to refer. Compared to poetry in other Asiatic languages it is comparatively very modern, and, though in its very early period, its form of expression was very much allied to Hindi, in the course of its development it has adopted Persian models of metre, rhyme and expression until it has succeeded in standardising not only its diction, but also to a great its mode of thought. This has been at once its strength and weakness—strength in so far as it has led to the growth of a fine literary style and weakness in so far as it has prescribed limits to the imagination of poets and tended to make their subjects unreal and their similes and metaphors at times foreign to Indian conditions and environment Again, the requirements of metre and verse have been felt by some as so many impediments to the free expansion of their ideas and sentiments. Most of Urdu poetry has been poured forth in the form of *Ghazals* but no less a poet than Ghalib himself felt its limitations as very irksome.

بقدر شوق نہیں ظرف تنگنائے غزل
کچھ اور چاہئے وسعت مرے بیاں کے لئے

In Masnavi we have the great effort of Mir Hasan and Pandit Daya Shankar Nasim, but exquisite as they are as pieces of imagery, wonderful as is the spell of their literary form, their themes are extremely shadowy and illusory. They appeal to the sense of form as very few other similar poems do--but do they stir the heart to noble effort, or kindle the imagination of the reader with a glimpse of the eternal, or strike even any subtle chords of love ? Perhaps these questions may be answered differently. Other outlets have not been wanting. In Kasida considerable distinction has been achieved by a number of poets in Persian, ancient and modern, and their example has been followed by not a few of Urdu poets. But notwithstanding some notable efforts at fine poetry in Kasida the fact is that Kasida is not a form of poetry which appeals to contemporary taste. For one thing, mercenary motives do not generally succeed in bringing out the best that there may be in a poet, and while form and expression may flourish in Kasida, true poetry modern ideas of self-respect and freedom revolt against the extravegance of eulogy which is the substance of a Kasida. And even patrons of fine arts—(their number is certainly much smaller than it was half-a-century ago)—would blush to hear their praise sung in the old classical

fashion. The Marsia, however, still holds the field. Its theme is essentially tragic and pious. It deals with human feelings and emotions—and it affords a wide scope for true poetry. The classical Marsias of Anees and Dabeer have enriched Urdu poetry beyond all measure, and they still exercise a powerful influence upon all lovers of Urdu literature—particularly those associated with the social life of Lucknow. Of the other forms of Urdu poetry I need not speak in detail.

Pandit Brij Narain Chakbast is essentially a Luchnow man in his taste—and is steeped in the literary traditions of Lucknow. His knowledge of Persian and Urdu is extensive, deep and precise and he has made a profound study of the great masters of Urdu In literary form his poetry bears the unmistakable impress of the Lucknow school—but he is also essentially a representative poet of his times Much of what has passed and still passes as Urdu poetry is sickening to modern taste. I wonder how many of us could really enjoy the endless references to *gul* and *bulbul*, or the *chah-zanakhdan* or the *mooe-mian* or the *dukht-i-ruz.* Nor does modern taste very much care for the perpetual indifference, or the never-failing breach of faith or the tyranny of the beloved in Urdu poetry whose peculiar privilege is to be all and to do all that we would not tolerate in life.

Brij Narain Chakbast will disappoint those of us who would approach his poetry with expectations that

we have been led to form of the standardised Urdu poetry as we have inherited it. This does not involve any sweeping condemnation of the old poets—for even among them there have been great masters who have risen superior to the vitiated standards of their times. Meer and Dard, Ghalib and Atash, to mention only some of the most prominent poets—are notable exceptions but still they must be looked upôn as exceptions. Contemporary Urdu poetry seeks its inspiration from other and purer sources It is at times love of conutry which inspires the songs of Iqbal and Chakbast, at others it is some great historical or contemporary event which fires their imagination, and yet, again, it is from Nature or religion that they draw their inspiration. Nationalism—with all its advantages and disadvantages—has been a potent factor in the moulding of their imagination. It is a poetry which appeals more to the hearts and the imagination of the rising generation than to the standardised tastes of the elder generation. To say that there is very much more of reality about this poetry is not to deny to it imagination or idealism—but it marks essentially a difference between the old school and the new. Brij Narain Chakbast is pre-eminently a representative—and a great representative—of this new school, the possibilities of which in our literature seem to me to be unlimited. It is again no disparagement of the old school to say that the new school is far more sincere than the former, and of this

there is abundant evidence in the poetry of both Chakbast and Iqbal. It is not my purpose to institute a comparison between these two great representatives of the new school. If Iqbal is more spiritual and mystical than Chakbast that is probably due to his philosophy of life—on the other hand if Chakbast is more elegant in form, and shows greater pathos, if he appeals more to human feeling than to intellect, it is because of his environments in Lucknow and the traditions he had inherited from the early masters who have shed a lustre on the name of Lucknow. Personally I feel, with many apologies to all who would write encyclopaedic discourses on the meaning of a word, or the correctness of an idiom, that there is very genuine poetry of a high order in both of them. Brij Narain Chakbast's merits as a poet and artist are universally acknowledged by his contemporaries; and, while tastes differ and judgments are revised from generation to generation, it is perhaps not much of a prophecy to say that as time passes and Urdu poetry is more and more rescued from the shackles of artificial taste and breathes the atmosphere of new freedom—Brij Narain's reputation will steadily grow and succeeding generations will recognise him as a great pioneer of a new school of poetry.

I have very hesitatingly expressed these views and I therefore give a selection of some of his typical verses and leave it to readers to form their own judgment.

# ( नज़राने रूह )

तेरा बन्दा रहे दिल से यही पैमान रहा ।
नायरे फ़िक्र तेरे औज से हैरान रहा ॥
क़द्र करना तेरी सीखें यही अरमान रहा ।
यही मसला यही मज़हब यही ईमान रहा ॥
आबरू क्या है तमन्नाए वफ़ा में मरना ।
दीन क्या है किसी कामिल की परस्तिश करना ॥
मुझसे याराने अदम ने यह अगर फ़रमाया ।
हसरत् आबाद जहाँ से तुझे क्या हाथ आया ॥
मै कहूँगा कि बस एक रहबरे कामिल पाया ।
ज़िन्दगी की यही दौलत है यही सरमाया ॥
ले के दुनिया से यही मोहरे वफ़ा आया हूँ ।
अपने मोहसिन की ग़ुलामी की सनद लाया हूँ ॥

## (ख़ाके हिन्द १६०५)

ऐ ख़ाके हिन्द तेरी अज़मत में क्या गुमा है ।
दरियाय फ़ैज़ क़ुदरत तेरे लिए रवाँ है ॥
तेरी जबीं से नूरे हुस्ने अज़ल अयाँ है ।
अल्लाहरे ज़ेबो ज़ीनत का औज इज्ज़ोशाँ है ॥
हर सुबह है यह ख़िदमत ख़ुरशीद पुरज़िया की ।
किरनों से गूधता है चोटी हिमालया की ॥

---

## (वतन का राग १६१७)

पिन्हानेवाले अगर बेड़ियाँ पिन्हाएँगे ।
ख़ुशी से क़ैद के गोशे को हम बसाएँगे ॥
जो सन्तरी दरे ज़िन्दाँ के सो भी जाएँगे ।
यह राग गा के उन्हें नींद से जगाएँगे ॥
तलब फ़ज़ूल है काँटे की फूल के बदले ।
न लें बहिश्त भी हम होमरूल के बदले ॥

## (आवाज़ए क़ौम १९१६)

है आज-कल की हवा में वफ़ा की बरबादी।
सुने जो कोई तो सारा चमन है फ़रयादी॥
क़फ़स में बन्द हैं जो आशियाँ के थे आदी।
उड़ा है बाग़ से बू हो के रङ्ग आज़ादी॥
हवाए शौक़ में ग़ुन्चे बिकस नहीं सकते।
हमारे फूल भी चाहें तो हँस नहीं सकते॥
यह जोश पाक ज़माना मिटा नहीं सकता।
रगों में ख़ू की हरारत मिटा नहीं सकता॥
यह आग वह है जो पानी बुझा नहीं सकता।
दिलों में आके यह अरमान जा नहीं सकता॥
तलब फ़ज़ूल है काँटे की फूल के बदले।
न लें बहिश्त भी हम होमरूल के बदले॥

———

## मिसेज बेसन्ट की ख़िदमत में क़ौम का पयाम वफ़ा।

हिन्द बेदार हुआ यों तेरी बेदारी से।
जैसे बरसों का मरीज़ उठता है बीमारी से॥
क़ौम आज़ाद हुई तेरी गिरफ़तारी से।
चाँदनी फैल गई हुस्ने वफ़ादारी से॥

तू नज़रबन्द है जलवा है तेरा हर घर में।
शमा फानूस में है नूर है महफ़िल भर में॥

हुक्म हाकिम का है फ़रियाद ज़बानी रुक जाये।
दिल की बहती हुई गङ्गा की रवानी रुक जाये॥
क़ौम कहती है हवा बन्द हो पानी रुक जाय।
पर यह मुमकिन नहीं अब जोश जवानी रुक जाये॥
हों ख़बरदार जिन्हूने यह अज़ीअत दी है।
कुछ तमाशा यह नहीं क़ौम ने करवट ली है॥

हो चुकी क़ौम के मातम में बहुत सीनाज़नी।
अब हो इस रंग का संन्यास यह है दिल में ठनी॥
मादरे हिन्द की तसवीर हो सीने प बनी।
बेड़ियाँ पाँव में हों और गले में कफ़नी॥
हो यह सूरत से अयाँ आशिक़े आज़ादी हैं।
क़ुफ़्ल है जिनकी ज़बाँ पर यह वह फ़रयादी हैं॥

आज से शौक़े वफ़ा का यही जौहर होगा।
फ़र्श काँटों का हमें फूलों का बिस्तर होगा॥
फूल हो जायेगा छाती प जो पत्थर होगा।
क़ैदख़ाना जिसे कहते हैं वही घर होगा॥
संतरी देख के इस जोश को शर्मायेंगे।
गीत ज़ञ्जीर की झनकार में हम गायेंगे॥

## (फरयादे क़ौम १६१४)

वतन से दूर तबाही में है वतन का जहाज़ ।
हुआ है ज़ुल्म के पर्दे में हश्र का आग़ाज़ ॥
सुनें तो क़ौम के हमदर्द हिन्द के दमसाज़ ।
हवा के साथ यह आती है दुख भरी आवाज़ ॥
वतन से दूर हैं हम पर निगाह कर लेना ।
इधर भी आग लगी है ज़रा ख़बर लेना ॥
नसीब चैन नहीं भूख प्यास के मारे ।
हैं किस अज़ाब में हिन्दोस्तान के प्यारे ।
तुम्हें तो ऐश के सामान जमा हैं सारे ।
वहाँ बदन से रवाँ हैं लहू के फ़व्वारे ॥
जो चुप रहें तो हवा क़ौम की बिगड़ती है ।
जो सर उठायें तो कोड़ों की मार पड़ती है ॥
वतन से दूर भी हैं और खाना वीराँ भी ।
असीरे यास भी हैं और आसीर ज़िन्दाँ भी ॥
हुवे हैं नज़्र मुसीबत के दीन ईमाँ भी ।
तबाह हाल हैं हिन्दू भी और मुसल्माँ भी ॥
पढ़ी नमाज़ तो उजड़े घरों के सहारा में ।
अगर नहाए तो अपने लहू की गंगा में ॥
जो दब के बैठ रहे सर उठावोगे फिर क्या ।
उदूए क़ौम को नीचा दिखावोगे फिर क्या ॥

जफ़ा ओ जौर की ज़िल्लत मिटावोगे फिर क्या ।
तुम अपने बच्चों को क़िस्से सुनावोगे फिर क्या ॥
रहेगा क़ौल यही उनसे उनकी माँवों का ।
लहू रगों में तुम्हारी है बेहयावों का ॥

---

## (क़ौमी मुसद्दस १६११)

यह कारखै़र वह हो नाम चार सू रह जाये ।
तुम्हारी बात ज़माने के रोबरू रह जाये ॥
जो ग़ैर हों उन्हें हँसने की आरज़ू रह जाये ।
ग़रीब क़ौम की दुनिया में आबरू रह जाये ॥
ज़रा हमीयतो ग़ैरत का हक़ अदा कर दो ।
फ़क़ीर क़ौम के आए हैं झोलियाँ भर दो ॥

---

## (बर्के इसलाह १६१६)

बेगुनह ज़ुल्म से हो जाते हैं, अकसर माज़ूर ।
मगर इंसाफ़ का दरबार भी होता है ज़रूर ॥
क़ौम के जब्र का लेकिन है निराला दस्तूर ।
यह हो पाबंद जहालत तो है दुनिया मजबूर ॥
दिल तो क्या रूह भी इस क़ैद से आज़ाद नहीं ।
यह है वह ज़ुल्म कि जिसकी कहीं फ़रयाद नहीं ॥

ज़ोफ इख़लाक़ से थे क़ौम के आज़ा बेकार।
दिल की राहत तलबी से थीं उमंगें लाचार॥
बाद मुद्दत हुवे ग़ैरत के नुमायाँ आसर।
नोक नश्तर से हुआ ख़ून रगों में बेदार॥
यों ही इसलाह की तासीर अयाँ होती है।
क़ौम पीरी में इसी तरह जवाँ होती है॥
है इधर जोश पे आज़ाद ख़याली की तरंग।
सर में सौदा है दिलों में है जवानी की उमंग॥
उस तरफ़ बज़्म हरीफ़ाँ का है उखड़ा हुवा रङ्ग।
ढूँढ़ते फिरते है नफ़री के लिए हम आहंग॥
कोई बाक़ी नहीं अब उनके तरफ़दारों में।
मिल गई टूट के तौबा भी गुनहगारों मे॥

---

## (फूलमाला)

रविशे ख़ाम पे मरदों की न जाना हरगिज़।
दाग़ तालीम में अपनी न लगाना हरगिज़॥
नाम रक्खा है नुमाइश का तरक़्क़ी वो रिफ़ार्म।
तुम इस अन्दाज़के धोके में न आना हरगिज़॥
रंग है जिनमें मगर बूए वफ़ा कुछ भी नहीं।
ऐसे फूलों से न घर अपना सजाना हरगिज़॥

ख़ुद जो करते हैं ज़माने की रविश को बदनाम ।
साथ देता नहीं एसों का ज़माना हरगिज़ ॥
पूजने के लिए मन्दिर जो है आजादी का ।
उसको तफ़रीह का मर्कज़ न बनाना हरगिज़ ॥
अपने बच्चों की ख़बर क़ौम के मर्दों को नहीं ।
यह हैं मासूम इन्हें भूल न जाना हरगिज़ ॥
इनकी तालीम का मक़तब है तुम्हारा ज़ानू ।
पास मर्दों के नहीं इनका ठिकाना हरगिज़ ॥
काग़ज़ी फूल विलायत के दिखा कर इनको ।
देस के बाग़ से नफ़रत न दिलाना हरगिज़ ॥
नग़मअए गम की लै जिसमें समाही न सके ।
राग ऐसा कोई इनको न सिखाना हरगिज़ ॥
गो बुज़ुर्गों में तुम्हारे न हो इस वक्त़ का रंग ।
इन ज़ईफ़ों को न हँस हँस के रुलाना हरगिज़ ॥
हम तुम्हें भूल गये उसकी सज़ा पाते हैं ।
तुम ज़रा अपने तईं भूल न जाना हरगिज़ ॥

---

## (दर्देदिल)

चमने उम्र हमेशा न रहेगा शादाब ।
ख़ुम में बाक़ी न रहेगी यह जवानी की शराब ॥
नशअए इल्म में हर वक्त़ रहो तुम ग़रक़ाब ।
शान तालीम यही है यही तहज़ीब शबाब ॥

ले उड़े दिल को तबीयत की रवानी वह है।
बे पिये नशा रहे जिसमें जवानी वह है॥
मस्त कर देती है ऐसा यह शराबे सरजोश।
नज़र आती है मश्रए हुस्न से दुनिया मदहोश॥
सैर जन्नत में रहा करते हैं चश्मो लबो गोश।
मुझसे कहता था जवानी में मेरा बादा फ़रोश॥
हर घड़ी आलमे बाला प नज़र रहती है।
कहीं इनसान को दुनिया की ख़बर रहती है।

---

## (सैर देहरादून)

फ़िज़ाये कोह में ऐसी हवा समाती है।
बशर की रूह को राहत की नींद आती है॥
बस एक आज़म हर चार सिम्त तारी है।
न शोरो शर है न दुनिया की आहो ज़ारी है॥
असर दिखाता है क़ुदरत का नग़मअए दिलगीर।
शजर हिज्र से टपकती है राग की तासीर॥
यह राग वह है जो मिज़राब का असीर नहीं।
यह हर्फ़ कान के परदों में गोशागीर नहीं॥
वही सुनेगा इसे दिल गुदाज़ है जिसका।
हर दिल में सोज़ तो रग रग में साज़ है इसका॥

यह राग मुझमें समाया सुरूर मै होकर।
हवस थी रूह को मिल जाये इसमें लै होकर॥
हरम ख़ास में क़ुदरत के बारयाबी थी।
निगाह शौक़ में एक शान बे हिजाबी थी॥
नशिस्त संग पै थी साये शजर के तले।
रीवाँ था चश्मा आब हिफ़्ज़ नज़र के तले॥
शरीक हाल थी वज़अ क़दीम क़ुदरत की।
अयाँ थी संगों शजर से कशिश मुहब्ब की॥
शराब उन्स हक़ीक़ी से था हर एक सरशार।
शजर था कोह था चश्मा था या यह मुश्त ग़ुबार॥
दरख़्तो कोह हैं क्या ज़ात पाक इन्साँ क्या।
तयूर क्या है हवा क्या है अब्रो बाराँ क्या॥
यह मौज हस्तिए बेदार के अनासिर हैं।
सब एक क़ाफ़ल अए शौक़ के मुसाफ़िर हैं॥
यह दिल के टुकड़े हैं क़ुदरत के इनमें ग़ैर नहीं॥
सब एक गोद के पाले हैं कोई ग़ैर नहीं।
इन्हीं से नग़म आए क़ुदरत है औजो पस्ती में।
सब एक साज़ के परदे हैं बज़्म हस्ती में॥
जुदा किसी से भी हस्ती का अपने राज़ नहीं।
कुछ आबशार में और हममें इमतियाज़ नहीं॥
है जिस्मे ख़ाक यहाँ उसका जिस्म पानी है।
जो रूह हममें है उसमें वही रवानी है॥

## ( फूल )

या बाग़ में खिलता है दम सुबहे गुलतर ।
क्या क्या इसे होते नहीं एजाज़ मयस्सर ।।
बनता है उरूसाने जहाँ के लिये ज़ेवर ।
दस्सार म नौशा की रहा करता है अकसर ।
लेकिन न किसी वज़अ पे ढंग से देखा ।
बेकस की लहद पर इसे जिस रंग से देखा ।।

---

## ( PHILOSOPHY OF LIFE )

ज़िन्दगी क्या है अनासिर में ज़हूरे तरतीब ।
मौत क्या है इन्हीं अजज़ा का परीशाँ होना ।।
फ़ना का होश आना ज़िन्दगी का दर्द सर जाना ।
अजल क्या है खुमारे बादअए हस्ती उतर जाना ।।
आबरू क्या है तमन्नाए वफ़ा में मरना ।
दीन क्या है किसी कामिल की परस्तिश करना ।।
अगर दर्दे मुहब्बत से न इन्साँ आशना होता ।
न मरने का सितम होता न जीने का मज़ा होता ।।
दर्दे उलफ़त आदमी के वास्ते अकसीर है ।
ख़ाक के पुतले इसी जौहर से इन्साँ हो गये ।।

कमाले बुज़दिली है पस्त होना अपनी आँखों में ।
अगर थोड़ी सी हिम्मत हो तो फिर क्या हो नहीं सकता ॥
उभरने ही नहीं देती यहाँ बेमायगी दिल की ।
नहीं तो कौन क़तरा है जो दरिया हो नहीं सकता ॥
नई तहज़ीब के सदके न शर्माने दिया दिल को ।
रहे मंतिक के परदे में करिश्मे बेहयाई के ॥
हवस जीने की है यों उम्र के बेकार कटने में ।
जो हमसे ज़िन्दगी का हक़ अदा होता तो क्या होता ॥
अहले हिम्मत मंज़िले मक़सूद तक आ भी गये ।
बन्दअए तक़दीर क़िसमत से गिला करते रहे ॥
वह सौदा ज़िन्दगी का है कि ग़म इन्सान सहता है ।
नहीं तो है बहुत आसान इस जीने से मर जाना ॥
जहाँ में रह के यों क़ायम हूँ अपनी बेसबाती पर ।
कि जैसे अक्से गुल रहता है आबेजुए गुलशन में ॥
कशाकश है उमीदो यास की यह ज़िन्दगी क्या है ।
इलाही ऐसे हस्ती से तो अच्छा था अदम मेरा ॥
अगर कोनो मकाँ एक शोबदा था तेरी क़ुदरत का ।
तो इस दुनियाँ में आख़िर किस लिए आया क़दम मेरा ॥
ख़ुद परस्ती घट गई क़द्रे मुहब्बत बढ़ गई ।
मातमे अहबाब है तालीमे रूहानी मुझे ॥
हाये इस दुनिया की पाबदी अजब दिलगीर है ।
ख़ुद पहनता है जिसे इन्साँ यह वह ज़ंजीर है ॥

दखा सुरूर बादअए हस्ती का ख़ातमा ।
अब देखें रंग लाये अजल का ख़ुमार क्या ॥
रंजो राहत का सबब दुनिया में कुछ पाया नहीं ।
हश्र में हम साफ़ कह देंगे ख़ुदा के सामने ॥
मज़ा शबाब में है सर से ख़ूँ बहाने का ।
लहू में फिर यह रवानी रहे रहे न रहे ॥
आमाल का तिलिस्म है नैरंग ज़िन्दगी ।
तक़दीर क्या है गरदिश लैलो निहार का ॥
चलती है इस चमन में हवा इनक़लाब की ।
शबनम को आये दामने गुल में क़रार क्या ॥
कुछ गुल निहाँ हैं परदअए ख़ाके चमन में भी ।
ताज़ा करेगी इनको हवाए बहार क्या ॥
बलाए जान है यह तसबीह और ज़ुन्नार के फन्दे ।
दिल हक़ बीं को हम इस क़ैद से आज़ाद करते हैं ॥
अज़ाँ देते हैं बुतख़ाने में जाके शाने मोमिन से ।
हरम में नारअए नाक़ूस हम ईजाद करते हैं ॥
क़ौम की शीराज़ा बन्दी का बिला बेकार है ।
तर्जे हिन्दू देख कर रंगे मुसल्माँ देखकर ॥
दिल में इस तरह से अरमान हैं आज़ादी के ।
जैसे गंगा में झलकती है चमक तारों की ॥
मेरे अहबाब पेश आते हैं मुझसे बेवफ़ाई से ।
वफ़ादारी में शायद कर रहे हैं इम्तहां मेरा ॥

दोस्त मरने पर मेरे दादे वफ़ा देते हैं।
हाये किस वक्त मुहब्बत का सिला देते हैं॥
दुश्मनों से भी मुझे तर्के वफ़ा मुशकिल है।
दोस्त बनकर मुझे कम्बख़्त दग़ा देते हैं॥
जिसने दिल पैदा किया उससे शिकायत कुछ नहीं।
दिल से जो पैदा हुई वह आरज़ू बदनाम है॥
हमारे और वाअ्ज़ाँ के मज़हब में फ़र्क़ अगर है तो इस क़दर है।
कहेंगे हम जिसको पासे इन्साँ वह उसको ख़ौफ़े ख़ुदा कहेंगे॥

---

( ELEGIES )

## मिस्टर गोखले

रहा मिज़ाज में सौदाए क़ौमे ख़ू होकर।
वतन का इश्क़ रहा दिल की आरज़ू होकर॥
बदन में जान रही वक़्फ़ आबरू होकर।
रगों में अश्क मुहब्बत रहे लहू होकर॥
ख़ुदा के हुक्म से जब आबो ग़िल बना तेरा।
किसी शहीद की मट्टी से दिल बना तेरा॥
अजल के दाम में आना है यों तो आलम को।
मगर यह दिल नहीं तय्यार तेरे मातम को॥
पहाड़ कहते हैं दुनिया में ऐसे ही ग़म को।
मिटा के तुझको अजल ने मिटा दिया हमको॥

जनाज़ा हिन्द का दर से तेरे निकलता है :
सुहाग क़ौम का तेरी चिता में जलता है ।।

---

## बाबू गङ्गाप्रसाद वर्मा

पेड़ सरसब्ज़ हैं थालों में रवाँ आब भी है ।
डूबती किरनों से फ़व्वारों में एक ताब भी है ।।
गुल नौखेज भी हैं सबज़ओ शादाब भी है ।
शाम का वक्त भी है अजम ओ अहबाब भी है ।।
तू कहाँ है जो इस बाग़ का शैदाई है ।
तुझसे मिलने के लिये फ़स्ले बहार आई है ।।
जब ज़माने में तेरे औज की नौबत आई ।
ज़िन्दगी ख़त्म हुई मौत की साइत आई ।।
काम कुछ भी न जवानी की रियाज़त आई ।
सुबह पीरी नहीं आई कि क़यामत आई ।।
रोशनी जिसकी थी हर सू वह सितारा डूबा ।
मिट गई शामे अवध क़ौम का तारा डूबा ।।
यों तो दुनिया में हमेशा से है मरने का चलन ।
अपने बच्चों को निगलती है ज़मी की नागन ।।
दाग़ देता है जब कोई दिल सोज़े वतन ।
उसके सदमे से लरज़ता है यह ऐवाने कुहन ।।

चाँदनी रात में जिस वक़्त हवा आती है।
क़ौम के दिल के धड़कने की सदा आती है॥

——

## ( गायें )

देखे जङ्गल में कोई शाम को तेरी रफ़्तार।
बेपिये जैसे किसी को हो जवानी का खमार॥
मस्त कर देती है शायद तुझे क़ुदरत की बहार।
वह उतरती हुई धूप और वह सबज़ का निखार॥
एक एक गाम पे शोख़ी से मचलना तेरा।
पी के जङ्गल की हवा झूम के चलना तेरा॥
साहबे दिल तुझे तसबीर वफ़ा कहते हैं।
चशमए फ़ैजे ख़ुदा मर्दे ख़ुदा कहते हैं॥
दर्द मन्दों की मसीहा शोअरा कहते हैं।
माँ तुझे कहते हैं हिन्दू तो बजा कहते हैं॥
कौन है जिसने तेरे दूध से मुँह फेरा है।
आज इस क़ौम की रग रग में लहू तेरा है॥

I had very nearly finished the above fntroduction when suddenly I heard of the news of the death of my friend. I feel guilty that I was not able to finish it during his lifetime. To those of us who had the rare privilege of knowing him intimately his death at the early age of 43 is nothing short of a tragedy. How much poorer his friends are to-day they only know—but what a loss it is to the Urdu literature and Urdu poetry in particular, what nobility of thought and character and what depth of feeling have perished with him—what possibilities of service to the mother-land have disappeared with him—are questions on which I in common with many others can silently contemplate but dare not discuss.

## BRAJ NARAYAN CHAKBAST

### IN MEMORIAM

(Reproduced from the *Leader* of 24th February, 1926)

The sudden and tragic death of Pandit Braj Narayan Chakbast, in the fullness of his powers and after a few hours' illness, has cast a profound gloom over the whole of Lucknow. He left his home in the morning, apparently in the best of health, and to that home his corpse was brought the same night. He had gone to Rae Bareli on professional business and having finished his work at 2 P M., was returning to Lucknow by the Punjab Mail. It was in the railway compartment that he was struck down by paralysis and completely deprived of the power of speech. Friends took him out of the train and placed him in the waiting room of the railway station. The best medical aid available at Rae Bareli was summoned to his bed-side and all that could be done was done. But it availed nothing and Braj Narayan passed away at 7 P.M. The decrees of Fate are inscrutable, but I confess that tragedies like these—so cruel and so senseless—are enough to make one rebel against Providence. Why should Braj Narayan

Chakbast be snatched away in this ruthless manner, while the worthless and the wicked flourish around us like the green bay tree ? Why indeed ! What should we say, what *can* we say, except that we do not know, perhaps we connot know.

Behind the veil ! behind the veil.

Pandit Braj Narayan Chakbast had won for himself a position of honourable eminence in his profession. He had talents, and what is rarer, combined with them perseverance and industry. He was a distinguished Urdu poet and his poems were eagerly read and widely appreciated. He was one of that small band who have helped to revolutionize the ideals of Urdu poetry, and have brought it back from the 'dreary desert sand of dead habit' to the sweep and surge of the tide of life. Urdu poetry had been reduced to 'a sad, mechanic exercise' by poetasters who ruled its destinies and were content to play with words and compose sugary verses of lady-like prettiness. Iqbal, chakbast, and Hasrat Mohani have, under the quickening influence of a new culture and the inspiration of a fresh and vigorous nationalism, transfigured patriotism into song and breathed into Urdu poetry the breath of a new life. They

treated their muse like a queen, not like a tinselled courtesan, and gave to her the best that was in them. But while working in the forefront of this revolutionary movement Chakbast remained constantly true to the genius Urdu tongue and to the established technique of its poetry, and aimed at making it manlier, nobler and richer, and not at converting it into a third-rate imitation of European verse. His admiration for the old masters was unequivocal and Atash, Galib and Anis were his favourites. In his *Khak-i-Hind*, his Ramayan and the stirring poem on the struggle in South Africa, one can hear the echo of the cadence of Anis, while as a pure literary artist he is perhaps at his best in the poem on Dehra Dun, in whose fine descriptions of Nature one almost feels the coolness of falling water and hears the music of rustling trees.

But eminent as he was as a poet, he will be mourned even more, much more, as a man and as a friend. Honourable and generous in his dealings with all, integrity, loyalty and modesty formed the texture of his character and he was singularly free from thât littleness which tries to be great. He had a genius for friendship, his *murawwat* was unbounded and everything,

except his honour, was at the disposal of his friends. Not for days and weeks, but for months he attended on his sick friends, placing his time, his energy, and his money, ungrudgingly at their service, and nursed them with unstinted devotion. No wonder that his friends feel that the void caused in their circle by his death cannot be filled.

About my own relations with him it is difficult for me to speak. For more than thirty years he was to me like a brother, nay, more than a brother. I have lost some of my dearest friends—Ganga Prasad Varma, Iqbal Narayan Masaldan, Bishan Narayan Dar, and now the youngest of them all, Braj Narayan Chakbast, and the world has been left unto me desolate

वह सूरतें इलाही किस देस बसतियाँ है।
अब जिनके देखने को आँखें तरसतियाँ हैं ॥

My grief too poignant and the memory of my dear Birjan—as we fondly called him in the family circle—too sacred to allow me to make a parade of my pain, I can, therefore, say no more.

I sometimes hold it half a sin
To put in words the grief I feel ;
For words, like Nature, half reveal
And half conceal the soul within.

MANOHAR LAL ZUTSHI

# नज़रान-ए रूह

## ( स्वर्गीय पं० विशननारायण दर )

दिल पुरदर्द[1] के टुकड़े जो किये हैं इकजा,[2]
तेरे क़दमों के लिए था यही मेरा तुहफ़ा[3]
मगर अफ़सोस कि यह दैन अदा हो न सका,
अब सरे लौह[4] पै है नक़्श यह पैग़ामे वफ़ा[5] ।
मेरे सौदाय तबीयत का जो अफ़साना[6] है,
मरनेवाले यह तेरी रूह का नज़राना[7] है ॥
तेरा बन्दह रहे दिल से यही पै मान[8] रहा,
तायरे[9] फ़िक्र तेरे औज[10] से हैरान रहा ।
क़द्र करना तेरी सीखें यही अरमान रहा,
यही मुसलिक[11] यही मज़हब यही ईमान रहा ।
आबरू क्या है तमन्नाए वफ़ा में मरना,
दीन क्या है किसी कामिल[12] की परस्तिश[13] करना ॥

---

१ दुःखी हृदय । २ एकजा । ३ भेट । ४ तख़्ती । ५ कृतज्ञता का सन्देश । ६ कहानी । ७ उपहार । ८ क़ौलक़रार । ९ पक्षी ( तायरे फ़िक्र से कवित्व की शक्ति या प्रतिभा का आशय है ) । १० बलन्दी । ११ मार्ग । १२ उस्ताद । किसी गुण में पूरा । १३ पूजा ।

अब परस्तिश को है बाक़ी तेरी हस्ती[१] की मिसाल,
दिल के मन्दिर का उजाला है यह तस्वीरे कमाल।
गोकि यह रूह का सौदा है बिला ख़ौफ़ ज़वाल[२],
मगर इस ख़ाक के पुतले की है तस्कीन[३] मुहाल।
याद मिटती नहीं तेरी दरे हसरत[४] वा[५] है,
हमको मालूम हुआ आज यतीमी क्या है॥
मुझसे याराने अदम[६] ने यह अगर फ़रमाया,
हसरत आबाद जहाँ से तुझे क्या हाथ आया।
मै कहूँगा कि बस यक रहबरे कामिल[७] पाया,
ज़िन्दगी की यही दौलत है यही सरमाया[८]।
ले के दुनिया से यही मुहरे वफ़ा आया हूँ,
अपने मुहसिन[९] की ग़ुलामी की सनद लाया हूँ॥
दिल यह कहता है कि जीने की लताफ़त[१०] नहीं ख़ाक,
ख़ुद ब ख़ुद जान हुई जाती है रोने में हलाक[११]।
यह मगर शर्तवफ़ा है न हों आँखें नमनाक[१२],
चढ़के ग़ैरों की नज़र पर न हो आँसू नापाक।
जिसकी दुनिया को ख़बर हो यह वह नासूर[१३] नहीं,
तेरे मातम[१४] की नुमायश[१५] मुझे मंज़ूर नहीं॥

---

१ ज़िन्दगी। २ नाश। ३ धैर्य्य। ४ दुःख या पछताने का द्वार। ५ खुला हुआ। ६ परलोक के मित्रों। ७ पथ बतलानेवाला गुरु। ८ पूँजी। ९ उपकार करनेवाले। १० ख़ूबी। ११ मृतक। १२ आँसुओ से तर। १३ घाव। १४ मृत्युशोक। १५ दिखलावा।

# स्वदेश-प्रभात

## प्रथम भाग

### ख़ाके हिन्द ( भारत की रज )

ए ख़ाके हिन्द[१] तेरी अज़मत[२] में क्या गुमाँ[३] है,
दरियायफ़ैज़ेक़ुदरत[४] तेरे लिए रवाँ[५] है।
तेरा जबीं[६] से नूरेहुसनेअज़ल[७] अयाँ[८] है,
अल्लाह रे ज़ेबोज़ीनत[९] क्या औज[१०] इज़्ज़ो शाँ[११] है।
हर सुबह[१२] है यह ख़िदमत ख़ुरशीदपुरज़िया[१३] की,
किरनों से गूँधता है चोटी हिमालिया की ॥१॥
इस ख़ाकेदिलनशीं[१४] से चश्मे[१५] हुए वह जारी,
चीनो अरब में जिनसे होती थी आबयारी[१६]।
सारे जहाँ पै जब था वहशत[१७] का अब्रतारी[१८],
चश्मोचिराग़ेआलम[१९] थी सरज़मीं[२०] हमारी।

---

१ भारत की रज। २ महत्त्व। ३ सन्देह। ४ प्राकृतिक उदारता की नदी। ५ जारी। ६ मस्तक। ७ प्राकृतिक प्रकाश। ८ प्रकट। ९ शोभा और सजावट। १० उच्चता। ११ प्रतिष्ठा और गौरव। १२ प्रभात। १३ प्रकाशमय सूर्य। १४ दिल मे बसी हुई मिट्टी। १५ स्रोत। १६ सिंचाई। १७ असभ्यता। १८ बादल छाया हुआ। १९ विश्व की आँख दीपक। २० भूमि।

शमएअदब[१] न थी जब यूनाँ[२] की अंजुमन[३] में,
ताबाँ[४] था महरेदानिश[५] इस वादिएकुहन[६] में ॥२॥
गौतम ने आबरू दी इस मुआबिदेकुहन[७] को,
सरमद[८] ने इस ज़मीं पर सदके[९] किया वतन[१०] को,
अकबर ने जामेउलफ़त[११] बख़्शा इस अंजुमन[१२] को,
सींचा लहू से अपने राना ने इस चमन[१३] को।
सब सूर वीर अपने इस ख़ाक में निहाँ[१४] हैं,
टूटे हुए खँडर हैं या उनकी हड्डियाँ हैं ॥३॥
दीवारोदर[१५] से अब तक उनका असर[१६] अयाँ[१७] है।
अपनी रगों में अब तक उनका लहू रवाँ[१८] है।
अब तक असर में डूबी नाक़ूस[१९] की फ़ुग़ाँ[२०] है,
फ़िरदौसगोश[२१] अब तक कैफ़ीयतेअज़ाँ[२२] है।
कश्मीर से अयाँ[२३] है जन्नत[२४] का रंग अब तक,
शौकत[२५] से बह रहा है दरियाय गंग अब तक ॥४॥

---

१ सभ्यता की ज्योति। २ यूनान देश। ३ महफ़िल। ४ प्रकाशित। ५ बुद्धिमत्ता का सूर्य। ६ पुरातन भूमि। ७ प्राचीन मन्दिर। ८ एक प्रसिद्ध मुसलमान साधु। ९ समर्पित। १० स्वदेश। ११ प्रेम का प्याला। १२ महफिल। १३ उद्यान। १४ गुप्त। १५ द्वार। १६ प्रभाव। १७ प्रकट। १८ जारी। १९ शंख। २० फ़रियाद, पुकार। २१ स्वर्ग तक जिसकी सुनवाई हो। २२ नमाज़ के वक़्त ईश्वर को याद करने की आवाज़। २३ प्रकट। २४ स्वर्ग। २५ गौरव।

अगली सी ताज़गी[१] है फूलों में औ फलों में,
करते हैं रक़्स[२] अब तक ताऊस[३] जंगलों में।
अब तक वही कड़क है बिजली की बादलों में,
पस्ती[४] सी आ गई है पर दिल के हौसलों में।
गुल[५] शमए अंजुमन[६] है गो अंजुमन[७] वही है,
हुब्बेवतन[८] नहीं है ख़ाके वतन[९] वही है ॥५॥

बरसों से हो रहा है बरहम[१०] समाँ[११] हमारा,
दुनिया से मिट रहा है नामो निशाँ हमारा।
कुछ कम नहीं अजल[१२] से ख़्वाबेगराँ[१३] हमारा,
इक लाश बेकफ़न है हिन्दोस्ताँ हमारा।
इल्मो कमालईमाँ[१४] बरबाद हो रहे हैं,
एशोतरब[१५] के बन्दे[१६] ग़फ़लत में सो रहे हैं ॥६॥

ऐ सूर[१७] हुब्बेक़ौमी[१८] इस ख़्वाब[१९] से जगा दे,
भूला हुआ फ़िसाना[२०] कानों को फिर सुना दे।
मुर्दा तबीयतों[२१] की अफ़सुर्दगी[२२] मिटा दे।
उठते हुए शरारे[२३] इस राख से दिखा दे ॥

१ नवीनता। २ नृत्य। ३ मोर। ४ निरुत्साहता। ५ बुझा हुआ। ६ महफ़िल का चिराग़। ७ महफ़िल। ८ स्वदेश-प्रेम। ९ स्वदेश की मिट्टी। १० अस्त-व्यस्त। ११ हाल। १२ मृत्यु। १३ गहरी नींद। १४ विद्या और कार्यकुशलता। १५ ऐश आराम। १६ दास। १७ नरसिंहा बाजा। १८ जातीय प्रेम। १९ नींद। २० कहानी। २१ निरुत्साही। २२ मुरझायापन। २३ चिनगारियाँ।

हुब्बेवतन[१] समाये आँखों में नूर[२] होकर,
सर में .खुमार[३] होकर दिल में सुरूर[४] होकर ॥७॥
शैदायबोस्ताँ[५] को सर्वोसमन[६] मुबारक[७],
रंगी[८] तबीयतों को रंगे सख़ुन[९] मुबारक।
बुलबुल को गुल मुबारक गुल को चमन मुबारक,
हम बेकसों[१०] को अपना प्यारा वतन मुबारक।
गुंचे[११] हमारे दिल के इस बाग़ में खिलेंगे,
इस ख़ाक से उठे हैं, इस ख़ाक में मिलेंगे ॥८॥
है जूयशीर[१२] हमको नूरेसहर[१३] वतन का,
आँखों की रोशनी है जल्वा[१४] इस अंजुमन का।
है रश्केमहर[१५] ज़र्रह[१६] इस मंज़िले कुहन[१७] का,
तुलता है बर्गे[१८] गुल[१९] से काँटा भी इस चमन का।
गर्दो .गुबार[२०] याँ का ख़िलअत[२१] है अपने तन को,
मरकर भी चाहते हैं ख़ाकेवतन[२२] कफ़न को ॥९॥

---

१ स्वदेश-प्रेम। २ प्रकाश। ३ उतरता हुआ नशा। ४ चढ़ता हुआ नशा। ५ उद्यान के प्रेमी। ६ सर्ववृक्ष विशेष जो बिलकुल सीधा होता है समन चमेली। ७ शुभ। ८ काव्यप्रेमी। ९ काव्यचर्चा। १० ग़रीबों। ११ कलियाँ। १२ दूध की नदी। १३ प्रभात का प्रकाश। १४ आलोक। १५ सूर्य को लज्जित करनेवाला। १६ बालुकण। १७ प्राचीन पथ। १८ पत्ता। १९ फूल। २० मिट्टी, धूल। २१ पोशाक। २२ स्वदेश की मिट्टी।

## वतन का राग ( स्वदेश-संगीत )

ज़मीन हिन्द की रुतबे[1] में अर्शआला[2] है,
यह होमरूल की उम्मीद का उजाला है।
मिसेज़ बेसेन्ट ने इस आरज़ू[3] को पाला है,
फ़क़ीर क़ौम के हैं और यह रागमाला है।
तलब[4] फ़िज़ूल है काँटे की फूल के बदले,
न लें बहिश्त[5] भी हम होमरूल के बदले ॥१॥
वतनपरस्त[6] शहीदों[7] की ख़ाक लायेंगे,
हम अपनी आँख का सुर्मा उसे बनायेंगे।
ग़रीब माँ के लिए दर्द दुख उठायेंगे,
यही पयामे वफ़ा[8] क़ौम को सुनायेंगे।
तलब फ़िज़ूल है काँटे की फूल के बदले,
न लें बहिश्त भी हम होमरूल के बदले ॥२॥
हमारे वास्ते ज़ंजीरतौक़[9] गहना है,
वफ़ा[10] के शौक़ में गांधी ने जिसको पहना है।
समझ लिया कि हमें रंजो दर्द सहना है,
मगर ज़बाँ से कहेंगे वही जो कहना है।
तलब फ़िज़ूल है काँटे की फूल के बदले,
न लें बहिश्त भी हम होमरूल के बदले ॥३॥

---

१ पद। २ सर्वोच्च आकाश। ३ कामना। ४ चाह। ५ स्वर्ग। ६ देशभक्त। ७ प्राण समर्पित करनेवाले। ८ कृतज्ञता का सन्देश। ९ गले की ज़ंजीर। १० बात रखने, प्रतिज्ञा पूरी करने।

पिन्हानेवाले अगर बेड़ियाँ पिन्हायेंगे,
ख़ुशी से क़ैद के गोशे[१] को हम बसायेंगे।
जो संतरी दरे ज़िन्दाँ[२] के सो भी जायेंगे,
यह राग गा के उन्हें नींद से जगायेंगे।
तलब फ़िज़ूल है काँटे की फूल के बदले,
न लें बहिश्त भी हम होमरूल के बदले ॥४॥

ज़बाँ को बन्द किया है यह ग़ाफ़िलों[३] को है नाज़[४],
ज़रा रगों में लहू का भी देख लें अंदाज़[५]।
रहेगा जान के हमराह[६] दिल का सोज़ गदाज़[७],
चिता से आयगी मरने के बाद यह आवाज़।
तलब फ़िज़ूल है काँटे की फूल के बदले,
न लें बहिश्त भी हम होमरूल के बदले ॥५॥

यही दुआ[८] है वतन के शिकस्ताहालों[९] की,
यही उमङ्ग जवानी के नौनिहालों[१०] की,
जो रहनुमा[११] है मुहब्बत पै मिटनेवालों की,
हमें क़सम है उसी के सफ़ेद बालों की।
तलब फ़िज़ूल है काँटे की फूल के बदले,
न लें बहिश्त भी हम होमरूल के बदले ॥६॥

---

१ कोना। २ कारागार। ३ अनजानों। ४ अभिमान। ५ ढंग। ६ साथ। ७ दुख-दर्द। ८ कामना। ९ दुखी, दीन। १० नवयुवक। ११ पथप्रदर्शक।

यही पयाम[1] है कोयल का बाग़ के अन्दर,
इसी हवा में है गङ्गा का ज़ोर आठ पहर।
हिलालेईद[2] ने दी है यही दिलों को ख़बर,
पुकारता है हिमाला से अब्र[3] उठ-उठकर।
तलब फ़िज़ूल है काँटे की फूल के बदले,
न लें बहिश्त भी हम होमरूल के बदले ॥७॥
बसे हुए हैं मुहब्बत से जिनकी क़ौम के घर,
वतन का पास[4] है उनको सुहाग[5] से बढ़कर।
जो शीरख़्वार[6] हैं हिन्दोस्ताँ के लख़्ते जिगर[7],
यह माँ के दूध से लिक्खा है उनके सीने[8] पर।
तलब फ़िज़ूल है काँटे की फूल के बदले,
न लें बहिश्त भी हम होमरूल के बदले ॥८॥

---

## आवाज़ए क़ौम ( जाति की पुकार )

यह ख़ाके हिन्द से पैदा हैं जोश के आसार[9],
हिमालिया से उठे जैसे अब्रे दरियाबार[10]।
लहू रगों में दिखाता है बर्क़[11] की रफ़्तार[12],
हुई हैं ख़ाक के पर्दे में हड्डियाँ बेदार[13]।

---

१ सन्देश। २ ईद का चन्द्रमा। ३ बादल। ४ ख़याल। ५ सौभाग्य। ६ दुग्धपायी, दूध पीनेवाले। ७ कलेजे के टुकड़े। ८ छाती। ९ चिह्न। १० बड़े ज़ोर का बादल, जिसके बरसने से नदियाँ चढ़ें। ११ बिजली। १२ चाल। १३ जागृत।

ज़मीं से अर्श[१] तलक शोर होमरूल का है,
　　शबाब[२] क़ौम का है ज़ोर होमरूल का है ॥१॥
निगाहेशौक़[३] है इस रङ्ग की तमाशाइ,
　　है जिससे शेख़ो बिरहमन पै बेख़ुदी[४] छाई।
हर एक गाम[५] पै करते हुए जिबींसाई[६],
　　चले हैं बहरे ज़ियारत[७] वफ़ा के सौदाई[८]।
वतन के इश्क़ का बुत[९] बेनक़ाब[१०] निकला है,
　　नये उफ़क़[११] पै नया आफ़ताब[१२] निकला है ॥२॥
यह आरज़ू है कि मिहरो वफ़ा[१३] से काम रहे,
　　वतन के बाग़ में अपना ही इन्तज़ाम[१४] रहे।
गुलों[१५] की फ़िक्र में गुलचीं[१६] न सुबह शाम रहे,
　　न कोई मुर्ग़ ख़ुशइलहाँ[१७] असीरेदाम[१८] रहे ॥
सरीरेशाह[१९] का इक़बाल[२०] हो बहारे चमन[२१],
　　रहे चमन का मुहाफ़िज़[२२] यह ताजदार[२३] चमन ॥३॥
है आज-कल की हवा में वफ़ा[२४] की बरबादी,
　　सुने जो कोई तो सारा चमन है फ़रियादी।

---

१ आकाश। २ जवानी। ३ उत्साहपूरित दृष्टि। ४ बेहोशी। ५ क़दम। ६ मस्तक झुकाना। ७ दर्शनों के लिए। ८ कृतज्ञता के प्रेमी। ९ मूर्त्ति। १० बे-पर्दा। ११ आकाश। १२ सूर्य। १३ प्रीति-भाव। १४ प्रबन्ध। १५ फूलों। १६ फूल तोड़नेवाला। १७ मिष्टभाषी पक्षी। १८ जाल में क़ैद। १९ शाही तख़्त। २० पद, प्रतिष्ठा। २१ बाग़ की बहार। २२ संरक्षक। २३ मुकुटधारी, नरेश। २४ प्रेम।

क़फ़स[1] में बन्द हैं जो आशियाँ[2] के थे आदी[3],
उड़ा है बाग़ से बू हो के रङ्ग आज़ादी[4]।
हवायशौक़[5] में ग़ुञ्चे[6] विकस[7] नहीं सकते,
हमारे फूल भी चाहें तो हँस नहीं सकते ॥४॥
जो आज-कल है मुहब्बत वतन की आलमगीर[8],
यही गुनाह[9] है यही जुर्म है यही तक़सीर[10]।
ज़बाँ हैं बन्दक़लम को पिन्हाई है ज़ंजीर,
बयानेदर्द[11] को बाक़ी नहीं कोई तदबीर।
है दिल में दर्द मगर ताक़तेकलाम[12] नहीं,
लगे हैं ज़ख्म तड़पने का इंतज़ाम नहीं ॥५॥
जो अपने हाल पै यह बेकसी[13] बरसती है,
यह नायबानेहुकूमत[14] की ख़ुदपरस्ती[15] है।
यहाँ से दूर जो बरतानियाँ[16] की बस्ती है,
वहाँ, सुना है, मुहब्बत की जिन्स[17] सस्ती है।
जो उस पै हाले वतन आश्कार[18] हो जाये,
ये देखते रहें बेड़ा यह पार हो जाये ॥६॥

---

१ पिंजड़ा। २ घोंसला। ३ अभ्यस्त। ४ स्वतन्त्रता का रङ्ग। ५ उत्साह की वायु। ६ कलियाँ। ७ खिल। ८ चारों ओर व्याप्त। ९ दोष। १० अपराध। ११ दुख-वर्णन। १२ बोलने की शक्ति। १३ दीनता। १४ शासकवर्ग। १५ स्वाभिमान। १६ इँग्लेंड। १७ वस्तु। १८ प्रकट।

फ़िदाइयानेहुकूमत[१] ने हमको रञ्ज दिये,
मगर जो फ़र्ज़ेवफ़ा[२] थे वह अदा हमने किये।
निसार[३] जाँ से हुए दावे[४] सलतनत[५] के लिए,
शराबेऐ़श[६] समझकर लहू के घूँट पिये।
डिगे न पाँव मुहब्बत के नोकेख़ंजर[७] पर,
लहू की मुहर है अपने वफ़ा के महज़र[८] पर ॥७॥
जो अपने दिल से है बरतानियाँ का दिल राज़ी,
तो क्या करेंगे ये हिन्दोस्तान के क़ाज़ी।
न काम आयगी ग़ैरों की रख़ना अन्दाज़ी[९],
तुम्हें पुकार रही है सख़ी[१०] की फ़ैयाज़ी[११]।
बची खुची पै क़नाअत[१२] है यों नहीं पीते,
पिलानेवाला पिलाता है क्यों नहीं पीते ॥८॥
रहा है रात की सुहबत[१३] में क्या मज़ा बाक़ी;
निगाहेशौक़[१४] को है दौरेनो[१५] की मुश्ताक़ी[१६]।
नई शराब, नया दौर[१७] औ नया साक़ी[१८],
मिटे सुरूर[१९] में देरो हरम[२०] की नाचाक़ी[२१]।

---

१ शासन पर आसक्ति रखनेवालों। २ कृतज्ञता का कर्त्तव्य। ३ निछावर। ४ प्रतिष्ठा। ५ साम्राज्य। ६ ऐश की शराब। ७ खञ्जर की नोक। ८ हाज़िर होने की जगह। ९ छिद्रान्वेषण। १० पुण्यात्मा, दानी। ११ उदारता। १२ संतोष। १३ बैठक, महफ़िल। १४ चाह की दृष्टि। १५ नया ज़माना। १६ अभिलाषा। १७ समय, ज़माना। १८ शराब पिलानेवाला। १९ नशा। २० मन्दिर और मसजिद। २१ वैमनस्यता।

यही किसी का हरम हो किसी का दैर रहे,
यह मैकदा[१] रहे आबाद .खुम[२] का ख़ैर[३] रहे ॥९॥
शराबे शौक़ दवा है इस अंजुमन[४] के लिए,
सुरूर[५] इसका है अकसीर[६] रूहोतन[७] के लिए।
खिंची है .खुल्द[८] में इस महफ़िले कुहन[९] के लिए,
फ़लक[१०] से उतरी है यह शेख़ो ब्राह्मण के लिए।
रहेगा दौर ज़माने में यादगार इसका,
यह होमरूल का सौदा .खुमार[११] है इसका ॥१०॥
इसी के मस्त[१२] कहीं हैं हरम[१३] पै छाये हुए,
अज़ाँ के नारए दिलकश[१४] से हज़[१५] उठाये हुए॥
कहीं हैं नग़मए नाक़ूस[१६] दिल लुभाये हुए,
इसी फ़िज़ा[१७] में यह सब राग हैं समाये हुए।
यह हुक्म पीरे मुग़ाँ[१८] का है नशएमै[१९] में,
यह राग आके मिलें होमरूल की लै में ॥११॥
रक़ीब[२०] कहते हैं रंगो वतन नहीं एकसाँ[२१],
बना है क़ौसक़ज़ा[२२] ख़ाके हिन्द का दामाँ[२३]।

---

१ शराबख़ाना। २ शराब का घड़ा। ३ भला। ४ महफ़िल। ५ नशा। ६ [illegible]। ७ आत्मा और शरीर। ८ स्वर्ग। ९ प्राचीन सभा। १० आकाश। ११ नशा। १२ मदोन्मत्त। १३ मसजिद। १४ हृदयहारिणी पुकार। १५ लाभ। १६ शंखध्वनि। १७ शोभा। १८ भक्त, पुजारी। १९ शराब का नशा। २० स्पर्द्धा रखनेवाले। २१ समान। २२ आकाश पर उगनेवाला रंगीन धनुष। २३ अंचल।

जिधर निगाह उठे उस तरफ़ नया है समाँ,
न एक रंगेतबीयत[1] न एक रंग ज़बाँ।
जो होमरूल पै यह चश्मेशौक़[2] पैदा हो,
तमाम रंग मिलें एक रंग पैदा हो ॥१२॥
जो दिल से क़ौम के निकली है वह दुआ है यही,
था जिस पै नाज़[3] मसीहा को वह सदा[4] है यही।
दिलों को मस्त जो करता है वह हवा है यही,
ग़रीब हिन्द के आज़ार[5] की दवा है यही।
न चैन आयेगा बे होमरूल पाये हुए।
फ़क़ीर क़ौम के बैठे हैं लौ लगाये हुए ॥१३॥
यह जोशपाक[6] ज़माना दबा नहीं सकता,
रगों में ख़ूँ की हरारत[7] मिटा नहीं सकता।
यह आग वह है जो पानी बुझा नहीं सकता,
दिलों में आके यह अरमान[8] जा नहीं सकता।
तलब फ़िज़ूल है काँटे की फूल के बदले,
न लें बहिश्त भी हम होमरूल के बदले ॥१४॥

———

१ चित्तवृत्ति। २ अभिलाषा की दृष्टि। ३ गर्व। ४ आवाज़। ५ दुःखदर्द। ६ पवित्र उत्साह। ७ रक्त की गर्मी। ८ कामना।

## मि० बेसेन्ट की ख़िदमत में पयामेवफ़ा[१]

क़ौम ग़ाफ़िल नहीं माता तेरी ग़मख़्वारी[२] से,
जलज़ला[३] मुल्क में है तेरी गिरफ़्तारी से।
आग भड़की है तेरी आह[४] की चिनगारी से,
ख़ाक हासिल न हुआ तेरी दिलाज़ारी[५] से।
दिल तेरा क़ौम के दामन में दिये जाते हैं,
हड्डियों को तेरी ज़िन्दाँ[६] में लिये जाते हैं ॥१॥
लहलहाता है मुहब्बत का तेरी दिल में चमन,
माँ के दामन से है बढ़कर हमें तेरा दामन।
तेरी तसवीर से हैं क़ौम की आँखें रौशन,
तेरे बालों की सफ़ेदी है कि है सुबह-वतन।
दिलेपुरदर्द[७] की तस्वीर है सूरत तेरी,
ताज काँटों का है पहिने हुए मूरत तेरी ॥२॥
दास्ताँ[८] दीन[९] की दुनिया को सुनाई तूने,
मज़हबी बैर की बुनियाद मिटाई तूने।
आग भड़की हुई सदियों[१०] की बुझाई तूने,
राह इन्साफ़ की अन्धों को सुझाई तूने।

---

१ कृतज्ञता का सन्देश। २ रंज, कष्ट। ३ भूकम्प, हलचल। ४ दर्द-भरी आवाज़। ५ दिल दुखाने से। ६ कारागार। ७ दुःखित हृदय। ८ कहानी। ९ मज़हब। १० शताब्दियों।

किसने गिरती हुई क़ौमों को सँभाला होता,
तू न होती तो न दुनिया में उजाला होता ॥३॥
हिन्द बेदार[१] हुआ यों तेरी बेदारी से,
जैसे बरसों का मरीज़[२] उठता है बीमारी से ।
क़ौम आज़ाद[३] हुई तेरी गिरफ्तारी से,
चाँदनी फैल गई हुस्ने वफ़ादारी[४] से ।
तू नज़रबन्द है जलवा[५] है तेरा हर घर में,
शमअ़फ़ानूस[६] में है नूर[७] है महफ़िल भर में ॥४॥
फूल पत्ते हैं तेरे रंगेवफ़ा[८] से आबाद,
दर्दमन्दों की तरह करते हैं पत्थर फ़रियाद ।
बेवफ़ाओं की हुई जाती है कोशिश बरबाद,
तू गिरफ़्तार सही, है तेरी शक्ती[९] आज़ाद ।
राहते जिस्म[१०] का दर बन्द रहे या न रहे,
ढेर मिट्टी का नज़रबन्द रहे या न रहे ॥५॥
तूने पौधा जो लगाया था वह फल लाया है,
आबरू क़ौम ने पाई है वह दिन आया है ।
हमने भूले हुए विरसा[११] का निशाँ पाया है,
मरनेवालों की वफ़ा का यही सरमाया[१२] है ।

---

१ जाग्रत । २ बीमार । ३ स्वतन्त्र । ४ शिष्ट व्यवहार की उत्तमता । ५ प्रकाश । ६ मोमबत्ती जिसमें जलाई जाती है । ७ प्रकाश । ८ नेक बर्त्ताव । ९ ताक़त । १० शारीरिक आराम । ११ उत्तराधिकार । १२ पूँजी ।

दिल तड़पता है कि स्वराज्य का पैग़ाम[१] मिले,
कल मिले, आज मिले, सुबह मिले, शाम मिले ॥६॥
हुक्म हाकिम का है फ़रियाद ज़बानी रुक जाय,
दिल की बहती हुई गंगा की रवानी रुक जाय।
क़ौम कहती है हवा बन्द हो पानी रुक जाय,
पर यह मुमकिन नहीं अब जोशे जवानी रुक जाय।
हों ख़बरदार जिन्होंने यह अज़ीयत[२] दी है,
कुछ तमाशा यह नहीं क़ौम ने करवट ली है ॥७॥
हो चुकी क़ौम के मातम[३] में बहुत सीनाज़नी[४],
अब हो इस रंग का संन्यास[५] यह है दिल में ठनी।
मादरे हिन्द[६] की तस्वीर हो सीने पै बनी,
बेड़ियाँ पैर में हों और गले में कफ़नी।
हो यह सूरत से अयाँ[७] आशिक़ेआज़ादी[८] हैं,
कुफ़्ल है जिनकी ज़बाँ पर यह वह फ़रियादी हैं ॥८॥
आज से शौक़ेवफ़ा[९] का यही जौहर[१०] होगा,
फ़र्श काँटों का हमें फूलों का बिस्तर होगा।
फूल हो जायगा छाती पै जो पत्थर होगा,
क़ैदख़ाना जिसे कहते हैं वही घर होगा।

---

१ सन्देश। २ कष्ट। ३ दुःख, शोक। ४ छाती पीटना। ५ त्याग। भारत-माता। ७ प्रकट। ८ स्वतन्त्रता के प्रेमी। ९ सद्व्यवहार लगन। १० तत्त्व गुण।

सन्तरी देख के इस जोश को शरमायेंगे,
गीत ज़ंजीर की झनकार पे हम गायेंगे ॥९॥
जिनका दामानेवफ़ा[१] क़ौम का गहवारा[२] है,
उनको अस्मत[३] की तरह पासेवतन[४] प्यारा है।
उनको फ़रियाद से ज़ख्मी दिले सदयारा[५] है,
चश्मेमासूम[६] का आँसू नहीं अंगारा है।
सत जिसे कहते हैं वह आग है दमसाज़[७] इनकी,
परदए ग़ैब[८] की आवाज़ है आवाज़ इनकी ॥१०॥
जिसमें सौदायमुहब्बत[९] का वह सर बाक़ी है,
रात अँधेरी है मगर यादेसहर[१०] बाक़ी है।
दिल के हर ज़ख्म में फ़रियाद का दर[११] बाक़ी है,
क़ौमेबेदार[१२] के सीने में जिगर बाक़ी है।
दिल दहलते नहीं ज़िन्दाँ[१३] में गिरफ़्तारों के,
बेड़ियाँ ढूँढ़ते हैं पाँव वफ़ादारों[१४] के ॥११॥
जोशेसौदायमुहब्बत[१५] में पड़े गर उफ़्ताद[१६],
दिल सरेमस्त[१७] कहे ख़ानएअहसाँ[१८] आबाद।

---

१ सद्व्यवहार का अंचल। २ पालना, झूला। ३ सदाचार रहना। ४ स्वदेश का ख़याल। ५ सौ सौ टुकड़े। ६ निष्पाप या निरपराध की आँख। ७ अनुकूल। ८ गुप्त। ९ प्रेम की लगन। १० प्रभात की स्मृति। ११ द्वार। १२ जाग्रत जाति। १३ कारागार। १४ प्रतिज्ञा के पूरे। १५ प्रेम की लगन के जोश। १६ विपत्ति। १७ उन्मत्त होकर। १८ उपकार का घर, कहने का जोश।

बंज़बाँ करते हैं शायर की ज़बाँ से फ़रियाद,
यह ज़बाँ वह है जो ज़िन्दों में रहेगी आज़ाद।
पाक है जोशेसखुन[1] खौफ़ की तदबीरों से,
वलवले[2] रूह[3] के आज़ाद हैं ज़ंजीरों से ॥ २॥

---

## फ़रियादे क़ौम*

है आज और ही कुछ सूरतेंबयाँ[4] मेरी,
तड़प रही है दहन[5] में मेरे ज़बाँ मेरी।
छिदेंगे क़ल्बोजिगर[6] तीर है फुग़ाँ[7] मेरी,
लहू के रङ्ग में डूबी है दास्ताँ[8] मेरी।

---

१ काव्य-रचना का जोश। २ विचार। ३ आत्मा।

* इस पद्य की रचना उस समय हुई थी जब स्वदेश के विपत्ति-ग्रस्त बन्धु ट्रान्सवाल के शासकों की अन्यायपूर्ण कार्रवाइयों से दुखी थे, और महात्मा मोहनदास कर्मचन्द गांधी उन असहाय बन्धुओं की दशा सुधारने के प्रयत्न में तन-मन से संलग्न थे। यह कविता पुस्तक रूप में प्रकाशित की गई थी, और महात्मा गांधी का नाम अग्रलिखित पद्य में शीर्षक-रूप से दिया गया था।

**महात्मा मोहनदास कर्मचन्द गांधी की सेवा में—**

निसार[9] है दिलेशायर[10] तेरे क़रीने[11] पर,
किया है नाम तेरा नक़्श[12] इस नगीने पर।

४ कथन करने का ढंग। ५ मुँह। ६ दिल और कलेजा। ७ फ़रियाद। ८ कहानी। ९ निछावर। १० कवि का हृदय। ११ ढंग। १२ चित्रित।

मुबालग़ा[१] नहीं तमहीदशायराना[२] नहीं,
　　ग़रीब क़ौम का है मरसिया[३] फ़िसाना[४] नहीं ।।१।।
वतन से दूर तबाही में है वतन का जहाज़,
　　हुआ है ज़ुल्म के पर्दे में हशर[५] का आग़ाज़[६] ।
सुनें तो मुल्क के हमदर्द[७] क़ौम के दमसाज़[८],
　　हवा के साथ यह आई है दुख भरी आवाज़ ।
वतन से दूर है हम पर निगाह कर लेना,
　　इधर भी आग लगी है ज़रा ख़बर लेना ।।२।।
जो मिट रहे हैं वतन पर यह है सदा[९] उनकी,
　　लहू पुकार रहा यह है वफ़ा[१०] उनकी ।
बँधी है आलमेतहज़ीब[११] में हवा उनकी,
　　ग़ज़ब[१२] की जा[१३] है जो गर्दन झुकी ज़रा उनकी ।
तुम्हारे दिल में न उल्फ़त[१४] की हूक उठे अफ़सोस,
　　वतन[१५] का काफ़िला[१६] परदेश में लुटे अफ़सोस।।३।।
ट्रान्सवाल के हाकिम वफ़ाशआर[१७] नहीं,
　　कुछ इनके क़ौल का दुनिया में एतबार[१८] नहीं ।

---

१ अतिशयोक्ति । २ कवियों की भूमिका । ३ क्लेश-कथा । ४ कहानी । ५ प्रलय । ६ प्रारम्भ । ७ दुःख के साथी । ८ सहायक । ९ आवाज़ । १० नेकी । ११ सभ्यता की स्थिति । १२ अफ़सोस । १३ जगह । १४ प्रीति । १५ स्वदेश । १६ जनसमूह । १७ नेक प्रतिज्ञा के पूरे । १८ विश्वास ।

हमारी क़ौम पै अहसाँ का उनके बार[1] नहीं,
यह ज़ुल्म क्यों है, हम उनके गुनाहगार[2] नहीं।
अगर वह दौलते बरतानियाँ[3] के प्यारे हैं,
तो अहलेहिन्द[4] उसी आस्माँ के तारे हैं ॥४॥
मगर जफ़ा[5] से नहीं ज़ालिमों को मुतलक़[6] आर[7],
उजाड़ते हैं वह बस्ती जो थी कभी गुलज़ार[8]।
जहाँ ख़ुशी के तरानों का गरम था बाज़ार,
सुनाई देती है वाँ बेड़ियों की अब झनकार।
किया है बन्द मुसाफ़िर समझ के राहों को,
पिन्हाई जाती है, ज़ंजीर बे-गुनाहों को ॥५॥
लुटे हैं यों कि किसी की गिरह में दाम नहीं,
नसीब[9] रात को पड़ रहने का मुक़ाम[10] नहीं।
यतीम बच्चों के खाने का इंतज़ाम नहीं,
जो सुबह ख़ैर[11] से गुज़री उमीदे शाम नहीं।
अगर जिये भी तो कपड़ा नहीं बदन के लिए,
मरे तो लाश पड़ी रह गई कफ़न के लिए ॥६॥
नसीब[12] चैन नहीं भूख प्यास के मारे,
हैं किस अज़ाब[13] में हिन्दोस्तान के प्यारे।

---

१ बोझ। २ अपराधी। ३ ब्रिटिश-साम्राज्य। ४ भारतवासी। ५ अत्याचार। ६ बिलकुल। ७ लज्जा। ८ हरी भरी। ९ प्राप्त। १० स्थान। ११ कुशल। १२ प्राप्त। १३ विपत्ति।

तुम्हें तो ऐश सामान जमा हैं सारे,
वहाँ बदन से रवाँ[१] हैं लहू के फ़व्वारे[२]।
जो चुप रहें तो हवा क़ौम की बिगड़ती है,
जो सर उठायें तो कोड़ों की मार पड़ती ।।७।।
वतन से दूर भी हैं और ख़ानावीराँ[३] भी,
असीरे यास[४] भी हैं और असीरेज़िन्दाँ[५] भी।
तबाह हाल हैं हिन्दू भी और मुसल्माँ भी,
हुए हैं नज़्र[६] मुसीबत के दीनो ईमाँ[७] भी।
पढ़ी नमाज़ तो उजड़े घरों के सहरा[८] में,
अगर नहाये तो अपने लहू की गंगा में ।।८।।
अगर दिलों में नहीं अब भी जोश ग़ैरत[९] का,
तो पढ़ दो फ़ातहा[१०] क़ौमी वक़ारोइज़्ज़त[११] का।
वफ़ा[१२] को फूँक दो मातम[१३] करो मुहब्बत का,
जनाज़ा[१४] ले के चलो क़ौमीदीनो मिल्लत[१५] का।
निशाँ मिटा दो उमंगों का औ इरादों का,
लहू में ग़र्क़[१६] सफ़ीना[१७] करो मुरादों[१८] का ।।९।।

---

१ जारी। २ स्रोत। ३ उजाड़ घरवाले। ४ निराशा के क़ैदी। ५ कारागार के क़ैदी। ६ भेंट। ७ मज़हब और ईमान। ८ जंगल। ९ लज्जा। १० तिलांजलि दे दो। ११ जातीय प्रतिष्ठा। १२ नेकी। १३ भावार्थ त्याग। १४ रथी। १५ जाति, जातीय धर्म और मेल-जोल। १६ डुबाओ। १७ नौका। १८ अभीष्ट मनोरथों।

कहाँ हैं मुल्क के सरताज क़ौम के सरदार,
पुकारते हैं मदद के लिए दरो दीवार।
वतन को ख़ाक से पैदा है जोश के आसार[१],
ज़मीन हिलती है उड़ता है ख़ून बन के ग़ुबार[२]।
जगह से अपनी है चित्तौड़ की ज़मीं सर की,
लरज़[३] रही है कई दिन से क़ब्र अकबर की ॥१०॥
भँवर में क़ौम का बेड़ा है हिन्दुओ हुशियार,
अँधेरी रात है काली घटा है औ मँझधार।
अगर पड़े रहे ग़फ़लत की नींद में सरशार[४],
तो ज़ेरमौजे[५] फ़ना होगा आबरू[६] का मज़ार[७]।
मिटेगी क़ौम यह बेड़ा तमाम डूबेगा,
जहाँ में भीषमो अर्जुन का नाम डूबेगा ॥११॥
जिन्हें रुलाये न अब भी यह क़ौम की उफ़ताद[८],
स्याहक़ल्ब[९] वह हिन्दू हैं कंस की औलाद।
मगर वह क्या हैं किसी की भी गर न हो इमदाद[१०],
असर दिखायगी जादू का क़ौम की फ़रियाद।
उठेंगे ख़ाक के तूदों[११] से दस्तगीर[१२] अपने,
ज़मीन हिन्द की उगलेगी शूरबीर अपने ॥१२॥

---

१ उत्साह के चिह्न। २ धूल। ३ काँप। ४ मस्त, बेहोश। ५ मृत्यु की लहरों के नीचे। ६ प्रतिष्ठा। ७ क़ब्र। भावार्थ यह कि हमारी प्रतिष्ठा का अंत हो जायगा। ८ जाति की विपत्ति। ९ काले हृदय के अथवा दिल के मैले। १० सहायता। ११ ढेरों। १२ सहायक।

दिखा दो जौह्रेइस्लाम[१] ऐ मुसलमानो,
बक़ारेक़ौम[२] गया क़ौम के निगह्बानो।
सितून[३] मुल्क के हो क़द्रेक़ौमियत[४] जानो,
जफ़ा[५] वतन पै है फ़र्ज़ेवफ़ा[६] को पहिचानो।
नबी[७] के खुल्क़ोमुरव्वत[८] के बुर्सादार[९] हो तुम,
अरब की शानो हमैयत[१०] के यादगार हो तुम ॥१३॥
करो ख़याल कुछ इस्लाफ़[११] की हमैयत[१२] का;
दिया था दुश्मने क़ातिल[१३] को जाम[१४] शरबत का।
मुआमिला है यहाँ भाइयों की इज्ज़त का,
यह फ़र्ज़ ऐन[१५] है सौदा नहीं मुरव्वत का।
अगर न अब भी हो इसलाम का जिगर पानी,
हज़ार खन्दए कुफ़रस्त बर मुसलमानी[१६] ॥१४॥
अगर न क़ौम के इस वक्त भी तुम आये काम,
नसीब[१७] होगा न मरने पै भी तुम्हें आराम।

---

१ इसलामी गुण। २ जातीय प्रतिष्ठा। ३ खम्भ। ४ जातीयता की क़द्र। ५ ज़ुल्म। ६ कृतज्ञता का कर्त्तव्य। ७ पैग़म्बर। ८ शिष्टता और प्रेम। ९ उत्तराधिकारी। १० गौरव, सदाचार। ११ पूर्वपुरुषा। १२ सद्व्यवहार। १३ हत्याकारी शत्रु। १४ प्याला। १५ प्रधान। १६ यदि अब भी इसलाम का कलेजा पानी पानी न हो तो कुफ़ भी उनकी इस्लामियत पर हज़ार बार हँसेगा। १७ प्राप्त।

यही कहेगा ज़माना कि था बरायेनाम[१],
वह धर्म हिन्दुओं का वह हमैयत इस्लाम[२]।
ज़रा न असर हुआ क़ौम के हबीबों[३] पर,
वतन से दूर छुरी चल गई ग़रीबों पर ॥१५॥
रहेगा माल न हमराह[४] जायगी दौलत,
गई तो क़ब्र तलक साथ जायगी ज़िल्लत[५]।
करो जो एक रुपये से भी क़ौम की ख़िदमत,
तुम्हारी ज़ात से हो यक यतीम[६] को राहत।
मिले हिजाब[७] की चादर किसी की अस्मत[८] को,
कफ़न नसीब[९] हो शायद किसी की मैयत[१०] को॥१६॥
जो दबके बैठ रहे सर उठाओगे फिर क्या,
उदूयक़ौम[११] को नीचा दिखाओगे फिर क्या।
रहेगा क़ौल यही उनसे उनकी माओं[१२] का,
लहू रगों में तुम्हारी है बेहयाओं का ॥१७॥
मिटा जो नाम तो दौलत की जुस्तजू[१३] क्या है,
निसार[१४] हो न वतन पर तो आबरू क्या है।

---

१ नाममात्र। २ मुसलमानी धर्म, आचार। ३ प्रेमियों। ४ साथ। ५ बदनामी। ६ मातृ-पितृ-विहीन। ७ पर्दा, लाज। ८ पाकदामनी। ९ प्राप्त। १० लाश। ११ जातीय शत्रु। १२ माताओं। १३ तलाश, खोज। १४ निछावर।

लगा दे आग न दिल में तो आरज़ू[1] क्या है,
न जोश खाय जो ग़ैरत से वह लहू क्या है।
फ़िदा[2] वतन पै जो हो आदमी दिलेर[3] है वह,
जो यह नहीं तो फ़क़त हड्डियों का ढेर है वह ॥१८॥

---

## क़ौम के सूरमाओं की बिदाई*

साहिले हिन्द[4] से जर्रारवतन[5] जाते हैं,
कुछ नई शान[6] से जाँबाज़कुहन[7] जाते हैं।
रन में बाँधे हुए शमशेरो कफ़न जाते हैं,
तेग़-ज़न[8]-बर्क़-फ़गन[9]-क़िलअ-शिक़न[10] जाते हैं।
सामने इनके ज़फ़र[11] बरहनापा[12] चलती है,
इनकी तलवार के साये में क़ज़ा[13] चलती है ॥१॥
इनकी रग-रग में है पयवस्त[14] शुजाअत[15] के चलन,
रन का मैदान है इनके लिए माँ का दामन।

---

१ कामना, इच्छा। २ आसक्त। ३ वीर। ४ भारतीय किनारा। ५ स्वदेश के वीर। ६ रोब। ७ जान पर खेलनेवाले पुराने वीर।

* इस पद्य की रचना उस समय हुई थी, जब कि भारतीय सिपाहियों की सेना श्रीमान् सम्राट् की ओर से युरोपीय महासमर में भाग लेने के लिए रवाना की गई थी।

८ तलवार चलानेवाले। ९ बिजली गिरानेवाले। १० क़िलअ तोड़नेवाले। ११ विजय। १२ नंगे पाँव। १३ मृत्यु। १४ मिदे हुए। १५ वीरता।

अर्सएजंग[१] की मौत इनको है इक शब[२] की दुल्हन,
मरके तलवार से हासिल हो तो ख़िलअत[३] है कफ़न।
जोश इनमें जो है उस जोश का अब दौर[४] नहीं,
साठ पुश्तों[५] के सिपाही हैं कोई और नहीं ॥२॥
हाँ दिलेरानेवतन[६] धाक बिठाकर आना,
तनतना[७] जर्मने ख़ुदबीं[८] का मिटाकर आना।
क़ैसरीतख़्त[९] की बुनियाद हिलाकर आना,
नदियाँ ख़ून की बर्लिन[१०] में बहाकर आना।
नाव तलवार की है पार लगाने के लिए,
यही गङ्गा है सिपाही के नहाने के लिए ॥३॥
जाँनिसार[११] आज तुम्हारा सा ज़माने में नहीं,
हाँ, दिखा दो कि हो ताजेशहेलन्दन[१२] के नगीं[१३]।
दोस्त क्या चीज़ हैं, दुश्मन हो फ़िदाएतहसीन[१४],
आस्माँ वजद[१५] करे बोल उठे रन की ज़मीन।
यों तो लड़ने को बहुत शह[१६] के नमकख़्वार[१७] लड़े,
और ही शान से लेकिन यह वफ़ादार[१८] लड़े ॥४॥

---

१ लड़ाई के समय। २ रात। ३ पोशाक। ४ ज़माना। ५ पीढ़ियों। ६ स्वदेश के वीर। ७ शेख़ी। ८ अभिमानी। ९ क़ैसर का सिंहासन। १० जर्मन की राजधानी। ११ प्राण निछावर करनेवाला। १२ लन्दन के महाराजा के मुकुट। १३ नगीना। १४ ख़ूबियों पर आसक्त। १५ प्रशंसा। १६ राजा। १७ नमक खानेवाले नौकर सिपाही। १८ प्रत्युपकार करनेवाले सज्जन।

जिस घड़ी मारकए जङ्ग[1] में हो तेग़े अलम[2],
"सूरमा लड़ते हैं" इस तरह पुकारे आलम[3]।
दिल हो अर्जुन का, जिगर भीम का, अङ्गद का क़दम,
मौत के वक्त नज़र में हो शबीहेभीषम[4]।
जिसका क़ाबू न हटा मौत की तदबीरों पर,
सायएतेग़[5] में आराम किया तीरों पर ॥५॥
वह हो यूरश[6] कि हो शीराज़एअयदा[7] बरहम[8],
इक उमँडते हुए दरिया का हो पैदा आलम[9]।
जो किसी से न झुका वह सरेमग़रूर[10] हो ख़म[11],
पहिले बर्लिन में जो पहुँचे वह तुम्हारा हो क़दम।
"वाह गुरू[12]" कहके बढ़ो ख़ून के महज़र[13] खुल जायँ;
फिर हरीसिंह की तलवार के जौहर खुल जायँ ॥६॥
तुमको ऐज़ाज़[14] मिला है यह वतन का ऐज़ाज़,
देखना अब है शुजाअत[15] का तुम्हारी अन्दाज़[16]।
ख़ाके यूरप पै दिलेरी[17] से हो अपनी मम्ताज़[18],
तेग़ेहिन्दी[19] की असालत[20] पै ज़माने को हो नाज़[21]।

---

१ समरक्षेत्र। २ झंडे की तलवार। ३ संसार। ४ भीष्मपितामह की सूरत। ५ तलवार की परछाईं। ६ आक्रमण। ७ शत्रुओं का झुण्ड। ८ अस्तव्यस्त। ९ दृश्य। १० घमण्डी सिर। ११ नीचा। १२ सिक्खों का जातीय वाक्य। १३ रक्त के रहने की जगह (रगें)। १४ प्रतिष्ठा। १५ वीरता। १६ ढंग। १७ वीरता। १८ सिरमौर। १९ भारतीय तलवार। २० ख़ूबी। २१ घमंड।

क़ौम का औज[1] बढ़े नामे वतन ज़िन्दा हो,
रूह[2] परताप की जन्नत[3] में न शर्मिन्दा हो ॥७॥
या ज़फ़रयाब[4] तुम्हें देख के दिल हो बश्शाश[5],
आये या सूयवतन[6] ख़ून में डूबी हुई लाश।
सर जुदा तन से हो या हो तने बिसमिल[7] सदयाश[8],
गोशए अम्नोअमाँ[9] की न हो आँखों को तलाश।
मौत मअराज[10] है इस दश्त[11] के राही के लिए,
आँच तलवार की जन्नत है सिपाही के लिए ॥८॥
गो कि दुनिया से मिटे शौकतेक़ैसर[12] का सुराग़[13],
शोलएतेग़[14] से मुरझाय न तहज़ीब[15] का बाग़।
गुल न हो दिल के शिवाले में हमैयत[16] का चिराग़,
बेगुनाहों के लहू का न हो तलवार में दाग़।
रास्ता है यही क़ौमों की तबाही के लिए,
ख़ून मासूम[17] का दोज़ख़[18] है सिपाही के लिए ॥९॥
मादरेक़ौम[19] का है अपने सपूतों से पयाम[20],
ख़त्तए हिन्द[21] का इस जङ्ग में रोशन रहे नाम।

---

१ पद-गौरव। २ आत्मा। ३ स्वर्ग। ४ विजयी। ५ प्रसन्न। ६ स्वदेश की तरफ़। ७ घायल। ८ सौ सौ टुकड़े। ९ आराम चैन का कोना, जगह। १० सीढ़ी। ११ जंगल। १२ क़ैसर की शान, प्रताप। १३ पता। १४ तलवार की आग। १५ सभ्यता। १६ सदाचारिता। १७ निरपराध, बेगुनाह। १८ नरक। १९ जातीय माता। २० सन्देश। २१ भारतदेश।

तेग़ेख़ूँरेज[1] ने जिस शान से छोड़ा है नयाम[2],
अपने मसकन[3] में उसी शान से पाये आराम[4] ।
शायरेगोशानशीं[5] शुक्रे ख़ुदा करता है,
जङ्ग हो तुमको मुबारक[6] यह दुआ करता है ॥१०॥

---

**( कांग्रेस के पुराने नेता जब कांग्रेस से अलग हुए तब यह कविता लिखी गई )**

अपने अपने राग से कान आशना होने को हैं,
परदा हाए साज़ क़ौमी बे सदा होने को हैं ।
रहनुमाई किसकी होगी मुझको हैरत है यही ।
क़ाफ़ले में क़ौम के सब पेशवा होने को हैं ।
जज़बए ख़िदमत सफ़ाए क़ल्ब आईनो अदब ।
ख़ुदनुमाई पर यह सब जौहर फ़िदा होने को हैं ॥
है तलबगारों में ग़ुल कुछ सर उठाना चाहिए ।
क़ौम के दरबार से ख़िलअत अता होने को हैं ॥
माँगती है रोज़ जिनसे रौशनी सुबह्-वतन ।
ख़ून के क़तरे उन आँखों से जुदा होने को है ॥

---

१ रक्तपात करनेवाली तलवार । २ मियान । ३ निवास-स्थान ( मियान ) । ४ प्रवेश करे । ५ कोने में बैठनेवाला कवि । ६ शुभ ।

आँसुओं से अपने जो सींचा किये बाग़े वतन।
बे वफ़ाई के उन्हें ख़िलअत अता होने को हैं॥
जिनको मंज़िल से ज़्यादा है हवा का रुख़ अज़ीज़।
क़ौम के बेड़े के ऐसे नाख़ुदा[१] होने को हैं॥
यादगारे दौर आख़िर हैं जो कुछ हरमाँ[२] नसीब।
वह असीरे काविशे जुर्मे वफ़ा होने को हैं॥
जो सफ़ाए हुस्न से सूरत नुमाए क़ौम थे।
दिल के आईनों से वह जौहर फ़ना होने को हैं॥
कुछ अजब रंगे चमन बदला हुवा है आजकल।
गुञ्चवो गुल सूरते शबनम हवा होने को हैं॥
गर यही है गरदिशे दौरान का रङ्ग इनक़लाब।
होश उड़ जाएँगे वह फ़ितने बपा होने को हैं॥
जुरर्ते इख़लाक़ तेरे इम्तहाँ का वक्त है।
जिनके हम बन्दे हैं वह हमसे ख़फ़ा होने को हैं॥
मादरे नाशाद रोती है कोई सुनता नहीं।
दिल जिगर से भाई से भाई जुदा होने को हैं॥

---

## हम होंगे ऐश होगा और होमरूल होगा

अहलेवतन[३] मुबारक, तुमको यह बज़मेआला[४]।
जिसमें नई उमीदों, का है नया उजाला॥

---

१ केवट। २ रंज। ३ स्वदेश-निवासी। ४ बड़ी महफ़िल।

दुनिया के मज़हबों से, यह रङ्ग है निराला।
मसजिद यही है अपनी, और है यही शिवाला॥
हो होमरूल हासिल, अरमान[१] है तो यह है।
अब दीन है तो यह है, ईमान है तो यह है॥१॥
शैदायबोस्ताँ[२] को, सरवे समन[३] मुबारक।
रङ्गींतबीयतों[४] को, रङ्गसख़ुन[५] मुबारक॥
बुलबुल को गुल मुबारक, गुल को चमन मुबारक।
हम बेकसों[६] को अपना, प्यारा वतन मुबारक॥
गुञ्चे[७] हमारे दिल के, इस बाग़ में खिलेंगे।
इस ख़ाक से उठे हैं, इस ख़ाक में मिलेंगे॥२॥
इस ख़ाक दिलनशीं[८] पर, बादल सा छा रहा है।
तूफ़ान बेकसी[९] का, हमको सता रहा है॥
लेकिन यह दौरेहसरत[१०] दुनिया से जा रहा है।
मायूस[११] हो न जाना, वह दिन भी आ रहा है॥
बरतानियाँ[१२] का साया, सर पर क़बूल होगा।
हम होंगे ऐश होगा, और होमरूल होगा॥३॥

---

१ कामना। २ उद्यान के प्रेमी। ३ वृक्षों के नाम। ४ काव्य के प्रेमी। ५ काव्यचर्चा। ६ निर्धन, बेसामान। ७ कलियाँ। ८ हृदयस्थित। ९ ग़रीबी। १० इच्छाओं, कामनाओं का ज़माना। ११ निराश। १२ ब्रिटिश।

# हमारा वतन दिल से प्यारा वतन

( बालकों के लिए )

यह हिन्दोस्ताँ है हमारा वतन,
मुहब्बत की आँखों का तारा वतन।
हमारा वतन दिल से प्यारा वतन ॥१॥
वह इसके दरख़्तों की तैयारियाँ,
वह फल फूल पौधे वह फुलवारियाँ।
हमारा वतन दिल से प्यारा वतन ॥२॥
हवा में दरख़्तों का वह झूमना,
वह पत्तों का फूलों का मुँह चूमना।
हमारा वतन दिल से प्यारा वतन ॥३॥
वह सावन में काली घटा की बहार,
वह बरसात की हल्की हल्की फुहार।
हमारा वतन दिल से प्यारा वतन ॥४॥
वह बाग़ों में कोयल वह जंगल के मोर,
वह गंगा की लहरें वह जमुना का ज़ोर।
हमारा वतन दिल से प्यारा वतन ॥५॥
इसी से है इस ज़िन्दगी की बहार,
वतन की मुहब्बत हो या माँ का प्यार।
हमारा वतन दिल से प्यारा वतन ॥६॥

---

## वतन को हम वतन हमको मुबारक

यह प्यारी अंजुमन[१] हमको मुबारक,
यह उल्फ़त[२] का चमन हमको मुबारक।
वतन को हम वतन हमको मुबारक ॥१॥

यहाँ की ख़ाक हमको कीमिया[३] है,
यह सोने से भी क़ीमत में सिवा[४] है।
वतन को हम० ॥२॥

जो चिड़ियाँ सुबह को गाती हैं अकसर,
इसी का राग है उनकी ज़बाँ पर।
वतन को हम० ॥३॥

वह सावन के महीने की घटायें,
वह कोयल और पपीहे की सदाएँ[५]।
वतन को हम० ॥४॥

वह एक हस्ती का आलम[६] बादलों में,
वह फूलों का महकना जंगलों में।
वतन को हम० ॥५॥

वह चश्में[७] और वह अमृत सा पानी,
वह गंगा और वह जमुना की रवानी[८]।
वतन को हम० ॥६॥

---

१ महफ़िल। २ प्रेम। ३ अन्य कम क़ीमत की धातुओं से सोना आदि बनाने की क्रिया। ४ अधिक। ५ आवाज़ें। ६ दृश्य। ७ तालाब। ८ बहाव।

दरख़्तों पर वह चिड़ियों का चहकना,
वह बेले और चमेली का महकना।
वतन को हम० ॥७॥
इसी की ख़ाक से लेते हैं महसूल,
यही देता है ग़ल्ला और फल फूल।
वतन को हम० ॥८॥
वतन का जिन बुज़ुर्गों से हुआ नाम,
इसी मिट्टी में वह करते हैं आराम।
वतन को हम वतन हमको मुबारक ॥९॥

# दूसरा भाग

## फूलमाला

### क़ौम की लड़कियों से ख़िताब ( जातीय पुत्रियों से कथन )

रविशेख़ाम[1] पै मर्दों की न जाना हर्गिज़,
दाग़ तालीम[2] में अपनी न लगाना हर्गिज़।
नाम रक्खा है नुमायश[3] का तरक़्क़ी व रिफ़ार्म[4],
तुम इस अंदाज़[5] के धोखे में न आना हर्गिज़।
रंग है जिनमें मगर बूयवफ़ा[6] कुछ भी नहीं,
ऐसे फूलों से न घर अपना सजाना हर्गिज़।
नक़ल यूरप की मुनासिब है मगर याद रहे,
ख़ाक में ग़ैरतेक़ौमी[7] न मिलाना हर्गिज़।
ख़ुद जो करते हैं ज़माने की रविश[8] को बदनाम,
साथ देता नहीं ऐसों का ज़माना हर्गिज़।

---

१ कच्चा ढंग। २ शिक्षा। ३ दिखलावा। ४ उन्नति और सुधार। ५ ढंग। ६ गुणों की गंध। ७ जातीय लज्जा। ८ रीति, ढंग।

ख़ुदपरस्ती[१] को लक़ब[२] देते हैं आज़ादी[३] का,
ऐसे इख़लाक़[४] पै ईमान न लाना हर्गिज़।
रंगोरोग़न[५] तुम्हें यूरप का मुबारक लेकिन,
क़ौम का नक़श न चेहरे से मिटाना हर्गिज़।
जो बनाते हैं नुमायश का खिलौना तुमको,
उनकी ख़ातिर[६] से यह ज़िल्लत[७] न उठाना हर्गिज़।
रुख़[८] से पर्द को उठाया तो बहुत ख़ूब किया,
पर्दएशर्म[९] को दिल से न उठाना हर्गिज़।
तुमको क़ुदरत[१०] ने जो बख़्शा है हया[११] का ज़ेवर,
माल इसका नहीं क़ारूँ[१२] का ख़ज़ाना हर्गिज़।
दिल तुम्हारा है वफ़ाओं की परस्तिश[१३] के लिए,
इस मुहब्बत के शिवाले को न ढाना हर्गिज़।
पूजने के लिए मंदिर जो है आज़ादी का,
इसको तफ़रीह[१४] का मर्कज़[१५] न बनाना हर्गिज़।
नक़द इख़लाक[१६] का हम नल की तरह हार चुके,
तुम हो दमयन्ति यह दौलत न लुटाना हर्गिज़।
ख़ाक में दफ़्न[१७] हैं मज़हब के पुराने पाखंड,
तुम यह सोते हुए फ़ित्ने[१८] न जगाना हर्गिज़।

---

१ अभिमान। २ पदवी। ३ स्वतन्त्रता। ४ शिष्टाचार। ५ पाउडर इत्यादि। ६ लिए। ७ बदनामी। ८ चेहरे। ९ लाज का पर्दा। १० प्रकृति। ११ लज्जा। १२ एक प्रसिद्ध धन-कुबेर। १३ गुणों की पूजा। १४ मनोरंजन। १५ केन्द्र। १६ शिष्टाचार। १७ दबे हुए। १८ झगड़े।

अपने बच्चों की ख़बर क़ौम के मर्दों को नहीं,
ये हैं मासूम[१] इन्हें भूल न जाना हर्गिज़।
इनकी तालीम का मकतब[२] है तुम्हारा ज़ानू[३],
पास मर्दों के नहीं इनका ठिकाना हर्गिज़।
काग़ज़ी फूल विलायत के दिखाकर इनको,
देश के बाग़ से नफ़रत[४] न दिलाना हर्गिज़।
नग़मए क़ौम[५] की लै जिसमें समा ही न सके,
राग ऐसा कोई इनको न सिखाना हर्गिज़।
परवरिश क़ौम की दामन[६] में तुम्हारे होगी,
याद इस फ़र्ज़[७] की दिल से न भुलाना हर्गिज़।
गो[८] बुज़ुर्गों में तुम्हारे न हो इस वक्त का रंग,
इन ज़ईफ़ों[९] को न हँस हँस के रुलाना हर्गिज़।
होगा परलय[१०] जो गिरा आँख से इनके आँसू,
बचपने से न यह तूफ़ान उठाना हर्गिज़।
हम तुम्हें भूल गये उसकी सज़ा पाते हैं,
तुम ज़रा अपने तईं भूल न जाना हर्गिज़।
किसके दिल में है वफ़ा[११] किसकी ज़बाँ में तासीर[१२],
न सुना है न सुनोगी यह फ़िसाना[१३] हर्गिज़।

---

१ निर्दोष दीन बालक। २ पाठशाला। ३ घुटना। ४ घृणा। ५ जातीय गान। ६ अञ्चल। ७ कर्त्तव्य। ८ यद्यपि। ९ वृद्धों। १० प्रलय। ११ प्रेम। १२ प्रभाव। १३ कहानी।

## बर्क़ इसलाह ( सुधार की बिजली* )

मरहबा[1] जुरअते इसलाह[2] दिलानेवालो,
क़ौम के बारे अमानत[3] के उठानेवालो।
दिल की उजड़ी हुई नगरी के बसानेवालो,
मादरेहिन्द[4] की बिगड़ी के बनानेवालो।
कैसे तूफ़ाँ में दिया है यह सहारा तुमने,
ख़ूब डूबी हुई किश्ती[5] को उभारा तुमने ॥१॥
कल जिसे ऐनलताफ़त[6] में खिज़ाँ[7] ने लूटा,
आज उस बाग़ का शादाब[8] है बूटा बूटा।
बेड़ियाँ कटके गिरीं ,कुफ़्ल असीरी[9] टूटा,
चाँदमासूम[10] की क़िस्मत[11] का गहन से छूटा।
तुम भी ख़ुदशाद[12] हुए क़ौम को भी शाद किया,
दिल के वीरान शिवाले को फिर आबाद किया ॥२॥

---

* काश्मीरी ब्राह्मणों के समुदाय में प्रथम बार एक विधवा का विवाह आगरे में हुआ था, इसी जातीय सुधार के स्वागत में यह कविता लिखी गई थी।

१ शाबाश। २ सुधार का साहस। अमानत का बोझ। ४ भारत माता। ५ नाव। ६ उन्नति के समय में। ७ पतझाड़ का मौसम। ८ हरा भरा। ९ क़ैद का ताला। १०-११ निष्पाप प्रारब्ध का चन्द्रमा। १२ प्रसन्न।

क़ौम में गुलशने इसलाह[१] पड़ा था वीराँ[२],
तायरेबाग़[३] थे बे बालो परी[४] से नालाँ[५]।
हो गया और ही क़दमों से तुम्हारे सामाँ,
ऐसे दिलसोज़[६] चमनबन्द[७] मयस्सर हैं कहाँ।
क़ौम देती है दुआ नाम तुम्हारा सुनकर,
रास्ता साफ़ किया बाग़ से काँटे चुनकर ॥३॥
मिल गये ख़ाक में कितने ही ग़रीबों के शबाब[८],
इन गुनाहों का है इस क़ौम की गर्दन पै अज़ाब[९]।
जो पुरानी रविशों[१०] के लिए रहते हैं ख़राब,
उनकी सूरत से अब आता है ज़माने को हिजाब[११]।
शानेइख़्लाक़[१२] नहीं जब्र[१३] की तदबीरों में,
बे-गुनाहों को जकड़ते नहीं ज़ंजीरों में ॥४॥
बे-गुनह ज़ुल्म से हो जाते हैं अक्सर माज़ूर[१४],
मगर इन्साफ़ का दरबार भी होता है ज़रूर।
क़ौम के जब्र का लेकिन है निराला दस्तूर,
यह हो पाबन्दजिहालत[१५] तो है दुनिया मजबूर[१६]।

---

१ सुधारों का बाग़। २ उजाड़। ३ उद्यान के पक्षी। ४ बिना पर और बाज़ू के। ५ रोते हुए। ६ दिल जलानेवाले। ७ बाग़ को सुधारनेवाले। ८ जवानी। ९ पाप। १० रीतियों। ११ शर्म। १२ शिष्टता का गौरव। १३ अत्याचार। १४ उज़्र या बहाना किया गया ( बाध्य )। १५ मूर्खता में फँसे हुए। १६ लाचार।

दिल तो क्या रूह[1] भी इस क़ैद से आज़ाद नहीं,
यह है वह ज़ुल्म कि जिसकी कहीं फ़रियाद नहीं ॥५॥
आज इस ज़ुल्म की बुनियाद हिली जाती है,
ख़ाक में हुज्जतेदीरीना[2] मिली जाती है।
रहम का राज है अब संगदिली[3] जाती है,
याँ कली दिल की मुहब्बत से खिली जाती है।
मर्द क़ौमों को सबक़ यों ही सिखा देते हैं,
दिल में जो ठानते हैं करके दिखा देते हैं ॥६॥
नौ जवानों पै है क्या जोश का आलम[4] तारी[5],
मार्का[6] सर हो यह है चार तरफ़ तैयारी।
तनतना[7] दिल में है लब[8] पर यह सख़ुन[9] है जारी,
नाम कश्मीर का डूबेगा जो हिम्मत हारी।
आके मैदाने तरक़्क़ी में पलटने के नहीं,
ये क़दम वह हैं कि बढ़ जायँ तो हटने के नहीं ॥७॥
है इधर जोश पै आज़ादख़याली[10] की तरङ्ग,
सर में सौदा है दिलों में है जवानी की उमङ्ग।
इस तरफ़ बज़मेहरीफ़ा[11] का है बिगड़ा हुआ रङ्ग,
ढूँढ़ते फिरते हैं नफ़रीं[12] के लिए हम आहंग[13]।

---

१ आत्मा। २ पुराना झगडा। ३ पाषाणहृदयिता, दिल की कड़ाई। ४ हालत। ५ छाई हुई। ६ लड़ाई। ७ गौरव। ८ होठों। ९ बात। १० स्वतंत्र विचार। ११ साथियों का समाज। १२ डाट-फटकार, लानत-मलामत। १३ ढङ्ग।

कोई बाक़ी नहीं अब इनके तरफ़दारों में,
मिल गई टूट के तोबा[१] भी गुनहगारों में ॥८॥
आयें पीरानेतरीक़त[२] यह तमाशा देखें,
हाँ, नये दौर[३] का उठता हुआ पर्दा देखें।
जोश इसलाह[४] का बहता हुआ दरिया देखें,
पार होते हुए मज़लूम[५] का बेड़ा देखें।
देख लें धर्म की इस क़ौम में ख़ू[६] बाक़ी है,
इन रगों में अभी रिषियों का लहू बाक़ी है ॥९॥
जोफ़इख़लाक़[७] से थे क़ौम के आज़ा[८] बेकार,
दिल की राहततलबी[९] से थीं उमङ्गें लाचार
बाद मुद्दत हुए ग़ैरत के नुमायाँ[१०] आसार[११],
नोक नश्तर से हुआ ख़ून रगों में बेदार[१२]।
यों ही इसलाह की तासीर अयाँ[१३] होती है,
क़ौम पीरी[१४] में इसी तरह जवाँ होती है ॥१०॥
हालते ज़ख्म से जब हालते नासूर हुई,
फ़िक्र मरहम दिले पुरदर्द[१५] को मंज़ूर हुई।

---

१ किसी वस्तु को त्यागने की शपथ। २ वृद्ध नेता। ३ ज़माना। ४ सुधारों का जोश। ५ सताया हुआ, दुःखी। ६ स्वभाव। ७ शिष्टता की कमज़ोरी। ८ इन्द्रियाँ। ९ आरामतलबी। १० प्रकट। ११ चिह्न। १२ जागृत। १३ प्रकट। १४ वृद्धावस्था। १५ दर्द से भरा हुआ।

जोरे मज़हब की बला[1] क़ौम से काफ़ूर हुई,
शुक्र है गाय की गर्दन से छुरी दूर हुई।
ग़म नहीं दिल को यहाँ दीन की बरबादी का,
बुत सलामत रहे इन्सान की आज़ादी का ॥११॥

---

## दर्द दिल*

दर्द है दिल के लिए और दिल इन्सां के लिए,
ताज़गी[2] बर्गोसमर[3] की चमनिस्तां[4] के लिए।
साज़[5] आहंग जिनूं[6] तार रगेजां[7] के लिए,
बेख़ुदी[8] शौक़ की मुझ बेसरोसामां[9] के लिए।
क्या कहूँ कौन हवा सर में भरी रहती है,
बे पिये आठ पहर बेख़बरी रहती है ॥१॥
न हूँ शायर न वली हूँ न हूँ ऐजाज़बयां[10],
बज़्मे क़ुदरत[11] में हूँ तस्वीर की सूरत हैरां[12]।

---

१ मज़हबी ज़ुल्म की आफ़त। २ नवीनता। ३ पत्ते और फल। ४ बाग़। ५ बाजा। ६ उन्मत्तता। ७ जान की रग। ८ बेहोशी। ९ बेसामान।

* लखनऊ में काश्मीर के नवयुवकों की सभा के अष्टम अधिवेशन के अवसर पर यह कविता पढ़ी गई थी। इस सभा की उन्नति में कवि को विशेष अनुराग था।

१० कथन करने में योग्य अथवा सुलेखक, सुकवि। ११ प्रकृति की महफ़िल ( संसार )। १२ चकित।

दिल में यक रंग है लफ़्ज़ों से जो होता है अयाँ[१],
लय की महुताज[२] नहीं है मेरी फ़रियादोफ़ुग़ाँ[३] ।
शौक़ेशुहरत[४] हविसे[५] गर्मिए बाज़ार नहीं,
दिल वह यूसुफ़ है जिसे फ़िक्र ख़रीदार नहीं ॥२॥
और होंगे जिन्हें रहता है मुक़द्दर[६] से गिला,
और होंगे जिन्हें मिलता नहीं मिहनत का सिला[७] ।
मैंने जो ग़ैब[८] की सरकार से माँगा वह मिला,
जो अक़ीदा[९] था मेरे दिल का हिलाये न हिला ।
क्यों डराते हैं अबस[१०] गबरू[११] मुसलमाँ मुझको,
क्या मिटायेगी भला गर्दिशेदौराँ[१२] मुझको ॥३॥
क्या ज़माने पै खुले बेख़बरी का मेरी राज़[१३],
तायरेफ़िक्र[१४] में पैदा तो हो इतनी पर वाज़[१५] ।
क्यों तबीयत को न हो बेख़ुदिएशौक़[१६] पै नाज़,
हज़रते अब्र* के क़दमों पै है यह फ़र्क़ नियाज़[१७] ।

---

१ प्रकट । २ चाहनेवाली । ३ आह, पुकार । ४ नामवरी की इच्छा । ५ प्रसिद्धि का लोभ । ६ प्रारब्ध । ७ बदला । ८ अंतरस्थित भगवान् । ९ विश्वास । १० व्यर्थ । ११ अग्निपूजक । १२ ज़माने का चक्कर । १३ भेद । १४ फ़िक्र का पक्षी । १५ उड़ने की शक्ति । १६ शौक़ की बेख़ुदी, किसी कार्य को पूर्ण करने में तल्लीन, बेसुध । १७ भेंट ।

* स्वर्गीय पण्डित विशननरायन दर का उपनाम "अब्र" था ।

फ़ख़्र[1] है मुझको इसी दर[2] से शरफ़[3] पाने का,
मैं शराबी हूँ इसी रिन्द[4] के मैख़ाने[5] का ।।४।।
दिल मेरा दौलते दुनिया का तलबगार[6] नहीं,
बख़ुदा ख़ाकनशीनी[7] से मुझे आर[8] नहीं ।
मस्त हूँ हुब्बे वतन से कोई मैख़्वार[9] नहीं,
मुझको मग़रिब[10] की नुमायश[11] से सरोकार नहीं ।
अपने ही दिल का पयाला पिये मदहोश[12] हूँ मैं,
झूठी पीता नहीं मग़रिब की वह मैनोश[13] हूँ मैं ।।५।।
क़ौम के दर्द से हूँ सोज़ेवफ़ा[14] की तस्वीर,
मेरी रग रग से है पैदा तपे ग़म[15] की तासीर[16] ।
है मगर आज नज़र में वह बहारे दिलगीर[17],
कर लिया दिल को फ़रिश्तों[18] ने तरब[19] के तस्ख़ीर[20] ।
यह नसीमेसहरी[21] आज ख़बर लाई है,
साल गुज़रा मेरे गुलशन में बहार आई है ।।६।।

---

१ गौरव । २ द्वार और पं० विशननरायन दर । ३ प्रतिष्ठा । ४ मस्त । ५ शराबख़ाना । ६ चाहनेवाला । ७ धूल में बैठने । ८ लज्जा । ९ मद्यपायी । १० पश्चिम । ११ दिखलावा । १२ मस्त, मत्त । १३ मद्यपायी । १४ प्रेम की जलन । १५ शोकाग्नि । १६ असर, प्रभाव । १७ हृदय पर अधिकार जमानेवाली । १८ देवता । १९ ऐशआराम । २० अधिकृत । २१ प्रभाती वायु ।

## तरक्क़ी अंजुमन

क़ौम में आठ बरस से है यह गुलशन[1] शादाब[2],
चेहरए गुल पै यहाँ पासेअदब[3] की है नक़ाब[4] ।
मेरे आइनए दिल[5] में है फ़क़त इस्का जवाब,
इस्के काँटों पै किया मैंने निसार[6] अपना शबाब[7] ।
काम शबनम[8] का लिया दीदएतर[9] से अपने,
मैंने सींचा है इसी ख़ूनेजिगर[10] से अपने ॥७॥
हर बरस रंग पै आता ही गया यह गुलज़ार[11],
फूल तहज़ीब[12] के खिलते गये मिटते गये ख़ार[13] ।
पत्ती पत्ती से हुआ रंगेवफ़ा[14] का इज़हार[15],
नौ जवानानेचमन[16] बन गये तस्वीरेबहार[17] ।
रंगे गुल देख के दिल क़ौम का दीवाना हुआ,
जो था बदख़्वाहचमन[18] सबज़ए बेगाना[19] हुआ ॥८॥
बूयनखवत[20] से नहीं याँ के गुलों को सरोकार,
है बुज़ुर्गों का अदब इनकी जवानी का सिंगार ।

---

१ बाग़ । २ हरा भरा । ३ शिष्टता के विचार । ४ पर्दा । ५ हृदय के आईने । ६ निछावर । ७ जवानी । ८ ओस । ६ रोती हुई आँख । १० कलेजे के रक्त । ११ बाग़ । १२ सभ्यता । १३ कंटक । १४ प्रेम का रंग । १५ प्रकाशन । १६ उद्यान नवयुवक । १७ वसंत का चित्र । १८ उद्यान का बुरा चाहनेवाला । १६ पराया, ग़ैर । २० गर्व का गंध ।

इल्मो ईमाँ की तरावत[१] का दिलों में है गुज़ार[२],
धो गये चशमएइख़्लाक[३] से सीनों के ग़ुबार[४]।
रंग दिखलाती है यों दिल की सफ़ा[५] यारों में,
रोशनी सुबह की जिस तरह हो गुल्ज़ारों में ॥९॥
किसको मालूम थी इस गुलशनेइख़्लाक़[६] की राह,
मैंने फूलों को किया रंगेवफ़ा[७] से आगाह[८]।
अब तो इस बाग़ पै है सबकी मुहब्बत की निगाह,
जो कि पौधे थे शजर[९] हो गये माशा अल्लाह[१०]।
क्या कहूँ रंग जवानी में जो इस राग़ के थे,
बाग़बाँ[११] हो गये गुलचीं[१२] जो मेरे बाग़ के थे ॥१०॥
गो कि बाक़ी नहीं कैफ़ीयते तूफ़ाने शबाब[१३],
फँस के जंजाल में दुनिया के यह क़िस्सा हुआ ख़्वाब।
मस्त रहता है मगर अब भी दिले ख़ानाख़राब[१४],
शाम को बैठ के महफ़िल में लुंढाता हूँ शराब।
नशाए इल्म की उम्मीद पै जीनेवाले,
समिट आते हैं सरेशाम[१५] से पीनेवाले ॥११॥

---

१ ताज़ापन। २ प्रवेश। ३ प्रीति और प्रेम के तालाबों। ४ दिलों के मैल। ५ सफ़ाई। ६ प्रेमोद्यान। ७ प्रेम के रंग। ८ परिचित। ९ वृक्ष। १० आश्चर्य के समय ईश्वर को सम्बोधित करने में यह शब्द प्रयुक्त होता है। ११ माली। १२ फूल तोड़नेवाले। १३ जवानी। १४ बिगड़ा हुआ दिल। १५ सन्ध्या होते ही।

और ही रंग यह है आज बहारे गुलशन,
सैर के वास्ते आये हैं अज़ीज़ानेवतन[१]।
फ़र्श[२] आँखें किये बैठे हैं जवानाने चमन[३],
दिल में तूफ़ाने तरब[४] लब[५] पै मुहब्बत के सख़ुन[६]।
कौन है आज जो इस बज़्म[७] में मसरूर[८] नहीं,
रूहे सरशार* भी खिंच आय तो कुछ दूर नहीं ॥१२॥
मगर अफ़सोस यह दुनिया है मुक़ामेइबरत[९],
रंज की याद दिलाता है ख़यालेराहत[१०]।
आज याद आती है उन फूलों की मुझको सूरत,
खिलते ही कर गये जो मेरे चमन से रहलत[११]।
चश्मे बददूर[१२] गुलों की यह भरी डाली है,
चन्द फूलों की मगर इसमें जगह ख़ाली है ॥१३॥
ये वह गुल थे जिन्हें अरबाबे नज़र[१३] ने रोया,
भाई ने बहिनों ने मादर[१४] ने पिदर[१५] ने रोया।
ख़ाक रोना था जो इस दीदएतर[१६] ने रोया,
मुद्दतों उनको मेरे क़ल्बो जिगर[१७] ने रोया।

---

१ स्वदेशप्रेमी। २ नीची। ३ उद्यानयुवक। ४ आराम, चैन। ५ होठों। ६ प्रेमालाप। ७ महफ़िल। ८ प्रसन्न। ९ भय का स्थान। १० आराम का ख़याल। ११ कूच। १२ बुरी दृष्टि से दूर। १३ दृष्टि रखनेवाले। १४ माता। १५ पिता। १६ भीगी हुई आँख। १७ हृदय और कलेजा।

* उर्दू के [illegible] लेखक स्व० पण्डित रतननाथ दर का उपनाम "सरशार" था।

दिल पै कुछ दाग़े मुहब्बत है निशानी उनकी
बचपना देख के देखी न जवानी उनकी ॥ १४ ॥
ख़ैर दुनियाँ में कभी सोज़[1] है औ है कभी साज़[2],
नौ निहालाने चमन[3] की रहे अब उम्र दराज़[4]।
भाई से बढ़ के मुझे हैं यह मेरे मायए नाज़[5],
मेरे मूनिस[6] हैं यही और यही हैं हमराज़[7]।
मर के भी रूह मेरी दिल की तरह शाद[8] रहे,
मैं रहूँ या न रहूँ यह चमन आबाद रहे ॥ १५ ॥

---

## हालते क़ौम (जाति की दशा)

ज़िन्दगी का नहीं दुनिया में भरोसा इक आन[9],
आज वह उठ गये करते थे जो कल का सामान।
अर्ज़ेहाल[10] आज है लाज़िम कि अभी तर है ज़बान,
आपके फ़ैज़[11] का सर ढूँढ़ रहा है अहसान।
आप हैं अब्रे करम[12] पासे चमन[13] लाज़िम है;
सर परस्तीए अज़ीज़ाने वतन[14] लाज़िम है ॥ १६ ॥

---

१ रंज। २ ख़ुशी। ३ उद्यान के नवयुवक। ४ बड़ी। ५ गौरव के सामान। ६ प्रेमी। ७ मित्र, एक दूसरे का भेद जाननेवाले। ८ प्रसन्न। ९ घड़ी। १० अपनी दशा का कथन। ११ उदारता। १२ उदारता, दानशीलता के बादल। १३ बाग़ का ख़याल। १४ स्वदेश के प्रीतिपात्रों का पालन-पोषण।

आप जिस क़ौम के हैं रुकनेरकीं[१] औ अफ़सर,
　　हैं इसी क़ौम के ये तिफ्लो जवां[२] नूरेनज़र[३]।
इनमें पैदा हुए गर इल्मोअदब[४] के जौहर,
　　मादरे क़ौम[५] की छाती से हटेगा पत्थर।
आपको चैन नहीं इनकी अगर ख़ैर नहीं,
　　क़ौम के लख़्ते जिगर[६] हैं ये कोई ग़ैर नहीं ॥ १७ ॥

गुलशनेक़ौम[७] में है पेशेनज़र[८] रंग अजीब,
　　फ़ितूना[९] जागे हुए हैं ख्वाबे गरां[१०] में है नसीब।
दिल मुहब्बत से ख़फ़ा है तो मुरव्वत के रक़ीब[११],
　　दूर हैं दिल से जो हर वक्त हैं आँखों से क़रीब।
अब वह पहले की मुहब्बत वह भलाई है कहाँ,
　　दिल के आइनों में अगली सी सफ़ाई है कहाँ ॥१८॥

किसको दुख दर्द की ग़ैरों के ख़बर रहती है,
　　हालते अहले वफ़ा[१२] नौए दिगर[१३] रहती है।
रात दिन ऐश परस्ती[१४] पै नज़र रहती है,
　　हविसे दौलतेज़र[१५] शामो सहर[१६] रहता है।

---

१ खम्भ अर्थात् नेता, अगुआ। २ बालक और युवा। ३ दृष्टि का उजाला। ४ विद्या और शिष्टाचार के गुण। ५ जातिमाता। ६ कलेजे के टुकड़े। ७ जाति का उद्यान। ८ दृष्टि के सामने। ९ झगड़े। १० गहरी नींद। ११ शत्रु। १२ प्रेमी लोग। १३ दूसरी तरह की। १४ विषय-भोग। १५ धन का लालच। १६ सुबह।

नौज़वानों में वह अगली सी मुहब्बत है कहाँ,
जो बुज़ुर्गों ने कमाई थी वह दौलत है कहाँ ॥१९॥
कोई सौदाये मुहब्बत[१] का ख़रीदार नहीं,
जोशे उल्फ़त[२] की ज़रा गर्मिए बाज़ार[३] नहीं।
पीठ के पीछे बुरा कहने में कुछ आर[४] नहीं,
जो है रफ़्तारे[५] ख़यालात वह गुफ़्तार[६] नहीं।
फ़र्क़ क्या ज़ाहिरो बातिन[७] का बुरा होता है,
जो ज़बाँ कहती है दिल सुनके उसे रोता है ॥ २० ॥
दौलते इल्मो हुनर में भी नुमायाँ[८] है ज़वाल[९],
हो रहा है चमनिस्ताने ज़िहानत[१०] पामाल[११]।
सर में सौदा वह नहीं जिससे मुयस्सर हो कमाल[१२],
पढ़ने लिखने का फ़क़त दौलते दुनिया है मआल[१३]।
उम्र यों इल्म के साँचे में ढली जाती है,
इक तिजारत[१४] है कि दिन रात चली जाती है ॥२१॥
कुफ़्र[१५] है जौहरे ज़ाती[१६] के लिए नश्वो नुमा[१७],
ज़ात इन्सां[१८] की मुहब्बत है न ख़ौफ़ ख़ुदा।

---

१ मुहब्बत का सौदा। २ प्रेम का जोश। ३ उन्नति। ४ शर्म। ५ विचारों की चाल। ६ बातचीत। ७ बाहर और भीतर। ८ प्रकट। ९ अवनति। १० तेज़ तबीयती का बाग़। ११ बरबाद। १२ पूर्णता। १३ नतीजा। १४ व्यापार। १५ पाप। १६ निज के गुण। १७ उन्नति, वृद्धि। १८ मानव जाति।

सरे मग़रूर[१] से है दूर वफ़ा का सौदा[२],
शान ज़ाहिर की तमन्ना[३] में, हैं दौलत पै फ़िदा[४] ।
जान से शौक़े नुमायश[५] में गुज़र जायँ अभी,
क़ब्र चाँदी की जो मिल जाय तो मर जायँ अभी ।।२२।।

हज्जे अकबर[६] से जो यूरप के हुए हैं मम्ताज़[७],
है वतन में भी ग़रीबुल वतनी[८] पै उन्हें नाज[९] ।
सैर याराने तरीक़त[१०] से है ग़ैरों से है साज़[११],
वह बनाई हुई चितवन वह अनैले अन्दाज़[१२] ।
लबो लहज़ा[१३] में लगावट है तरहदारी[१४] है,
इक फ़क़त रंग पै क़ाबू नहीं लाचारी है ।। २३ ।।

उनको तहज़ीब[१५] से यूरप की नहीं कुछ सरोकार,
ज़ाहिरी शानो नुमायश[१६] पै दिलो जाँ है निसार[१७] ।
हैं वह सीने में कहाँ ग़ैरते क़ौमी[१८] के शरार[१९],
जिनसे मग़रिब में हुए ख़ाक के पुतले बेदार[२०] ।

---

१ अभिमानी सिर । २ प्रीति का सौदा । ३ बाहरी ख़्वाहिश । ४ आसक्त । ५ दिखलावा । ६ बड़ा भारी हज ( तीर्थ ) । ७ उच्च, प्रतिष्ठित । ८ स्वदेश की निर्धनता । ९ घमंड । १० सुपथ पर चलनेवाले मित्रों । ११ प्रीति । १२ ढंग । १३ होठों में और बातचीत के ढंग में । १४ पक्षपात । १५ सभ्यता । १६ हृदय और प्राण । १७ निछावर । १८ जातीय लज्जा । १९ चिनगारियाँ । २० जाग्रत ।

सैर यूरप से यह इख़लाक़ अदब[१] सीखा है।
नाचना सीखा है औ यह लहू लअब[२] सीखा है ।।२४।।

---

## नौजवानों से ख़िताब ।

### ( नवयुवकों से कथन )

हाँ, जवानाने वतन[३] ख़्वाब से बेदार हो अब,
सो चुके रात भी आख़िर हुई हुशियार हो अब ।
सहरे नूरे वफ़ा[४] के लिए तैयार हो अब,
दर्दे दिल कुछ मुझे कहना है ख़बरदार हो अब ।
बेख़ुदी[५] दिल की है तस्वीरे[६] बयाँ मेरी है,
मर्सिया[७] क़ौम का है और ज़बां मेरी है ।। २५ ।।

नुकताचीनी[८] से ग़रज़[९] है न दिलाज़ारी[१०] है,
सिर्फ़ मन्ज़ूरे नज़र ख़्वाब से बेदारी[११] है ।
ग़फ़लते ऐश[१२] दिलों पर जो यहाँ तारी[१३] है,
बेख़ुदी[१४] कहते हैं इसको कि यह हुशियारी है ।

---

१ सभ्यता और शिष्टाचार । २ खेल-कूद । ३ स्वदेश के नवयुवक । ४ प्रीति के प्रकाश का प्रभात । ५ बेहोशी । ६ तल्लीनता, कथन का चित्र । ७ दुःख-गीत । ८ छिद्रान्वेषण । ९ मतलब । १० सताना । ११ नींद से जागना । १२ आरामतलबी । १३ छाई हुई । १४ बेहोशी ।

क्या किये जाते हो क्या मुँह से कहे जाते हो,
कुछ ख़बर है तुम्हें किस सिम्त[१] बहे जाते हो ॥२६॥

चमनेउमर[२] हमेशा न रहेगा शादाब[३],
ख़ुम[४] में बाक़ी न रहेगी यह जवानी की शराब।
नशए इल्म[५] में हर वक्त रहो तुम ग़रक़ाब[६],
शाने तालीम[७] यही है यही तहज़ीबे शबाब[८]।
ले उड़े दिल को तबीयत की रवानी[९] वह है,
बे पिये नशा रहे जिसमें जवानी वह है ॥ २७ ॥

मस्त कर देती है ऐसा यह शराबे सरजोश[१०],
नज़र आती है मए हुस्न[११] से दुनियाँ मदहोश[१२]।
सैर जन्नत[१३] में रहा करते हैं चश्मो लबोगोश[१४],
मुझसे कहता था जवानी में मेरा बादहफरोश[१५]।
हर घड़ी आलमे बाला[१६] पै नज़र रहती है,
कहीं इन्सान को दुनियाँ की ख़बर रहती है ॥ २८ ॥

नशए इल्म में तुममें से नहीं कोई भी चूर,
दख़्ल रहता है तबीयत में तअल्ली[१७] को ज़रूर।

---

१ तरफ़। २ आयु का बाग़। ३ हराभरा। ४ घड़े। ५ विद्या के नशे। ६ डूबे हुए। ७ शिक्षा का गौरव। ८ जवानी की सभ्यता। ९ बहाव। १० जोश से भरी हुई। ११ ख़ूबी, भलाई की मदिरा। १२ मदमत्त। १३ स्वर्ग। १४ आँखें, होंठ और कान। १५ शराब बेचनेवाला। १६ परलोक। १७ अपनी प्रशंसा।

हो गया है जो ज़रा चार किताबों पै उबूर[१],
तो ग़जब की हमादानी[२] है कयामत का ग़रूर।
शान अरस्तू की भी फिर ऊन[३] का सामान भी है,
वही घर मिस्र भी है औ वही यूनान भी है ॥२९॥
इल्मो इख़्लाक[४] के दामन पै तुम्हारे है यह दाग़,
जो बुज़ुर्गों ने लगाया था उजड़ता है वह बाग़।
तुमको अल्लाह ने बख़्शे हैं वह दिल और दिमाग़,
जिससे रोशन हो ज़माने को तरक्क़ी का चिराग़।
इक ज़रा जज़बए इख़्लाक[५] को आला[६] कर दो,
क़ौमे मरहूम[७] की तुरबत[८] पै उजाला कर दो ॥३०॥
तुम मदद के नहीं मोहताज[९] यह मैंने माना,
हो मगर फ़िक्र से बच्चों की न यों बेगाना[१०]।
बारे अहसां[११] से सुबक दोश[१२] हो गर हो दाना[१३],
एक दिन क़ौम के आगे न पड़े शरमाना।
तुमको बच्चों का बड़ा फ़र्ज़ अदा करना है,
है तो ईमान की यह क़र्ज़ अदा करना है ॥३१॥
इन्हीं बच्चों की मुहब्बत हुई हैं दामनगीर[१४],

---

१ अधिकार। २ घमंड। ३ एक भारी बादशाह हो गया है। ४ शिष्टाचार। ५ शिष्टाचार का तत्त्व। ६ ऊँचा। ७ मृतक। ८ क़ब्र। ९ चाहनेवाले। १० ग़ैर, अलग। ११ उपकार का भार। १२ हलके। १३ बुद्धिमान्। १४ हावी, क़ाबिज़।

आपकी समअखराशी[१] की जो की यह तदबीर ।
अपने दर्दे दिले नाशाद[२] की है यह तक़सीर[३],
अश्के हसरत[४] से किया है उसे दिल ने तहरीर ।
चाहे मजज़ूब[५] की बड़ चाहे नसीहत समझो,
यह हमारे दिले मुर्दा की वसीयत[६] समझो ॥३२॥

---

## नालअए यास * निराशा का रोना ।

(१९१८)

क्या कहें किस से कहें हम आज क्या कहने को हैं ।
आख़री अफ़सानअए शौक़े वफ़ा कहने को हैं ।
जिन उमीदों की लड़कपन में हुई थी इब्तिदा ।
आज उनकी इन्तिहा का माजरा कहने को हैं ॥
बे ख़बर अब भी नहीं हम क़ौम के दुख-दर्द से ।
पहले हिम्मत थी दवा की अब दुआ कहने को हैं ॥
क्या कहें क्या दौर-ए-आख़िर में सितम देखा किये ।

---

१ बहुत बातें करना । २ रंजीदा दिल का दर्द । ३ दोष । ४ अफ़सोस के आसुओं । ५ पागल । ६ अंतिम पत्र ।

* काश्मीरी क्लब के वार्षिकोत्सव में १५ अक्तूबर १९१८ में पढ़ी गई थी ।

बरहमी बढ़ती गई महफ़िल की हम देखा किये ॥
वह भी क्या आलम था जब दुनिया से दिल आज़ाद था ।
और सब भूले थे एक क़िस्सा वफ़ा का याद था ॥
क़ौम का सौदा वफ़ा का शौक़ ख़िदमत की उमङ्ग ।
बस इन्हीं दो तीन के सदक़े में दिल आबाद था ।
कोफ़्त थी हमको अगर गुमराह था बच्चा कोई ।
हम भी ख़ुश थे गर किसी मासूम का दिल शाद था ।
थी इसी रङ्गे मुहब्बत से उमीदों की बहार ।
कैसे कैसे फूल थे कैसा चमन आबाद था ॥
हम यह बरसों की मुहब्बत भूलनेवाले नहीं ।
इतने भाई एक माँ की गोद ने पाले नहीं ।
हैफ़ यह मजमूआए सुहबत परीशाँ हो गया ।
बस्तियों में फूल पहुँचे बाग़ वीराँ हो गया ॥
मिल गया अहले चमन को फिर भी ख़िदमत का सिला ।
क़ौम का दामन किसी गुलचीं का दामां हो गया ॥
रंग-ए-तासीरे चमन बिखरे हुवे फूलों में हैं ।
क्या हुवा ख़ाली अगर सहने गुलिस्ताँ हो गया ॥
हम जहाँ हैं अंजुमन की वज़ा अपने साथ है ।
जिस जगह पहुँचे वहीं आलम नुमायाँ हो गया ॥
ग़ुनचए अहबाब की तसवीर है सीने के साथ ।
दिल की हर बस्ती में एक महफ़िल का सामाँ हो गया ॥
नशा से ग़ाफ़िल हमारे रिन्द और साक़ी नहीं ।

गो कि महफ़िल उठ गई जामो सुबू बाक़ी नहीं ॥
गो कि अगले बाग़बाँ जंजाल से छूटे नहीं ।
पर अभी इस बाग़ के दीवारो दर टूटे नहीं ॥
इन्तज़ारे शौक में दर पर खड़ी है नौबहार ।
पेशवाई के लिए फल फूल गुल बूटे नहीं ॥
यास कहती है कि जमने का नहीं रङ्गे चमन ।
आरज़ू कहती है अगला सिलसिला टूटे नहीं ॥
आप अगर पैग़ाम दें बादे बहारी के लिए ।
आएँगे अहले चमन फिर आबयारी के लिए ॥

---

## कृष्ण कन्हैया ।

आज की रात का दुनिया के लिए क्या है पयाम ।
हुस्न क़ुदरत का सरे शाम से है जलवए आम ॥
नूर बरसाते हैं तारों के छलकते हुवे जाम ।
बन गया साज़े तरब[१] हस्तिये आलम[२] का निज़ाम ॥
फ़र्श राहत पर अगर आँख झपक जाती है ।
बाँसरी की मेरे कानों में सदा आती है ॥ १ ॥
बे हिजाबी की उरूसाने चमन में है अदा ।
गुल का नगहत[३] से इशारह है कि परदा कैसा ॥
दिल में पैवस्त हुई जाती है मोरों की नवा[४] ।

---

१ ख़ुशी का बाजा । २ संसार । ३ ख़ुशबू । ४ आवाज़ ।

हुन बरसने को है कहती है यह पूरब की हवा ॥
पेशवाई के लिए खल्क़ खुदा उट्ठी है।
आज जमना के किनारे से घटा उट्ठी है ॥ २ ॥

सबेतारीक के क़बज़े में है ऐवान फ़लक[१]।
झपकी जाती है अँधेरे में सितारों की पलक ॥
वह हवा है कि उड़े जाते हैं फ़ानूस तलक।
नज़र आती नहीं बस्ती में चराग़ों की झलक ॥
सिर्फ़ जुगनू है जो दीवाना सिफ़त फिरता है।
शमअ लेकर कभी उठता है कभी गिरता है ॥ ३ ॥

सनसनाती हुई आती है अँधेरे में हवा।
शजर ओ शाख़ के नग़मे से है मामूर[२] फ़ज़ा ॥
बिजलियाँ कौंदती हैं लाख गरजती है घटा।
नै के बाहर नहीं होती है पपीहे की सदा ॥
दर्द के नाम से नेमत इसे हाथ आई है।
एक ही राग का दुनिया में यह शैदाई है ॥ ४ ॥

छा गया अब्र बरसने को हैं मेंह के झाले।
आप ही आप हुवे जाते हैं दिल मतवाले ॥
आँख कहती है यह बादल नहीं काले काले।
बाल खोले हुवे हैं साँवली सूरतवाले ॥
कशतिए फ़िक्र बही जाती है जमना की तरफ़।

---

१ आकाश। २ भरी हुई।

दिल मिरा खैंच रहा है मुझे मथरा की तरफ़ ॥ ५ ॥

राह तारीक है और सर पै गरज बादल की।
दूंगड़ा मेंह का है बूँदें नहीं हलकी हलकी ॥
शोख़ो तर्रार हसीं छोकरियाँ गोकल की।
चली आती हैं सुराही लिये जमना जल की ॥
दिल लड़कंपन की उमंगों प मचल जाता है।
खिलखिला पड़ती हैं जब पाँव फ़िसल जाता है ॥६॥

यह ख़ुशी है कि मनाना है कन्हैया का जनम।
दिल में अर्मान हज़ारों हैं, मगर वक़्त है कम।
नहीं सीने में समाता यह है दिल का आलम ॥
आँख पड़ती है कहाँ और कहीं पड़ता है क़दम।
एक को एक की सूरत जो नज़र आती है ॥
मुस्करा देती हैं जब बर्क़ चमक जाती है ॥७॥

आज सोती हुई दुनिया की है क़िसमत बेदार
साल भर बाद वह रात आई है दिल जिस पै निसार
यही बिजली थी यही अब्र यही जोशे बहार,
जब कन्हैया के जनम से हुई रौशन शबेतार।
क़ैदख़ाने की सियाही में वह तारा चमका।
जिससे इन्सान की हस्ती का सितारा चमका ॥ ८ ॥

था जो दुनया को रहे रास्त पर लाना मंज़ूर।
जलवअए हक़ ने किया क़ालिबे ख़ाकी में ज़ुहूर।

जोशे रहमत से ग़नी[1] फ़ैज़ो करम से मामूर ।
ज़ुलमते[2] जेहल मिटाने को बढ़ा चशमए नूर ।।
परदअए ग़ैब से मथुरा के चमन तक पहुँचा ।
बढ़ के मथुरा से कुरुक्षेत्र के रन तक पहुँचा ।। ९ ।।
देखकर जंग के तूफ़ान में अर्जुन को उदास ।
यों दिया वाज़ कि हुशियार हो ऐ कुशतिये[3] यास ।।
रूहो क़ालिब की जुदाई प अबस[4] है विश्वास ।
जो मुसाफ़िर है वह मंज़िल प बदलता है लिबास ।।
रूह दुनिया की मुसाफ़िर है अजल मंज़िल है ।
इस सफ़र में जो खटकता है वह कांटा दिल है ।।१०।।
साफ़ नीयत है तो बेकार है अंजाम का डर ।
पाक बंदे जो हैं रखते हैं फ़क़त हक़ प नज़र ।।
ख़ुद रियाज़त[5] को समझते हैं रियाज़त का समर ।
फल के लालच में लगाते नहीं नेकी का समर ।।
उनकी आँखों में वही दाग़ वफ़ा प्यारे हैं ।
ख़ुदग़रज़ के लिये जो आग के अंगारे हैं ।। ११ ।।
फ़ूल माया के जो खिलते हैं लुभाने के लिये ।
साँप बिच्छू हैं मुसाफ़िर के सताने के लिये ।।
सिलसिला हस्तिए फ़ानी का मिटाने के लिये ।
बज़्मे आलम से न जा लौट के आने के लिए ।।

---

१ मालामाल । २ अँधेरा । ३ मारा हुआ । ४ बेकार ।
५ योग ।

तेरी हस्ती का जो है राग भुला दे उसको।
परदअए साज़[१] हक़ीक़त में छिपा दे उसको ॥१२॥
किसलिये ख़ाक के पुतलों के लिये रोता है।
देखने को है खुली आँख मगर सोता है॥
कुछ ख़बर है तुझे क्यों जाने अबस खोता है।
कौन करता है फ़ना कौन फ़ना होता है॥
दोस्त दुशमन का मददगार वही जंग में है।
एक सूरत[२] गेर हस्ती है जो हर रंग में है॥ १३॥
वही बिस्मिल है वही जौहरे शमशीर भी है।
शोलअए शमअ वही है वही गुलगीर[३] भी है॥
ख़ुद मुसव्विर है वही और वही तसवीर भी है।
वही हाकिम वही क़ैदी वही ज़ंजीर भी है॥
जौहरी भी है वही जौहरे आली भी वही।
फूल भी है वही इस बाग़ का माली भी वही ॥१४॥
तेरी आँखों से अगर दूर हो माया की नक़ाब।
देख फिर क्या नज़र आते हैं अज़ीज़ और अहबाब।
बे वफ़ाओं की मुरव्वत में न कर उम्र ख़राब।
हक़ परस्तों की अमानत है तेरा जोरे शबाब॥
धर्म पर जो न फ़िदा हो वह जवानी क्या है।
दूध की धार है तलवार का पानी क्या है॥ १५॥

---

१ बाजा। २ सूरत पैदा करनेवाला। ३ चिराग़ बुझानेवाला।

अब न अर्जुन है न वह ज्ञान का दरिया बाक़ी ।
न वह आँखें हैं न वह नूर का जलवा बाक़ी ।।
दिल लुभाने को है दुनिया का तमाशा बाक़ी ।
दर्द बाक़ी है न है दर्द का शैदा बाक़ी ।।
बाँसरी ले के नया राग सुना दे कोई ।
सो रहा है दिले मायूस जगा दे कोई ।। १६ ।।
फिर हो दुनिया में किसी हस्तिए कामिल का ज़ुहूर ।
दिल में जिसके हो समाया हुआ खिदमत का सुरूर ।।
जज़बए ख़ैर की हो जिसको परस्तिश मंज़ूर ।
बादए शौक़ से हों जिसकी निगाहें मख़मूर ।।
दिल को तसख़ीर[1] करे अंजुमन आरा होकर ।
हो न दुनिया से ख़फ़ा दीन का प्यारा हो कर ।।१७।।

---

## गाय ।

तू वह मख़लूक़[2] है खिलकत[3] में नहीं जिसकी गुनाह[4] ।
ली है क़ालिब[5] में तेरे रूहे मुहब्बत[6] ने पनाह[7] ।।
तेरी सूरत से अयाँ[8] होती है इन्सान की चाह ।
रस भरी आँख समाई हुई अमृत में निगाह ।।

---

१ वश । २ जीव । ३ स्वभाव । ४ दोष । ५ शरीर ।
६ प्रेम की आत्मा । ७ शरण । ८ प्रकट ।

नक़्श[१] है दिल पै मेरे मोहनी सूरत तेरी,
.खूब दुनियाँ के शिवाले में है मूरत तेरी ॥
तन से तेरे है श्रयाँ नर्मिए दिल[२] का जौहर ।
जोड़ बन्द ऐसे कि साँचे में बने हैं ढल कर ॥
रङ्ग काला हो कि उजला हो यह कहती है नज़र ।
बिन्दराबन की वह है शाम यह मथुरा की सहर[३] ॥
कङ्गुरे से यह नहीं चेहरए नूरानी[४] पर ।
ताज क़ुदरत[५] ने सजा है तेरी पेशानी[६] पर ॥
देखे जंगल में कोई शाम को तेरी रफ़तार[७] ।
बे पिये जैसे किसी को हो जवानी का .खुमार[८] ॥
मस्त कर देती है शायद तुझे क़ुदरत की बहार ।
वह उतरती हुई धूप श्रौर वह सब्ज़े का नखार[९] ॥
एक यक गाम[१०] पै शोखी[११] से मचलना तेरा ।
पी के जङ्गल की हवा झूम के चलना तेरा ॥
साहबे दिल तुझे तस्वीरे वफ़ा[१२] कहते हैं ।
चश्मए फ़ैज़े .खुदा[१३] मर्दे .खुदा[१४] कहते हैं ॥
दर्दमन्दों की मसीहा[१५] शुअ्‌रा[१६] कहते हैं ।

---

१ श्रंकित । २ हृदय की कोमलता । ३ प्रभात । ४ प्रकाश-युक्त मुख । ५ प्रकृति । ६ मस्तक । ७ चाल । ८ नशा । ९ दृश्य । १० क़दम । ११ तेज़ी । १२ प्रेम की मूर्त्ति । १३ ईश्वर की उदारता का स्रोत । १४ मनुष्य । १५ अव्यर्थ औषधि । १६ कवि ।

माँ तुझे कहते है हिन्दू तो बजा[१] कहते हैं ॥
कौन है जिसने तेरे दूध से मुँह फेरा है।
आज इस क़ौम की रग रग में लहू तेरा है ॥
नाम जिसका है मुहब्बत वह है ई माँ तेरा।
कोई हो फ़ैज़[२] है सबके लिए एकसाँ तेरा ॥
ज़िन्दगी के लिये मोहताज है इन्साँ तेरा।
कौन बीमार नहीं बन्दए अहसाँ[३] तेरा ॥
हल्क में दूध से तेरे जो तरी रहती है।
ख़ुश्क टहनी तने लाग़र[४] की हरी रहती है ॥
सूरतें याद हैं उन बच्चों की प्यारी प्यारी।
ज़िन्दगी की जिन्हें यक एक घड़ी थी भारी ॥
तेरे दम से न रही यास[५] की हालत तारी[६]।
हो गईं उनके लिए दूध की नहरें जारी ॥
कितने गिरते हुए पौधों को सँभाला तूने।
माँ जिन्हें छोड़ चली थी उन्हें पाला तूने ॥
तेरे बच्चों ने किया अपने तईं हम पै निसार[७]।
अपनी गर्दन पै लिया पर्वरिशे क़ौम का बार[८] ॥
नज़र आती है जो हर फ़स्ल में खेती तैयार।
है यह सब उनके लहू और पसीने की बहार ॥
उनको मंज़ूर न होता जो मिटाना अपना।

१ उचित। २ दान। ३ उपकार का ऋणी। ४ निर्बल शरीर। ५ निराशा। ६ छाई हुई। ७ निछावर। ८ बोझ।

हिन्द की ख़ाक उगलती न ख़ज़ाना अपना ॥
अहलेदीं[1] ने तुझे जन्नत[2] का सहारा समझा ।
अपने ईमान की क़िस्मत का सितारा[3] समझा ॥
शूर वीरों ने तुझे जान से प्यारा समझा ।
तुझको अकबर[4] ने सदा आँख का तारा समझा ॥
आबरू क़ौम की है तेरी निगहबानी पर ।
यही दो हर्फ़ लिखे हैं तेरी पेशानी[5] पर ॥
मिस्ल बच्चों के तेरे दूध के हैं मतवाले ।
जो ज़ईफ़ी[6] से पड़े रहते हैं बिस्तर डाले ॥
मस्त रहते हैं तेरे फ़ैज़[7] से कस बलवाले ।
प्यार से कहते हैं माता तुझे बच्चे वाले ॥
तेरी उल्फ़त[8] से इन्हें मुँह नहीं मोड़ा जाता ।
तेरी सूरत का खिलौना नहीं तोड़ा जाता ॥
मेरे दिल में है मुहब्बत का तेरी सरमाया[9] ।
माँ के दामन से है बढ़कर मुझे तेरा साया ॥
याद है फ़ैज़ तबीयत ने जो तुझसे पाया ।
ऐन क़िस्मत[10] जो तेरा नाम ज़बाँ पर आया ॥
इस हलावत[11] से जो दावाय सख़ुनगोई[12] है ।
दूध से तेरे लड़कपन में ज़बाँ धोई है ॥

---

१ धार्मिक जन । २ स्वर्ग । ३ नक्षत्र । ४ बादशाह अकबर । ५ मस्तक । ६ वृद्धावस्था । ७ दान । ८ प्रेम । ९ पूँजी । १० प्रारब्ध । ११ माधुर्य । १२ काव्य-रचना ।

# क़ौमी मुसद्दस ( जातीय षट्‌पदी* )

हिन्दू-विश्व-विद्यालय के सम्बन्ध में ।

इलाही कौन फ़रिश्ते[१] हैं यह गदाय वतन[२] ।
सफ़ाया क़ल्ब[३] से जिनके यह बज़म[४] है रौशन ॥
झुकी हुई है सबों की लिहाज़ से गर्दन ।
हर इक ज़बाँ पै हैं ताज़ीम[५] औ अदब के सख़ुन[६] ॥
सफ़ें[७] खड़ी हैं जवानों की और पीरों[८] की ।
ख़ुदा की शान यह फेरी है किन फ़क़ीरों की ॥
फ़क़ीर इल्म के हैं इनकी दास्ताँ[९] सुन लो ।
पयाम[१०] क़ौम का दुख दर्द का बयाँ सुन लो ॥
यह दिन वह दिन है जो है यादगार हाँ सुन लो ।
है आज ग़ैरते क़ौमी[११] का इम्तहाँ सुन लो ॥
यही है वक्त अमीरों की पेशवाई[१२] का ।

---

* यह कविता तीसरी सितम्बर सन् १६११ ई० को लखनऊ में होनेवाले हिन्दू-विश्वविद्यालय के उस बृहत् अधिवेशन के अवसर पर पढ़ी गई थी, जिसमें माननीय पं० मदनमोहन मालवीय तथा अन्य महानुभाव विश्व-विद्यालय के हेतु चन्दा एकत्र करने के लिए पधारे थे ।

१ देवता । २ स्वदेश के फ़क़ीर । ३ हृदय की उज्ज्वलता । ४ महफ़िल । ५ प्रतिष्ठा । ६ वाक्य । ७ पंक्तियाँ । ८ वृद्धों । ९ कहानी । १० सन्देश । ११ जातीय लाज । १२ स्वागत ।

फ़क़ीर आये हैं कासा[१] लिये गदाई[२] का ॥
जो अपने वास्ते माँगें ये वह फ़क़ीर नहीं ।
तमअ[३] में दौलते दुनिया की ये असीर[४] नहीं ॥
अमीर दिल के हैं ज़ाहिर के ये अमीर नहीं ।
वह आदमी नहीं जो इनका दस्तगीर[५] नहीं ॥
तमाम दौलते ज़ाती[६] लुटा के बैठे हैं ।
तुम्हारे वास्ते धूनी रमा के बैठे है ॥
सवाल इनका है तालीम का बने मन्दिर ।
कलश हो जिसका हिमाला से औज[७] में बरतर[८] ॥
इसी उमीद पै ये घूमते हैं शामोसहर[९] ।
सदा[१०] लगाते हैं राहे ख़ुदा में यह कहकर ॥
वह ख़ुदग़रज़ हैं जो दौलत पै जान देते हैं ।
वही हैं मर्द जो विद्या का दान देते हैं ॥
सवाल रद न हो इनका यह शर्त है तदबीर ।
इसी से पायँगे ईमान आबरू तौक़ीर[११] ॥
यह है तरक्क़ीए[१२] क़ौमी के वास्ते अक्सीर ।
बहे उलूम[१३] की गंगा पियें ग़रीब अमीर ॥
बक़ारे क़ौम[१४] बढ़े दूर बेज़री[१५] हो जाय ।

---

१ प्याला । २ फ़क़ीरी । ३ लालच । ४ क़ैद । ५ सहायक ६ निजी सम्पत्ति । ७ ऊँचाई । ८ बढ़कर । ९ सुबह । १० आवाज़ ११ इज़्ज़त । १२ जातीय उन्नति । १३ विद्या । १४ जातीय प्रतिष्ठा १५ निर्धनता ।

उजड़ गई है जो खेती वह फिर हरी हो जाय ॥
जो हो रहा है ज़माने में है तुम्हें मालूम ।
कि हो गये हैं गराँ[1] किस क़दर फ़िनून उलूम[2] ॥
तुम्हारी क़ौम से दौलत हुई है यों मादूम[3] ।
कि अब तरसते हैं पढ़ने को सैकड़ों मासूम[4] ॥
वह ख़ुद तरसते हैं, माँ बाप उनके रोते हैं ।
तुम्हारी क़ौम के बच्चे तबाह होते हैं ॥
यह बेगुनाह उसी क़ौम के हैं लख़्तेजिगर[5] ।
कि जिस्ने तुमको भी पाला है सूरते मादर[6] ॥
जिगर पै क़ौम के इफ़लास[7] का चले ख़ंजर ।
ग़ज़ब ख़ुदा का तुम्हारे दिलों पै हो न असर ॥
उसी से बेख़बरी जिस्के दम से जीते हो ।
उसे रुलाते हो जिस माँ का दूध पीते हो ॥
यह क़हत[8] क्या है, यह ताऊन क्या है, क्या है वबा[9] ।
तुम्हारी क़ौम पै नाज़िल[10] हुआ है क़हरे ख़ुदा[11] ॥
जो राह रास्त[12] से होती है कोई क़ौम जुदा ।
इसी तरह उसे मिलती है एक रोज़ सज़ा ॥
इसी तरह से हवा क़ौम की बिगड़ती है ।
इसी तरह से ग़रीबों की आह पड़ती है ॥

---

१ महँगे । २ कला-कौशल ३ मिट गई । ४ बालक ।
५ क़लेजे के टुकड़े । ६ माता की तरह । ७ ग़रीबी । ८ दुर्भिक्ष ।
९ आफ़त । १० गिरा । ११ ईश्वरीय कोप । १२ सच्ची राह ।

गुनाह क़ौम के धुल जायँ अब वह काम करो।
मिटे कलंक का टीका वह फ़ैज़ आम[१] करो॥
निफ़ाक़ी[२] जहल[३] को बस दूर से सलाम करो।
कुछ अपनी क़ौम के बच्चों का इन्तज़ाम करो॥
यह काम होके रहे चाहे जाँ रहे न रहे।
ज़मीं रहे न रहे आसमाँ रहे न रहे॥
यह कारे ख़ैर[४] में कोशिश यह क़ौम का दरबार।
लगा दो आज तो चाँदी के हर तरफ़ अम्बार[५]॥
यह सब कहें कि है जिन्दा यह क़ौम ग़ैरतदार[६]।
है इसके दिल में बुज़ुर्गों की आबरू का वक़ार[७]॥
सरों में हुब्बे वतन[८] का जिनून[९] बाक़ी है।
रगों में भीषमो अर्जुन का ख़ून बाक़ी है।
मिसेज़ बेसेन्ट के अहसान की तुम्हें है ख़बर।
किया निसार[१०] बुढ़ापा तुम्हारे बच्चों पर॥
शरीक वह भी हैं इस कार ख़ैर के अन्दर।
न आँख उनकी हो नीची रहे यह मद्देनज़र॥
मिटे न बात कहीं तुम पै मिटनेवालों की।
तुम्हारे हाथ है शरम उन सफ़ेद बालों की॥
तुम्हारे वास्ते लाज़िम है मालवी का भी पास[११]।

---

१ व्यापक दान। २ द्वेष। ३ मूर्खता। ४ नेक काम। ५ ढेर। ६ लज्जावान्। ७ प्रतिष्ठा। ८ स्वदेश-प्रेम। ९ उन्माद। १० निछावर। ११ ख़याल।

कि जिसकी ज़ात से है अटकी हुई है क़ौम की आस ॥
लिया ग़रीब ने घर बार छोड़कर बनवास ।
जो यह नहीं है तो कहते हैं फिर किसे सन्यास ॥
तमाम उम्र कटी एक ही क़रीने[1] पर ।
गिराया अपना लहू क़ौम के पसीने पर ॥
इसी के हाथ में है क़ौम का सँवर जाना ।
तुम्हारी डूबती क़िश्ती[2] का फिर उभर जाना ॥
जो तुमने अब भी न दुनिया में काम कर जाना ।
तो यह समझ लो कि बेहतर है इससे मर जाना ॥
गज़ब हुआ जो दिल इसका भी तुमसे ऊब गया ।
गिरा इस आँख से आँसू तो नाम डूब गया ॥
घटाएँ जहल[3] की छाई हुई हैं तीर-ओ तार[4] ।
यह आरज़ू है कि तालीम से हो बेड़ा पार ॥
मगर जो ख्वाब से अब भी न तुम हुए बेदार[5] ।
तो जान लो कि है इस क़ौम की चिता तैयार ॥
मिटेगा दीन भी और आबरू भी जायगी ।
तुम्हारे नाम से दुनिया को शर्म आयेगी ॥
जो इस तरह हुआ दुनिया में आबरू का ज़वाल[6] ।
तो काम आयगा उक्बा[7] में क्या यह दौलतो माल ॥
करो ख़ुदा के लिए कुछ मरे हुओं का ख़याल ।

---

१ ढङ्ग । २ नाव । ३ नादानी । ४ अन्धेरी । ५ जागृत । ६ अवनति । ७ परलोक ।

न हों तुम्हारे बुज़ुर्गों की हड्डियाँ पामाल[१] ॥
यह आबरू तो हज़ारों बरस में पाई है।
न यों लुटाओ कि रिषियों की यह कमाई है ॥
लुटाओ नाम पै दौलत अगर हो ग़ैरतदार[२]।
पुकार उठे ज़माना कि है यह पर उपकार ॥
है ज़ोर हिम्मते मर्दाना[३] क़ौम को दरकार।
वरक़ उलट दो ज़माने का मिलके सब इक बार ॥
अगर हो मर्द न यों उम्र रायगाँ[४] काटो।
ग़रीब क़ौम के पैरों की बेड़ियाँ काटो ॥
यह कारे ख़ैर वह हो कि नाम चारसू[५] रह जाय।
तुम्हारी बात ज़माने के रूबरू रह जाय ॥
जो ग़ैर हैं उन्हें हँसने की आरज़ू[६] रह जाय।
ग़रीब क़ौम की दुनिया में आबरू रह जाय ॥
ज़रा हमैयतो ग़ैरत[७] का हक़ अदा कर दो।
फ़क़ीर कौम के आये हैं झोलियाँ भर दो ॥
यहाँ से जायँ तो जायें यह झोलियाँ भर कर।
लुटाएँ इल्म की दौलत तुम्हारे बच्चों पर ॥
इधर हो नाज़ यह तुमको कि ख़ुश गये ये बशर[८],
जो हो सका वह किया नज़्र इनके टेक के सर।

---

१ बरबाद। २ लज्जावान्। ३ मानुषिक साहस। ४ व्यर्थ।
५ चारों ओर। ६ कामना। ७ शिष्टता और लज्जा। ८ आदमी।

यही हो फ़ख्र[1] जवानों का और पीरों[2] का,
सवाल रद न किया क़ौम के फ़क़ीरों का ॥

———

## देहरादून की सैर ।

यहीं बाहर का पहले पहल हुआ था शिगून[3],
अजीब ख़ित्तए दिलकश[4] है शहर देहरादून ।
निगाहे शौक़ ने क्या कहिये क्या समाँ[5] देखा,
नई ज़मीन नया रंगे आस्माँ देखा ।
सुना जो करते थे वह बाग़े पुर फ़िज़ा[6] है यही
अगर पहाड़ हैं जन्नत[7] तो रास्ता है यही ।
अज़ल[8] में थी जो फ़िज़ा[9] उसकी यादगार है यह,
नशेबकोह[10] में गहवारएबहार[11] है यह ।
किया नहीं इसे ग़ारत बशर[12] की सनअत[13] ने,
यह सब्ज़ाज़ार[14] सजाया है दस्तेक़ुदरत[15] ने ।
सिपुर्दे अब्र[16] के है इंतज़ाम पानी का,
हवाय सर्द को है हुक्म बाग़ बानी का ।

---

१ गर्व । २ वृद्धों । ३ शकुन । ४ हृदयाकर्षक स्थान । ५ दृश्य । ६ सुशोभित, आनन्दमय । ७ स्वर्ग । ८ अनादिकाल में । ९ शोभा, आनन्द । १० पर्वत की तराई । ११ वसन्त का पालना । १२ मनुष्य । १३ कारीगरी । १४ हरा भरा मैदान । १५ प्रकृति के हाथों । १६ बादल ।

तमाम शहर है गर्दो ग़ुबार से ख़ाली,
जिधर निगाह उठे उस तरफ़ है हरियाली।
लिबास[१] पहिने हैं कुल संगोखश्त[२] सब्ज़े का,
बजाय ख़ाक के उड़ता है रंग सब्ज़े का।
असर ख़िज़ाँ[३] का हो क्या ताज़गी के मसकन[४] में,
पहाड़ उसको छिपाये हैं अपने दामन में।
घने दरख़्त, हरी झाड़ियाँ, ज़मी शादाब[५],
लतीफ़[६] सर्द हवा पाक साफ़ चश्मए आब[७]।
कमी कभी नहीं शादाबियों[८] के सामाँ[९] में,
ठहर गई है बहार आके इस गुलिस्ताँ[१०] में।
तिलिस्मेहुस्न[११] का है बीच में यह गुलदस्ता,
खड़े हैं कोहोशजर[१२] पहलुओं में सफ़बस्ता[१३]।
यहाँ जो आके मुसाफ़िर मुक़ाम करते हैं,
ये सन्तरी उन्हें पहले सलाम करते हैं।
जो दूर जाइये बस्ती से और ही है समाँ,
यह सोचता है पहाड़ों को देखकर इन्साँ।
बशर[१४] पै रोब यह क़ुदरत का छा गया कैसा,
यह बल ज़मीन की त्योरी पै आ गया कैसा।

---

१ पोशाक़। २ कङ्कड़-पत्थर। ३ पतझड़। ४ नवीनता का निवासस्थान। ५ हरी भरी। ६ शीतल और मन्द वायु। ७ जल के स्रोत। ८ हरियाली। ९ सामान। १० बाग़। ११ सौन्दर्य के जादू। १२ पर्वत और वृक्ष। १३ श्रेणीबद्ध, पंक्तियों में। १४ आदमी।

बलन्दियों[१] से हो जो मायले नशेब नज़र[२],
फ़रेब[३] देता है नद्दो का पेचोख़म[४] अकसर।
निगह को दूर से पानी है यों नज़र आता,
सफ़ेद नाग चला जा रहा है बल खाता।
क़रीब होता है आख़िर यह दौर[५] का आलम[६],
निगाह देखती है फिर सुरूर[७] का आलम।
फ़िज़ायकोह[८] में ऐसी हवा समाती है,
बशर की रूह को राहत[९] की नींद आती है।
बस एक आलमे हू[१०] चार सिम्त[११] तारी[१२] है,
न शोर शर[१३] है न दुनियाँ की आहोज़ारी[१४] है।
असर दिखाता है क़ुदरत का नग़मए दिलगीर[१५],
शजर हजर[१६] से टपकती है राग की तासीर।
यह राग वह है जो मिज़राब[१७] का असीर[१८] नहीं,
यह सिर्फ़ कान के पर्दों में गोशागीर[१९] नहीं।
वही सुनेगा इसे दिल गदाज़[२०] है जिस्का,

---

१ ऊँचाइयों। २ नीचे की ओर दृष्टि जाय। ३ धोखा। ४ बहाव, लहरों का पेच, ख़म। ५ दृश्य। ६ कैफ़ियत। ७ आनन्द। ८ पर्वतों की बहार। ९ चैन। १० ख़ामोशी। ११ तरफ़। १२ छाया हुआ। १३ द्वन्द्व बखेड़ा। १४ रोना पीटना। १५ दिल लुभानेवाला राग। १६ वृक्ष और पत्थर। १७ जिसे अँगुली में पहिन कर सितार आदि बजाते हैं। १८ क़ैदी, अर्थात् इस राग को मिजराब की ज़रूरत नहीं। १९ कोने में बैठनेवाला। २० दुःखी।

हो दिल में सोज़[1] तो रग रग में साज़[2] है इश्का ।
यह राग मुझमें समाया सुरूरे मै[3] होकर,
हविस[4] थी रूह को मिल जाय इसमें लय होकर ।
हरीम ख़ास[5] में क़ुदरत की बारयाबी[6] थी,
निगाहे शौक़ में क़ुदरत की बेहिजाबी[7] थी ।
नशिस्त[8] सङ्ग पै थी सायए शजर[9] के तले,
रवाँ[10] था चश्मएआबेख़ुनुक[11] नज़र के तले ।
शरीक हाल थी बज़्एक़दीम[12] क़ुदरत की,
अयाँ[13] थी संगोशजर[14] से कोशिश मुहब्बत की ।
शराबे उन्से हक़ीक़ी[15] से था हर इक सरशार[16],
शजर[17] था, कोह[18] था, चश्मा[19] था या यह मुश्त गुबार[20]।
दरख़्तो कोह हैं क्या ज़ात पाक इन्साँ क्या,
तयूर[21] क्या हैं, हवा क्या है, अब्रबाराँ[22] क्या ।
यह मौजे[23] हस्तिए बेदार[24] के अनासिर[25] हैं,
सब एक काफ़िलएशौक़[26] के मुसाफ़िर हैं ।

---

१ रंज । २ सजावट । ३ मद्य का नशा । ४ कामना । ५ घर में । ६ मौजूदगी । ७ बेपर्दिगी । ८ बैठक । ९ वृक्ष । १० जारी । ११ ठंडे पानी का सोता । १२ पुरानी चाल । १३ प्रकट । १४ पत्थर और वृक्ष । १५ वास्तविक प्रेम । १६ मस्त । १७ वृक्ष । १८ पर्वत । १९ तालाब । २० ख़ाक । २१ पक्षी । २२ बरसनेवाले बादल । २३,२४ जागृत जीवन की लहर । २५ तत्त्व । २६ एक ही इच्छा रखनेवाला समूह ।

ये दिल के टुकड़े हैं क़ुदरत के इनमें बैर नहीं,
सब एक गोद के पाले हैं कोई ग़ैर नहीं।
इन्हीं से नग़मए क़ुदरत[१] है औज[२] पस्ती[३] में,
सब एक साज़[४] के पर्दे है बज़्मेहस्ती[५] में।
जुदा किसी से भी हस्ती[६] का अपनी राज़[७] नहीं,
कुछ आबशार[८] में और हममें इम्तियाज़[९] नहीं।
है जिस्म ख़ाक यहाँ उस्का जिस्म पानी है,
जो रूह हममें है उसमें वही रवानी[१०] है।
इसी ख्याल में तवए लतीफ़[११] थी सरशार[१२],
कुछ ऐसी बेख़बरी थी की होश उस्पै निसार[१३]।
दिल अपने रङ्ग में बेताब[१४] था इस अरमाँ[१५] से,
कि इस फ़िज़ा[१६] में हो आबाद रूह ज़िन्दाँ[१७] से।
अजल[१८] जो आय तो इस कोहसार[१९] के नीचे,
बने मज़ार[२०] किसी आबशार[२१] के नीचे।
ग़रज कि रूह की आँखों से यह समाँ देखा,
अज़ल[२२] के दिन जो छुटा था वह आशियाँ[२३] देखा।

---

१ प्राकृतिक राग। २ उँचाई। ३ निचाई। ४ सजावट। ५ दुनियाँ की महफ़िल। ६ ज़िन्दगी। ७ भेद। ८ झरना। ९ फ़र्क़, पहिचान। १० बहाव। ११ ताज़ा तबीयत। १२ मतवाली। १३ निछावर। १४ बेचैन। १५ कामना, इच्छा। १६ बहार। १७ कारागार। १८ मृत्यु। १९ पर्वत। २० क़ब्र। २१ झरना। २२ पैदायश। २३ घोंसला।

नया सुरूर[१] मुयस्सर हुआ सफ़र करके,
मगर न सैरे चमन कर सके नज़र भरके।
नसीब दिल को रहा ऐसे मेज़बाँ[२] से नियाज़[३],
कि जिस्की ज़ात पै है ख़ाक देहरादून को नाज़[४]।
वह ज़ात क्या है कि तस्वीर है हमैयत[५] की,
उसी से शरह[६] हुई लफ़ज़आदमीयत की।

---

## आसफुद्दौला का इमामबाड़ा।

आसफुद्दौलाए मरहूम की तामीरेकुहन[७]।
जिसकी सनत[८] का नहीं सफ़ए हस्ती प जवाब॥
देख सईय्याह[९] इसे रात के सन्नाटे में।
मुँह से अपने महेकामिल[१०] ने जब उलटी हो नक़ाब॥
दरोदीवार नज़र आते हैं क्या साफ़ो सुबक।
सेहर करती है निगाहों प ज़ियाए महताब[११]॥
यही होता पै गुमा ख़ाक से मस इसको नहीं।
है सम्भाले हुए दामन में हवाए शादाब॥
यक ब यक दीदआए हैराँ को यह शक होता है।

---

१ आनन्द। २ अतिथि को ठहरानेवाला। ३ मेल, भेंट। ४ घमण्ड। ५ शिष्टता। ६ परिभाषा। ७ पुरानी इमारत। ८ कला। ९ मुसाफ़िर। १० पूर्णमासी का चन्द्रमा। ११ चन्द्रमा का प्रकाश।

ढल के साँचे में ज़मीं पर उतर आया है सहाब[१] ॥
बेखुदी कहती है आया यह फ़िज़ाँ में क्योंकर ।
किसी उस्ताद मुसव्विर का है यह जलवए ख़्वाब ॥
एक अजब मञ्जर दिलगीर[२] नज़र आता है ।
दूर से आलमे तसवीर नज़र आता है ॥
शौक़ तो शान इमारत की ख़बर देता है ।
परदश्रए शब के सरकने प सहर का आग़ाज़ ॥
वह सफ़ेदी सहरे नूर की हलकी हलकी ।
आशियाँ छोड़ के जब करते हैं ताइर परवाज़ ॥
ऐसे आलम में वह कोहरे से उभरना उसका ।
जैसे मौज़ों के तलातम से नुमायाँ हो जहाज़ ॥
होते हैं गुम्बदो मीनार फ़िज़ाँ में जाहिर ।
बढ़के होती हैं ज़ियारत से निगाहें मुमताज़[३] ॥
जगमगाता है शुवावों[४] में यह ऐवान बलन्द ।
जिसकी सनत का है दुनियाँ से निराला अंदाज़ ॥
पारह[५] चोब के एहसाँ की ज़रूरत न रही ।
ख़ाक और ख़िस्त[६] ने मिल कर यह दिखाया एजाज़॥
इसकी तामीर को आए नहीं मेमारे फिरङ्ग ।
है यह तहज़ीबे अवध के लिए सरमाए नाज़ ॥
बच गया ख़ाक के परदे प यह मिट्टी का तिलिस्म ।

---

१ बादल । २ मनोहर । ३ आदर पाती है । ४ किरन ।
५ लकड़ी । ६ ईंट ।

गो ज़माने की हवा इसके लिये थी नासाज़ ॥
इसके साए में गिरा ताजे हुकूमत सर से ।
इसने देखा यह ज़माने का नशेब और फ़राज़ ॥
मिल गए ख़ाक में सब इसके बसानेवाले ।
कुछ शजर हाय कुहन अब हैं पुराने दमसाज़ ॥
क्या सरे शाम उदासी का समा रहता है ।
दरो दीवार से कर जाती है रौनक़ परवाज़ ॥
धूप उतरती हुई आँखों को यह दिखलाती है ।
दिले मजरूह[१] का हर ख़िश्त में है सोज़ो गुदाज़ ॥
जिसके फ़ैजाने हुकूमत का करिश्मा है यह ।
उसके साए में है सोया हुवा वह खल्के नवाज़ ॥
उसकी हिम्मत की बलन्दी है बलन्दी इसकी ।
उसके इख़लाक की वसत का है इसमें अंदाज़ ॥
जब ज़ियारत[२] को मुहर्रम में बशर आते हैं ।
चाँदनी रात में आती है फ़लक से आवाज़ ॥
बे अदब[३] पामने ह ईंजा कि अजब दर्गाहस्त ।
सिजदागाहे मलको रौजए शाहनशाहस्त ॥

———

१ ज़ख्मी । २ दर्शन......ए आनेवाला । ३ इस दर्गाह में अदब के साथ पाँव रख क्योंकि यह ऐसी जगह है कि जहाँ फरिश्ते सिर झुकाते हैं, और यह बादशाह का मक़बरा है ।

# तीसरा भाग

## नौहाजात (मृत्यु-शोक)

### बिशुननारायण दर।

सदमए आम[1] है यह क़ौम का प्यारा न रहा,
बेजबानों की जबाँ दिल का सहारा न रहा।
गुलशानेइल्मो अदब[2] का चमन आरा[3] न रहा,
मतलए दानिशोबीनिश[4] का सितारा न रहा।
सब ये ग़म एक तरफ़, एक तरफ़ ग़म अपना,
जिससे दुनियाँ नहीं वाकिफ़ वह है मातम[5] अपना॥
हमने देखे हैं तेरे अश्केमुहब्बत[6] अकसर,
जिन पै सद्क़े[7] है जबाँ और क़लम के जौहर।
दो नगीने थे हमैयत[8] के तेरे क़ल्बो जिगर[9],
हुई ग़ैरों को न इस पाक ख़ज़ाने की ख़बर।
ज़ाहिरी हुस्ने लियाक़त[10] के ये दीवाने हैं,

---

१ सर्वसाधारण को शोक पहुँचानेवाला दुःख। २ विद्या और शिष्टार का उद्यान। ३ बाग़ को सजानेवाला। ४ बुद्धिमत्ता और दूरदर्शिता आकाश। ५ रंज। ६ प्रेम के अश्रु। ७ निछावर। ८ परहेज़गारी। दिल और कलेजा। १० लियाक़त की ख़ूबी।

शमअ[१] देखी नहीं फ़ानूस के परवाने हैं ॥
दौलते इल्मो हुनर से नहीं दुनियाँ ख़ाली,
बज़्मेआलम[२] की यह रौनक़ नहीं जानेवाली।
पर है कमयाब[३] वह जौहर वह सरिश्ते आली[४],
आदमीयत की बिना जिसने अज़ल[५] में डाली।
कुछ बड़ी बात नहीं फ़ाज़िलेदौराँ[६] होना,
आदमी के लिए मअ़राज[७] है इन्साँ होना ॥
आदमीयत की यह तस्वीर मिटी जाती है,
हुस्नेइख़लाक़[८] की तदबीर मिटी जाती है।
जज़्बएख़ैर[९] की तौक़ीर[१०] मिटी जाती है,
हम मिटे जाते हैं तक़दीर मिटी जाती है।
दिले मायूस[११] मुहब्बत का ग़िज़ाख़ाना[१२] है,
अपनी आँखों में यह दुनियाँ नहीं वीराना है ॥
है नज़र में तेरा हस्ती[१३] के सितारे का ज़वाल[१४]
वह शबेग़म[१५] की स्याही वह मर्ज़ का भूचाल।
तब भी सौदायवतन[१६] था तेरा जीने का मआल[१७],

---

१ बत्ती। २ संसार की महफ़िल। ३ कम प्राप्त। ४ उच्च स्वभाव। ५ प्रारम्भ, आदि। ६ ज़माने में लायक़ विद्वान्। ७ सीढ़ी। ८ सदाचार की ख़ूबी। ९ भलाई का तत्त्व। १० प्रतिष्ठा। ११ निराश। १२ खाने की जगह। १३ अस्तित्व। १४ अवनति। १५ रंज की रात। १६ स्वदेश की चिन्ता। १७ परिणाम।

ख़ौफ़ कहते हैं किसे मौत का आया न ख़याल ।
काहिशेतन[१] से तबीयत की जिला[२] कम न हुई,
रोशनी शमअ[३] की घुलने से ज़रा कम न हुई ।।
तुझको योगी कहूँ या आलमे बाला[४] का सफ़ीर[५],
था अलग अहलजहाँ[६] से तेरी मिट्टी का ख़मीर[७] ।
आँच दुनियायदिनी[८] की जो रही दामनगीर[९]
क्या सबक़ रूह[१०] को लेना था यहाँ रह के असीर[११] ।
क्या इसी तरह से फ़ितरत की सफ़ा[१२] मुमकिन थी,
क्या इसी आग में जलने से जिला[१३] मुमकिन थी ।।
रविशे आम[१४] से तुझको न सरोकार रहा,
जौहरेख़ास[१५] का हस्ती[१६] से तलबगार रहा ।
गोकि[१७] जञ्जाल में दुनियाँ के गिरफ़्तार रहा,
अपने दामन को समेटे हुए हुशियार रहा ।
रंगे दुनिया से रहा आलमेफ़ानी[१८] में जुदा,
जैसे लहरों से कमल रहता है पानी में जुदा ।।
तुझको मालूम न था दौलते दुनिया क्या है,

---

१ शरीर की दुर्बलता । २ सफ़ाई । ३ बत्ती । ४ परलोक । ५ सन्देश लानेवाला । ६ सांसारिक लोग । ७ तत्त्व । ८ सांसारिक वासनायें । ९ लिपटी हुई । १० आत्मा । ११ क़ैद । १२ तबीयत की सफ़ाई । १३ प्रकाश, उज्ज्वलता । १४ साधारण ढङ्ग । १५ ख़ास हुनर, प्रधान गुण । १६ दुनियाँ । १७ यद्यपि । १८ नाशवान् संसार ।

हिस क्या शै[1] है ज़रोमाल[2] का सौदा क्या है।
ख़ुपरस्ती[3] का ज़माने में तक़ाज़ा क्या है.
ऐश क्या चीज़ है, राहत[4] की तमन्ना क्या है।
तू न समझा कभी ग़ैरों की मदद के ग़म में,
अपनी राहत का भी सामान है इस आलम[5] में ॥
कारेदुनियाँ[6] में गिरफ़्तार है जो दुनियाँदार,
उनको देखा है तेरी बेख़बरी से बेज़ार[7]।
तू कहाँ और कहाँ उनकी नज़र का मैयार,[8]
फूल जो उनके लिए हैं वह तुझे थे ख़सख़ार[9]।
लुत्फ़[10] इस बेख़बरी का वह उठाएँ क्योंकर,
ख़ाक में लोटते हैं अर्श[11] पै जायें क्योंकर ॥
ख़िलअ़ते नूर[12] तबीयत को दिया कुदरत ने,
आबरू इल्म ने दी ज़र्फ़[13] दिया ग़ैरत ने।
ख़ुदपसन्दी[14] को गवारा न किया आदत ने,
सात पर्दों से निकाला तुझे ख़ुद शुहरत[15] ने।
तू मगर जौहरेज़ाती[16] को दबाता ही रहा,
अपने दामन में चिराग़ अपना छिपाता ही रहा ॥

---

१ वस्तु। २ रुपये पैसे की लगन। ३ इन्द्रियपरायणता। ४ आराम। ५ दुनियाँ। ६ सांसारिक कामों। ७ दु:खी। ८ तौलने का काँटा। ९ कूड़ा करकट। १० मज़ा। ११ आकाश। १२ प्रकाश का ज़ेवर पोशाक। १३ साहस। १४ गर्व। १५ नामवरी। १६ निजी गुण।

शुहरए आम[1] को समझा न लियाक़त का सिला[2],
नुकताचीनों[3] से शिकायत न रक़ीबों[4] से गिला।
दीदएग़ैर[5] में खटकी न तबीयत की जिला[6],
तू ज़माने से महेनौ[7] की तरह झुक के मिला।
आजिज़ी दिल की झलकती रही पेशानी[8] से,
तू वह दरिया था जो वाक़िफ़ नहीं तुग़यानी[9] से।
दिल मुहब्बत पै फ़िदा[10] आँख मुरव्वत से ग़नी[11],
तुझको दुश्मन की भी मञ्ज़ूर न थी दिलशिकनी[12]।
मगर इंसाफ़ के हक़ में हो अगर नैशज़नी[13],
फिर न था तुझसे ज़्यादा कोई जुरअत[14] का धनी।
शेर नर मारकए आम[15] की सरगरमी में,
तिफ़्ले मासूम[16] से मिलता हुआ दिल नरमी में॥
आजकल महरो वफ़ा[17] में है तिजारत की अदा[18];
कोई बेकस का नहीं दोस्त बजुज़[19] ज़ाते ख़ुदा।
यों हुआ करते हैं यारानेकुहन[20] दिल से जुदा,
जैसे पत्तों से गिरा देती है पानी को हवा।

---

१ सर्वसाधारण में प्रशंसा। २ पुरस्कार। ३ छिद्रान्वेषी। ४ शत्रुओं। ५ पराई दृष्टि। ६ सफ़ाई। ७ नवीन चन्द्रमा। ८ मस्तक। ९ सैलाब। १० आसक्त। ११ मालदार। १२ दिल तोड़ना। १३ डङ्क मारना। १४ साहस। १५ समरक्षेत्र। १६ निर्दोष बच्चे। १७ प्रीति, प्यार। १८ व्यापारी ढङ्ग। १९ सिवाय। २० पुराने मित्र।

जिस्का इक़बाल ज़माने में चमक जाता है,
उसको बचपन के रफ़ीकों[१] से हिजाब[२] आता है ॥
न हुआ फ़र्क़ तेरे रङ्ग मुहब्बत में अयाँ[३],
धूप दौलत की रही या रही इफ़लास[४] की छाँ ।
तेरी ख़िदमत से हो अहबाब[५] की मुश्किल आसाँ,
दीन तेरा था यही और यही था ईमाँ ।
एक ही वजअ़[६] रही, एक ही अन्दाज़ रहा,
अपने प्यारों की ग़ुलामी पै तुझे नाज़ रहा ॥
बदनसीब ऐसे भी हैं तुझसे जो बेज़ार रहे,
आके दुनियाँ में फ़क़त तेरे दिलाज़ार[७] रहे ।
ऐसे बेदर्द ज़माने के गुनहगार रहे,
मगर अहसान से तेरे न सुबकबार[८] रहे ।
उनको शर्मिन्दा किया तूने मुहब्बत करके,
ख़ुद गुनहगार हुए तुझसे अदावत करके ॥
दिल हो तेरा सा तो दुनिया की हक़ीक़त क्या है,
तनपरस्ती[९] पै जो हो सर्फ़[१०] वह दौलत क्या है ।
ग़ैर को जिससे न राहत हो वह राहत क्या है,
जिस्में सौदा[११] न हो कुछ भी वह तबीयत क्या है ।

---

१ मित्रों । २ शर्म । ३ प्रकट । ४ ग़रीबी । ५ प्रेमी जन । ६ ढङ्ग । ७ दिल दुखानेवाले । ८ हल्के । ९ शरीर की सजावट । १० ख़र्च । ११ लगन ।

ज़िन्दगी यों तो फ़क़त बाज़िए तिफ़्लाना[१] है,
मर्द है जो कि किसी रंग में दीवाना है ॥

— —

## गोपालकृष्ण गोखले ।

लरज़[२] रहा था वतन जिस ख़याल के डर से,
वह आज ख़ून रुलाता है दीदये तर से ।
सदा[३] यह आती है फल फूल और पत्थर से,
ज़मीं पै ताज गिरा क़ौमे हिन्द के सर से ।
हबीब[४] क़ौम का दुनियाँ से यों रवाना हुआ,
ज़मीं उलट गई क्या मुनक़लिब[५] ज़माना हुआ ॥
बढ़ी हुई थी नहूसत[६] ज़वालेपयहम[७] की,
तेरे ज़हूर[८] से तक़दीर क़ौम की चमकी ।
निगाहे यास[९] थी हिन्दोस्ताँ पै आलम[१०] की,
अजीब शै[११] थी मगर रोशनी तेरे दम की ।
तुझी को मुल्क में रोशन दिमाग़ समझे थे,
तुझे ग़रीब के घर का चिराग़ समझे थे ॥
वतन को तूने सँवारा किस आबोताब[१२] के साथ,

१ लड़कों का सा खेल । २ काँप । ३ आवाज़ । ४ प्रेमी । ५ परिवर्तित । ६ बदबख़्ती, दुर्भाग्य । ७ लगातार अवनति । ८ प्रकट होने । ९ निराशा की दृष्टि । १० संसार । ११ वस्तु । १२ चमक-दमक ।

सहर का नूर[१] बढ़े जैसे आफ़ताब[२] के साथ।
चुने रिफ़ाह[३] के गुल हुस्नेइन्तख़ाब[४] के साथ,
शबाब[५] क़ौम का चमका तेरे शबाब के साथ।
जो आज नश्वोनुमा[६] का नया ज़माना है,
यह इनक़लाब[७] तेरी उम्र का फ़िसाना[८] है ॥
रहा मिज़ाज में सौदायक़ौम[९] ख़ू होकर,
वतन का इश्क़[१०] रहा दिल की आरज़ू होकर।
बदन में जान रही वक़्फ़ेआबरू[११] होकर,
रगों में अश्केमुहब्बत[१२] रहे लहू होकर।
ख़ुदा के हुक्म से आबोगिल[१३] बना तेरा,
किसी शहीद[१४] की मिट्टी से दिल बना तेरा ॥
वतन की जान पै क्या क्या तबाहियाँ आईं,
उमंड उमंड के जिहालत[१५] की बदलियाँ आईं।
चिराग़े अम्न[१६] बुझाने को आँधियाँ आईं,
दिलों में आग लगाने को बिजलियाँ आईं।
इस इनतिशार[१७] में जिस नूर का सहारा था,

---

१ प्रभात का प्रकाश। २ सूर्य। ३ नेकी। ४ चुनने की ख़ूबी। ५ जवानी। ६ वृद्धि, उन्नति। ७ परिवर्तन। ८ कहानी। ९ जाति की चिन्ता। १० प्रेम। ११ इज़्ज़त के लिए निछावर। १२ प्रेमाश्रु। १३ पानी और मिट्टी। १४ प्राण देनेवाला। १५ मूर्खता। १६ शान्ति का दीपक। १७ बिखरना।

उफ़क़[१] पै क़ौम के वह एक ही सितारा था ॥
हदीसे क़ौम[२] बनी थी तेरी ज़बाँ के लिए,
ज़बाँ मिली थी मुहब्बत की दास्ताँ[३] के लिए।
ख़ुदा ने तुझको पयम्बर[४] किया यहाँ के लिए,
कि तेरे हाथ में नाक़ूस[५] था अज़ाँ के लिए।
वतन की ख़ाक तेरी बारगाह आला[६] है,
हमें यही नइ मसजिद नया शिवाला है ॥
ग़रीब हिन्द ने तनहा[७] नहीं यह दाग़ सहा,
वतन से दूर भी तूफ़ान रंजो ग़म का उठा।
हबीब[८] क्या हैं हरीफ़ों[९] ने यह ज़बाँ से कहा,
सफीरेकौम[१०] जिगरबन्द सल्तनत[११] न रहा।
पयाम[१२] शह ने दिया रञ्जे ताज़ियत[१३] के लिए,
कि तू सितून[१४] था ऐवाने सल्तनत[१५] के लिए ॥
दिलों पै नक़्श है अब तक तेरी ज़बाँ के सख़ुन[१६]।
हमारी राह में गोया चिराग़ हैं रोशन।
फ़क़ीर थे जो तेरे दर के ख़ादिमानेवतन[१७],

---

१ आकाश। २ जातीय मन्त्र। ३ कहानी। ४ ईश्वरीय दूत। ५ शङ्ख। ६ सर्वोच्च तीर्थ, पुण्य-स्थान। ७ अकेले। ८ प्रेमी। ९ शत्रुओं। १० जाति का एलची। ११ साम्राज्य का प्यारा। १२ सम्राट् ने सन्देश भेजा। १३ मृत्यु का रञ्ज। १४ खम्भ। १५ साम्राज्य के महल। १६ वाक्य। १७ स्वदेशसेवी।

उन्हें नसीब कहाँ होगा अब तेरा दामन ।
तेरे अलम[१] में वह इस तरह जान खोते हैं,
कि जैसे बाप से छुटकर यतीम रोते हैं ॥

अजल[२] के दाम[३] में आना है यों तो आलम को,
मगर यह दिल नहीं तैयार तेरे मातम को ।
पहाड़ कहते हैं दुनियाँ में ऐसे ही ग़म को,
मिटा के तुझको अजल ने मिटा दिया हमको ।
जनाज़ा[४] हिन्द का दर[५] से तेरे निकलता है,
सुहाग क़ौम का तेरी चिता में जलता है ॥

रहेगा रञ्ज ज़माने में यादगार तेरा,
वह कौन दिल है कि जिसमें नहीं मज़ार[६] तेरा ।
जो कल रक़ीब[७] था है आज सोगवार[८] तेरा ।
ख़ुदा के सामने है मुल्क शर्मसार[९] तेरा ।
पली है क़ौम तेरे सायए करम[१०] के तले,
हमें नसीब थीं जन्नत तेरे क़दम के तले ॥

———

१ रञ्ज । २ मृत्यु । ३ जाल । ४ रथी । ५ द्वार । ६ क़ब्र । ७ शत्रु । ८ शोक मनानेवाला । ९ अहसानमन्द । १० उदारता और कृपा के साये में ।

# बाल गङ्गाधर तिलक।

१९१९

मौत ने रात के परदे में किया कैसा वार।
रौशनी सुबह वतन की है कि मातम का गुबार ॥
मार का सर्द है सोया है वतन का सर्दार।
तनतना शेर का बाक़ी नहीं सूनी है कछार ॥
बेकसी छाई है तक़दीर फिरी जाती है।
क़ौम के हाथ से तलवार गिरी जाती है ॥
उठ गया दौलते नामूस वतन का वारिस।
क़ौम मरहूम के एजाज़ कुहन का वारिस ॥
जाँ निसारे अज़ली[1] शेर दकन का वारिस।
पेशवावों के गरजते हुवे रन का वारिस ॥
थी समाई हुई पूना की बहार आँखों में।
आख़री दौर का बाक़ी था ख़ुमार आँखों में।
मौत महाराष्ट्र की थी या तेरे मरने की ख़बर।
मुर्दनी छा गई इन्सान तो क्या पत्थर पर ॥
पत्तियाँ झुक गईं मुरझा गये सहरा के शजर।
रह गये जोश में बहते हुवे दरिया थम कर ॥
सर्द शादाब हवा रुक गई कुहसारों[2] की।
रौशनी घट गई दो चार घड़ी तारों की ॥

---

१ पैदाइशी। २ पहाड़।

था निगह बाने वतन दबदबए आम तेरा।
    न डगें पाँव यें था क़ौम को पैग़ाम तेरा॥
दिल रक़ीबों के लरज़ते थे यह था काम तेरा।
    नींद से चौंक पड़े सुन जो लिया नाम तेरा॥
याद करके तुझे मज़लूम वतन रोएँगे।
    बन्दए रस्मे ज़फ़ा चैन से अब सोएँगे॥
ज़िन्दगी तेरी बहारे चमनिस्ताने वफ़ा।
    आबरू तेरे लिए क़ौम से पैमाने वफ़ा॥
आशिक़े नाम वतन कुशतए[1] अरमाने वफ़ा।
    मर्द मैदाने वफ़ा जिस्मे वफ़ा जाने वफ़ा॥
हो गई नज़्रे वतन हस्तिए फ़ानी तेरी।
    न तो पीरी रही तेरी न जवानी तेरी॥
औज हिम्मत प रहा तेरी वफ़ा का ख़ुरशीद[2]।
    मौत के ख़ौफ प ग़ालिब रही ख़िदमत की उमीद॥
बन गया क़ैद का फ़रमान भी राहत की नवेद[3]।
    हुए तारीकिए ज़िन्दाँ में तेरे बाल सफ़ेद॥
घिर रहा है मेरी नज़रों में सरापा तेरा।
    आह वह क़ैदे सितम और बुढ़ापा तेरा॥
मोजिज़ा अश्क मुहब्बत का दिखाया तूने।
    एक क़तरे से यह तूफ़ान उठाया तूने॥
मुल्क को हस्तिए बेदार बनाया तूने।

---

१ वफ़ा के प्रेम में जान देनेवाले। २ सूर्य। ३ खुशख़बरी।

जज़बऐ क़ौम के जादू को जगाया तूने ॥
इक तड़प आ गई सोते हुवे अरमानों में ।
बिजलियाँ कौंद गईं क़ौम के वीरानों में ॥
लाश को तेरी सँवारे न रफ़ीक़ाने कुहन ।
हो जबा[1] के लिये सन्दल की जगह ख़ाके वतन ॥
तर हुआ है जो शहीदों के लहू से दामन ।
दें उसी का तुझे पञ्जाब के मज़लूम कफ़न ॥
शोर मातम न हो झनकार हो ज़ञ्जीरों की ।
चाहिए क़ौम के भीषम को चिता तीरों की ॥

---

## गंगाप्रसाद वर्मा ।

किसके मातम में यह सामान सियापोशी[2] है,
कुछ अजब तरह की अहबाब[3] में सरगोशी[4] है ।
कहीं सक्ता[5] है कहीं आलमेबेहोशी[6] है,
यह तो मजमअ़[7] है और इस तरह की ख़ामोशी है ।
कौन दिल सर्द हुआ ग़म हुआ ताज़ा किसका,
क़ौम के सामने है आज जनाज़ा किसका ॥
रंग चेहरे का यह कहता है कि दिल हैं नाशाद[8] ,

१ माथा । २ काली पोशाक़ पहिनना । ३ मित्रों । ४ काना-फूँसी । ५ ख़ामोशी । ६ बेहोशी की हालत । ७ समूह । ८ उदासीन ।

लब[१] तक आते हुए रुकती है गले में फ़रियाद।
क्या क़यामत[२] है कि इस तरह हो महफ़िल आबाद,
शाम हो जाय और आये न गंगापरशाद।
किसने इस बज़मे नहूसत[३] की बिना[४] डाली है,
जिस्को सब ढूँढ़ते हैं उस्का जगह ख़ाली है॥
पेड़ सर सब्ज़ है थालों में रवां[५] आब[६] भी है,
डूबती किरनों से फ़व्वारे में यक ताब[७] भी है।
गुले नौखेज़[८] भी है सबज़ए शादाब[९] भी है,
शाम का वक्त भी है, मजमए अहबाब[१०] भी है।
तू कहाँ है कि जो इस बाग़ का शैदाई[११] है,
तुझसे मिलने के लिए फ़स्ल बहार आई है॥
हमको आसान नहीं दिल से मिटाना तेरा,
एक दुनियाँ को भुलाना है भुलाना तेरा।
सामने आँखों के गुज़रा है ज़माना तेरा,
दरोदीवार पै लिक्खा है फ़िसाना[१२] तेरा।
इस चमन से जो सरे शाम हवा आती है,
हमको अब तक तेरी बातों का सदा[१३] आती है॥

---

१ होठ। २ प्रलय, भावार्थ आश्चर्य। ३ दुर्भाग्य की महफ़िल। ४ जड़। ५ जारी। ६ जल। ७ चमक। ८ नवीन खिले हुए फूल। ९ हरा भरा, सब्ज़ा। १०. मित्रों का जमघट। ११ आसक्त, प्रेमी। १२ कहानी। १३ आवाज़।

लखनऊ का तुझे दम भर न गवारा था फ़िराक़[१],
मर के इस ख़ाक का दामन न मिला रंज है शाक़[२]
ले गया तुझको पहाड़ों में अजल[३] का क़ज्ज़ाक़[४],
रह गईं जलवएआख़िर[५] की निगाहें मुश्ताक़[६]।
दो क़दम लाश तेरी दोश[७] पै हम धर न सके,
आख़िरी फ़र्ज मुहब्बत का अदा कर न सके।
कुछ तुझे मादरे नाशाद[८] का आया न ख़याल,
जोशे तूफ़ाँ में है कश्तीएशकिश्ता[९] पामाल[१०]।
तेरे मातम में परेशाँ[११] हैं वह बफ़से बाल,
देख हिलती है ज़मीं सुन के यह दुखिया का सवाल।
मुद्दतों याद में अपनी न रुलाना हर्गिज़,
मैं भी आती हूँ मुझे भूल न जाना हर्गिज़।।
याद है महफ़िले आलम[१२] में उभरना तेरा,
क़ौमो सरकार की आँखों में सँवरना तेरा।
और इस तरह से दुनियाँ से गुज़रना तेरा,
ज़िन्दगी सर्फ़ै है सद्क़े[१३] वह है मरना तेरा।
मरनेवालों को यहाँ भाई बहिन रोते हैं,

---

१ जुदाई, वियोग। २ भीषण शोक। ३ मृत्यु। ४ लुटेरा। ५ अन्तिम दृश्य। ६ इच्छा रखनेवाली। ७ कन्धे। ८ दुखी माता। ९ टूटी हुई नैया। १० बरबाद। ११ हैरान। १२ संसार की महफ़िल। १३ निछावर।

मौत तेरी है कि सब अहलेवतन[१] रोते हैं ॥
बढ़ गई शोमिएक़िस्मत[२] की स्याही अफ़सोस,
आगई शहर के बेड़े पै तबाही अफ़सोस।
कौन मैदानेसियासत[३] पै कमर बाँधेगा,
क़ौम के वास्ते सीने पै सिपर[४] बाँधेगा ॥
दर्दमन्दी हुई पैदा तेरी राहत के लिए,
दिल मुहब्बत के लिए आँख मुरव्वत के लिए।
ख़ल्क[५] ख़ालिक़[६] ने किया था तुझे ख़िदमत के लिए,
ली थी बरसों से फ़क़ीरी इसी दौलत के लिए।
दिल तेरा सरवते दुनियाँ[७] से न दमसाज़[८] रहा,
क़ौम के दर की गदाई[९] पै तुझे नाज़ रहा ॥
बे ख़बर तब भी वतन से दिल नाशाद[१०] न था,
क़ौम के ग़म से ज़ियादा ग़मेऔलाद[११] न था।
क़ौम करती थी फ़क़त तेरी ज़बाँ से फ़रियाद,
बहसो तहरीक[१२] के मैदाँ में क़लम था आज़ाद।
तेरे अख़बार दिलायेंगे तेरे जोश की याद,
दिल के टुकड़े हैं यही औ यही तेरी औलाद।

---

१ स्वदेश निवासी। २ दुर्भाग्य। ३ राजनैतिक क्षेत्र। ४ ढाल। ५ पैदा। ६ परमात्मा। ७ सांसारिक समृद्धि। ८ अनुकूल। ९ फ़क़ीरी। १० रंजीदा दिल। ११ सन्तान का दुःख। १२ वाद-विवाद और आन्दोलन।

हों ख़बरदार तेरा इश्क़ जतानेवाले,
इन यतीमों से तेरा नाम चलानेवाले ॥
जब ज़माने में तेरे औज[१] की नौबत आई,
ज़िन्दगी ख़तम हुई मौत की साअत[२] आई।
काम कुछ भी न जवानी की रियाज़त[३] आई,
सुबहपीरी[४] नहीं आई कि क़यामत आई।
रोशनी जिसकी थी हरसू[५] वह सितारा डूबा,
मिट गई शाने-अवध[६] क़ौम का तारा डूबा ॥
न सतायश[७] की तमन्ना न शिकायत का हिरास[८],
रहनुमा[९] मंज़िले हस्ती[१०] में फ़क़त क़ौम का पास[११]।
मुल्क के ऐश से ख़ुश मुल्क के सदमे[१२] से उदास,
ज़िन्दगी तेरी थी मरदाने ख़ुदा[१३] का सन्यास।
योग कहते हैं किसे शाने इबादत[१४] क्या है,
ख़िदमते क़ौम नहीं है तो रियाज़त[१५] क्या है ॥
अपनी आँखों में समाई है तेरी मौत की रात,
स्वर्ग से आय है देवता कि ऋषी की है वफ़ात[१६]।
ज़ाते माबूद[१७] से मिलने ही को है तेरी ज़ात,

---

१ उन्नति, बढ़ती। २ घड़ी। ३ परिश्रम, उद्योग। ४ वृद्धावस्था का प्रभात। ५ हर तरफ़। ६ अवध की सन्ध्या। ७ सराहना। ८ रञ्ज। ९ पथप्रदर्शक। १० संसार के मार्ग। ११ जाति की चिन्ता। १२ दुःख। १३ भगवद्भक्तों। १४ भक्ति, पूजा। १५ परिश्रम, उद्योग। १६ मृत्यु। १७ ईश्वर।

तय हुआ जाता है यक आन[१] में दरियाय न जात[२] ।
अर्श[३] से फ़र्श[४] पै सामाने सफ़र आया है,
चाँद किश्ती लिये गरदूँ[५] से उतर आया है ॥
यों तो दुनियाँ में हमेशा से है मरने का चलन,
अपने बच्चों को निगलती है जमीं की नागिन ।
दाग़ देता है मगर जब कोई दिलसोज़वतन[६],
इसके सदमे से लरज़ता[७] है यह ऐवानेकुहन[८] ।
चाँदनी रात में जिस वक्त हवा आती है,
क़ौम के दिल के धड़कने की सदा[९] आती है ॥
यों ही दुनियाँ में तुझे अहलेनजर[१०] रोते हैं,
आँख में अश्क[११] न हों कल्बोजिगर[१२] रोते हैं ।
आदमी क्या हैं शजर[१३] और हिजर[१४] रोते हैं,
फूल शब नम की तरह शामो सहर रोते हैं ।
जिस्को इन्सान भुला दे यह वह आजार नहीं,
यह है वह ज़ख्म जो मरहम का तलबगार नहीं ॥

---

१ घड़ी । २ मुक्ति की नदी । ३ आकाश । ४ भूमि । ५ आकाश । ६ स्वदेश के दुःख से दुःखी होनेवाला । ७ काँपता । ८ प्राचीन महल । ९ आवाज़ । १० देखनेवाले लोग । ११ आँसू । १२ दिल और कलेजा । १३ वृक्ष । १४ पत्थर ।

## इक़बालनारायण मसयलादान।

अभी ताज़ा दिलों में उस हबीबेक़ौम[१] का ग़म था,
अजल[२]से जिसकी इस बस्ती में वीरानेका आलम[३]था।
जिगर पर लखनऊ के यह अकेला दाग़ क्या कम था,
ख़बर किसको यह थी नज़दीक तेरा रोज़ेमातम[४]था।
मुहब्बत जिससे थी जिसको हमेशा पेशवा[५] समझा,
अजल[६] के रास्ते में भी इसी को रहनुमा समझा॥
नहीं हटती निगाहों से तेरी तस्वीरे नूरानी[७];
वह चश्मे बामुरव्वत[८] वह कुशादह लौहेपेशानी[९]।
हँसी का सहर[१०] लब पर गुफ़्तगू का तर्ज़ लासानी[११],
न अबरू[१२] परशिकन[१३]लाई कभी दिल की परेशानी
अभी कुछ रात बाक़ी है यह क़ुदरत का इशारा था,
झलकता दूर ही से सुबहेपीरी[१४] का सितारा था॥
सबक़ सीखा न था फ़ितरत[१५] ने तेरी ख़ुदनुमाई[१६]का,
लबेख़ामोश[१७] को दावा न था रङ्गीनवाई[१८] का।

---

१ जाति का प्रेमी। आशय स्वर्गीय गङ्गाप्रसाद वर्मा से है। २ मृत्यु का दिन। ३ दृश्य। ४ मृत्यु का दिन। ५ नेता, अगुआ। ६ मृत्यु। ७ उज्ज्वल, प्रकाशयुक्त। ८ प्रेम से युक्त। ९ विशाल मस्तक। १० प्रभात। ११ बेमिसाल। १२ भौंह। १३ खमदार। १४ वृद्धावस्था का प्रभात। १५ स्वभाव। १६ घमंड। १७ ख़ामोश होठ। १८ वाणी के सौन्दर्य।

न आदत ख़ुद परस्ती[१] की न सौदा पेशवाई[२] का,
चमकता था मगर जौहर तबीयत की सफ़ाई का ।
हलावत[३] थी वतन और क़ौम की ख़िदमत से जीने में,
अमानत[४] थी ख़ुदा की इक दिले पुरदर्द सीने में ।
तेरे खुल्को मुरव्वत[५] की भुलाएँ याद क्योंकर हम,
ख़लश[६] रखने को सीने में छिपाये हैं यह नश्तर हम ।
जो क़ायम था तेरे दम से वह शीराजा[७] हुआ बरहम[८],
तेरा लुत्फ़ेसखुन[९] था दिल के ज़ख्मों के लिए मरहम ।
पयामे सुलह देना[१०] शिकवए अहबाब[११] सुन लेना,
तेरा शैवा[१२] रहा काँटों से बचकर फूल चुन लेना ॥
बहुत देखा हुआ है रंग दुनियाँ की रिफ़ाक़त[१३] का,
कही इश्केमरातब[१४] है कहीं है रोब दौलत का ।
वफ़ा[१५] बदनाम है बाज़ार खोटा है मुहब्बत का,
मगर इस दाग़ से ख़ाली था सिक्का तेरी उल्फ़त का ।
यह रुत्बा के आदमी वास्ते दुनियाँ में क्या कम है,
अज़ीज़ों से जियादा दोस्तों में तेरा मातम है ॥
जगह ख़ाली है तेरी दिल पै सन्नाटा सा है तारी[१६],

---

१ घमंड । २ नेतृत्व की लगन । ३ माधुर्य । ४ धरोहर । ५ प्रीति, प्यार । ६ चिह्न । ७ समूह । ८ तितर-बितर । ९ बातों का मज़ा अथवा काव्यचर्चा का आनन्द । १० संधि का सन्देश । ११ मित्रों का गिला । १२ ढङ्ग, तरीक़ा । १३ मित्रता । १४ पदवियों से प्रेम । १५ प्रेम । १६ छाया हुआ ।

रुलाती है लहू अहबाब को यादे वफ़ादारी।
मगर सबसे ज़ियादा ज़ख़्म उस बिस्मिल[१] का है कारी[२],
जो अपनी ज़िन्दगी समझा हुआ था तेरी ग़मख़्वारी[३]।
लबेमायूस[४] पर उसके यह हसरत[५], का तराना है,
"कोई आगे रवाना है कोई पीछे रवाना है" ॥
न दौलत याद आती है न ग़म होता है सरवत[६] का,
जिसे रोती है दुनियाँ वह है जौहर आदमीयत का।
मआलेज़िन्दगी[७] है लाश पर आँसू मुहब्बत का,
दुआए[८] ख़ैर मरने पर सिला[९] है हुस्ने ख़िदमत का।
सफ़र इस रूह का भी तय हो रहमत[१०] के उजाले में,
"ख़ुदा बख़्शे बहुत सी ख़ूबियाँ थीं मरनेवाले में" ॥

---

## नश्तरे यास* ( निराशा का नश्तर )

न एतबार सही इस हयाते फ़ानी[११] का,
मगर उमेद से है लुत्फ़ ज़िन्दगानी का।

---

१ आशय स्वर्गीय विशुननारायण दर से है। २ गहरा। ३ दुःख में साथ देना। ४ निराश होंठ। ५ अफ़सोस। ६ सम्पत्ति, समृद्धि। ७ ज़िन्दगी का परिणाम। ८ उद्धार की कामना, भले की इच्छा। ९ पुरस्कार। १० ईश्वरीय दया!

* पद्यकार के एक नवयुवक सम्बन्धी ने, जिसका नाम तेजनारायण चकबस्त था, उन्माद की दशा में आत्महत्या कर ली थी। उसी की मृत्यु पर यह कविता लिखी गई थी। ११ नाशवान् ज़िन्दगी।

पयामे मर्ग[१] है ग़मेयास[२] जाविदानी[३] का,
शबाबरूह[४] का है हासिला जवानी का।
बशर[५] का दिल न हो ज़िन्दा तो आबोगिल[६] क्या है,
फ़क़त तिलिस्म[७] उमीदों का है यह दिल क्या है॥
शहीदे यास[८] चला दिल पै तेरे कौन खदंग,
तड़प के ख़ाक हुई दिल में कौन दिल की उमंग।
कि जिस्से रंग तबीयत का हो गया बे रंग,
हुआ तरानए हस्ती[९] का साज़ बे अहंग[१०]।
बना हयात[११] का अरमान आबला[१२] दिल का,
लुटा शबाब की मंज़िल में क़ाफ़िला[१३] दिल का॥
खुला न राज़[१४] तबीयत की बेक़रारी का,
ज़बाँ को पास रहा दिल की पर्दादारी[१५] का।
जिनूं[१६] में होश रहा ज़ब्त आहोज़ारी[१७] का,
निशाँ तबीब[१८] ने पाया न ज़ख्मकारी[१९] का।
किसी ने भी न तबीयत का यह फ़िसूं[२०] समझा॥
कोई सनक कोई सौदा कोई जिनूं समझा॥
ज़बाँ की तरह है रग रग से यह सदा जारी,

---

१ मृत्यु का सन्देश। २ निराशा का दुःख। ३ नाश न होना, सदा रहना। ४ युवावस्था। ५ आदमी। ६ जल और मिट्टी। ७ जादू। ८ निराशा के हाथों प्राण देनेवाला। ९ ज़िन्दगी का राग। १० बेढंग। ११ जीवन। १२ फफोला। १३ गिरोह। १४ भेद। १५ लज्जा। १६ उन्माद। १७ रोने पीटने। १८ वैद्य। १९ गहरा घाव। २० जादू।

तबीब खो न सका ज़िन्दगी की बीमारी।
है तेरी लाश पै भी आलमेजिनूं[१] तारी,
कफ़न पै चार तरफ़ है लहू से गुलगारी।
सितमकशों के लिए तुर्फ़ा[२] यादगार है यह,
तेरे शबाब की बस आख़िरी बहार है यह॥
जब अपनी जा[३] से उबलता है चश्मएकुहसार[४],
क़दम क़दम पै दिखाता है जोश की रफ़्तार।
मगर जो राह में हायल[५] हो पत्थरों का फ़िशार[६],
तो यों बिखरता है क़तरों में जैसे अश्क[७] का तार।
शबाब यों ही लुटा बेकसी[८] के बिस्मिल[९] का,
सितम है जोशे जवानी में टूटना दिल का॥
दुआएँ देते थे जिस गोद में खिला के तुझे,
उसी में आज सुलाया कफ़न पिन्हा के तुझे।
गुनहगार हुए लखनऊ में लाके तुझे,
ख़ामोश बैठे हैं अब ख़ाक में मिला के तुझे।
दुआ का ग़म न दवा की है जुस्तजू[१०] बाक़ी,
जो दिल में है तो है मरने की आरज़ू बाक़ी॥
जो दिल को तोड़ दे वह मातमेशबाब[११] है यह,

---

१ उन्माद की कैफ़ियत छाई हुई। २ अद्भुत। ३ जगह। ४ पहाड़ी सोता। ५ रोकनेवाला। ६ समूह। ७ आँसू। ८ बेसमानी, ग़रीब। ९ घायल, सताये हुए। १० तलाश। ११ जवानी का दुःख।

जो अपनी जान पै रहता है वह इताब[१] है यह।
जो उम्र भर रहे वह बेकसी का ख़्वाब है यह,
किसी ग़रीब की हस्ती[२] का इन्क़लाब[३] है यह।
जो दिल में दर्दे मुहब्बत था। आज दाग़ हुआ,
चिता की आग से रौशन यही चिराग़ हुआ॥
जहाँ में देखे हैं ऐसे भी ख़ुशनसीब[४] शजर[५],
सिधारते हैं जो गुलशन से फूलकर फलकर।
नज़र से गुज़रे हैं ऐसे भी नख़्ल[६] बारावर[७],
जो सूख जाते हैं फ़स्ले बहार में अकसर।
मगर बहारो ख़िज़ाँ[८] थी न इस शजर के लिए,
ज़मीं से इसने उठाया था सर तबर[९] के लिए॥

---

## मातमे यास* (निराशा का दुःख)।

ऐ जवानी के मुसाफ़िर ऐ अजल[१०] के मेहमाँ[११],
सो गया तू सुनते सुनते ज़िन्दगी का दास्ताँ।

---

१ शोक। २ ज़िन्दगी। ३ परिवर्तन। ४ सौभाग्यवान्। ५ वृक्ष। ६ वृक्ष। ७ फल लानेवाले। ८ वसंत और पतझड़। ९ ख़ंजर।

* पत्रकार के एक होनहार स्नेहभाजन युवक पं० अयोध्यानाथ आग़ा की मृत्यु पर यह कविता लिखी गई थी।

१० मृत्यु। ११ अतिथि।

थक के नींद आई है होता है यह चितवन से अयाँ[१]।
नीमबाज़[२] आँखों में है कैफ़ीयते ख़्वाबेगराँ[३]।
कारे दुनियाँ से कोई यों बेख़बर होता नहीं,
रात भर जागा हुआ दूल्हा भी यों सोता नहीं॥
सुबह का तारा भी चमका हो गया दिन आश्कार[४],
तेरे चेहरे से मगर सरकी न चादर जीनहार[५]।
देख ले उठकर ज़रा अपनी जवानी की बहार,
सुन तो क्या कहती है माँ शाना[६] हिलाकर बार बार।
यह कफ़न हर्गिज़ नहीं तेरे पिन्हाने के लिए,
लाई हूँ खिलअत[७] तुझे दूल्हा बनाने के लिए॥
महफ़िलेअहबाब[८] में मातम है तू है मस्तेख़्वाब[९],
कुछ ख़बर है आज किस किसकी हुई मिट्टी ख़राब।
आख़िरीतस्लीम[१०] के मुश्ताक़[११] हैं कुछ दे जवाब,
फिर नज़र आयेगी काहे को यह तस्वीरेशबाब[१२]।
हँसके हर यक बात पर वह जुम्बिशे अबरू[१३] कहाँ,
यक नज़र फिर देखके अब हम कहाँ और तू कहाँ॥
ऐ मुहब्बत के फ़रिश्ते[१४] ऐ वफ़ा के आफ़ताब[१५],

---

१ प्रकट। २ अधखुली। ३ गहरी नींद का दृश्य। ४ प्रकट। ५ कदापि। ६ कन्धा। ७ पोशाक। ८ मित्र-मंडली। ९ नींद में मतवाला। १० आख़िरी सलाम। ११ इच्छा रखनेवाले। १२ युवावस्था का चित्र। १३ भौंहों की हरकत। १४ प्रेम के देवता। १५ सूर्य।

तेरे सीने में सफ़ा[१] थी जैसे आइने में आब ।
वास्ते दुश्मन के भी लाया न तू दिल में अताब[२],
आज क्यों आता है तुझको भाई बहिनों से हिजाब[३] ।
आज तू सुनता किसी की गिरिओ ज़ारी[४] नहीं,
ओ अदम[५] के जानेवाले यह वफ़ादारी[६] नहीं ॥
माँ को रोना है कि जाता है तो जा मिलकर गले,
भाई कहता है रहूँगा किस्की छाती के तले ।
कहती हैं बहिनें कहाँ मुँह मोड़कर भाई चले,
ध्यान भी कुछ इस्का है जिस गोद में हम तुम पले ।
कुछ सहारा चाहिए अहलेमहन[७] के वास्ते,
भाई की ढारस बड़ी शै[८] है बहिनके वास्ते ॥
तेरी बालीं[९] पर खड़ा है और भी थक सोगवार[१०],
वह अजीज़ों से सवा[११] तेरा अनीसो गमगुसार[१२] ।
छोड़कर घर बार तुझ पर जान की अपनी निसार[१३] ।
वह मुहब्बत का फ़िसाना[१४] भी रहेगा यादगार ।
गोकि बाक़ी अब दिलों में जज़बएआली[१५] नहीं,
पाक रूहों से मगर दुनियाँ अभी ख़ाली नहीं ॥

---

१ सफ़ाई । २ क्रोध । ३ शर्म । ४ रोना-पीटना । ५ परलोक । ६ प्रीतियुक्त व्यवहार । ७ परिश्रम उठानेवाले । ८ चीज़ । ९ सिरहाने । १० शोकाकुल । ११ अधिक । १२ प्रीतिपात्र, दुख-दर्द का शरीक़ । १३ निछावर । १४ कहानी । १५ ऊँचा जोश ।

इस सहीदेयास[1] का सदमा[2] अयाँ[3] होता नहीं,
आह वह करता नहीं अश्कों[4] से मुँह धोता नहीं।
जानग़मगी[5] नालाओं फ़रियाद[6] से खोता नहीं,
क्या क़यामत है कि सब रोते हैं वह रोता नहीं।
नाल ओ फ़रियाद इस्के ज़ख़्म का मरहम नहीं,
चार आँसू का जो हो मुहताज यह वह ग़म नहीं॥
यह वह रोना है जो रोते हैं तेरे पसमाँदगाँ[7].
है दिलेनाशाद[8] को कुछ और ही रोना यहाँ।
याद करके उनको रोती है यह चश्मे ख़ूफ़िशाँ[9],
तेरी पेशानी[10] पै देखे थे जो अजमत[11] के निशाँ।
तू मरा क्या कौम का तेरी मुक़द्दर[12] फिर गया,
एक मोती और दामन से हमारे गिर गया॥
वह अदब वह इल्म वह तहज़ीब[13] और वह इन्कसार[14],
ज़िन्दगी तेरी थी हम[15] चश्मों में अपने यादगार।
ज़ेवरे इख़लाक़[15] था तेरी जवानी का सिंगार,
जब तलक ज़िन्दा रहा यकसाँ रहा तेरा शआर[16]।

---

१ निराशा पर मिटनेवाला। २ रञ्ज। ३ प्रकट। ४ आँसुओं। ५ दुःखी प्राण। ६ चिल्लीपुकार। ७ बचे हुए सम्बन्धी। ८ दुखी हृदय। ९ रक्त बहानेवाली आँख। १० मस्तक। ११ रोबदाब। १२ भाग्य। १३ सभ्यता। १४ नम्रता। १५ साथियों। १६ शिष्टाचार का गहना। १७ स्वभाव।

ख़िदमते इन्साँ[१] बयादे किबरिया[२] होती रही,
दिल के आइने पै मज़हब की जिला[३] होती रही ॥
तूने जिस दुनिया पै खोली आँख ऐ नक़्शे[४] फ़ना,
कुछ मुआफ़िक थी न तेरे वास्ते उसकी हवा।
फ़ैज़े क़ुद्रत[५] ने मगर जौहर किये ऐसे अता[६],
बापसे हैरत[७] हुई दिल को तेरी नश्वोनुमा[८]।
मैं यह कहता था कि ख़ाकिस्तर[९] से आईना मिला;
नूर तारीकी[१०] में, बीराने में गञ्जीना[११] मिला ॥
यह तमन्ना थी यह आईना जिला[१२] पायेगा अब,
फैलकर यह नूर बज़्मे क़ौम[१३] तक आयेगा अब।
इल्म का इफ़्लाश[१४] इस दौलत से मिट जायेगा अब,
जानता था कौन गरदूँ[१५] यह सितम ढायेगा अब।
आइना टूटा नज़र से नूरे हस्ती[१६] खो गया,
यह ख़ज़ाना क़ौम की क़िस्मत से मिट्टी हो गया ॥
इस दिले नाशाद में कुछ हसरतों[१७] के हैं मज़ार[१८],
और इक छोटी सी तुरबत[१९] होगी तेरी यादगार।

---

१ मनुष्य की सेवा। २ ईश्वर का स्मरण। ३ क़लई। ४ मृत्यु का चिह्न। ५ ईश्वरीय उदारता। ६ दान किये। ७ आश्चर्य का कारण। ८ उन्नति और वृद्धि। ९ ख़ाक, राख। १० अँधेरे। ११ ख़ज़ाना। १२ क़लई। १३ जातीय महफ़िल। १४ निरधनता। १५ आकाश। १६ जीवन का प्रकाश। १७ कामनाओं। १८ क़ब्र। १९ क़ब्र।

फूल जब गुलज़ार में लायेंगे पैग़ामे बहार[1],
याद करके तुझको यों रोयेगा तेरा सोगवार[2]।
"खिल के गुल कुछ तो बहारे जाँफ़िज़ा[3] दिखला गये,
हसरत[4] उन गुञ्चों[5] पै है जो बिना खिलें मुरझा गये॥"
तेरी हस्ती थी अगर दीबाचए अन्दोहो ग़म[6],
आलमे फ़ानी[7] में रक्खा किसलिए तूने क़दम।
उन पै हसरत है जो यो देते हैं ग़मगीनों[8] को दम,
ख़्वाब यह दुनियां है याँ कैसी ख़ुसी कैसा अलम[9]।
इन्तज़ामे दहर[10] में आख़िर है फिर तदबीर क्या,
ख़्वाब दुनियां है तो है इस ख़्वाब[11]की ताबीर[12] क्या॥

———

१ वसंत का सन्देश। २ शोकग्रस्त। ३ प्राणों को लुभानेवाली। ४ अफ़सोस। ५ कलियों। ६ रंज और दुख की भूमिका। ७ नाशवान् संसार। ८ दुखियों। ६ रंज। १० संसार के प्रबन्ध। ११ स्वप्न। १२ अर्थ, मानी।

# चौथा भाग।

## मज़हबे शायराना।

कहते हैं जिसे अब[1] वह मैख़ाना[2] है मेरा,
जो फूल खिला बाग़ में पैमाना[3] है मेरा।
कैफ़ीयते गुलशन[4] है मेरे नशा का आलम[5]
कोयल की सदा[6] नार-ए मस्ताना[7] है मेरा।
पीता हूँ वह मैं[8] नशा उतरता नहीं जिस्का,
ख़ाली नहीं होता है वह पैमाना है मेरा।
दरिया मेरा आईना है लहरें मेरे गेसू[9],
और मौज[10] नसीमे सहरी[11] शाना[12] है मेरा।
हरज़र्रे-ए ख़ाकी[13] है मेरा मूनिसो हमदम[14],
दुनिया जिसे कहते हैं वह काशाना[15] है मेरा।
जिस जा[16] हो ख़ुशी है वह मुझे मंज़िले राहत[17],

---

१ बादल। २ शराबख़ाना। ३ प्याला। ४ उद्यान का दृश्य। ५ नशे की हालत। ६ आवाज़। ७ मतवालों की आवाज़। ८ मद्य। ९ जुल्फ़ के बाल। १० लहर। ११ प्रभात की वायु। १२ कन्धा। १३ धूलिकण। १४ प्रेमी, साथी। १५ झोंपड़ा। १६ खुसी। १७ आराम का स्थल।

जिस घर मे हो मातम वह अज़ाख़ाना[1] है मेरा।
जिस गोशा-ए दुनिया[2] मे परस्तिश[3] हो वफ़ा की,
काबा है वही औ वही बुतख़ाना[4] है मेरा।
मैं दोस्त भी अपना हूँ उदू[5] भी हूँ मैं अपना,
अपना है कोई और न बेगाना[6] है मेरा।
आशिक़ भी हूँ माशूक भी यह तुर्फ़ा[7] मज़ा है,
दीवाना हूँ मैं जिस्का वह दीवाना है मेरा।
ख़ामोशी में याँ रहता है तक़शीर[8] का आलम[9],
मेरे लबे ख़ामोश[10] पै अफ़साना[11] है मेरा।
कहते हैं ख़ुदी[12] किस्को ख़ुदा नाम है किस्का,
दुनिया में फ़क़त जलव-ए[13] जाना न है मेरा।
मिलता नहीं हर एक को वह नूर है मुझमें,
जो साहबे बीनिश[14] है वह परवाना[15] है मेरा।
शायर का सख़ुन[16] कम नहीं मजज़ूब[17] की बड़ से,
हर एक न समझेगा वह अफ़साना[18] है मेरा॥

---

१ संतोष और सब्र से रहने की जगह। २ संसार का कोना। ३ पूजा। ४ मन्दिर। ५ शत्रु। ६ पराया। ७ अनोखा ८ वक्तृत्व। ९ दृश्य। १० ख़ामोश होठ। ११ कहानी। १२ अपनापन। १३ प्रकाश। १४ दृष्टि रखनेवाले। १५ दीपक में जलनेवाला पत्ती। १६ काव्य। १७ पागलपन। १८ कहानी।

## सन् १९१७

फ़ना[१] नहीं है मुहब्बत के रंगों बू के लिए,
बहार आलमे फ़ानी[२] रहे रहे न रहे।
जिनूने हुब्बे वतन[३] का मज़ा शबाब[४] में है,
लहू में फिर यह रवानी रहे रहे न रहे।
रहेगी आबो हवा[५] में ख़याल की बिजली,
यह मुश्त खाक[६] है फ़ानी रहे रहे न रहे।
जो दिल में ज़ख़्म लगे हैं वह ख़ुद पुकारेंगे,
ज़बाँ की सैफ़ बयानी[७] रहे रहे न रहे।
मिटा रहा है ज़माना वतन के मन्दिर को,
यह मरमिटों की निशानी रहे रहे न रहे।
दिलों में आग लगे यह वफ़ा का जौहर[८] है,
यह जमाँ ख़र्च ज़बानी रहे रहे न रहे।
जो माँगना हो अभी माँग लो वतन के लिए,
यह आरज़ू की जवानी रहे रहे न रहे॥

---

## १९१७ ई०।

मिटनेवालों को वफ़ा का यह सबक़ याद रहे,
बेड़ियाँ पैर में हों और दिल आज़ाद रहे।

---

१ मृत्यु। २ नाशवान् संसार। ३ स्वदेश-प्रेम के उन्माद। ४ जवानी।
५ जलवायु। ६ मुट्ठी भर मिट्टी। ७ कथन-शक्ति। ८ गुण।

एक सागर[१] भी इनायत न हुआ याद रहे,
साक़िया[२] जाते हैं महफ़िल तेरी आबाद रहे।
दिल वह दिल है जो सदा ज़ब्त[३] से नाशाद[४] रहे,
लब[५] वह लब है जो न शर्मिन्द-ए फ़रियाद रहे।
ख़ुशनवाई[६] का सबक़ मैंने क़फ़स[७] में सीखा,
क्या कहूँ और, सलामत मेरा सैयाद[८] रहे।
तार बिगड़ा हुआ है दिल का सँभालूँ कब तक,
लय की पाबन्द कहाँ तक मेरी फ़रियाद रहे।
आपसे हमसे हुआ था कभी पैमाने वफ़ा[९],
कीजिए ज़ुल्म मगर वह भी घड़ी याद रहे।
बाग़बाँ दिल का वतन को यह दुआ देता है,
मैं रहूँ या न रहूँ यह चमन आबाद रहे।
मुझको मिल जाय चहकने के लिए शाख़ मेरी,
कौन कहता है कि गुलशन में न सैयाद[१०] रहे।
जज़्ब-ए क़ौम[११] से ख़ाली न हो शैदाय शबाब[१२],
वह जवानी है जो इस शौक़ में बरबाद रहे।
हुक्म माली का है यह फूल न हँसने पाये,

---

१ प्याला। २ मद्य पिलानेवाला। ३ सहनशक्ति। ४ उदास, रंजीदा। ५ होठ। ६ मधुर वाणी। ७ पिंजड़े। ८ शिकारी। ९ प्रेम-प्रतिज्ञा। १० शिकारी। ११ जातीय तत्त्व। १२ जवानी का सौदा।

चुप रहे बाग़ में कोयल मगर आज़ाद रहे।
बाग़ में लेके जनम हमने असीरी[१] झेली,
हमसे अच्छे रहे जङ्गल में जो आज़ाद रहे।
दम से गांधी के रहे शोरे वफ़ा[२] बस्ती में,
क़ैस[३] जङ्गल में रहे कोह[४] पै फ़रहाद[५] रहे॥

१९१७ ई०।

ज़बाँ को बन्द करें या मुझे असीर करें,
मेरे ख़याल को बेड़ी पिन्हा नहीं सकते।
यह कैसी बज़म[६] है और कैसे इसके साक़ी[७] हैं,
शराब हाथ में है और पिला नहीं सकते।
यह बेकसी भी अजब बेकसी है दुनिया में,
कोई सताय हमें हम सता नहीं सकते।
कशिश[८] वफ़ा की उन्हें खींच लाई आख़िरकार,
यह था रक़ीब[९] को दावा वह आ नहीं सकते।
जो तू कहे तो शिकायत का ज़िक्र कम कर दें,
मगर यक़ीं[१०] तेरे वादों पै ला नहीं सकते।

---

१ क़ैद। २ प्रेम की चर्चा। ३ प्याला। ४ पर्वत। ५ शीरीं नाम की प्रेमिका के लिए प्राण देनेवाला एक प्रेमी। ६ महफ़िल। ७ मद्य पिलानेवाला। ८ आकर्षण की शक्ति। ९ शत्रु। १० भरोसा, विश्वास।

चराग़ क़ौम का रोशन है अर्श[1] पर दिल के,
इसे हवा के फ़रिश्ते बुझा नहीं सकते ॥

———

कभी था नाज़ ज़माने को अपने हिन्द पै भी,
पर अब उरूज[2] वह इल्मो कमालो फ़न[3] में नहीं।
रगों में ख़ून वही दिल वही जिगर है वही,
वही ज़बाँ है मगर वह असर सख़ुन[4] में नहीं।
वही है बज़्म[5] वही शमअ[6] है वही फ़ानूस,
फ़िदाय बज़्म[7] वह परवाने अंजुमन[8] में नहीं।
वही हवा वही कोयल वही पपीहा है,
वही चमन है पै वह बाग़बाँ चमन में नहीं।
ग़ुरूरो जहल[9] ने हिन्दोस्ताँ को लूट लिया,
बजुज़[10] निफ़ाक़[11] के अब ख़ाक भी वतन में नहीं ॥

———

१९१७ ई०।

किसे मालूम है क्या रङ्ग बदले अब फ़ुग़ाँ अपना।
ख़ुदा हाफ़िज़ है दिल का बद होती है ज़बाँ अपनी।
असीरे ज़ब्त होकर तङ्ग है मुँह में ज़बाँ अपनी।
रगे गरदन से निकली है लहू बनकर फ़ुग़ाँ अपनी।

---

१ आकाश। २ अभ्युदय। ३ विद्या तथा गुण, कला-कौशल। ४ बात। ५ महफ़िल। ६ चिराग़। ७ महफ़िल के प्रेमी। ८ महफ़िल। ९ घमण्ड और नादानी। १० सिवाय। ११ द्वेष।

पड़ी है तीर बन बन कर निगाहें पारसावों की।
गिज़ा लाने हरम भूले हुए हैं शोख़ियाँ अपनी ।।
शफ़क़ है आस्माँ पर लाल वो गुल बाग़ों सहरामें।
दिखाता है शहीदों का लहू रङ्गीनिया अपनी।
गुलों ने बाग़ छोड़ा तङ्ग आकर जौर गुलचीं से।
चमन वीरान होता है ख़बर ले बाग़बाँ अपनी।

१९१७ ई०

किसे मालूम है क्या रङ्ग बदले अब फ़ुग़ाँ[१] अपनी,
ख़ुदा हाफ़िज़[२] है दिल का बंद होती है ज़बाँ अपनी।
बयाने दर्दे दिल[३] पर भी गुमाँ है बंद ज़बानी का,
सितमगर[४] सुन नहीं सकता है शायद दास्ताँ अपनी।
कहें तो क्या कहें या चुप रहें मज़लूम[५] हैराँ[६] हैं,
बयाँ करते हैं वह अपनी ज़बाँ से ख़ूबियाँ अपनी।
फ़रेबे ज़िन्दग़ी[७] जिस्ने न देखा हो मुझे देखे,
न सीने में है दिल अपना न मुँह में है ज़बाँ अपनी।
सदा[८] देता है यह मेरा गरेबाँ[९] चाक होने पर,
हज़ारों पैरहन[१०] पैदा करेंगी धज्जियाँ अपनी।
हज़ारों आरज़ूएँ दाग़ बनकर दिल में पिनहाँ[११] हैं,

१ पुकार। २ रक्षक। ३ दिल का दुख। ४ अत्याचारी। ५ दुःखी, सताये हुए। ६ हैरान। ७ जीवन का छल। ८ आवाज़। ९ गरेवान, गले पर का कपडा। १० पोशाक। ११ गुप्त।

कि जिनका नाम लेने से लरज़ती[1] है ज़बाँ अपनी।
न बदली है न बदलेगी तरङ्ग अपनी तबीयत की,
दिखायेगा कहाँ तक आस्माँ नैरंगियाँ[2] अपनी।

---

१९१७ ई०।

* गर्दनें ख़म[3] हैं निदामत[4] से दिलाज़ारों[5] की,
रह गई बात ज़माने में वफ़ादारों की।
क़ाज़िए वक़्त[6] ने बरसात में तोबा तोड़ी,
रिन्द[7] आज़ाद हुए ईद है मैख़्वारों[8] की।
क़ैद से छूट के आये हैं वफ़ा के यूसफ़[9],
सरे बाज़ार है क्या भीड़ ख़रीदारों की।
बेगुनाहों का तो इन्साफ़ हुआ दुनियाँ में,
अब हमें देखनी है शर्म गुनहगारों की।
बेड़ियाँ कट के गिरीं ख़ाक के पुतले की भी आज,
रूह आज़ाद थी पहले ही गिरफ़्तारों की,

---

१ काँपती। २ नये नये रङ्ग (परिवर्त्तनशीलता)।

* यह कविता मिसेज़ बेसन्ट की नज़रबन्दी की आज्ञा रद होने के अवसर पर रची गई थी।

३ झुकी हुई। ४ लज्जा। ५ दिल दुखानेवालों। ६ वक़्त का क़ाज़ी। ७ शराबी। ८ मद्यपायी। ९ मुसलमानों के फ़रिश्ते जो मिस्र के बादशाह हुए थे।

दिल में इस तरह से अरमान है आज़ादी के,
जैसे गङ्गा में झलकती हैं चमक तारों की ॥

—

१९१६ ई०

* अज़ाँ से नार-ए नाक़ूस[१] पैदा हो नहीं सकता,
अभी कुछ रोज़ तक काबा कलीसा[२] हो नहीं सकता।
ज़बाँ से जोशे क़ौमी दिल में पैदा हो नहीं सकता,
उबलनेसे कुआँ बसअत[३] में दरिया हो नहीं सकता।
बहुत पिनहाँ[४] रही दिल में खलिश[५] ख़ारे तअस्सुब[६] की,
मगर अब इम्तहाँ के वक्त पर्दा हो नहीं सकता।
जुदा सीने से दिल हो दस्तो बाज़ू[७] क़ौम के शल[८] हों,
मगर दिल से जुदा दम भर यह काँटा हो नहीं सकता।
गराँ है जिंस और नीयत ख़रीदारों की अब्तर[९] है,
अब इस बाज़ार में उल्फ़त[१०] का सौदा हो नहीं सकता।
जिसे है फ़िक्र मरहम की उसे क़ातिल[११] समझते हैं,
इलाही ख़ैर हो यह ज़ख़्म अच्छा हो नहीं सकता ॥

—

* यह कविता म्युनिस्पैलिटी के नियमों के सुधार के समय लिखी गई थी।

१ शङ्ख-ध्वनि। २ गिर्जा। ३ चौड़ाई। ४ गुप्त। ५ घाव। ६ पक्षपात का काँटा। ७ हाथ-पैर। ८ बेहरकत। ९ ख़राब। १० प्रेम। ११ हत्यारा।

कमाले बुज़दिली[१] है पस्त[२] होना अपनी आँखों में,
अगर थोड़ी सी हिम्मत हो तो फिर क्या हो नहीं सकता।
उभरने ही नहीं देती यहाँ बे मायगी[३] दिल की,
नहीं तो कौन क़तरा है जो दरिया हो नहीं सकता॥

——

मुहब्बत है मुझे कोयल के दर्दअंगेज़[४] नालों[५] से,
चमन में जाके मैं फूलों का शैदा[६] हो नहीं सकता॥

——

दिल पै अहबाब[७] के है दाग़े मुहब्बत बाक़ी,
रह गई एक यही दुनियाँ में निशानी बाक़ी।

——

१९१५ ई०

फ़िसाना[८] हो गये आज़ार दुश्मन की बुराई के,
लगे वह ज़ख़्म दिल पर दोस्तों की बे वफ़ाई[९] के।
बुरों से भी यहाँ बरताव रक्खे है भलाई के,
बनाया बा वफ़ा[१०] इस दिल को सदक़े[११] बे वफ़ाई के।
ज़माने की मुहब्बत पै न हो ऐ हमनशीं[१२] नाज़ाँ[१३],
सुनायेंगे तुझे फ़ुरसत से क़िस्से आश्नाई[१४] के।

---

१ निहायत डरपोकपन। २ नीचा। ३ बेसामानी, लाचारी। ४ दर्द से भरे हुए। ५ पुकारों। ६ प्रेमी। ७ प्रेमियों, मित्रों। ८ कहानी। ९ कृतघ्नता। १० कृतज्ञ, प्रत्युपकारी। ११ निछावर। १२ साथ बैठनेवाला। १३ घमंड करना। १४ दोस्ती।

यह वह ग़म है कि जिस्की परवरिश दिल ख़ूब करता है,
ज़बाँ तक ला नहीं सकता हूँ शिक्वे बे वफ़ाई के।
जिला[1] दिल को मेरे क़ल्बेदुश्मन[2] की स्याही ने,
कुदूरत[3] वाँ बढ़ी और याँ खुले जौहर सफ़ाई के।
दरे तदबीर पर सर फोड़ना शैवा[4] रहा अपना,
वसीले हाथ ही आये न क़िस्मत आजमाई[5] के।
नई तहज़ीब[6] के सदक़े[7] न शरमाने दिया दिल को,
रहे मन्तिक़[8] के पर्दे में करिश्मे[9] बेहयाई के॥

— —

१९१५ ई०

अगर दर्दे मुहब्बत से न इन्सां[10] आश्ना[11] होता,
न मरने का सितम[12] होता न जीने का मज़ा होता।
बहारे गुल में दीवानों का सहरा[13] में पड़ा होता,
जिधर उठती नज़र कोसों तलक जङ्गल हरा होता।
मए गुलरङ्ग[14] लुटती यों दरेमैख़ाना[15] वा[16] होता,
न पीने में कमी होती न साक़ी[17] से गिला होता।
हज़ारों जान देते हैं बुतों की बेवफ़ाई पर,

---

१ सफ़ाई। २ शत्रु का हृदय। ३ मैल। ४ ढङ्ग। ५ प्रारब्ध की परीक्षा। ६ सभ्यता। ७ निछावर। ८ बातचीत। ९ नाज़नखरे। १० आदमी। ११ परिचित, जानकार। १२ रञ्ज, दुःख। १३ जङ्गल। १४ शराब। १५ शराबख़ाने का दरवाज़ा। १६ खुला हुआ। १७ शराब पिलानेवाला।

अगर इनमें से कोई बा वफ़ा[1] होता तो क्या होता।
रुलाया अहलेमहफ़िल[2] को निगाहेयास[3] ने मेरी,
क़यामत थी जो इक क़तरा इन आँखों से जुदा होता।
ख़ुदा को भूलकर इन्सान के दिल का यह आलम[4] है,
यह आईना अगर सूरतनुमा[5] होता तो क्या होता।
अगर दम भर भी मिट जाती ख़लिश[6] ख़ारेतमन्ना[7] की,
दिलेहसरततलब[8] को अपनी हस्ती से गिला[9] होता।
हविस[10] जीने की है यों उम्र के बेकार कटने पर,
जो हमसे ज़िन्दगी का हक़ अदा होता तो क्या होता।
यह माना बे हिजाबाना[11] निगाहें क़हर[12] करती हैं,
मगर हुस्ने हयापरवर[13] का आलम[14] दूसरा होता।
ज़बा के ज़ोर पर हंगामा आराई[15] से क्या हासिल,
वतन में एक दिल होता मगर दर्द-आशना[16] होता॥

१९१५ ई०

ख़िदमतेइन्सां[17] से दिल को आशना[18] करते रहे,
दिल के आइने पै उलफ़त की जिला[19] करते रहे।

---

१ भलामानस। २ महफ़िल के लोग। ३ निराशा की दृष्टि। ४ हालत। ५ मुख दिखानेवाला। ६ रगड, ज़ख्म। ७ कामना का कंटक। ८ अफ़सोस चाहनेवाला दिल। ९ शिकायत। १० कामना। ११ बेपर्दा। १२ ग़ज़ब। १३ लज्जायुक्त सौंदर्य। १४ दृश्य। १५ फ़साद उठाना। १६ दुःख में सहानुभूति रखनेवाला। १७ मनुष्य की सेवा। १८ प्रेमी। १९ प्रेम की क़लई।

दोस्ती में अपना अपना हक़ अदा करते रहे,
वह जफ़ा[१] करते रहे औ हम वफ़ा करते रहे।
क्या कहें किससे कहें दुनियाँ में क्या करते रहे,
बिदअतें[२] होती रहीं शुक्रे ख़ुदा करते रहे।
अहले हिम्मत[३] मंज़िलेमक़सूद[४] तक आही गये,
बन्दएतक़दीर[५] क़िस्मत से गिला करते रहे॥

—

## १९१५ ई०

जहाँ में आँख जो खोली फ़ना[६] को भूल गये,
कुछ इब्तिदा[७] ही में हम इन्तहा[८] के भूल गये।
निफाक़[९] गबरू[१०] मुसलमाँ का यों मिटा आख़िर,
यह बुत को भूल गये वह ख़ुदा को भूल गये।
हुआ मिज़ाज का आलम यह सैरे यूरप से,
कि अपने मुल्क की आबोहवा को भूल गये।
ज़मीं लरजती है बहते हैं ख़ून के दरिया,
ख़ुदा[११] के जोश में बन्दे ख़ुदा को भूल गये।

---

१ ज़ुल्म। २ नई नई बातें निकालना। ३ साहसी पुरुष। ४ अभीष्ट स्थान। ५ प्रारब्ध ही को सब कुछ माननेवाले। ६ मृत्यु। ७ आरम्भ। ८ अंत। ९ झगड़ा। १० आतिश-परस्त। ११ घमंड।

यह इन्क़लाब[१] हुआ आलमे असीरी[२] में,
क़फ़स[३] में रह के हम अपनी सदा[४] को भूल गये।

— —

जज़्ब-ए शौक़[५] की तासीर[६] दिखा देते हैं,
हम वह प्यासे हैं कि दरिया को बुला लेते हैं।

१९१० ई०.

फ़ना का होश आना ज़िन्दगी का दर्द सर जाना,
अजल[७] क्या है ख़ुमारे बाद-ए हस्ती[८] उतर जाना।
अज़ीज़ाने वतन[९] को गुञ्चए वर्गो समर[१०] जाना,
ख़ुदा को बाग़बां और क़ौम को हमने शजर[११] जाना।
करिश्मा[१२] यह भी है ऐ बेख़बर इफ़्लो[१३] से क़ौमी का,
तलाशेरिज़्क[१४] में अहले हुनर का दर बदर[१५] जाना।
अजल[१६] की नींद में भी ख़्वाबेहस्ती[१७] गर नज़र आया;
तो फिर बेकार है तंग आके इस दुनिया से मर जाना।
वह सौदा ज़िन्दगी का है कि ग़म इन्सान सहता है,
नहीं तो है बहुत आसान इस जीने से मर जाना।

---

१ परिवर्तन। २ क़ैद की हालत। ३ पींजड़ा। ४ आवाज़। ५ उत्साह की उमङ्ग। ६ प्रभाव। ७ मृत्यु। ८ ज़िन्दगी की शराब का नशा। ९ स्वदेश के बाल-बच्चे। १० पत्तियों और फलों की कलियाँ। ११ वृक्ष। १२ करामात। १३ जाति की दीनता, निर्धनता। १४ रोज़ी की तलाश। १५ द्वार द्वार। १६ मृत्यु। १७ जीवन का स्वप्न।

चमन ज़ारे[१] मुहब्बत में उसी ने बाग़बानी की,
कि जिस्ने अपनी मिहनत ही को मिहनत का समर[२] जाना।
सिधारी मंज़िले हस्ती[३] से किस बे एतनाई[४] से,
तन ख़ाकी को शायद रूह ने गर्देसफ़र[५] जाना॥

---

१९११ इ०

कुछ ऐसा पासे ग़ैरत[६] उठ गया इस अहदे पुरफ़न[७] में,
कि ज़ेवर हो गया तौक़े गुलामी[८] अपनी गर्दन में।
शजर सक्ते[९] में हैं ख़ामोश हैं बुलबुल नशेमन[१०], में
सिधारा क़ाफ़ीला[११] फूलों का सन्नाटा है गुलशन में।
गराँ थी धूप औ शबनम भी जिन पौधों को गुलशन,
तेरी क़ुदरत से वह फूले फले सहरा[१२]के दामन में।
हवा ए ताज़ा दिल को खुद बखुद बेचैन करती है.
क़फस[१३] में कह गया कोई बहार आई है गुल्शन में।
मिटाना था इसे भी जज़्ब-ए शौक़े फना[१४] तुझको,
निशाने कब्र मजनूँ[१५] दाग़ है सहरा के दामन में।
ज़माने में नहीं अहलेहुनर[१६] का कद्रदाँ बाक़ी,

---

१ प्रेम के बाग़। २ फल। ३ संसार। ४ बिना लिहाज़ के। ५ सफर की ख़ाक। ६ शर्म का ख्याल। ७ कलाकौशल का ज़माना। ८ दासता की जंजीर। ९ ख़ामोश। १० घोंसला। ११ पथिको का समूह। १२ जंगल। १३ पीजड़ा। १४ मौत का जोश। १५ मजनूँ की क़ब्र। १६ हुनरवाले।

नहीं तो सैकड़ों मोती हैं इस दरिया के दामन में।
यहाँ तसबीह[1] का हल्का[2] वहाँ जुन्नार का फन्दा,
असीरी[3] लाज़मी है मज़हबे शेख़ो बिरहमन में।
जिन्हें सींचा था खूने दिल से अगले बाग़बानों ने,
तरसते अब हैं पानी को वह पौधे मेरे गुल्शन में।
दिखाया मुअजज़ा[4] हुस्ने बशर[5] का दस्तेक़ुदरत[6] ने,
भरी तासीर[7] तस्वीरेगिली[8] के रङ्गो रौग़न में।
शहीदे यास[9] हूँ रुस्वा[10] हूँ नाकामी[11] के हाथों से,
जिगर का चाक बढ़कर आ गया है मेरे दामन में।
जहाँ में रह के यों कायम हूँ अपनी बे सबाती[12] पर,
• कि जैसे अक्से गुल[13] रहता है आबेजूय[14] गुल्शन में।
शराबेहुस्न[15] को कुछ और ही तासीर देता है,
जवानी की नमू[16] से बेख़बर होना लड़कपन में।
शबाब[17] आया है पैदा रङ्ग है रुख्सारेनाज़ुक[18] में,
फरोबेहुस्न[19] कहता है सहर[20] होती है गुल्शन में।

---

१ माला। २ घेरा। ३ क़ैद। ४ करामात। ५ मानुषिक सौन्दर्य। ६ प्रकृति के हाथों। ७ प्रभाव। ८ मिट्टी का चित्र। ९ निराशा का शिकार। १० बदनाम। ११ असफलता। १२ अस्थिरता। १३ फूल की परछाईं। १४ उद्यान के सरोवर के पानी में। १५ सौन्दर्य का मद्य। १६ वृद्धि। १७ जवानी। १८ कोमल गाल। १९ सौन्दर्य का विकास। २० सुबह।

नहीं होता है मोहताजेनुमायश[१] फैज़ शबनम[२] का,
अँधेरी रात मे मोती लुटा जाती है गुल्शन में।
मताए[३] दर्देदिल यक दौलते बेदार है मुझको,
दुरे शहवार[४] हैं अश्के मुहब्बत मेरे दामन में।
न बतलाई किसी ने भी हक़ीक़त राज़े हस्ती[५] की,
बुतों से जाके सर फोड़ा बहुत दैरे[६] बिरहमन में।
उड़ाकर ले गई बादे खिज़ाँ[७] इस साल उस्को भी,
रहा था एक बर्गे ज़र्द[८] बाक़ी मेरे गुल्शन में।
वतन की खाक से मरकर भी हमको उन्स[९] बाक़ी है,
मज़ा दामाने मादर[१०] का है इस मिट्टी के दामन में।

---

१९१२

न कोई दोस्त दुश्मन हो शरीके दर्दे ग़म[११] मेरा,
सलामत मेरी गरदन पर रहे बारे अलम[१२] मेरा।
बहार आई तरक्की पर है सौदा[१३] दम बदम मेरा,
बढ़ा जाता है खुद जञ्जीर की जानिब[१४] क़दम मेरा।

---

१ दिखलावे का इच्छुक। २ ओस की उदारता। ३ हृदय के दुःख का धन। ४ बढ़िया मोती। ५ संसार के रहस्य की असलियत। ६ मन्दिर। ७ शिशिर ऋतु की वायु। ८ पीला पत्ता। ९ प्रीति। १० माता की गोद। ११ रंज और दुःख का साथी। १२ रंज का बोझ। १३ उन्माद। १४ ओर।

लिखा यह दावरे महशर[१] ने मेरे फ़र्दे असियाँ[२] पर,
यह वह बन्दा है जिस पर नाज़[३] करता है करम[४] मेरा।
कहा गुंचे[५] ने हँस कर वाह क्या नैरङ्ग आलम[६] है,
वजूदे गुल[७] जिसे समझे हैं सब हैं अदम[८] मेरा
कशाकश[९] है उमीदो यास[१०] की यह ज़िन्दगी क्या है,
इलाही ऐसी हस्ती[११] से तो है अच्छा अदम मेरा।
अगर कोनों मकाँ[१२] एक शुअबदा[१३] था उसकी कुदरत का,
तो इस दुनियाँ में आख़िर किस लिए आया क़दम मेरा।
दिले अहबाब[१४] में घर है शगुफ़्ता[१५] रहती है ख़ातिर[१६],
यहाँ जन्नत[१७] है मेरी और यही बाग़ेअरम[१८] मेरा।
मुझे अहबाल की पुर्सिश[१९] की ग़ैरत मार डालेगी,
क़यामत है अगर अफ्शा[२०] हुआ राज़े अलम[२१] मेरा।
खड़ी थीं रास्ता रोके हुए लाखों तमन्नाएँ[२२],
शहीदे यास[२३] हूँ निकला है किस मुश्किल से दम मेरा।

---

१ प्रलय का स्वामी भगवान्। २ गुनाहों की फ़ेहरिस्त। ३ घमण्ड। ४ दानशीलता। ५ कली। ६ संसार का परिवर्तन। ७ फूल का अस्तित्व। ८ नाश (परलोक)। ९ खींचाखींच। १० आशा और निराशा। ११ दुनियाँ। १२ प्रतिष्ठा, आबरू। १३ जादू। १४ मित्रों के हृदय। १५ खिली हुई। १६ तबीयत। १७ स्वर्ग। १८ स्वर्ग का बग़ीचा। १९ मित्रों की पूछताछ। २० खुल गया। २१ दुःख का रहस्य। २२ कामनाएँ। २३ निराशा में प्राण देनेवाला।

रही है एक तर्जे आरजू[१] की आरजू बाक़ी,
इसी पर ख़त्म है अफ़सान-ए दर्दो अलम[२] मेरा।
ख़ुदा ने इल्म बख़्शा है अदब[३] अहबाब करते हैं,
यही दौलत है मेरी और यही जाहो हशम[४] मेरा।
सदा आती है मेरे दिल के वीराने से रातों को,
वह बीहड़ हूँ कि यक गोशा[५] है शहराए अदम[६] मेरा।
ज़बाने हाल से यह लखनऊ की ख़ाक कहती है,
मिटाया गर्दिशे इफ़लाक[७] ने जाहो हशम मेरा।
किया है फ़ाश[८] पर्दा कुफ्र दीं का इस क़दर मैंने,
कि दुश्मन है बिरहमन और उदू[९] शेख़े हरम[१०] मेरा।
बाग़वाँ ने यह अनोखा सितम ईजाद किया।
आशियाँ फूँक के पानी को बहुत याद किया॥
दरे ज़िन्दाँ[११] प लिखा है किसी दीवाने ने।
वही आज़ाद है जिसने इसे आबाद किया॥
याद रह जाएगा अरमाने असीरी[१२] मेरा।
जिसने इस बाग़ में सईय्याद[१३] को सईय्याद किया॥
नींद क्या आए शहादत[१४] के तलबग़ारों[१५] को।

---

१ इच्छा की रीति। २ दुःख की कथा। ३ प्रतिष्ठा। ४ पद-गौरव। ५ कोना। ६ उस लोक का जंगल। ७ आसमान के चक्कर। ८ फाड़ दिया। ९ शत्रु। १० मसजिद का शेख़। ११ क़ैदख़ाना। १२ क़ैद। १३ चिड़ियों को गिरफ़्तार करनेवाला। १४ जान निछावर करनेवाला। १५ इच्छुक।

फ़िक्र रहती है सितमगर[1] ने किसे याद किया ॥
डर गया नालग्रए[2] शबगीर[3] से मेरे सईय्याद ।
शाम को क़ैद किया सुबह को आज़ाद किया ॥
लज्जते[4] दर्द की मेराज[5] दिखाने के लिए ।
मुझको बिस्मिल[6] तुझे अल्लाह ने जल्लाद किया ॥
जिस पर ग्रहबाब[7] बहुत रोए फ़क़त[8] इतना था ।
घर को वीरान किया क़ब्र को आबाद किया ॥
अक़्ल क्या चीज़ है एक वज़ा की पाबंदी है ।
दिल को मुद्दत हुई इस क़ैद से आज़ाद किया ॥
जिस कफ़े[9] ख़ाक को आँखों प फरिश्तों ने लिया ।
क्यों ख़राबात[10] जहाँ में उसे बरबाद किया ॥
दम नहीं है रगे सौदा में बहार आख़िर है ।
क्या करूँगा जो मुझे क़ैद से आज़ाद किया ॥
इसको नाक़दरी आलम[11] का सिला[12] कहते हैं ।
मर चुके हम तो ज़माने ने बहुत याद किया ॥
हम पूजते हैं बाग़े वतन[13] की बहार को ।
आँखों में अपनी फूल समझते हैं ख़ार[14] को ॥
आये थे जिस चमन[15] से वह बरबाद हो गया ।

---

१ दु:ख देनेवाला । २ फ़रियाद । ३ रात की । ४ मज़ा ।
५ इन्तहा । ६ तड़पता हुआ ज़ख़्मी । ७ मित्र । ८ केवल ।
९ मुट्ठी यानी इन्सान । १० वीराना । ११ संसार । १२ बदला ।

अब हम क़फ़स[१] में याद करें क्या बहार को ॥
मंजूर है कि आमदे[२] गुल का पयाम[३] दें।
कलियाँ बुला रही हैं नसीमे[४] बहार को ॥
उतरे हैं सहने बाग़ में फूलों के क़ाफ़ले।
नज़रें[५] दिखा रहे हैं उरूसे[६] बहार को ॥
राहत[७] से भी अजीज़ है राहत की आरजू[८]।
दिल ढूँढ़ता है सिलसिलए इन्तज़ार को ॥
हसरत[९] जो बच रही मेरे दिल से अज़ल[१०] के दिन।
वह मिल गई बुझी हुई शमए मजार[११] की ॥
यह कहके उनकी बज़्म[१२] में हम भी पहुँच गए।
क्या था जो आज याद किया ख़ाकसार[१३] को ॥
दामान[१४] कोह[१५] उसके लिए माँ की गोद है।
लेकिन ज़रा भी चैन नहीं आबशार[१६] को ॥
लाया है क्या पयामे[१७] वतन पूछता हूँ मैं।
गुरबत[१८] में देखता हूँ जो अब्र[१९] बहार को ॥
ख़ुद ही मिटा के जौहरे ईमाँ वो आबरू[२०]।
हम कोसते हैं गरदिशे[२१] लैलो[२२] निहार को ॥

---

१ पिंजड़ा। २ आनेवाले। ३ सन्देशा। ४ हवा। ५ भेंट। ६ दुलहन। ७ सुख। ८ आशा। ९ निराशा। १० दुनिया की पैदाइश का दिन। ११ क़ब्र। १२ सभा। १३ विनीत। १४ घाटी। १५ पर्वत। १६ पानी का झरना। १७ सन्देशा। १८ परदेश। १९ बादल। २० इज़्ज़त। २१ उलट-फेर। २२ रात-दिन।

हैं बाग़बाँ के भेस में गुलची[१] फ़िरंग[२] के।
निकले हैं लूटने चमने रोज़गार को ॥
अरमान यही है यही आलम है नज़र में।
जो बुझ न सके आग वह पैदा हो जिगर में ॥
है शौक़ की मंज़िल[३] यही दुनिया के सफ़र में।
क्या ख़ाक जवानी है जो सौदा नहीं सर में।
यह रंगेशफ़क़[४] है कि लहू अहले वफ़ा का।
कुछ दाग नज़र आते हैं दामाने सहर में।
दुनिया मेरे नाले[५] से खिंच आती है क़फ़स तक।
मेला सा लगा रहता है सईय्याद के घर में।
पाबन्द क़फ़स की नहीं यह आहेशररबार[६]।
लग जाए कहीं आग न सईय्याद के घर में।
कहती है क़ज़ा मुफ्त के पैदा हों गुनहगार।
तलवार सजी है मेरे क़ातिल के कमर में ॥
रहती हैं उमंगें कहीं ज़ंजीर की पाबन्द।
हम क़ैद हैं ज़िन्दाँ में बियांबाँ है नज़र में ॥
एक हस्तिए बेदार के दोनों हैं करिश्मे।
मौजों में रवानी है जवानी है बशर में ॥
कुछ दाग़ गुनाहों के हैं कुछ अश्के नदामत।

---

१ फूल तोड़नेवाले। २ विलायत। ३ पड़ाव। ४ प्रातःकाल की सुर्ख़ी। ५ फ़रियाद। ६ चिंगारी निकलनेवाली आह।

इबरत[1] का मुरक्क़ा है[2] मेरे दामने तर में ॥
मैं ख़ाना है चलता है यहाँ सिक्कए जम्हूर ।
सब शाहो गदा एक हैं रिन्दों की नज़र में ॥
गुलशन से न ख़ुश जाएगा शबनम का मुसाफ़िर ।
हँस हँस के रुलाने की है आदत गुले तर में ॥
रौशन दिले वीराँ है मुहब्बत से वतन की ।
या जलवए महताब है उजड़े हुवे घर में ॥
नहीं मन्ज़ूर जीना रूशिनासे[3] चारागर[4] हो कर ।
रहेगा पासे[5] गैरत परदए ज़ख़्मे जिगर होकर ।
शबाब[6] आख़िर है बज़्मे ऐश[7] की बस याद बाक़ी है ।
जवानी ख़्वाब में आती है अब शमअ सहर[8] होकर ॥
क़फ़स[9] की आड़ से महरूम[10] हैं हम आशियाँ कैसा ।
पड़े हैं दूर सहने बाग़ से बे बालों पर होकर ॥
जवानी में इसी को इब्तदाए[11] इश्क कहते हैं ।
दवा की फ़िक्र करना तालिबे[12] दर्दे जिगर होकर ॥
अज़ल के दिन मिटा देना था उस मिट्टी की मूरत को ।
जगाए जिसने फितने[13] आफरीनिश[14] के बशर होकर ॥
नज़र के सामने है शाम नाकामी का सन्नाटा ।

---

१ शोक । २ तसवीर । ३ व । ४ इलाज करनेवाले की सूरत देखना । ५ लिहाज़ । ६ जवानी । ७ सुख । ८ सुबह । ९ पिंजड़ा । १० नहीं । ११ शुरू । १२ चाहना । १३ फ़साद । १४ दुनिया ।

जवानी वलवलों[1] की ढल रही है दोपहर होकर ॥
जगह ख़ाली करें गुंचों[2] से शबनम का इशारा है ।
चमन में क़ाफ़ला उतरेगा फूलों का सहर होकर ॥
अदम[3] से आए थे दुनिया में क्या मालूम था हमको ।
रहेगा साथ सौदा ज़िन्दगी का दर्दे सर होकर ॥
लिये दरिया ने मोती गुल शजर[4] ने लाल पत्थर ।
ख़रीदा हमने सौदा दर्दे उल्फ़त[5] का बशर होकर ॥
तुलूए सुबह क्या है मरसिया है रौनक़े शब का ।
उड़ा है रंगे रुख़ महताब[6] का नूरे[7] सहर होकर ॥
मुक़द्दर[8] देखना शबनम का फूलों में हुई पैदा ।
पयाम आया फ़ना का जलवए[9] नूरे सहर होकर ॥
फ़रिश्ता हुस्न का बेदार[10] करने इनको आया है ।
जवानी की उमंगें सो रही थीं बेख़बर होकर ॥
यही एक रास्ता बाक़ी था अब औजे मरातिब का ।
बने अहले नज़र[11] हम दुश्मने अहले हुनर होकर ॥
आप माशूक़ हैं क़ातिल नहीं जल्लाद नहीं ।
दिल दुखाने के लिए हुस्ने ख़ुदा दाद नहीं ॥
अब रिहाई की तमन्ना दिले नाशाद नहीं ।
रास्ता अपने नशेमन[12] का मुझे याद नहीं ॥

---

१ शौक़ । २ कलियाँ । ३ परलोक । ४ पेड़ । ५ प्रेम । ६ चाँद । ७ उजाला । ८ क़िस्मत । ९ चमक । १० जगाने । ११ जिसकी राय आदर के योग्य हो । १२ घोंसला ।

यह ग़लत है कि हमें तर्ज़े .फ़ुग़ाँ याद नहीं ।
अब वह आलम है कि गुनजाइशे फ़रियाद नहीं ।
ज़िन्दगी थी वही या और कोई आलम था ।
क्या कहें इससे ज़्यादा हमें कुछ याद नहीं ।।
ख़त्म किस तरह हो इस हस्तिये नाशाद का राग ।
क्या कहूँ मेरी तरह रूह भी आज़ाद नहीं ।।
बाग़ में जा के मुझे और क़लक़[१] होता है ।
फूल पत्ते भी मेरे दिल की तरह शाद नहीं ।।
दिल जो वीरान हुवा हो गई दुनिया वीरान ।
कोई घर .ख़ुश नहीं बस्ती कोई आबाद नहीं ।
नग़मऋए दर्द[२] मुहब्बत है सदा से ख़ाली ।
क्या सुने कोई यह नाला नहीं फ़रियाद नहीं ।।
सुनते हैं रूह घिरी रहती है अरमानों से ।
मर के भी चैन की सूरत दिले नाशाद नहीं ।।
पास नामूस[३] है ग़ारत गर सौदाए शबाब ।
दिल है मिट्टी अगर इस रोग से आज़ाद नहीं ।।
उसी को बे दर्द गिरफ़्तार जुनूं कहते हैं ।
जिसको दुनियाँ की ग़ुलामी का सबक़ याद नहीं ।।
सबज़ऋए बाग़ से कहती हैं यह शाखें झुककर ।
सर उठाने की जगह गुलशने ईजाद नहीं ।।

---

१ दुःख । २ गीत । ३ सांसारिक आदर का ख़याल ।

जब कोई जुल्म नया करते हैं फ़रमाते हैं ।
अगले वक्तों के हमें तर्ज सितम याद नहीं ॥
क़द्रदाँ क्यों मुझे तकलीफ़ें सुखन देते हैं ।
मैं सुखन सोज़ नहीं शायर नहीं उस्ताद नहीं ॥
ज़िन्दगी तलख़िए[1] अईय्याम का अफ़साना है ।
ज़हर भरने के लिए उम्र का पैमाना है ॥
मै जवानी है मेरी दिल मेरा मैंख़ाना है ।
याँ सुराही है न शीशा है न पैमाना है ॥
बेहिजाब आज तेरी नरगिसे मस्ताना[2] है ।
अब जिसे होश का सौदा है वह दीवाना है ॥
रुख़ साक़ी की तरफ़ हाथ में पैमाना है ।
रहनुमा आज तेरी लग़ज़िशे[3] मस्ताना है ॥
नज़र आता है फ़क़ीरी में तमाशाए जहाँ ।
ठीकरा भीख का जमशेद[4] का पैमाना है ॥
आई है लाश उठाने को नसीमे सहरी
छूटता बादे फ़ना[5] शमा से परवाना है ॥
आलमे यास में दरिया से यह कहता है हबाब ।
ग़ैर सेराब हैं ख़ाली मेरा पैमाना है ॥
आतशे शमा भी काफ़ूर है उसके आगे ।

---

१ कड़वाहट । २ आँख । ३ लड़खड़ाना । ४ जमशेद एक राजा था जिसने एक ऐसा प्याला बनाया था जिसमें सब दुनियाँ का हाल दीखता था । ५ मरने ।

दिल में जो आग छिपाए हुवे परवाना है ।।
ले चली बज्म से किस वक्त मुझे मर्गे शबाब ।
लब तक आया भी नहीं हाथ में पैमाना है ।।
याद उमंगों की दिलाता है यह उजड़ा हुआ दिल ।
मेरी बस्ती की निशानी यही वीराना है ।।
याद अहबाब गुज़िश्ता प फ़िदा रहता है ।
दिलें नाशाद बुझी शमअ का परवाना है ।।
दिल है मायूस कि नीयत नहीं साक़ी की दुरुस्त ।
आँख कहती है यह शीशा है वह पैमाना है ।।
एक तरफ़ जान है पैमानवफ़ा एक तरफ़ ।
इमतिहाँ आज तेरा हिम्मते मरदाना है ।।
फ़िक्रे मीना[१] क्यों है साक़ी क्यों तलाशे जाम[२] है ।
तू लगा दे मुँह से खुम[३] पीना हमारा काम है ।।
मुझसे रौशन इन दिनों दैरो हरम का नाम है ।
पाए बुत पर है जबीं[४] लब[५] पर खुदा का नाम है ।।
जिनको पैग़ामे सितम ख़ाली अजल[६] का नाम है ।
उनसे पूछें कोई इस दुनिया में क्या आराम है ।।
आशिकों का और रिन्दों का हुजूमे आम है ।
है गुनहगारों का मेला हश्र[७] जिसका नाम है ।।
सुबह को शबनम के मोती बाग़ में चोरी गए ।

---

१ शराब की बोतल । २ शराब का प्याला । ३ शराब की मठोर । ४ माथा । ५ होंठ । ६ मौत । ७ क़यामत ।

फूल किरनों से यह कहते हैं तुम्हारा काम है ॥
देखना है हुस्न के जलवे[1] तो बुतख़ाने में आ।
तेरे काबे में तो वाइज़ बस ख़ुदा का नाम है।
हो गया हूँ सारी दुनिया के गुनाहों में शरीक।
जब से मैंने यह सुना है उसकी रहमत[2] आम है ॥
नशे में आज़ाद बैठा हूँ जहाँ की फ़िक्र से।
गरदिशे[3] साग़र प सदक़े गरदिशे अईय्याम है ॥
ले उड़ेगा नशाए मै आज रिन्दों को ज़रूर।
एक परी शीशे में है या बादअए गुलफ़ाम[4] है ॥
लुत्फ़ आज़ादी था जिनसे चल बसे वह हमसफ़ीर[5]।
अब चमन की सुबह भी मुझको क़फ़स की शाम है।
कुफ़्र है उसकी शिकायत जिसने दिल पैदा किया।
दिल से जो पैदा हुई वह आरज़ू बदनाम है ॥
शर्त है पीकर मुकरना पारसाई के लिए।
जो सरे बाज़ार पीता है वही बदनाम है ॥
मेरे मज़हब में है वाइज तर्क मैं नोशी[6] हराम।
छोड़कर पीता हूँ फिर तौबा इसी का नाम है ॥
लुत्फ़ शाही की तमन्ना ग़ैर में दिल में रहे।
हम फ़क़ीरों ही से ज़िन्दा लखनऊ का नाम है ॥

---

१ चमक। २ दया। ३ दौर। ४ फूल के रङ्ग की शराब। ५ साथ बोलनेवाले। ६ शराब पीना।

फ़िक्र दुनियाए दनी[१] है दुशमने फ़िक्रे सुख़न[२] ।
इस कशाकश में ग़ज़ल कहना हमारा काम है ॥
तेरे दिल में और मेरे दिल में वाइज़[३] है यह फ़र्क़ ।
वह चराग़े सुबह है और यह चराग़े शाम है ॥
क्या कोपलें दिखाती हैं आलम उभार का ।
आँचल सरक गया है उरूसे[४] बहार का ।
हम मरमिटों को है यही मौसम बहार का ।
दो चार दिन हरा रहे सब्ज़ा मज़ार का ॥
याँ चाइनी दिखाती है उम्मीद की झलक ।
दरिया की लहर दिल है किसी बेक़रार का ॥
फूलों की झोलियों में हैं मोती भरे हुये ।
शबनम लुटा रही है ख़ज़ाना बहार का ॥
अफ़सुरदा ख़ातिरान[५] चमन को ख़बर नहीं
आया भी और गया भी ज़माना बहार का ॥
फैली हो जैसे गोरे ग़रीब[६] में चाँदनी ।
आलम यह है ख़ुशी में दिले दाग़दार का ॥
शब को बहार परदए शबनम में रो गई ।
अंजाम सोंच कर चमने रोज़गार का
दुनिया प अपना हुस्न जताने के वास्ते ।
अहसाँ लिया है रूह ने मुश्ते ग़ुबार का ॥

१ ख़राब । २ शायरी । ३ प्रचारक । ४ दुलहन । ५ बुझे हुए दिलवाले । ६ क़ब्रों का मरघट ।

वह दिन गए कि तुझसे लरज़ते थे ऐ अजल।
अब ज़िन्दगी है नाम तेरे इन्तज़ार का॥
वह आए बे पिये जिन्हें रहती है बेख़ुदी[1]।
महफ़िल में अपने काम नहीं होशियार का॥
अफ़शां[2] हुवा न जौर[3] क़ज़ा ओ क़दर का राज़।
परदा उठा न मसलहते किर दिगार का
ग़ुंचे अदम से आए हैं पहने हुवे कफ़न।
अंजाम है नज़र में दो रोज़ा बहार का॥
आए हैं फूल बाग़ में साग़र लिये हुवे।
बरसे शराब है यह इशारा बहार का॥
मिट्टी हैं गुल[4] जो और किसी बोस्तां[5] के हैं।
काँटे अज़ीज़ गुलशने[6] हिन्दोस्ताँ के हैं॥
हम सोचते हैं रात को तारों को देख कर।
शमऐ[7] ज़मीं के हैं जो दाग़ आस्माँ के हैं॥
सहने चमन से दूर उन्हें बाग़बाँ[8] न फेंक।
तिनके जो यादगार मेरे आशियाँ[9] के हैं॥
जन्नत[10] में ख़ाक बाद:[11] परस्तों[12] का दिल लगे।
नक़्शे नज़र में सोहबते पीरे मुग़ाँ[13] के हैं॥

---

१ बेहोशी। २ ज़ाहिर। ३ ईश्वर की आज्ञा। ४ फूल। ५ बाग़। ६ बाग़। ७ चिराग़। ८ माली। ९ घोंसले। १० स्वर्ग। ११-१२ शराब पीनेवालों। १३ पीनेवालों का नेता।

अपना मुक़ाम[१] शाख़े बुरीदा[२] है बाग़ में ।
गुल हैं मगर सताए हुए बाग़बाँ के हैं ॥
एक सिलसिला हवस[३] का है इन्साँ की ज़िन्दगी ।
इस एक मुश्त[४] ख़ाक को ग़म[५] दो जहाँ के हैं ॥
क़िस्से लिखे हुए हैं जो फरहादो[६] क़ैस के ।
खोए हुए वरक़ वह मेरी दास्ताँ[७] के हैं ॥
शोरिशे[८] दैरो[९] हरम[१०] से जब परीशाँ हो गए ।
कुछ समझ कर हम शरीके बज़्मे रिन्दाँ[११] हो गए ।
देखना नैरंग[१२] साज़ीए[१३] तिलिस्मे[१४] नौ बहार ।
पीरहन[१५] कलियों के गुंचों के गरेबाँ हो गए ॥
मुफ़लिसी मेरी मुहब्बत की कसौटी बन गई ।
हिम्मते अहबाब के जौहर नुमायाँ[१६] हो गए ॥
दर्दे उलफ़त[१७] ज़िन्दगी के वास्ते अकसीर है ।
ख़ाक के पुतले इसी जौहर से इन्साँ हो गए ॥
इत्र अफ़शाँ[१८] मेरे वीराने में आई है नसीम ।
क्या किसी महबूब[१९] के गेसू परेशाँ हो गए ॥
रह गई बाज़ार महशर[२०] में गुहनगारों की साख ।

---

१ स्थान । २ कटी हुई । ३ इच्छाओं । ४ मुट्ठी । ५ दुःख
६ आदर्श प्रेमी थे । ७ कहानी । ८ हुल्लड़ । ९ मन्दिर । १० काबा
११ शराबी । १२ बदलना । १३-१४ जादू मे । १५ कुर्ते
१६ प्रकाशित । १७ प्रेम । १८ छिड़कती । १९ माशूक
२३ क़यामत ।

रहमते बारी[1] के सिक्के[2] दाग़े इस्यिाँ[3] हो गए ॥
चार दीवारे चमन में क्या धरा है बाग़बाँ ।
देख कोसों तक हरे कोहो[4] बियाबाँ हो गए ॥
अपने दीवानों से मिलने को चली आई बहार ।
सबज़वो गुल महने ज़िन्दाँ[5] में नुमायाँ हो गए ॥
ज़िन्दगी मेरी असीरी[6] की फ़क़त तमहीद[7] है ।
दाम[8] में दाने मेरी क़िसमत के पिनहा[9] हो गए ॥
इस तनन्ना में कि आज़ादी की देखेंगे सहर ।
हम असीरे कुलफ़ते शबहाए[10] ज़िन्दां हो गए ॥
हुस्न के परदे में क्या क्या ऐब पिनहा हो गए ।
तुर्रे दस्तारे[11] गुल तारे गरेबाँ हो गए ॥
हुस्न की दौलत से थे गुल हाए नौरस[12] बे ख़बर ।
देखकर रंगे चमन काँटे निगहबाँ हो गए ॥
जाम[13] तक खुम[14] से शराब आने में हो जाती है देर ।
हम ता साक़ी के तकल्लुफ़ से परेशाँ हो गए ॥
मैं के क़तरे क्या थे जब तक खुम में थे साग़र में थे ।
मेरे होंठों तक पहुँचना था कि तूफ़ाँ हो गए ॥
जिनकी शोरिश के लिए आग़ोश[15] दरिया तंग था ।

---

१-२ ईश्वर की दया । ३ पाप । ४ पहाड़ । ५ जेलख़ाना । ६ क़ैद । ७ शुरू । ८ जाल । ९ छिप । १० रात की परेशानी । ११ पगड़ी । १२ नये खिले हुये । १३ प्याला । १४ शराब की मठोर । १५ गोद ।

अश्क[१] के क़तरे वह इन आँखों में पिनहा हो गए ॥
शिरकते ग़म की अज़ीज़ो से तमन्ना क्या हो ।
इम्तहाँ इनकी वफ़ा का मुझे मंज़ूर नहीं ॥
क्यों रुलाने को सुनाते हो वफ़ा के क़िस्से ।
दोस्तो अब तो मुहब्बत का यह दस्तूर नहीं ॥
तपिशे शौक़ को मूसा की नज़र है दरकार ।
वरना दुनियाँ में तजल्ली[२] नहीं या तूर नहीं ॥
किस जवाँ मर्ग का दुनियाँ से हुवा शब को सफ़र ।
यह सफ़ेदी है कफ़न को सहरे नूर नहीं ॥
ख़त्म होता नहीं क्यों हस्तिए नाशाद का राग ।
पा ब गिल[३] जिस्म सही रूह तो मजबूर नहीं ॥
शोहराए ख़ास का तालिब जों हो इन्साँ है वही ।
वरना शैतान से ज़्यादा कोई मशहूर नहीं ॥
दार[४] सूनी है फ़क़त नाराजनी बाक़ी है ।
मस्तो मजज़ूब[५] हैं लाखों कोई मनसूर नहीं ॥
शाम से शुबह तलक जाम रहे गरदिश में ।
करमे[६] पीरे ख़राबात[७] से कुछ दूर नहीं ॥

---

१ आँसू । २ ईश्वर के नूर का प्रकाश । ३ दलदल में फँसा हुआ
४ सूली । ५ फ़क़ीर । ६ इनायत । ७ शराब पिलानेवाला ।

१९१२ ई०

दिल किये तसख़ीर[१] बख़्शा फ़ैज़ रूहानी[२] मुझे,
हुब्बे क़ौमी[३] हो गया नक़्शे सुलेमानी मुझे।
मंज़िले इबरत[४] है दुनियाँ अहले दुनियाँ[५] शाद हैं,
ऐसी दिल जमयी से होती है परेशानी मुझे।
जाँचता हूँ वसअते दिल[६] हम्लए ग़म[७] के लिए,
इम्तहाँ है रंजो हिरमां[८] की फ़रावानी[९] मुझे।
हक़परस्ती[१०] की जो मैंने बुतपरस्ती[११] छोड़कर,
बिरहमन कहने लगा इलहाद[१२] का बानी[१३] मुझे।
कुल्फ़ते दुनियाँ[१४] मिटे भी तो सख़ी के फ़ैज़[१५] से,
हाथ धोने को मिले बहता हुआ पानी मुझे।
ख़ुदपरस्ती[१६] मिट गई क़द्रे मुहब्बत बढ़ गई,
मातमे अहबाब[१७] है तालीम रूहानी[१८] मुझे।
क़ौम का ग़म मोल लेकर दिल का यह आलम[१९] हुआ,
याद भी आती नहीं अपनी परेशानी मुझे।
ज़र्रा ज़र्रा है मेरे कश्मीर का मेहमाँनवाज़[२०],

---

१ अधिकृत। २ आत्मिक उदारता। ३ जातीय प्रेम। ४ भय का स्थान। ५ संसार के लोग प्रसन्न हैं। ६ हृदय की विशालता। ७ दुःख, कष्ट। ८ भगवद्भजन। ९ सत्य का प्रेम। १० मूर्त्तिपूजा। ११ ईश्वरीय विद्या। १२ कारण। १३ दुनिया की तकलीफ़। १४ दाता की उदारता। १५ अभिमान। १६ मित्रों का रंज। १७ आत्मिक शिक्षा। १८ हाल। २० अतिथि-सत्कार करनेवाला।

राह में पत्थर के टुकड़ों ने दिया पानी मुझे ।
लखनऊ में फिर हुई आरास्ता[१] बज़मे सखुन[२],
बाद मुद्दत फिर हुआ शौक़े ग़ज़लख्वानी[३] मुझे ।

---

१९११ ई०

दर्द दिल पासे वफ़ा[४] जज़्ब-ए ईमाँ[५] होना,
आदमीयत है यही औ यही इन्सां[६] होना ।
तू गिरफ़्तारे बला[७] तर्ज़े फुग़ाँ[८] क्या जाने,
कोई नाशाद सिखा दे इन्हें नालाँ[९] होना ।
ख़ाक होकर कफ़न ग़ुंचा[१०] बना जामए गुल[११],
खुल गया रंज से शादी का नुमायाँ[१२] होना ।
रह के दुनियाँ में है यों तर्के हविस[१३] की कोशिश,
जिस तरह अपने ही साये से गुरेज़ाँ[१४] होना ।
ज़िन्दगी क्या है अनासिर[१५] में ज़हूरे तरतीब[१६],
मौत क्या है इन्हीं अजज़ा[१७] का परेशाँ[१८] होना ।

---

१ सुसज्जित । २ कवि-समाज । ३ कविता पढ़ने ( रचने ) का शौक़ । ४ प्रीति का बर्त्ताव । ५ ईमानदारी का तत्त्व । ६ आदमी । ७ आपत्ति में ग्रस्त । ८ रोने चिल्लाने का ढंग । ९ रोना । १० कली । ११ फूल की पोशाक । १२ प्रकट । १३ लोभ का त्याग । १४ घृणा करना । १५ पंचतत्त्व । १६ क्रम से संगठन । १७ तत्त्वों १८ बिखर जाना ।

दफ़्तरे हुस्न[१] पै मुहरे वदे क़ुदरत[२] समझो,
फूल का ख़ाक के तूदे से नुमायाँ होना।
दिल असीरी[३] में भी आज़ाद है आज़ादों का,
वलवलों[४] के लिए मुमकिन नहीं ज़िन्दाँ होना।
गुल को पामाल न कर लालो गुहर[५] के मालिक,
है इसे तुर्र-ए दस्तार[६] ग़रीबाँ होना।
है मेरा ज़ब्तेजुनूँ[७] जोशेजुनूँ[८] से बढ़कर,
तंग है मेरे लिए चाके गरीबाँ होना।
क़ैद यूसुफ़ को ज़ुलेख़ा ने किया कुछ न किया,
दिले यूसुफ़ के लिए शर्त था ज़िन्दा होना।

---

## १९११ ई०

दिल ही बुझा हुआ हो तो लुत्फ़े बहार[९] क्या,
साक़ी[१०] है क्या शराब है क्या सब्ज़ा ज़ार[११] क्या।
यह दिल की ताज़गी है वह दिल की फ़सुर्दगी[१२],
इस गुल्शने जहाँ की ख़िज़ाँ[१३] क्या बहार क्या।

---

१ सौन्दर्य का घर। २ प्रकृति। ३ क़ैद। ४ इच्छाओं। ५ लाल और मोती। ६ पगड़ियों का पतुर्रह। ७ उन्माद का सहन। ८ उन्माद का उभार। ९ बहार का मज़ा। १० मद्य पिलानेवाला। ११ हरियाली। १२ रूखापन। १३ पतझड़।

किस्के फ़िसूने हुस्न[१] का दुनियाँ तिलिस्म[२] है,
हैं लौह् आस्माँ[३] पै यह नक़्शा निगार[४] क्या।
अपना नफ़स[५] हुआ है गिलूगीर[६] वक़्ते नजअ्[७],
ग़ैरों का ज़िन्दगी में हो फिर एतबार क्या।
देखा सुरूरे बादए[८] हस्ती का ख़ातमा,
अब देखें रंग लाये अजल[९] का ख़ुमार[१०] क्या।
अब की तो शामे ग़म की स्याही कुछ और है,
मंज़ूर है तुझे मेरे परवरदिगार[११] क्या।
दुनियाँ से ले चला है जो तू हसरतों का बोझ,
काफ़ी नहीं है सर पै गुनाहों का बार[१२] क्या।
जिस्की क़फ़स[१३] में आँख खुली हो मेरी तरह,
उसके लिए चमन की ख़िज़ा क्या बहार क्या।
कैसा हवाय हिर्स[१४] में बरबाद है बशर[१५],
समझा है ज़िन्दगी को यह मुश्तेग़ुबार[१६] क्या।
ख़िलअ्त[१७] कफ़न का हम तो ज़माने से ले चुके,
अब है उरूसे मर्ग[१८] तुझे इन्तज़ार क्या।

---

१ सौन्दर्य के खेल। २ जादू। ३ आसमान की तख़्ती। ४ बेलबूटे। ५ दिल। ६ गला दबानेवाला। ७ लड़ाई के वक्त। ८ ज़िन्दगी का नशा। ९ मृत्यु। १० नशा। ११ परमेश्वर। १२ बोझ। १३ पिंजड़ा। १४ लोभलालच। १५ आदमी। १६ मुट्ठी भर मिट्टी। १७ कफ़न की पोशाक़। १८ मृत्युरूपी वधू।

बादे फ़ना[1] फ़िज़ूल है नामों निशाँ की फ़िक्र,
जब हम नहीं रहे तो रहेगा मज़ार[2] क्या।
आमाल[3] का तिलिस्म[4] है नैरङ्ग ज़िन्दगी[5],
तक़दीर क्या है गर्दिशे लै लो निहार[6] क्या।
चलती है इस चमन में हवा इनक़लाब[7] की,
शबनम को आये दामने गुल के क़रार क्या।
तफ़सीर[8] हाले ज़ार[9] है बस यक निगाहे यास[10],
हो दास्तानेदर्द[11] का और इख़्तसार[12] क्या।
दोनों को एक ख़ाक से नश्वोनुमा[13] मिली,
लेकिन हवाय दहर[14] से गुल क्या है ख़ार[15] क्या।
छटकी हुई है गोरे[16] ग़रीबाँ पै चाँदनी,
है बेकसों[17] को फ़िक्र चिराग़े मज़ार[18] क्या।
कुछ गुलनिहाँ[19] हैं पर्दए ख़ाके चमन[20] में भी,
ताज़ा करेगी इनको हवाए बहार क्या,
राहत तलब को दर्द की लज़्ज़त नहीं नसीब,
तलवों में आबले जो नहीं लुत्फ़ेख़ार क्या।

---

१ मरने के बाद। २ क़ब्र। ३ कर्मों। ४ खेल। ५ जीवन का परिवर्तन। ६ दिन रात का चक्कर। ७ परिवर्तन। ८ पूछ-ताछ। ९ बुरा हाल। १० निराशा की दृष्टि। ११ दुःख की कथा। १२ संक्षेप। १३ वृद्धि। १४ दुनिया की हवा। १५ काँटा। १६ लोगों की समाधि। १७ ग़रीबों। १८ समाधि दीपक की चिन्ता। १९ गुप्त। २० बाग़ की ख़ाक के पर्दे में।

ख़ाके वतन में दामनेमादर[१] का चैन है,
तंगी किनार[२] की है लहद[३] का फ़िशार[४] क्या।
इन्सां के बुग़ज़ो जहल[५] से दुनियाँ तबाह है,
तूफ़ाँ उठा रहा है यह मुश्ते गुबार[६] क्या।

——

दिल ही की बदौलत रंज भी है दिल ही ही बदौलत राहत भी,
यह दुनियाँ जिस्को कहते हैं दोज़ख़ भी है और जन्नत भी।
अरमान भरे दिल ख़ाक हुए और मौत के तालिब[७] जीते हैं,
अंधेर पै इस दुनियाँ के हमें आती है हँसी भी रिक़्क़त[८] भी।
या ख़ौफ़े ख़ुदा या ख़ौफ़े सक़ा[९] हैं दो ही बयान तेरे वाअज़[१०],
अल्लाह के बन्दे दिल में तेरे है सोज़ो गुदाज़[११] मुहब्बत भी।
जब तक है जवानी का आलम क्या ऐश की मस्ती रहती है,
जब पीरी मौत की लाई ख़बर फिर ज़ुहद[१२] भी है और ताअत[१३] भी।
गिरते ही ज़मीं के दामन में ऐ तिफ़्ल[१४] यह रोना धोना क्या,
दुनियाँ में अगर तू आया है याँ रंज भी है और राहत भी।

———

१ माता की गोद। २ किनारा, कोना। ३ क़ब्र। ४ समूह। ५ ईर्ष्या, द्वेष। ६ मुट्ठी भर मिट्टी। ७ चाहनेवाले। ८ रञ्ज। ९ दोज़ख़ का डर। १० उपदेशक। ११ दुःख, शोक। १२ पाप से परहेज़। १३ भक्ति, पूजा। १४ लड़के।

१९१२ ई०

नये झगड़े निराली काविशें[१] ईजाद[२] करते हैं,
वतन की आबरू अहले वतन[३] बरबाद करते हैं।
हवा में उड़ के सैरे आलमे ईजाद[४] करते हैं,
फ़रिश्ते दंग हैं वह काम आदमज़ाद[५] करते हैं।
मनाए पासे[६] ग़ैरत बुलहविस[७] बरबाद करते हैं,
लबे ख़ामोश को शरमिन्दए फ़रियाद करते हैं।
हवाए ताज़ा पाकर बोस्तां[८] को याद करते हैं,
असीराने क़फ़स[९] वक्ते सहर[१०] फरियाद करते हैं।
जराऐ कंजे मरक़द[११] याद रखना इस हमैयत[१२] को,
कि घर वीरान करके हम तुझे आबाद करते हैं।
हर यक ख़श्ते कुहन[१३] अफ़सानए दैरीना[१४] कहती है,
ज़बाने हाल[१५] से टूटे खंडर फ़रियाद करते हैं।
बलाए जा[१६] हैं यह तस्बीह[१७] औ जुन्नार[१८] के फंदे।
दिले हक़बीं[१९] को हम इस क़ैद से आज़ाद करते हैं॥

---

१ पारस्परिक द्वेष। २ आविष्कृत। ३ स्वदेश के लोग। ४ प्राकृतिक संसार की सैर। ५ आदमी। ६ लज्जारूपी सम्पत्ति। ७ लालची। ८ बाग़। ९ पिंजड़े के कैदी। १० सुबह के वक्त। ११ क़ब्र का कोना। १२ नेकी। १३ पुरानी ईंट। १४ पुरानी कथा। १५ अपनी जिह्वा। १६ जान की आफ़त। १७ माला। १८ यज्ञोपवीत, जनेऊ। १९ सत्य ( परमात्मा ) को देखनेवाला हृदय।

अज़ाँ देते हैं बुतख़ाने में जाकर शान मूमिन[१] से।
हरम[२] में नारए नाक़ूस[३] हम ईजाद करते हैं ॥
निकलकर अपने क़ालिब[४] से नया क़ालिब बसायेगी।
असीरी के लिए हमरूह को आज़ाद करते हैं ॥
मुहब्बत के चमन में मजमए अहबाब[५] रहता है।
नई जन्नत इसी दुनियाँ में हम आबाद करते हैं ॥
नहीं घटती मेरी आँखों में तारीकी[६] शबे ग़म[७] की।
ये तारे रौशनी अपनी अबस[८] बरबाद करते हैं ॥
थके माँदे मुसाफ़िर ज़ुल्मते शामे[९] ग़रीबाँ में।
बहारे जलवए सुबहे वतन[१०] को याद करते हैं ॥
दिले नाशाद रोता है ज़बाँ उफ़ कर नहीं सकती।
कोई सुनता नहीं यों बेनवा[११] फ़रियाद करते हैं ॥
जनाबे शेख़ को यह मश्क है याद इलाही की।
ख़बर होती नहीं दिल को ज़बाँ से याद करते हैं ॥
नज़र आती है दुनियाँ यक इबादत गाह नूरानी[१२]।
सुबह का वक्त है बन्दे ख़ुदा को याद करते हैं ॥
सबक़ उम्रे रवाँ[१३] का दिलनशीं[१४] होने नहीं पाया।

---

१ ईमान लानेवाला। २ घर। ३ शङ्ख की ध्वनि। ४ शरीर। ५ मित्रों का जमघट। ६ अँधेरा। ७ दुःख की रात्रि। ८ व्यर्थ। ९ सन्ध्या के अँधेरे। १० स्वदेश के प्रभात के प्रकाश का दृश्य। ११ ग़रीब। १२ प्रकाशयुक्त मन्दिर। १३ चलती हुई उम्र। १४ दिल में बैठने।

हमेशा भूलते जाते हैं जो कुछ याद करते हैं ॥

ज़माने का मुअल्लिम[१] इम्तहाँ इनका नहीं करता ।

जो आँखें खोलकर यह दर्से[२] हस्ती याद करते हैं ॥

अदब तालीम का जौहर है ज़ेवर है जवानी का ।

वही शागिर्द हैं जो ख़िदमते उस्ताद करते हैं ॥

न जानी क़द्र तेरी उम्रे रफ़्ता[३] हमने कालिज में ।

निकल आते हैं आँसू अब तुझे जब याद करते हैं ॥

१९११ ई०

क़ौम की शीराजाबन्दी[४] का गिला बेकार है ।

तर्ज़े हिन्दू देखकर रंगे मुसलमाँ देखकर ॥

दीदनी[५] है बे ख़ुदी[६] वार.फ़गाने शौक़[७] की ।

हँस रहे हैं ख़ुद ब ख़ुद चाके गरेबाँ देखकर ॥

इन्तशारे क़ौम से जाती रही तस्कीने क़ल्ब[८] ।

नींद रुख़सत हो गई ख़्वाबे परेशाँ[९] देखकर ॥

---

शाद हैं नाशाद हैं या ख़ानु माँ बरबाद[१०] हैं ।

हमसे अच्छे हैं कि ये वह शो तयूर[११] आज़ाद हैं ॥

---

१ विद्वान्, पण्डित । २ जीवन का पाठ । ३ चलती हुई उम्र । ४ एकता । ५ देखनी । ६ बेहोशी । ७ शौक़ में मस्त, तल्लीन । ८ जातीय भेद-भावों से हृदय का धैर्य जाता रहा । ९ बिखरने अर्थात् अलग अलग होने का स्वप्न । १० बे सामान । ११ पशु-पक्षी ।

अबोदाना से क़फ़स[१] के कुछ हमें उल्फ़त नहीं ।
वे परोबाली[२] से अपनी आशिक़े सैयाद[३] हैं ॥

---

पर लगे तहज़ीब[४] को कश्तीए नौ ईजाद[५] से ।
ख़िदमते आबेरवाँ[६] लेता है इन्साँ बाद[७] से ॥

१९११ ई०

रफ़्ता रफ़्ता यह बढ़ा जलवए तस्वीरे बहार[८] ।
सब्ज़ पोशाने चमन[९] बन गये तस्वीरे बहार ॥
बस तेरा हुस्न[१०] रहा क़ैदे लवाज़म[११] से बरी ।
पैकरे गुल[१२] को पिन्हाई गई तस्वीरे बहार ॥
देखना ख़ामए क़ुदरत[१३] की यह रङ्ग आमेज़ी[१४] ।
वरक़े गुल[१५] पै लिखाना महे[१६] तक़दीरे बहार ॥
सुबह दम आई नए आब में है अक्से चमन[१७] ।
खींच दी है यदे क़ुदरत[१८] ने यह तस्वीरे बहार ॥
सैकड़ों फूल खिले पर न कली दिल की खिली ।
हम क़फ़स में नहीं शर्मिन्दए तासीरे बहार[१९] ॥

---

१ पिंजड़ा । २ बिना पर और बाज़ू । ३ शिकारी पर आसक्त । ४ सभ्यता । ५ नवाविष्कृत नौका । ६ बहते हुए पानी का काम । ७ वायु । ८ वासंतिक चित्र का दृश्य । ९ बाग़ के हरे भरे वृक्ष । १० सौन्दर्य । ११ साज सामान । १२ फूल की शक्ल । १३ प्रकृति की लेखनी । १४ रङ्ग भरना । १५ पुष्प के पृष्ठ । १६ चन्द्र । १७ बाग़ की परछाईं । १८ प्रकृति । १९ बहार के प्रभाव से लज्जित ।

अकस मह[१] क़तरए शबनम में है शबनम[२] गुल पर।
पर्दएशब[३] में चमक उठी है तक़दीरे बहार ॥
पर्दए ख़ाक से गुल जाम बकफ़[४] निकला है।
मै[५] की तासीर से कुछ कम नहीं तासीर बहार ॥
मै[६] जवानी है मेरी दिल मेरा मै ख़ाना है,
याँ सुराही है न शीशा है न पैमाना[७] है।
दिले मायूस[८] में कैफ़ीयते उम्मीद कहाँ,
मै के काबिल नहीं टूटा हुआ पैमाना है।

——

दोस्त मरने पै मेरे दादे वफ़ा[९] देते हैं,
हाय किस वक्त मुहब्बत का सिला[१०] देते हैं।
दुश्मनों से भी मुझे तर्क वफ़ा[११] मुश्किल है,
दोस्त बनकर मुझे कमबख़्त दुआ देते हैं।

——

१९११ ई०

किसी को क्या मुआफ़िक़ हो गया गर बाग़बाँ मेरा,
सबा[१२] मेरी, चमन मेरा, चमन में आशियाँ,[१३] मेरा।

---

१ चन्द्र का प्रतिबिम्ब। २ ओस की बूँद। ३ रात्रि का पर्दा। ४ हाथ में प्याला लिये हुए। ५ मद्य। ६ मद्य। ७ प्याला। ८ निराश हृदय। ९ प्रेम की प्रशंसा करते हैं। १० पुरस्कार। ११ भलाई का त्याग। १२ प्रभात की वायु। १३ घोंसला।

मेरे अहबाब पेश आते हैं मुझसे बेवफ़ाई से,
वफ़ादारी में शायद कर रहे हैं इम्तहाँ मेरा।
हुजूमे बेकसी[१] है शामे तनहाई[२] है और मैं हूँ,
सदाए चारागर[३] बरहम[४] न कर दे यह समाँ मेरा।
तहो बाला[५] किया है गर्दिशे आमाल[६] ने मुझको,
न दुश्मन है ज़मीं मेरी न दुश्मन आस्माँ मेरा।
सफ़ाए क़ल्ब[७] से अल्लाह रे इन्सान की अज़मत[८],
फ़रिश्ते चूमते हैं आके संगे आस्ताँ[९] मेरा।
इलाही ख़ैर हो यह क्या सरगुज़िश्ते[१०] दिल सुनायेगा,
लरज़ता[११] है मेरे आँखो में क्यों अश्के रवाँ[१२] मेरा।
यह मातम है मुसव्विर उठ गया गुलज़ार क़ुदरत का।
हर एक ताएर[१३] हर एक बर्गे चमन है नौहा रवाँ मेरा।
न अगली ताज़गी है और न जिद्दत है जवानी की।
पुराना हो गया अफ़सानए उम्रे रवाँ मेरा॥
सफ़र में ज़िन्दगी के सो गया हूँ थक के मंज़िल पर।
अजल के नाम से बदनाम है ख्वाबे गराँ मेरा।
चमन को छोड़ दूँ यह बदनसीबी का इशारा है।

---

१ ग़रीबी का जमघट। २ अकेले की सन्ध्या। ३ दुःख से छूटने का उपाय, खोजनेवाली पुकार। ४ तितर बितर। ५ बरबाद। ६ कर्मों। ७ हृदय की स्वच्छता। ८ प्रतिष्ठा, गौरव। ९ चौखट का पत्थर। १० हृदय की पिछली कहानी। ११ काँपता १२ बहता हुआ आँसू। १३ पक्षी।

वही मुरझा गई जिस शाख़ पर था आशियाँ मेरा ॥
असीरी है ज़बाँ से मेरी सुनकर राज़े आज़ादी ।
गरेबाँ फाड़ कर सर धुन रहा है पासबाँ मेरा ॥
इलाही ख़ैर हो मैंने क़फ़स में ख़्वाब देखा है ।
कि शमअए सहने गुलशन बन गया है आशियाँ मेरा ।
वतन में बेवतन मुझको किया है इक फ़िसूँगर[1] ने ।
न मैं हिन्दोस्ताँ का हूँ न है हिन्दोस्ताँ मेरा ॥
तमन्ना अब किसे बाक़ी है असराफ़े मआनी[2] की ।
बहुत लुटता रहा सरमाये लुत्फ़े बयाँ मेरा ॥
इलाही ख़ैर हो क्या सर गुज़श्ते दिल सुनाएगा ।
लरज़ता है मेरी आँखों में क्यों अश्के रवाँ मेरा ॥

———

मुल्क में दौलत नहीं बाक़ी दवा के वास्ते ।
हाथ ख़ाली रह गये हैं अब दुआ के वास्ते ॥
ख़ुदपरस्तों[3] से हबीबाने ख़ुदा[4] का कौल है ।
हम वफ़ा के वास्त हैं तुम जफ़ा[5] के वास्ते ।
आबो आतिश[6] की ग़ुलामी पर बशर कानअ़[7] नहीं ।
हो रही है फ़िक्र तसख़ीरे हवा[8] के वास्ते ॥

---

१ जादूगर । २ शायरी का धन ख़रचना । ३ अभिमानियों । ४ भगवद्भक्तों । ५ अत्याचार । ६ जल और अग्नि । ७ आदमी सन्तुष्ट नहीं । ८ वायु को अधिकृत करने ।

मुर्दा दिल ज़िन्दा जफ़ाए ज़िन्दगी[१] सहने को हैं।
मरनेवाले मर गये पासे वफ़ा[२] के वास्ते।

——

रञ्जो राहत का सबब दुनियाँ में कुछ पाया नहीं,
हश्र[३] में हम साफ़ कह देंगे ख़ुदा के सामने।
गुल नहीं तो बूय गुल ही से मुअत्तर[४] हो दिमाग़,
कोई रख देना कफ़स[५] मेरा हवा के सामने॥

——

आशना[६] हों कान क्या इन्सान की फ़रियाद से,
शेख़ को फ़ुर्सत नहीं मिलती ख़ुदा की याद से।

——

१९१९ ई०

पञ्जाब के मार्शल ला के समय छापी गई।

उसे यह फ़िक्र है हरदम नया तरज़े जफ़ा[७] क्या है।
हमें यह शौक है देखें सितम की इन्तहा क्या है।
गुनहगारों में शामिल हैं गुनाहों से नहीं वाक़िफ़।
सज़ा को जानते हैं हम ख़ुदा जाने ख़ता क्या है।
यह रंगे बेकसी रंगे जुनूं बन जायगा ग़ाफ़िल।
समझ ले यासो[८] हिरमां[९] के मरज़ की इन्तहा क्या है।

---

१ जीवन के अत्याचार। २ प्रीति-व्यवहार। ३ प्रलय के दिन ४ सुगन्धित। ५ पींजड़ा। ६ परिचित। ७ ज़ुल्म। ८ निराशा। ९ शोक।

नया बिस्मिल हूँ मैं वाकिफ़ नहीं रस्मे शहादत से।
बता दे तू ही ऐ ज़ालिम तड़पने की अदा क्या है।
चमकता है सहीदों का लहू क़ुदरत के परदे में।
शफ़क़ का हुस्न क्या है फूल की रङ्गी क़बा[1] क्या है।
उमीदें मिल गईं मिट्टी में दर्दे ज़ब्त आख़िर है।
सदाए ग़ैब बतला दे मुझे हुक्मे ख़ुदा क्या है॥
हैफ़[2] जीने की तो एक, आध घड़ी बाक़ी है।
मैं मेरे हिस्से को शीशे में भरी बाक़ी है॥
मौत कहती है कि बेकार है तदबीर इलाज।
दोस्त कहते हैं कि उम्मीद अभी बाक़ी है॥
मौत के रंग से मिटता है कहीं रंगे शब।
ज़र्द चेहरे प जवानी की हँसी बाक़ी है॥
ज़िन्दगी नाम था जिसका उसे खो बैठे हम।
अब उमीदों की फ़क़त जलवा[3] गरी बाक़ी है॥

---

## क़ता

पाब[4] ज़ञ्जीर नक़ाहत[5] से हूँ मजबूरी है।
कशिशे[6] बज़्म[7] सख़ुन[8] से मुझे इन्कार नहीं॥

---

१ जामा। २ शोक। ३ चमत्कार। ४ पैरों में। ५ बीमारी की कमज़ोरी। ६ खींचने की शक्ति। ७ समाज। ८ कविता।

तन ख़ाकी परे परवाज़[१] कहाँ से लाए।
दिल तड़पता है क़दम माइले[२] रफ़तार[३] नहीं॥
बाकमालों[४] की ज़ियारत[५] हो तमन्ना[६] थी यही।
वरना मुझको हवसे गरमिये बाज़ार नहीं॥
मनज़िले[७] ऐश[८] मुझे गोशाए[९] गुमनामी है।
दिल वह यूसुफ है जिसे फ़िक्र ख़रीदार नहीं॥
रौनक़े[१०] बज़्म[११] नहीं मेरे क़दम की मोहताज।
फ़िक्र बेकार है फूलों में अगर ख़ार[१२] नहीं॥
ज़िक्र क्यों आएगा बज़्मशोअरा[१३] में अपना।
मैं तख़ल्लुस[१४] का भी दुनिया में गुनहगार नहीं॥

---

## जलवए मअरफ़त।

### फ़लस्फ़-ए वेद।

फ़ैज़े क़ुदरत[१५] से जो तक़दीर खुली आलम की,
साहिले हिन्द[१६] पै वहदत[१७] की तजल्ली[१८] चमकी।
मिट गई जहल[१९] की शब सुबह का तारा चमका,

---

१ उड़ने के लिए। २ रुजू। ३ चलने को। ४ योग्य पुरुषों। ५ दर्शन। ६ इच्छा। ७ आदर्श। ८ सुख। ९ कोना। १० शोभा। ११ समाज। १२ काँटा। १३ कवि-समाज। १४ उपनाम। १५ प्राकृतिक उदारता। १६ भारतीय किनारा। १७ एकत्व। १८ प्रकाश। १९ मूर्खता की रात्रि।

आर्यावर्त की क़िस्मत का सितारा चमका।
अहले दिल पर हुई कैफ़ीयते इरफ़ाँ[१] तारी[२],
जिनसे दुनियाँ में हुईं दीन की नहरें जारी।
थीं खुली जलवा[३] गहे ख़ास में राहें उनकी,
वाक़िफ़े राज़े हक़ीक़त[४] थीं निगाहें उनकी।
अर्श[५] से उनके लिए नूरे ख़ुदा[६] आया था,
बन्दएख़ास[७] थे ऋषियों का लक़ब[८] पाया था।
वेद उनके दिले हक कैश[९] की तस्वीरें हैं,
जलवए क़ुदरते माबूद[१०] की तफसीरें[११] हैं।
ऐन कसरत में यह वहदत[१२] का सबक़ वेद में है,
एक ही नूर है जो जर्र-ओ खुरशेद[१३] में है।
जिनसे इन्सान में है जोशे जवानी पैदा,
उसी जौहर से है मौजों[१४] में रवानी[१५] पैदा।
रंगे गुलशन में फ़िजा[१६] दामने कुहसार[१७] में है,
ख़ूँ रगे गुल में है नश्तर की ख़लिश[१८] ख़ार[१९] में है।

---

१ ईश्वर को पहिचानना। २ छाई। ३ ईश्वरीय प्रकाश का क्षेत्र। ४ वास्तविक रहस्य। ५ आकाश। ६ ईश्वरीय प्रकाश। ७ विशेष भक्त। ८ उपाधि। ९ सच्चे स्वभाव का हृदय। १० ईश्वरीय प्रकृति का प्रकाश। ११ वर्णन। १२ एकत्व। १३ बालुकण और सूर्य। १४ लहरों। १५ बहाव। १६ बहार। १७ पर्वतों की गोद। १८ घाव। १९ काँटा।

तमकनत[१] हुस्न में है जोश है दीवाने में,
रौशनी शमअ[२] में है नूर है परवाने में।
रंगो बू हो के समाया वही गुलज़ारों में,
अब्र बनकर वही बरसा किया कुहसारों[३] में।
शौक़ होकर दिले मजज़ूब[४] पै छाया है वही,
दर्द बनकर दिले शायर में समाया है वही।
नूरे ईमां[५] से जो पैदा हो सफ़ा[६] सीने में,
अक्स[७] इसका नज़र आता है इस आईने मे॥

---

क़िता।

कल सरे शाम मेरे सामने यक मर्द बुज़ुर्ग,
आलमे ग़ैज़[८] में इस तरह हुए गर्म सख़ुन[९]।
आपने हज़रते गुर्टू * का लड़कपन देखा,
तज दिया ख़िदमते कालिज के लिए तन मन धन।
कुछ समझ में नहीं आता है यह इन्हें क्या सूझी,
कौन ज़ीहोश[१०] कहेगा इसे कारे अहसन[११]।

---

१ सजधज। २ बत्ती। ३ पर्वतों। ४ फ़क़ीर। ५ ईमान का प्रकाश। ६ सफ़ाई। ७ परछाईं। ८ क्रोध की दशा। ९ क्रोध में आकर बात करना।

* पं० इक़बाल नारायण गुर्टू ने वकालत छोड़कर हिन्दू कालिज बनारस में बिना वेतन काम करने का भार लिया था। उस समय यह कविता रची गई थी। १० बुद्धिमान्। ११ अच्छा काम।

छोड़ दी ख़्वाहिशे ज़र[1] तर्क किया ऐशे शबाब[2],
गर यह संन्यास नहीं है तो है क्या हज़रत[3] मन।
दौलते इल्म भी थी दौलते दुनियाँ भी थी,
लहलहाता था जवानी की उमङ्गों का चमन।
रहते सरगर्म तिजारत[4] कि वकालत करते,
हर तरह गौहरे मक़सूद[5] से भरते दामन।
पर अजब चीज़ है यह आपका हुब्बे क़ौमी[6],
रौशनी तबअ[7] की हो जाती है बर्क़ेख़िरमन[8]।
और भी पीरो जवाँ[9] क़ौम में हैं साहबज़र[10],
अपने सर एक भी लेता नहीं ऐसी उलझन।
फ़िक्रज़र[11] से नहीं पीरी में भी रहते ग़ाफिल[12],
तर्क[13] करते हैं वकालत न हैं लेते पेन्शन।
ख़िदमते क़ौम तो यक शुग़ल[14] है बेकारों का;
या जो मुफ़लिस[15] हैं मुबारक रहे उनको यह चलन।

---

१ धन की इच्छा। २ जवानी का ऐश। ३ सम्बोधन मेरे हज़रत। ४ व्यापार में तत्पर। ५ अभीष्ट मोती। ६ जातीय प्रेम। ७ तबीयत। ८ खलिहान पर पड़नेवाली बिजली। ९ वृद्ध युवा। १० दौलतमन्द। ११ धन की चिन्ता। १२ बेख़बर। १३ त्याग। १४ धन्धा। १५ ग़रीब।

सुनके यह क़िस्सए बेदर्दि-ए अबनाए ज़माँ[१],
याद आई मुझे उस्ताद की यह बैत कुहन[२] ।
ऐ[३] कि आगाह नई हालते दुरवेशांरा,
तू चिदानी कि चिसौदा वसरअस्त एशाँरा ।

---

१ ज़माने के लोगों की बेदर्दी की कहानी । २ पुरानी शेर । (पद) । ३ ऐ वह मनुष्य जो कि दरवेशों की दशा को नहीं जानता तू क्या जान सकता है कि उनको क्या सौदा और क्या धुन है ।

# पाँचवाँ भाग ।

## मश्क़े इब्तिदाई का कलाम ।

### मुरक़्क़ए इबरत* ।

१८९८ ई०

तमहीद ।

हाँ नूरे अज़ल[१] जलव-ए गुफ़्तार[२] दिखा दे,
हाँ, शमअ ज़बाँ[३] मतलए अनवार[४] दिखा दे ।
हाँ तबअ रवाँ[५] कुलज़ुमे[६] ज़ख़्ख़ार दिखा दे,
हाँ रंगे सख़ुन[७] गुलशने बेख़ार[८] दिखा दे ।
गुलज़ार मआनी[९] का महकता नज़र आये,
तूती चमनिस्ताँ[१०] में चहकता नज़र आये ।

---

* यह कविता "अंजुमन नौ जवानाने कश्मीर" के वार्षिकोत्सव में कुछ समय बाद पढ़ी गई थी ।

१ सदा रहनेवाला प्रकाश । २ वाक्शक्ति । ३ जिह्वारूपी चिराग़ । ४ प्रकाशमय अथवा नक्षत्रमय आकाश । ५ बहती हुई तबीयत । ६ स्वर्गलोक की नदी । ७ काव्य का रंग । ८ बिना काँटे का बाग़ । ९ सारगर्भित कविता का उद्यान १० बाग़ ।

हो हुस्ने बयाँ[१] में चमनिस्ताँ का तजम्मुल[२],
हर नुक़तए रङ्गीन[३] नज़र आय सिफ़्तेगुल[४]।
हर मानिए पेचीदा[५] बने तुर्रए सुंबुल[६],
आशिक़ हों सखुन[७] पर जो सुने सूरते बुलबुल।
जो शेर हो तूबा[८] का वह सानी[९] नज़र आये,
कौसर[१०] की तबीयत में रवानी नज़र आये।
हाँ, तबअ रसा[११] ख़ातिरे अहबाब[१२] है मंजूर,
बस शर्म का बुर्क़ा[१३] रुखे मानी[१४] से हो अब दूर।
दिखला दे सरे बज़म[१५] तजल्लीए सरे तूर[१६]
ग़श[१७] सूरते मूसा हों जो सुन पायँ यह मज़कूर[१८]।
मुनकिर[१९] जो है फ़िरऊँ सिफ़त[२०] ऐजाज़ सखुन[२१] के,
हों आज वह क़ायल मेरे अन्दाज़ सखन[२२] के।

---

१ कहने की ख़ूबी। २ सजाव। ३ रंगीन बिन्दु। ४ फूल की तरह। ५ कठिन अर्थ। ६ एक सुगंधित घास। ७ कविता। ८ स्वर्ग का सुगंधित वृक्ष। ९ बराबर, समान (द्वितीय)। १० बहिश्त के एक हौज़ का नाम है। ११ चलती तबीयत। १२ मित्रों का सम्मान। १३ पर्दा। १४ अर्थपूर्ण शब्दों के मुख से। १५ महफ़िल में। १६ तूर पर्वत का सा प्रकाश [ मुसलमानों के विश्वास के अनुसार हज़रत मूसा ने तूर पर्वत पर ईश्वरीय प्रकाश देखा था ]। १७ मूर्च्छित। १८ बयान। १९ न माननेवाले। २० फ़िरऊन [ एक नास्तिक बादशाह ] की तरह। २१ काव्य की प्रशंसा। २२ कविता का ढंग।

हाँ तान-ओ-तश्नीअ[१] की पर्वा नहीं मुझको,
तह्सीनो सतायश[२] की तमन्ना नहीं मुझको।
नैरङ्गिए इफ़्लाक[३] का शिकवा नहीं मुझको,
कुछ फ़िक्र हो शुहरत की यह सौदा[४] नहीं मुझको।
डूबा हुआ हूँ मिस्ले सखुन रङ्गे सखुन में,
गुल होके मैं रहता हूँ लताफ़त[५] के चमन में।
उस वक़्त का अब होश भी पूरा नहीं ज़िनहार[६],
सरमस्त[७] मुझे रखती है जब से मये अशआर[८]।
लेकिन न रहा मुझको तअल्ली[९] से सरोकार,
है मेरी खमोशी पै फ़िदा[१०] आलमे गुफ्तार[११]।
इस मैं ने कुछ ऐसा मुझे मदहोश किया है,
खुद अपने तईं मैंने फ़रामोश[१२] किया है।
आलम से जुदा है मेरी तक़रीर का आलम[१३]
बदबीनो[१४] पै हैरत है तस्वीर का आलम।
रङ्गीन सखुनी[१५] से है यह तहरीर का आलम,
हर सफह पै है गुलशने कश्मीर का आलम।

---

१ लानत मलामत। २ शाबाशी, वाहवाही। ३ आकाश का चक्कर अथवा भाग्य-परिवर्तन। ४ लगन। ५ सौन्दर्य। ६ कदापि। ७ मतवाला। ८ काव्यरूपी मद्य। ९ कवि स्वयम् अपनी प्रशंसा में जो पद्य लिखते हैं। १० आसक्त। ११ वाक्शक्ति। १२ विस्मृत। १३ बोलने की हालत। १४ बुराइयों पर दृष्टि डालनेवाले। १५ काव्य का सौन्दर्य।

कैफ़ीयते गुलज़ार[१] समाई है नज़र में,
इस ख़त्तए दिलकश[२] का है सौदा[३] मेरे सर में।
मुहताज नहीं वस्फ़[४] का यह ख़त्तए दिलगीर[५],
है रूकशे गुलज़ार जिनाँ[६] गुलशने कशमीर।
फ़िरदौस बरीं[७] इसकी है बिगड़ी हुई तस्वीर,
वाँ मौजे हवा[८] में दमे ईसा[९] की है तासीर।
हर सोख़्ता जाने कि ब कशमीर दर आयद,
गर मुर्ग़ कबाब अस्त कि बाबा लो पर आयद[१०]।

---

## कशमीर।

पानी में है चश्मों[११] के असर आबे बक़ा[१२] का,
हर नख़्ल[१३] पै आलम[१४] ख़िज़रे सब्ज़ क़बा[१५] का।
जो फूल है गुलशन में वह है नूर ख़ुदा का,
साये में शजर[१६] के है असर ज़िल्ले हुमा[१७] का।

१ उद्यान का दृश्य। २ चित्ताकर्षक प्रदेश। ३ लगन। ४ गुण। ५ दिल को लुभानेवाला भू-भाग। ६ स्वर्ग के उद्यान को लज्जित करनेवाला। ७ स्वर्ग। ८ हवा की लहर। ९ ईसा की श्वास। १० सब भलीभाँति जानते है कि काशमीर आने से बिलकुल मुर्दे चिड़िया को भी बाल और पर आ जाते हैं। ११ स्रोत। १२ अमृत। १३ वृक्ष। १४ दृश्य। १५ हरी पोशाक। १६ वृक्ष। १७ हुमा (एक पक्षी के साये का)।

मुब्दाय करमे आम[१] की हर जूय[२] रवाँ है,
सर चश्मए फ़ैज़े चमन आराय जहाँ[३] है ॥
वह मौजे हवा[४] का हरकत अब्र[५] को देना,
चश्मों[६] से पहाड़ों के वह उड़ता हुआ फेना।
गाते हुए मल्लाहों का वह किशतयाँ[७] खेना,
उल[८] का वह सरे शाम इधर करवटें लेना।
वह अकस[९] चिराग़ों का झलकता नज़र आना,
पानी का सितारा भी चमकता नज़र आना।
हर लाल ओ कुहसार[१०] है शक्ले गुले राहत[११],
दाग़ उसके हैं ख़ाले रुख़े हुराय मसर्रत[१२]।
क्या सबज़ए ख़ुश रंग[१३] है सरमाय ये इशरत[१४],
दिल के लिए ठंडक है जिगर के लिए फ़रहत[१५]।
ऐसा नहीं क़ुदरत ने किया फ़र्श कहीं पर,
इस रंग का सब्ज़ा ही नहीं रूय ज़मीं[१६] पर ॥
वह सुबह को कुहसार[१७] में फूलों का महकना,
वह झाड़ियों की आड़ में चिड़ियों का चहकना।

---

१ ईश्वरीय उदारता। २ नदी। ३ दुनिया के बाग़ को सुधारने वाला परमात्मा। ४ वायु की लहर। ५ बादल। ६ स्रोतों। ७ नावें। ८ एक झील। ९ परछाईं। १० हरे मैदान, पर्वत। ११ आराम का फूल। १२ मोदरूपी अप्सरा के मुँह का तिल। १३ अच्छे रङ्ग की हरियाली। १४ ऐश का सामान। १५ बहलावा। १६ भूतल। १७ पर्वतों की घाटी।

गरदूँ[१] पै शफ़क़[२] कोह[३] पै लालों का लहकना,
मस्तों की तरह अब्र[४] के टुकड़ों का बहकना।
हर फूल की जुंबिश[५] से अयाँ[६] नाज़[७] परी का,
चलना वह वे पाँव नसीमे सहरी[८] का ॥
वह तायरे कुहसार[९] लबे चश्मए कुहसार[१०],
वह सर्द हवा वह करमे अब्र गुहरबार[११]।
वह मेवए ख़ुश रंग वह सर सब्ज़ चमन ज़ार[१२],
एक आन[१३] में सेहत हो जो बरसों का हो बीमार।
यह बागे वतन रूकशे गुलज़ार जिनाँ[१४] है,
सरमायये नाज़े चमन आराम जहाँ[१५] है।
है ख़त्तए सर सब्ज[१६] में यक नूर का आलम,
हर शाख़ो शजर[१७] पर शजरे तूर[१८] का आलम।
पर वीं[१९] है यह है ख़ोशा-ए[२०] अंगूर का आलम,
हर ख़ार[२१] पै भी है मिज़ए हूर[२२] का आलम।

---

१ आकाश। २ प्रभात के पीले बादल। ३ पहाड़। ४ बादल। ५ हिलने। ६ प्रकट। ७ गर्व। ८ प्रभाती वायु। ९ पहाड़ी पक्षी। १० पहाड़ी स्रोतों के किनारे। ११ मोती बरसानेवाला बादल। १२ हरा भरा उद्यान। १३ घड़ी। १४ स्वर्ग के उद्यान को लज्जित करनेवाला। १५ दुनिया के बाग़ को सजानेवाला परमात्मा। १६ हरा भरा मैदान। १७ डाल और वृक्ष। १८ तूर के वृक्ष। १९ नक्षत्रों का नाम। २० अंगूरों के गुच्छे। २१ कंटक। २२ परियों की भौंह।

निकली न सदा ऐसी मुग़न्नी[1] के गिलू[2] से,
आती है जो आवाज़ तरे नम लबे[3] जू से।
मेवों से गर अम्बार[4] वह अशजार[5] के डाले,
बिखरे हुए वह दामने कुहसार[6] के लाले।
उड़ते हुए बालाय हवा[7] बर्फ़ के भाले,
देखे जो कोई दूर से हैं रुई के गाले।
वह अब्र के लक्कों[8] का तमाशा शजरों में,
झरनों की सदाएँ वह पहाड़ों के दरों में॥
छूटे हुए इस बाग़ को गुज़रा है ज़माना,
ताज़ा है मगर इस्की मुहब्बत का फ़िसाना[9]।
आलम ने शरफ़[10] जिनकी बुज़ुर्गी का है माना,
उट्ठे थे इसी ख़ाक़ से वह आलिमो दाना[11]।
तन जिनका है पयवन्द[12] अब इस पाक जमीं का,
रग रग में हमारी है रवाँ ख़ून उन्हीं का॥
हाँ, मैं भी हूँ बुलबुल उसी शादाब[13] चमन का,
है चशमए फ़िरदौस[14] यह आलम है दहन[15] का।
किस तरह न सर सब्ज़ हो गुलज़ार सखुन[16] का,
है रंग तबीयत में चमनज़ार वतन का।

---

१ गवैया। २ गले। ३ दरिया के किनारे से। ४ ढेर। ५ वृक्षों। ६ पर्वत के अंचल। ७ वायु पर। ८ टुकड़ों। ९ कहानी। १० प्रतिष्ठा। ११ विद्वान्, बुद्धिमान्। १२ प्योंदा, जोड़। १३ हरे भरे। १४ स्वर्ग का सोता। १५ मुँह। १६ काव्य का उद्यान।

ताज़े हैं माज़मों[१] भी तबीयत भी हरी है,
हाँ, गुलशने क़ौमी[२] की हवा सर में भरी है ॥

---

## क़ौम की हालत ।

है लब[३] पै मेरे उल्फ़ते क़ौमी का तराना,
आइनए कैफ़ीयते नैरंग ज़माना[४] ।
हाँ, गोशे हक़ीक़त[५] से सुनें आक़िलो दाना
तक़दीर की गर्दिश[६] का यह पुरदर्द[७] फ़िसाना ।
किस औज[८] से इस क़ौम का क्या हाल हुआ है,
किस तरह यह गुलशन मेरा पामाल[९] हुआ है ।
ख़ामोश था जो लब वही सर गर्मे फुगाँ[१०] है,
जो आग थी सीने में निहाँ[११] आज अयाँ[१२] है ।
बिस्मिल[१३] की तरह ख़ातिरे नाशाद[१४] तपाँ[१५] है,
हर मद्दे नफ़स[१६] सूरते शमशेर[१७] रवाँ है ।
लख़्ते बुरद अज़मन गुज़रद हर कि ज़पेशम,
मन क़ाश फ़रोशे दिले सद पारए ख़ेशम[१८] ।

---

१ मज़मून । २ जातीय बाग़ । ३ होठ । ४ समय के परिवर्तन का दृश्य ५ सच्चे कानों । ६ भाग्य का फेर । ७ दुःखभरी कथा । ८ उच्चता ९ बरबाद । १० रोने चिल्लाने में संलग्न । ११ गुप्त । १२ प्रकट १३ तड़पता हुआ । १४ दुःखी हृदय । १५ जलता हुआ । १६ साँ की कशिश । १७ तलवार की तरह । १८ अपना ।

है क़ौम पै छाया हुआ यह अब्रे नहूसत[१],
नज़रों से है पिनहा[२] रुख़े ख़ुरशैद[३] सआदत[४]।
मैदान तरक्क़ी से क़दम करते हैं रुजअत[५],
साये की तरह साथ है अदबार[६] की सूरत।
वह बारे अलम[७] है कि उठाया नहीं जाता,
बिगड़ा है वह नक़शा कि बनाया नहीं जाता।
पीरों में नहीं रोशनीए चश्मे बसीरत[८],
उनक़ा[९] है जवानों में जवाँ मर्दिओ हिम्मत[१०]।
गुमराह[११] हुए जाते हैं ख़ुद खिज़रे तरीक़त[१२],
हर सफ़हे दिल[१३] से है मिटा हर्फ़ मुहब्बत।
बाक़ी है कहाँ नामों निशाँ महरो वफ़ा[१४] का,
कुछ रङ्ग ही बदला नज़र आता है हवा का।

---

## नौजवानों की हालत।

मौजूद है जिन बाज़ुओं में ज़ोरे जवानी,
तूफ़ाँ से उन्हें किश्तिए क़ौमी[१५] है बचानी।

---

१ बदनसीबी के बादल। २ गुप्त। ३ सूर्य का मुख। ४ सत् स्वभाव। ५ लौटना। ६ बदनसीबी। ७ दुःख का भार। ८ देखनेवाली आँख का प्रकाश। ९ एक पक्षी, आशय—नापैद। १० साहस और वीरता। ११ भूले हुए। १२ पथ-प्रदर्शक, नेता लोग। १३ हृदयपट। १४ प्रीति-व्यवहार। १५ जातीय नौका।

पर है मए ग़फ़लत[१] से सरों में यह गरानी[२],
आराम पसन्दी में यह रखते नहीं सानी[३]।
पहलू में किसी के दिले दीवाना नहीं है,
हैं मर्द मगर हिम्मते मर्दाना नहीं है।
इबरत[४] नहीं देता इन्हें नैरङ्ग ज़माना,
उम्र इनकी फ़क़त लहू लअ़ब[५] का है फ़िसाना[६]।
तालीम कहाँ और कहाँ सुहबते दाना[७],
बस पेशे नज़र रहता है आईन ओ शाना[८]।
गह[९] रुख़[१०] पै गहे मूय परीशाँ[११] पै नज़र है,
यक शुग़्ल[१२] यही इनके लिए शामो सहर है।
मिट्टी में ये क़ुदरत के अती-ए[१३] हैं मिलाते,
कुछ नश्वो नुमा[१४] जौहरे ज़ाती[१५] नहीं पाते।
इज़्ज़त जो बुज़ुर्गों की है वह भी हैं गँवाते,
बाज़ारों में दौलत हैं जवानी की लुटाते।
काशान-ए तहज़ीब[१६] संवरता नहीं दम भर,
वह नशा चढ़ा है कि उतरता नहीं दम भर।

---

१ बेख़बरी की शराब। २ भारीपन, मस्ती। ३ मिसाल। ४ भय। ५ खेल-कूद। ६ कहानी। ७ बुद्धिमानों का संग। ८ कंघा और शीशा। ९ कभी। १० मुँह। ११ बिखरे हुए बाल। १२ धंधा। १३ प्रकृति के दिये हुए पदार्थ। १४ वृद्धि। १५ निज के गुण। १६ तहज़ीब का झोंपड़ा।

पासे अदबो हुस्नो लियाक़त[१] नहीं रखते,
पाकीज़-ओ पुरजोश[२] तबीयत नहीं रखते।
आँखों के लिए सुर्मए इबरत[३] नहीं रखते,
दिल रखते हैं पर दर्दे मुहब्बत नहीं रखते।
क्या ग़म चमने क़ौम का वीराँ[४] कि हरा है,
नखवत[५] की हवा से सरे शोरीदा[६] भरा है।
हिम्मत नहीं लेकिन दिले पुरजोश पै नाज़ाँ[७],
बेहोशी ख़िरद[८] हैं ख़िरदो होश पै नाज़ाँ।
बद शक्ल हैं पर चश्मो लबो गोश[९] पै नाजाँ,
कम ज़र्फ़[१०] कोई अपने तनो तोश[११] पै नाज़ाँ।
नैरङ्गिए अफ़लाक[१२] का डर इनको नहीं है,
फ़िरऊन है मूसा की ख़बर इनको नहीं है।
मुफ़लिस[१३] हैं मगर ख़ब्त[१४] अमीरों से सवा है,
अच्छे यह असीरे क़फ़से हिरसो हवा[१५] हैं।
ना[१६] के तालिब हैं न पाबन्दे हया[१७] हैं,
सीरत[१८] से ग़रज़ कुछ नहीं सूरत पै फ़िदा[१९] हैं।

---

१ शिष्टाचार, सुयोग्यता के विचार। २ पवित्र, और उत्साह से पूरित। ३ उपदेश का अंजन। ४ उजाड़। ५ घमंड। ६ सताया हुआ। ७ अभिमान करनेवाले। ८ बिना चेत और बिना बुद्धि के। ९ आँख, होठ और कान। १० तुच्छ। ११ शरीर, वस्त्र आदि। १२ भाग्य के फेर। १३ ग़रीब। १४ सिरंपन। १५ लोभ के पींजड़े में क़ैद। १६ नेकनामी। १७ लजावान्। १८ स्वभाव। १९ आसक्त।

परवा नहीं माँगे का अगर जाम-ए-तन[१] हो,
सौदा[२] है तो यह है कि न दामन पै शिकन हो ।
खुद शाने रियासत[३] ने हुए जाते हैं बरबाद,
गो हुजरए कुल्फ़त[४] में कुढ़े मादरे नाशाद[५] ।
देखे न सुने खल्क[६] में इस तरह के आज़ाद,
क्या बायसे इबरत[७] हो इन्हें कौम को फ़रियाद ।
जो शर्म से मैले न हों तेवर[८] हैं यह इनके,
"दिल रखते हैं फ़ौलाद का जौहर हैं ये इनके" ।
बस नफ़्स परस्ती[९] को समझते हैं यह राहत[१०],
हिस्से में नहीं इनके जवानी की लताफ़त[११] ।
वह जौहरे आली[१२] हैं न वह हुस्ने लियाक़त[१३],
जिनसे कि है पानी परे परवाज़[१४] तबीयत ।
आता है नज़र है और समाँ[१५] अर्जो समा[१६] में,
उड़ता है बशर[१७] आलमे बाला[१८] की हवा में ।
रग रग में वह बिजली की तरह खू की रवानी,
हर मूय बदन[१९] जिससे रगे जाँ[२०] का हो सानी[२१] ।

---

१ तन का वस्त्र । २ खब्त । ३ रियासत की शान । ४ तकलीफ़ की कोठरी । ५ दुःखी माँ । ६ दुनियाँ । ७ भय का कारण । ८ निगाहें । ९ इच्छाओं की पूर्ति । १० आराम । ११ आनन्द । १२ उच्च गुण । १३ विद्वत्ता, योग्यता । १४ उड़ने की शक्ति । १५ दृश्य । १६ पृथ्वी और आकाश । १७ आदमी । १८ ऊँची दुनियाँ । १९ शरीर का बाल । २० प्राणों का रग । २१ मिसाल का ।

अल्लाह रे बहारे चमनिस्तान जवानी[1],
चलती नहीं भूले से यहाँ बादे ख़िज़ानी[2]।
तारीफ़ हो क्या इस चमनिस्ताँ के समर[3] की,
काँटे में भी जिस्के हैं नज़ाकत गुलेतर[4] की
लेकिन नहीं यह ताज़ा समर इनको मयस्सर,
तारीफ़ में जिस्की है फरिश्तों की ज़बाँ तर।
गो बाग़ जवानी की हवा के हैं यह खूगर[5],
फूलों से नहीं इसके दिमाग़ इनका मुअत्तर[6]।
दरपेश इन्हें आलमे ग़ुरबत[7] है वतन में,
बेगाना है सब्ज़ की तरह रह के चमन में।
जो साहबे तहज़ीब[8] है और साहबे जौहर[9],
उनमें भी नहीं क़ौम के हमदर्द मयस्सर।
है सरमें हवा हिर्स की दिल में हविसेज़र[10],
दुनियाँ के यह हामी[11] हैं न हैं क़ौम के रहबर[12]।
बस ज़र[13] की परस्तिश[14] इन्हें फ़र्ज़े अज़ली[15] है,
बुत है तो यही है जो ख़ुदा है तो यही है।

———

१ जवानी के बाग़ की बहार। २ शिशिर की वायु। ३ फल। ४ फूल। ५ आदी। ६ सुगन्धमय। ७ ग़रीबी की हालत। ८ सभ्य, सज्जन। ९ गुणी। १० धन की लालच। ११ सहायक। १२ अगुआ, पथ-प्रदर्शक। १३ द्रव्य। १४ पूजा। १५ प्रधान कर्त्तव्य।

# दौलत।

कह्ते थे बुरा ज़र को शखुन संज[१] पुराने,
उन लोगों के हमराह गये उनके ज़माने।
वह् फ़लिस्फ़ ओ इल्मो अदब[२] अब हैं फ़िसाने[३],
बदला है नया रङ्ग ज़माने की हवा ने।
दौलत से है अब ज़ीनते काशान-ए-तह्ज़ीब[४],
कह्ते हैं इसे शमअ[५] जलूख़ानए तह्ज़ीब[६]।
मिट जाने पै भी नामोनिशाँ रह्ता है इस से,
सर चश्मए उम्मीद[७] रवाँ रहता है इस से।
ताज़ा चमने ताबो तवाँ[८] रह्ता है इससे,
पीरी में भी इन्सान जवाँ रह्ता है इससे।
हर रङ्ग में यह ताज़गिए क़ल्बोजिगर[९] है,
है सुलह[१०] में शमशेर[११] लड़ाई में सिपर[१२] है।
कोशिश कभी ज़रदार[१३] की जाती नहीं बेसूद[१४],
रह्ता है सदा साया फ़िगन[१५] ताल ए मसऊद[१६]।

---

१ पुराने कवि, विद्वान्। २ विद्या, शिष्टता। ३ कहानियाँ। ४ सभ्यता के घर की शोभा। ५ चिराग़। ६ सभ्यता का घर। ७ आशा का स्रोत। ८ शक्ति, बल। ९ हृदय और कलेजा। १० सलाह। ११ तलवार। १२ ढाल। १३ मालदार। १४ व्यर्थ। १५ सया डालनेवाला। १६ नसीब।

इन्सान की नीयत में अगर शर[1] न हो मौजूद,
जर हाथ में इसके है कलेदे[2] दूरे मक़सूद[3]।
कब गौहरे उम्मीद[4] को रोला नहीं इसने,
था कौन सा दर बन्द जो खोला नहीं इसने।
हों तालिबे तहक़ीक़[5] कि दिलदाद-ए तालीम[6],
ख़म[7]सामने दौलत के है सब का सरे तसलीम[8]।
सुनते हैं उन्हीं के लिए है कौसरो तसनीम[9],
याँ जो रहे मौला[10] में लुटाते है ज़रोसीम[11]।
दुनिया ही में कुछ ज़िक्र नहीं ताज़ा है इसका,
दरबार में अल्लाह के आवाज़ह[12] है इसका।
लेकिन वह ज़रोमाल नहीं क़ाबिले तहसीं[13],
इन्साँ को बना दे जो शिकम परवरद[14]खुदबीं[15]।
ज़रदार वह है जिसमें शराफ़त[16] के हों आईन[17],
हो बज़्मे मुहब्बत[18] के लिए बायसे तज़ईन[19]।
सरसब्ज़ रहे क़ौम यह इनआम हो उसका,
बाराँ[20] की तरह फ़ैज़ो करम[21] आम हो उसका।

---

१ शरारत। २, ३ अभीष्ट द्वार की कुञ्जी। ४ आशाओं के मोती। ५ असलियत का चाहनेवाला। ६ विद्या के प्रेमी। ७ झुके हुए। ८ मानना, मंजूर करना। ९ स्वर्ग की नहरें। १० ईश्वर के मार्ग में। ११ सोना चाँदी। १२ पुकार। १३ प्रशंसा के योग्य। १४ पेट पालने-वाला। १५ घमण्डी। १६ बड़प्पन। १७ ढंग। १८ प्रेम की महफ़िल। १९ शोभा का कारण। २० बरसनेवाले मेघ। २१ दान।

माना कि हविसे ज़र[१] है बशर[२] के लिए आदत,
लेकिन नहीं दुनियाँ में फ़क़त एक यही निआमत[३]।
कुछ और भी जौहर हैं अताकरद-ए क़ुदरत[४],
ग़मख्वारिओ हमदर्दिओ, दिलजूइओ उल्फ़त[५]।
ज़र आप नहीं दुश्मने इख़लाक़ अदब[६] है,
जोहद से गुज़र जाती है वह इसकी तलब है।
जो लोग मए हिर्स[७] से दुनियाँ में हैं सरशार[८],
जीने की लताफ़त से नहीं उनको सरोकार।
मानिन्द गदा[९] ज़र के हैं हर वक्त तलबगार,
आज़ाद कहाँ दामे तमअ[१०] में हैं गिरफ़्तार।
महरूमए ऐश[११] से ये ख़स्ता जिगर[१२] हैं,
मालिक नहीं ज़र के हैं फ़क़त बन्दए ज़र[१३] हैं।
दौलत वह है मजबूर[१४] की जो उक़दाकुशा[१५] हो,
अकसीर है दर्दे दिले बेकस[१६] की दवा हो।

---

१ धन का लोभ। २ आदमी। ३ ईश्वरीय पदार्थ। ४ प्रकृति के प्रदान किये हुए गुण। ५ सहनशीलता, सहानुभूति, उदारता और प्रेम। ६ सभ्यता, शिष्टाचार का शत्रु। ७ ईर्ष्या की मदिरा। ८ मस्त। ९ फ़क़ीर की तरह। १० लोभ के जाल। ११ आराम चैन की मदिरा से वंचित। १२ बिगड़े हुए कलेजे के। १३ द्रव्य के दास। १४ लाचार। १५ गाँठ खोलनेवाली, तात्पर्य ज़रूरत रफ़ा करनेवाली। १६ दुःखी हृदय के दुःख की औषधि।

आइनए इख़लाको मुहब्बत[१] की जिला[२] हो,
जुल्मात फलाक़त[३] के लिए आबे बक़ा[४] हो।
यों फैज़ के चश्मे[५] हों रवाँ बाग़े वतन में,
जैसे करमे अब्रे गुहरबार[६] चमन में।
हर सुबह गुलिस्तां में बसद शान फ़साहत[७],
बुलबुल गुले रङ्गी से यह कहती है हिकायत[८]।
देखो चमन आराम दो आलम[९] की इनायत,
घटते कभी देखी नहीं फ़ैयाज़[१०] की दौलत।
गो कम दुरे ख़ुश आब[११] लुटाना नहीं होता,
ख़ाली कभी शबनम का ख़ज़ाना नहीं होता।
माना सब वे शौक तो इजलाल[१२] है दौलत,
पर मुफ़लिसो बेकस[१३] भी नहीं क़ाबिले नफ़रत[१४]।
अदना से मिले झुक के यह आला की है अज़मत[१५],
बस नशाए ज़र[१६] से न झुके चश्मे मुरव्वत।

---

१ प्रेम और शिष्टाचार का आइना। २ क़लई। ३ दैवी विपत्तियाँ। ४ अमृत। ५ दान के स्रोत। ६ मोती बरसानेवाले मेघों की उदारता। ७ बड़ी शान और ख़ुशबयानी के साथ। ८ कहानी कहती है। ९ लोक और परलोकरूपी दोनों उद्यानों को सजानेवाला (परमात्मा)। १० दानी। ११ सुन्दर चमकदार मोती। १२ पद-प्रतिष्ठा का कारण। १३ ग़रीब, लाचार। १४ घृणाके योग्य। १५ बड़ाई। १६ द्रव्य के मद।

है किब्र[1], इसे शाने अमारत[2] नहीं कहते,
कुछ कहिये इसे हुस्ने शराफ़त[3] नहीं कहते।

किस औज[4] पै खुरशैदे जहाँ ताब[5] है मामूर[6],
दिल तीरगि-ए किब्र[7] से कोसों है मगर दूर।

गो ख़ाक नहीं ज़र्र-ए नाचीज़ का मक़दूर,
देता है उसे जाम[8] से अपने वह मए नूर[9]।

या माह[10] का इस औज पै क्या फ़ैज़[11] अयां[12] है,
हर ख़ानए मुफ़लिस[13] के लिए शमअ मकाँ[14] है।

या बाग़ में खिलता है दमे सुबह गुले तर,
क्या क्या उसे होते नहीं ऐ ज़ाज़[15] मयस्सर।

बनता है उरूसाने जहाँ[16] के लिए ज़ेवर,
दस्तार में[17] नौशा[18] की रहा करता है अक्सर।

लेकिन न किसी वज़अ[19] पै इस ढंग से देखा,
बेकस की लहद[20] पै इसे जिस रंग से देखा।

---

१ घमंड। २ अमीरी की शान। ३ बड़प्पन की ख़ूबी। ४ उच्चता। ५ संसार को प्रकाशमय करनेवाला सूर्य। ६ चढ़ा हुआ। ७ अभिमानरूपी अँधेरा। ८ प्याला। ९ प्रकाशरूपी मदिरा। १० चन्द्र। ११ उदारता। १२ प्रकट। १३ ग़रीब के घर। १४ घर का चिराग़। १५ प्रतिष्ठा बड़ाई। १६ नववधुओं। १७ पगड़ी। १८ दूल्हा। १९ ढंग। २० क़ब्र।

दुनियां में जिसे रुतबए आली[१] है मयस्सर,
बेकस की वह इमदाद किया करते हैं अक्सर।
यां क़ौम में हासिल है जिन्हें औज फ़िज़ूंतर[२],
वह शोमि-ए तकदीर[३] से दिल रखते हैं पत्थर।
हमदर्द हों ग़ैरों के यह आदत नहीं इनकी,
तकलीफ़ सहे जो वह तबीयत नहीं इनकी।

---

## आज़ादी व इसलाह

आज़ादि ओ इसलाह[४] के जब आते हैं अज़कार[५],
तक़लीद[६] हो यूरप की यही रहती है गुफ़्तार[७]।
मौजूद मगर इनमें वह जौहर नहीं ज़िनहार[८],
मग़रिब में जो तहज़ीबो तरक्क़ी[९] के हैं आसार।
वह हुब्बेवतन ख़ून में शामिल नहीं रखते,
गो वलवले[१०] रखते हैं मगर दिल नहीं रखते॥
थे खत्तए यूरप[११] में जो इसलाह[१२] के बानी[१३],
आज़ादि-ए क़ौमी[१४] पै लहू कर गये पानी।

---

१ उच्च पद। २ अत्यधिक उच्चता। ३ बदनसीबी। ४ स्वतंत्रता और सुधार। ५ ज़िक्र। ६ पैरवी। ७ बात-चीत। ८ कदापि। ९ सभ्यता और उन्नति। १० विचार। ११ यूरोप। १२ सुधार। १३ जड़ डालनेवाले। १४ जातीय स्वतंत्रता।

मुरझा गये कितने ही गुले बाग़ जवानी,
इस रंग से पर दूर रहा रङ्गे खिज़ानी[१]।
सरगर्म[२] शहादत थे वह ऐसार[३] की ख़ूँ से,
सींचा चमने क़ौम रगे जाँ के लहू से ॥

थे यक्कओ तनहा[४] पै हज़ारों को न समझा,
इश्क़े गुले मकसूद[५] में खारों[६] को न समझा।
सर कट गये तलवार की धारों को न समझा,
जल जल गये शोलों को शरारों[७] को न समझा।

बदकेश[८] नमूद[९] इसकी मिटा अब नहीं सकते,
वह आग लगी है कि बुझा अब नहीं सकते।
बिलअक्स[१०] यहाँ क़ौम की हिम्मत में है पस्ती,
वह मर्द कहाँ हेच समझते हैं जो हस्ती।

यह जोश फ़क़त जहलो तकव्बुर[११] की है मस्ती,
इसलाह के पर्दे में है बसनफ़स[१२] परस्ती।
आसार दिलों में हैं कहाँ दर्दे निहां[१३] के,
दिखलाते हैं जौहर यह फ़क़त सैफ़ ज़बां[१४] के।

---

१ पतझड़ की हालत। २ तल्लीन। ३ प्रेम के स्वभाव। ४ अकेले। ५ अभीष्ट फूल के प्रेम। ६ काँटों। ७ अंगारों। ८ बुरे स्वभाववाले। ९ वृद्धि। १० विरुद्ध इसके। ११ घमण्ड। १२ इच्छा के वशीभूत होना। १३ गुप्त दुःख। १४ तेज बयानी।

दिखलाती है बस सैफ़ ज़बां जौहरे आली[१],
लारैब[२] सदा देता है जो ज़र्फ़[३] है ख़ाली।
इसलाह की तकलीद[४] है यक अम्र[५] ख़याली,
जब बानिए इसलाह[६] हों ख़ुद ज़ीग़मे क़ाली[७]।
गर हुस्न नहीं इश्क़ भी पैदा नहीं होता,
बुलबुल गुले तस्वीर पै शैदा[८] नहीं होता।
शिकवा तो है यह क़ौम की बरगश्ता[९] है तक़दीर,
चलती नहीं इसलाह[१०] की इसला[११] कोई तदबीर।
लेकिन जो हैं ख़ुददारिश्रो ख़ुदबीनी[१२] के ख़ूगर[१३];
उन लोगों की गुफ़तार[१४] में किस तरह हो तासीर।
जो ख़ुद नहीं सरगर्म करेगा वह बशर क्या,
जब दिल में नहीं दर्द ज़वाँ में हो असर क्या॥

— —

## मज़हब

सौदाय मुहब्बत[१५] में इन्हीं के नहीं हामी[१६],
ख़ुदबीनी से ख़ाली नहीं मज़हब के भी हामी।

---

१ उच्च गुण। २ बेशक। ३ बर्तन। ४ पैरवी। ५ बात। ६ सुधार की जड़ डालनेवाले। ७ क़ालीन पर बना हुआ शेर। ८ आसक्त। ९ बिगड़ी हुई। १० सुधार। ११ कदापि। १२ गर्व, अभिमान। १३ आदी। १४ बातचीत। १५ प्रेम की लगन। १६ सहायक।

इरफां[१] की ख़बर लाती हो गो तब अगरामी[२],
है नफ़स[३] की मंज़ूर हक़ीक़त में ग़ुलामी ॥
कुछ क़ौम की पर्वा है न फ़िक्रे कहो मह[४] है,
हो जाय नजात[५] अपनी तमन्ना है तो यह है।
आलम के दिखाने के लिए ख़ाकनशीं[६] हैं,
दावा है कि हम मालिके फ़िरदौसे बरीं[७] है ॥
दुनिया की तरक़्क़ी पे सदा ची ब जबीं हैं[८],
गोया कि यही राज़े इलाही[९] के अमी[१०] हैं।
जो और हैं वह मारफ़ते हक़[११] से जुदा हैं,
बस एक यही बन्दए मक़बूल[१२] ख़ुदा हैं ॥
इन्साँ की मुहब्बत को समझते हैं यह आज़ार[१३],
हमदर्दि-ए क़ौमी[१४] से इन्हें आय क्यों न आर[१५]।
रहते हैं सदा फ़िक्र में उक़बा[१६] की गिरफ़्तार,
दुनियाँ के फ़रायज़[१७] से नहीं इनको सरोकार ॥
यों जादए तसलीमों रज़ा[१८] मिल नहीं सकता,
इनमें वह ख़ुदी[१९] है कि ख़ुदा मिल नहीं सकता।

---

१ ईश्वर की पहचान। २ तबीयत की ऊँचाई। ३ वासनाओं। ४ छोटे बड़ों की चिन्ता। ५ मुक्ति। ६ धूल में बैठे हुए। ७ स्वर्ग के स्वामी। ८ सन्तुष्ट नहीं है। ९ ईश्वरीय रहस्य। १० रखनेवाले। ११ ईश्वर की पहचान। १२ ईश्वर के सच्चे भक्त। १३ कष्ट। १४ जातीय सहानुभूति। १५ शर्म। १६ परलोक। १७ कर्त्तव्य। १८ मंजूरी और खुशी का रास्ता। १९ घमण्ड।

## पीराने निकोबार

कुछ और ही तीनत[१] के हैं पीराने निकोबार[२],
करते हैं वह इख़लाक़ से मज़हब को सुबकबार[३]।
कहने को तो हैं दीन के हामी औ मददगार,
और करते हैं तलक़ीन[४] ये सबको सरे बाज़ार।
क़ायम न रहो बहरे .खुदा[५] सिद्के[६] बयाँ पर,
जो दिल में तुम्हारे है वह लाओ न ज़बाँ पर।
मंज़ूर इन्हें पैरविए अहदे कुहन[७] है,
मज़हब यहीं इनका है यही हुब्बे वतन है।
कोशिश है कोई नेक तदबीरे हसन[८] है,
ईमान के पर्दे में फ़क़त पासे सख़ुन[९] है।
इन लोगों को दुनियाँ की सतायश[१०] से ग़रज़ है,
मज़हब न हो मज़हब की नुमायश से ग़रज़ है॥
लेकिन नहीं इख़लाक़ से कुछ इनको सरोकार,
यह तर्ज़े अमल[११] क़ाबिले तहसीं[१२] नहीं ज़िनहार[१३]।
बातिन[१४] में जिस इन्सान के अच्छे नहीं किरदार[१५],
ज़ाहिर की नुमायश से वह होता नहीं दीदार[१६]।

---

१ स्वभाव। २ भलेमानस, वृद्ध पुरुष। ३ हल्का। ४ उपदेश। ५ ईश्वर के लिए। ६ सच्चाई। ७ पुराना ज़माना। ८ अच्छा उपाय। ९ बात का ख़याल। १० सराहना, प्रशंसा। ११ कार्य्य का ढङ्ग। १२ प्रशंसा के योग्य। १३ कदापि। १४ आंतरिक। १५ कार्य। १६ धार्मिक।

दिल सूरते आईना जो रोशन नहीं होता,
जुन्नार[१] पहनने से बिरहमन नहीं होता ॥
मुर्दा है रवाँ रूह हो गर जिस्में बशर[२] से,
काँटा है, जुदा हों जो निज़ाकत[३] गुलेतर से।
है मिस्ल ख़ज़फ़,[४] दूर सफ़ा[५] हो जो गुहर[६] से,
आइनए बेआब[७] उतरता है नज़र से।
मज़हब बजुज़ इख़लाक़[८] रवाँ[९] हो नहीं सकता।
मानी[१०] से कभी लफ़ज़ जुदा हो नहीं सकता।

---

## तम्बीह ( उद्‌बोधन )

हुशियार हो ऐ क़ौम यह ग़फ़लत नहीं अच्छी,
यह ख़ैर गिए नशाए दौलत[११] नहीं अच्छी।
माज़ूलि-ए[१२] आईन शराफ़त नहीं अच्छी,
यह दुश्मने इख़लाक़[१३] शरीअत[१४] नहीं अच्छी।

---

१ जनेऊ। २ मनुष्य के शरीर से यदि आत्मा चली जाय तो वह मृतक है। ३ फूल में कोमलता न हो। ४ पत्थर का टुकड़ा। ५ उज्ज्वलता। ६ मोती। ७ बिना क़लई का शीशा। ८ शिष्टाचार के बिना। ९ जायज़। १० अर्थ से शब्द अलग नहीं हो सकता। ११ धन-मद की उन्मत्तता। १२ प्रतिष्ठा के नियमों की अवहेलना, निरादर। १३ सदाचार की शत्रु। १४ नीति।

माना शबे अद्‌बार[१] का हर सिम्त[२] असर है,
गर ख़्वाब[३] से बेदार[४] हो अब भी तो सहर[५] है ॥
हाँ अब्रे करम[६] से चमने क़ौम हो शादाब[७],
वल्लाह यही हुस्ने शराफ़त[८] का है आदाब।
है वाँ[९] भी यों रखते हैं सब शुग़ले खुर दो ख़्वाब[१०],
तहज़ीब का आईन[११] है दिलसोज़िए अहबाब[१२]।
महरूम[१३] इसी ख़ुलक़[१४] से हैवान हुआ है,
इन्सान इसी बात से इन्सान हुआ है।
ख़ालिक़[१५] ने दिये हैं जिन्हें औसाफ़ हमीदह[१६],
होश इनके न हों नशए नख़वत[१७] से परीदह[१८]।
लिल्लाह करें क़ौम से दामन न कशीदह[१९],
लाती नहीं फल फूल कभी शाख़े बुरीदह[२०]।
अहबाब की सुहबत को बशर खो नहीं सकता,
नाख़ुन से कभी गोश्त जुदा हो नहीं सकता।
वाजिब नहीं मज़हब के मसायल[२१] पै भी हुज्जत,
बाज़ीचए अत्‌फ़ाल[२२] हैं हफ़्तादो दुमिल्लत[२३]।

---

१ दुर्भाग्य की रात। २ तरफ़। ३ नींद। ४ जागृत। ५ सबेरा। १० उदारता के बादल। ६ हराभरा। ७ बड़प्पन की खूबी। ८ पशु। ९ खाने और सोने का धंधा। १० सभ्यता की रीति। ११ मित्रों से सहानुभूति। १२ वंचित। १३ स्वभाव। १४ परमात्मा। १५ प्रशंसनीय गुण। १६ घमंड के नशे। १७ उड़े हुए। १८ खिंचा हुआ। २० कटी हुई डाल। २१ प्रश्नों। २२ लड़कों का खेल। २३ सारे फिर्के।

बस क़ाबिले तसलीम[१] उसी की है शरीयत[२],
जिस दिल में हो इन्सॉं के लिए दर्दे मुहब्बत।
तह्ज़ीब पसन्दीदए आफ़ाक़[३] यही है,
मज़हब यही मिल्लत यही; इख़लाक़ यही है।

— —

## महादेव गोविन्द रानाडे

### नौहा ( मृत्युशोक ) १९०१ ई०

ऐ आफ़ताब औज अमारत[४] कहाँ है तू,
ऐ शमए बज़्म[५] हुस्ने लियाकत कहाँ है तू।
ऐ अन्दलीब बाग़े फ़साहत[६] कहाँ है तू,
ऐ ख़िज्रे शाहराह[७] फ़रासत[८] कहाँ है तू॥
ऐ रह नवर्दे आलमे बाला चगूना[९],
मावे तो ख़स्ता एम तू बे मा चगूना[९]॥
अफ़सोस आज बाग़े जहाँ में नहीं है तू,

---

१ मानने के योग्य। २ नीति। ३ संसार को यही सभ्यता भाती है। ४ समृद्धिशालीनता का सूर्य। ५ महफ़िल का चिराग़। ६ खुशव पयानी के बाग़ की बुलबुल। ७ उत्तम पथ का प्रदर्शक। ८ बुद्धिमत्ता। ९ ऐ स्वर्ग के जानेवाले तू कैसा है। हम लोग तेरे बिना उदास हैं मालूम नहीं तेरी क्या दशा है।

फैली है चार सिम्त मुहब्बत की तेरी बू ॥
तू क्या गया वतन की गई तेरे आबरू,
क्यों चश्मे यास[१] से न बहे .खूने आरज़ू[२] ।
ख़िरमन[३] जला उमीद की खेती उजड़ गई,
यह गुलशने मुराद पै क्या ओस पड़ गई ॥
तेरी तो रूह गुलशने जिन्नत में है मुक़ीम[४],
अहबाब रोते हैं तुझे बाहालते सकीम[५] ।
दिल जानता है उनका जो सदम-ए[६] अज़ीम,
मरने से तेरे क़ौम मराठा हुई यतीम ॥
क़ायम मकान इज्ज़तो ऐज़ाज़[७] कब रहे,
तुझसा सितूने आज़मे शौकत[८] न जब रहे ।
सर चशमए करम[९] थी तेरी ज़ात बे गुमाँ,
पाता था फ़ैज तुझसे हर इक पीरो नौजवाँ ॥
माही औ मौज[१०] इल्म थे तू बहरे बेकराँ[११]
पुर नूर[१२] तेरे दम से था यह तीरह ख़ाकदां[१३] ।
ममनून[१४] तेरी ज़ात का हिन्दोस्तान था,
अपने वतन का फ़ख़्र[१५] मराठों की जान था ॥

---

१ निराशा की आँख । २ कामना का रक्त । ३ खलिहान । ४ ठहरी हुई । ५ बीमारी की दशा में । ६ भारी आघात । ७ इज़्ज़त और प्रतिष्ठा । ८ महत्ता का उच्च खम्भ । ९ उदारता का स्रोत । १० मछली और लहर । ११ विशाल समुद्र । १२ प्रकाश-युक्त । १३ अँधेरा घर । १४ कृतज्ञ । १५ गौरव ।

मैदान इस्मोफ़न में अजब इक्का[१] ताज़ था,
बस तुझसे दरतरक्क़िये क़ौमी[२] का बाज़[३] था।
आलम में सर बलन्द था औ सरफ़राज़[४] था,
अहले वतन को तेरी लियाक़त पै नाज़ था।
ज़ोरे क़लम से शाहिए मुल्के बयाँ[५] मिली,
बोसे[६] ले जिसके नुत्क़[७] वह प्यारी ज़बाँ मिली।
तहरीर इल्मो फज़ल[८] से तेरी थी इन्तख़ाब[९],
और सादगी व हुस्ने लताफ़त[१०] में लाजवाब।
तक़रीर[११] में वह नूरे मआनी[१२] की आबताब[१३],
हरदम ज़बाँ थी शहदे फ़साहत[१४] से कामयाब[१५]।
जब तक नफ़स[१६] की तन में रवानी नहीं गई,
क़ब्ज़े से तेरी सैफ़ ज़बानी[१७] नहीं गई।
इस तरह तेरे फैज़ से थे बारयाब[१८] हम,
ज़र्रों[१९] पै आफ़ताब का जिस तरह हो करम[२०]।

---

१ अकेला शत्रुदल पर धावा करनेवाला वीर। २ जातीय उन्नति का द्वार। ३ खुला। ४ उच्च, प्रतिष्ठित। ५ वक्तृत्वरूपी देश का राज्य। ६ चूमा। ७ वाक्शक्ति। ८ विद्वत्ता। ९ चुनी हुई। १० प्रसादगुण। ११ वक्तृत्व। १२ सारगर्भित, अर्थ का प्रकाश। १३ चमक दमक। १४ माधुर्यगुणरूपी मधु। १५ सफल। १६ हृदय। १७ तीव्र वाक्शक्ति। १८ लाभ उठानेवाले। १९ रजकणों। २० दान।

झुकते थे तेरे सामने ज़ी जाह[१] जो हशम[२],
सरकौन सा था जो तेरे आगे नहीं था खम ॥
तेरी ज़बान देती थी ताज़ा बिशारतें[३],
"होती हैं तेरे नक्शे क़दम की ज़ियारतें[४]"।
इस्लाह और रिफ़ार्म[५] में सरगर्म था जो तू,
तेरे मुरीद[६] मुल्क में फैले थे चारसू[७] ॥
दिल में जो तेरे हुब्बे वतन की थी आबरू,
वाबस्ता[८] तेरी ज़ात से थी सब की आरज़ू।
अब साफ़ इख़्तलाफ़[९] का दर्वाज़ा खुल गया,
हर फर्द[१०] क्यों जुदा न हो शीराज़ा[११] खुल गया ॥
कश्ती हो जैसे कोई तलातुम[१२] में मुब्तिला[१३],
और जोश में हों मौज-ओ गरदाब[१४] जाबजा[१५]।
हो अब्रो बादो बर्क[१६] से तूफ़ान यक बपा[१७],
तारीक शब[१८] की सेर पै हो छाई हुई बला।
बरपा[१९] हो शोरे रअद[२०] मआफ़िक हवा न हो,
और साहिले मुराद[२१] का कोसों पता न हो ॥

---

१ बड़े मरतबेवाले। २ शानदार। ३ ख़ुशख़बरी। ४ यात्रा, दर्शन। ५ सुधार। ६ शिष्य। ७ चारो ओर। ८ बँधी हुई। ९ फ़र्क़। १० व्यक्ति। ११ समूह। १२ सैलाब। १३ फँसी हुई। १४ लहर और भँवर। १५ स्थान स्थान पर। १६ बादल, वायु और बिजली। १७ संघटित। १८ रात की अँधेरी। १९ संघटित। २० बिजली की कड़क। २१ मनोरथ का किनारा।

लेकिन हो नाख़ुदा[१] कोई इस दर्जे होशियार,
मँझदार से जो बच के हो जाता सूये कनार[२] ।
कश्ती को उन हवा के थपेड़ों से ले उभार,
टकरा के टुकड़े टुकड़े हो जिनसे हुबाबवार[३] ।
धड़का ज़रा न उसके दिले पुर हमम[४] को हो,
आये शिकन जिबीं[५] पै न लग़ज़िश[६] क़दम को हो ॥
इतने में रङ्ग और ही कहरेखुदा[७] करे,
बिजली फ़लक से गिरके कयामत बपा[८] करे ।
उस नाख़ुदा की रूह को तन से जुदा करे,
मँझदार में पड़ी हुई कश्ती बहा करे ।
गरदाब[९] में फँसे कभी मौजों[१०] में जा पड़े,
क्या जाने इस पै बहर[११] में उफ़्ताद[१२] क्या पड़े ॥
तेरे फ़िराक़[१३] में है यहीं हाल क़ौम का,
तू नाख़ुदाय किश्तिए इस्लाहे हाल[१४] था ।
तूफ़ाँ जो बुग्ज़ोजह लो तअस्सुब[१५] का था बपा[१६],
थी इन ख़राबियों में तेरी ज़ात रहनुमा[१७] ।

---

१ मल्लाह । २ किनारे की ओर । ३ बुलबुले की तरह । ४ साहसी हृदय । ५ मस्तक । ६ फिसलना । ७ ईश्वरीय कोप । ८ संघटित । ९ भँवर । १० लहरों । ११ समुद्र । १२ विपत्ति । १३ वियोग । १४ वर्तमान सुधारों की नाव का मल्लाह । १५ ईर्ष्या, द्वेष और पक्षपात । १६ संघटित । १७ पथप्रदर्शक ।

तुझको तो मौत लेगई बागे नईम[१] में,
छोड़ा हमें दुश्राबए उम्मीदो बीम[२] में।
या यह कि राहे रास्त[३] से गुमराह[४] कारवाँ[५],
शब[६] को लुटा पुटा किसी जङ्गल में हो रवाँ॥
कुछ फ़ासले पै दस्त[७] में यक नूर हो अयाँ[८],
समझे वह इसको मञ्जिले मक़सूद[९] का निशाँ।
दिल ख़ुश यह जान कर हो कि जाना किधर को है,
रौशन वहीं चिराग़ है बस्ती जिधर को है।
इतने में गर हवा से वह बुझ जाय नागहाँ[१०],
हालत वह अहले क़ाफ़िला[११] की हो कि अलअमाँ[१२]।
नज़रों से हो गया है हमारी जो तू निहाँ[१३],
अहबाब का तेरे वही आलम[१४] है बेगुमाँ[१५]।
तू रहनुमाय क़ौम[१६] था रौशन दिमाग़ था,
और अपने बज़्मे मुल्क[१७] का चश्मो चिराग़[१८] था।
बज़्मे वतन में यों तो बहुत गुल हुए चिराग़,
वीरान सैकड़ों गुले तर कर गये यह बाग़।

---

१ स्वर्ग के उद्यान। २ आशा और भयरूपी दो नदियों के मध्य में। ३ सत्य मार्ग। ४ भूला हुआ। ५ पथिक। ६ रात। ७ जंगल। ८ प्रकट। ९ अभीष्ट स्थान। १० अचानक। ११ पथिकों। १२ त्राहि त्राहि। १३ गुप्त। १४ दशा। १५ बेशक। १६ जाति का पथप्रदर्शक। १७ देश की महफ़िल। १८ आँख और दीपक।

लेकिन यह है मुहाल[१] कि दरसूरते फ़राग़[२],
दिल से मिटे यह मादरे हिन्दोस्ताँ[३] के दाग़।
बेहतर भी है यही कि यह मातम बपा[४] रहे,
ता हश्र[५] दिल में ज़ख़्मे मुहब्बत हरा रहे॥
कुत्ते[६] हों संगी ख़श्त[७] के कितने ही इस्तबार[८],
उनको मिटा ही देता है नैरंग रोज़गार[९]।
लेकिन जो तेरे मुल्क पै अहसाँ है बेशुमार,
सब तेरे जोशे हुब्बेवतन के हैं यादगार।
तेरी ज़माने हाल से मदहत[१०] कहेंगे यह,
तहज़ीब[११] का विजूद[१२] है जब तक रहेंगे यह॥
गुलज़ार क़ौम में अगर आये कभी बहार,
तो ताज़ा होगी रुह तेरी भी नसीमवार[१३]।
पौधे तेरे लगाये हुए हैं जो बेशुमार,
ताज़ा करेंगे ज़िक्र तेरा इनके बर्गेबार[१४]।
ख़न्दाँ[१५] दिले मुराद[१६] अगर इनमें होयँगे,
शबनम[१७] की तरह याद में हम तेरी रोयँगे।

---

१ कठिन। २ फ़ुरसत। ३ भारतमाता। ४ संघटित। ५ प्रलय तक। ६ टुकड़े। ७ ईंट और पत्थर। ८ मज़बूत। ९ कालपरिवर्तन। १० प्रशंसा। ११ सभ्यता। १२ अस्तित्व। १३ प्रभात की वायु की तरह। १४ पत्ते और फल। १५ हँसते हुए। १६ हार्दिक मनोरथ। १७ ओस।

## एक जवाँमर्ग दोस्त । *

### नौहा ( मृत्युशोक ) सन् १९०४ ई०

ऐ फ़िदाए यासो हिरमाँ[१] ऐ शहीदे आरज़ू[२] ,
ख़ाक के दामन में कैसा बेख़बर सोया है तू ।
चश्मे दिल को बाइसे हैरत[३] है तेरी जुस्तजू[४] ,
फूल था पर हाथ से जाता रहा मानिन्दबू[५] ।
लालओ गुल से तबीयत तूने बहलाई नहीं,
क्या हवा बाग़े जहाँ की तुझको रास[६] आई नहीं ॥
क़ुलज़मे आलम[७] की तूने सैर की मिस्ले हुबाब[८] ,
ख़्वाब का नैरंग[९] था या था तेरा हुस्ने शबाब[१०]
बर्क़ का जलवा[११] था या क़ौसे क़ज़अ[१२] की आबताब[१३],
या शरर[१४] या क़तरए शबनम[१५] में अक्से आफ़ताब[१६]

---

* कवि के मित्र और नातेदार पंडित प्रतापकृष्ण गुर्टू की मृत्यु पर यह कविता रची गई ।

१ निराशा, असफलता । २ कामनाओं पर मरनेवाला । ३ आश्चर्य का कारण । ४ तलाश । ५ गंध की तरह । ६ अनुकूल । ७ एक नदी का नाम । ८ बुलबुले की तरह । ९ स्वप्न की दशा । १० जवानी का सौन्दर्य । ११ बिजली की चमक । १२ आकाश पर उगनेवाला धनुष । १३ चमक-दमक । १४ चिनगारी । १५ ओस की बूँद । १६ सूर्य की परछाईं ।

ख़ानए[१] तन था तेरा सैले फ़ना[२] के सामने,
शमअ[३] तेरी ज़िन्दगी की थी ह्वा के सामने ॥
एक दम में लुट गई तेरी जवानी की बहार,
आह् ऐसे भी ज़माने से गये कम सोगवार[४]।
ख़ुद मुरादें और तमन्नाएँ हैं तुझ से शर्मसार[५],
दिल है पहलू में तेरे या आरज़ूओं का मज़ार[६]।
कौन कहता है कि है ज़ेरे कफ़न[७] मैयत[८] तेरी,
ख़ाको ख़ूँ में मुँह् लपेटे है पड़ी हसरत[९] तेरी ॥
पाँव फैला कर जो यों सोया हुआ है बेख़बर,
क्या है ख़्वाबे मार्ग[१०] में ख़्वाबे ज़वानी का असर।
देख आँखें खोल कर आलम[११] है क्या पेशे नज़र,
आई है फिर दौस[१२] से सर पीटती रूहे पिदर[१३]।
सरवक़द[१४] उठा नहीं जाता अगर ताज़ीम[१५] को,
हाथ ही अपना हिला दे आख़िरी तसलीम को ॥
कुछ ख़बर है तुझको ऐ दिलदादए ख़्वाबे फ़ना[१६],
ह सरे बालीं[१७]पै क्या हंगामए महशर[१८] बपा[१९]।

---

१ शरीररूपी गृह। २ मौत का तूफ़ान। ३ दीपक। ४ शोकाकुल। ५ लज्जित। ६ कामनाओं की समाधि। ७ कफ़न के तले। ८ लास। ९ अफ़सोस। १० मृत्यु की नीद। ११ दृश्य। १२ स्वर्ग। १३ पिता की आत्मा। १४ सर्व (एक सीधा वृक्ष) की तरह। १५ प्रतिष्ठा। १६ मौत की नींद सोया हुआ। १७ सिरहाने। १८ प्रलय का सा द्वन्द्व। १९ संघटित।

नारहायेदर्द[1] ये कैसे हैं यह मातम है क्या,
चाक है किसका गरेबाँ कौन है सर धुन रहा।
है तड़पता कौन दिल जीने से किसका सेर[2] है,
बाल किसने लाश पर खोले यह क्या अंधेर है॥
देख तेरी बेवए ग़मगीं[3] पै क्या उफ्ताद[4] है,
महवे हैरत[5] यास[6] से वह कुश्तए बेदाद[7] है।
मुहरे ख़ामोशी[8] लबों[9] पर दिल में तेरी याद है,
ख़ानए वीराँ[10] की सूरत ख़ातिरे नाशाद[11] है।
ख़ाक आलूदा[12] मसर्रत हाय[13] पिनहा[14] हो गईं,
आरज़ूएँ दिल में सब ख़्वाबे परीशाँ[15] हो गईं॥
दर्द दिल उसका लबे ख़ामोश[16] कह सकता नहीं,
अश्के हैरत[17] दीदए पुरनम[19] से बह सकता नहीं।
बन्द सीने में मगर तूफ़ाँ यह रह सकता नहीं,
यह वह सदमा[20] है कि दिल इन्साँ का सह सकता नहीं।
महवे हैरत[21] हमनशीं[22] है उसकी आहे सर्द[23] से,
सोज़िशे पिनहा[24] अयाँ[25] है उसके रङ्गे ज़र्द से॥

---

१ दुख की पुकार। २ तृप्त। ३ दुःखी विधवा। ४ विपत्ति। ५-६ आश्चर्य और निराशा में लीन। ७ जुल्म का मारा हुआ। ८ अवाक् रह जाना। ९ होठों। १० उजड़े घरों। ११ दुःखी। १२ धूल में सने हुए। १३ खुशियाँ। १४ गुप्त। १६ स्वप्न। १७ चुप साधे हुए होठ। १८ दुख के आँसू। १९ रोती हुई आँख। २० रंज। २१ चकित। २२ साथी। २३ ठंडी श्वास। २४ गुप्त शोक। २५ प्रकट।

ख़्वाब में सुनता हो जैसे नग़मए शीरीं[१] बशर[२],
जिससे तारी[३] दिल पै हो कैफ़ीयते जादू असर[४]।
यह नवाये रूह परवर[५] बन्द हो जाए अगर,
आँख खुलते ही स्याही शब[६] की हो पेशे नज़र।
यक अजब आलम हो तब इसके दिले बेताब का[७],
जागने पर उस घड़ी उल्टा गुमाँ हो ख़्वाब का॥
बस यही आलम है तेरी बेवए नाशाद[८] का,
नग़महाए ऐश[९] से थे कान इसके आशना[१०]
हो गया है अब जो तेरा साज़ हस्ती[११] बेसदा[१२]।
किस तहैयुर[१३] किस परेशानी में है वह बेनवा[१४]।
क्या कहे दर्दे जिगर मुँह से कहा जाता नहीं,
तेरे मरने का उसे अब तक यक़ीं आता नहीं॥
मादरे नाशाद[१५] तेरी वह अज़ल[१६] की सोगवार[१७],
पहले ही उसकी निगाहों में थी दुनियाँ तंगो[१८] तार।
तेरे दम से था बँधा शीराज़ए सब्रोक़रार[१९],
हाय इस बेकस का अब बेड़ा करेगा कौन पार।

---

१ मधुर राग। २ मनुष्य। ३ छाया हुआ। ४ जादू का सा असर डालनेवाली हालत। ५ आत्मा का संरक्षण करनेवाली आवाज़। ६ रात। ७ आकुल हृदय। ८ दुःखी विधवा। ९ ऐश के राग। १० परिचित। ११ जीवन। १२ ख़ामोश। १३ आश्चर्य। १४ ग़रीब। १५ दुःखी माता। १६ हमेशा। १७ शोकाकुल। १८ अँधेरी। १९ धैर्य।

आज इश्का मायये ताबो तवाँ[1] जाता रहा,
नाखुदाए किश्तिए बे बादबाँ[2] जाता रहा ।।
वह असीरे बेखुदी[3] तेरी यतीमे खुर्द साल[4],
फूल से चेहरे पै उसके है जमीं गर्दो मलाल[5] ।
कुछ तिलिस्मे आफ़रीनश[6] का नहीं खुलता मआल[7],
पीरे गर्दू[8] के सितम से मुझको हैरत है कमाल[9] ।
हाय मासूमों[10] पं भी ज़ालिम तरस खाता नहीं,
यह रुलाता है उन्हें रोना जिन्हें आता नहीं ।।
क्या वह नादाँ[11] हैं जो कहते हैं ज़रूये एतबार[12],
मस्लहत[13] रहती हैं रंजो दर्द में भी आश्कार[14] ।
है फ़िसाना[15] यह हदीसे सब्रो तस्कीनो करार[16],
ख्वाब हस्ती की नहीं ताबीर[17] ऐसी ज़ीनहार[18] ।
मैं निज़ामे दहर[19] में कुछ मस्लहत पाता नहीं,
इस समुन्दर का मुझे साहिल[20] नज़र आता नहीं ।।

---

१ शक्ति का सामान । २ बिना पंखे की नाव का मल्लाह । ३ बेहोशी में क़ैद । ४ अल्पायु । ५ रंज की खाक । ६ जन्म का जादू । ७ परिणाम । ८ आकाश । ९ बड़ी । १० निरपराध बालक । ११ नासमझ । १२ विश्वास के अनुसार । १३ भलाई । १४ प्रकट । १५ कहानी । १६ धैर्य और सन्तोष का मंत्र । १७ वर्णन । १८ कदापि । १९ सांसारिक प्रबन्ध । २० किनारा ।

ख़ाक में तुझको मिलाना था अगर बाअश्को आह[१],
किसलिए तुझ पर हुई वा[२] मंज़िले हस्ती[३] की राह।
साथ तेरे क्यों मिले मिट्टी में इतने बेगुनाह,
ज़िन्दगी है जिनकी अब वाबस्तए हालेतबाह[४]।
लब फ़ुगाँ[५] को चश्म है आँसू बहाने के लिए,
दिल है जलने को जिगर है दाग़ खाने के लिए॥
वायबर[६] क़िस्मत यह क्या नैरंग दौराँ[७] होगया,
तू अदम[८] आबाद पहुँचा घर बयाबाँ[९] होगया।
हाय क्या दिल था कि ज़क्रे यासोहिरमाँ[१०] होगया,
या तमन्नाओं पै अपनी आप क़ुरबाँ होगया।
तू बहारे ज़िन्दगी में तो रहा नाकाम[११] ऐश,
लब तलक आने न पाया था कि छलका जामे ऐश[१२]॥
ऐश इशरत के हज़ारों जिस्ने सामाँ हो किये,
वह मए राहत[१३] के बदले ख़ून दिल अपना पिये।
कैसे कैसे रंज तुझको नामुरादी[१४] ने दिये,
हाय तू दुनियाँ में आया था इसी दिन के लिए।

---

१ अफ़सोस और आँसुओं से। २ खुली। ३ ज़िन्दगी का सफ़र। ४ तबाही की हालत में फँसी हुई। ५ पुकार। ६ अफ़सोस। ७ काल का परिवर्तन। ८ स्वर्ग। ९ उजाड़। १० दुःख और निराशा की भेंट। ११ सुखप्राप्ति में असफल। १२ ऐश का प्याला। १३ आराम की शराब। १४ असफलता।

दाग़े हसरत[१] यादगार अपना हमें देकर गया,
ख़ुद ज़माने से दिले पुर आरज़ू लेकर गया ॥
फिर रही है दीदए मुश्ताक़[२] में सूरत तेरी,
खेलती रहती थी हरदम तेरे होठों पर हँसी ।
है हमारे पर्दहाए गोश[३] में अब तक बसी,
गुफ़्तगू तेरी जवानी की उमंगों से भरी ।
अब वह लुत्फ़े ज़िन्दगी[४] हासिल न होगा ख़्वाब में,
जानशीं[५] तेरा कहाँ है सुहबते अहबाब[६] में ॥
अब वह रब्तो ज़ब्त[७] वह अगली मुलाक़ातें कहाँ,
वह बिगड़ना अब कहाँ, वह मेल की बातें कहाँ ।
दिल लगी की हर घड़ी हरदम नई बातें कहाँ,
वह ज़माना अब कहाँ वह दिन कहाँ रातें कहाँ ।
बेमज़ा तेरी मए[८] लुत्फ़े[९] जवानी होगई,
दास्ताने ऐश[१०] अपनी भी कहानी होगई ॥
साथ किसके होगी अब वक़्ते सहर[११] सैरे चमन,
गर्म किसकी गुफ़्तगू से होगी शब की अंजुमन[१२] ।

---

१ पश्चात्ताप । २ देखने की इच्छा रखनेवाली दृष्टि । ३ कान के पर्दों । ४ जीवन का आनन्द । ५ तेरी जगह पर बैठनेवाला । ६ मित्रों के समाज । ७ प्यार मुहब्बत । ८ शराब । ९ जवानी के आनन्द । १० चैन की कहानी । ११ प्रभात के समय । १२ रात की महफ़िल ।

खन्दा पेशानी[१] से देगा कौन अब दादे सखुन[२],
कौन होगा मौत पर मुझ खस्ताजाँ[३] की नौहाज़न[४]।
तू मेरा हमदर्द सच्चा आशना[५] जाता रहा,
ज़िन्दगी का लुत्फ़ मरने का मज़ा जाता रहा॥
चश्म ज़ाहिरबीं[६] को अब दीदार[७] तेरा है मुहाल[८],
है मगर आरास्ता[९] तुझसे मेरी बज़्मे ख़याल[१०]।
यह वह आलम है जिसे माना है सबने लाज़वाल[११],
हो मुख़िल[१२] याँ अपनी सुहबत में फ़लक[१३] की क्या मजाल।
हाँ फ़ना[१४] कर दूँगा मैं नैरंगिए तक़दीर[१५] को,
आइने में दिल के रक्खूँगा तेरी तस्वीर को॥
सुहबते अहबाब[१६] में हैं गर यही रंजो अलम[१७],
काशके[१८] पैदा हुए होते किसी सहरा[१९] में हम।
ज़िन्दगी का ऐश होता औ न मरने का सितम[२०],
हाँ अगर होता तो होता एक तनहाई[२१] का ग़म।

---

१ मस्तक उठाकर। २ काव्य की सराहना करना। ३ दुःखी। ४ रोनेवाला। ५ मित्र। ६ बाह्य चक्षु। ७ देखना। ८ कठिन। ९ सजी हुई। १० विचारों की सभा। ११ नाश न होनेवाला। १२ विघ्नकारक। १३ आसमान। १४ मिटाना। १५ प्रारब्ध का परिवर्तन। १६ मित्र समाज। १७ दुःख, रञ्ज। १८ क्या अच्छा होता कि। १९ जंगल। २० दुःख। २१ अकेलेपन।

नौहाख़्वाँ[1] होता न कोई चर्ख़े गर्दां[2] के तले,
क़ब्र बन जाती कहीं रेगे बयाबाँ[3] के तले ॥
है मगर यह दारे फ़ानी[4] वह तिलिस्मे दिलनशीं[5],
याद कम रखती है इसकी ज़हमतें[6] तबए हज़ीं[7] ।
यह वह उक्दा[8] है जो फ़िक्रो ग़ौर से खुलता नहीं,
जहल[9] से बदतर नज़र आती है अ़क्ले दूरबीं[10] ।
हाय इस दुनियाँ की पाबन्दी अजब दिलगीर[11] है,
ख़ुद पहिनता है जिसे इन्साँ यह वह ज़ंजीर है ॥

---

## जलवए सुबह ( प्रभात की शोभा )

१८९८ ई०

जब ज़ंगे शब[12] आइनए हस्ती[13] से हुआ दूर,
हंगामे सहर[14] कोनो मकाँ[15] हो गये पुर नूर[16] ।
तबदील हुई सूरते कोहे शबेदेजूर[17],
चमका वह तजल्लीए सहर[18] से सिफ़ते तूर[19] ।

---

१ रोनेवाला । २ घूमनेवाला आकाश । ३ जङ्गल के रेत । ४ नाशवान् संसार । ५ हृदयस्थित जादू । ६ तकलीफें । ७ दुखी तबीयत । ८ गाँठ । ९ नादानी । १० दूरदर्शी । ११ हृदय को वशीभूत रखनेवाली । १२ रात्रिरूपी ज़ङ्ग (काई) । १३ संसाररूपी आईना । १४ प्रभात की चहल-पहल । १५ प्रत्येक स्थान । १६ प्रकाशयुक्त । १७ अँधेरी रात । १८ प्रभात का प्रकाश । १९ तूर ( एक पर्वत ) की तरह ।

बिजली की तरह चर्ख़[१] पै नूरे सहर[२] आया,
आँखों को न फिर ख़िरमने अंजुमन[३] नज़र आया ॥
थी नूर में तफ़रीह[४] तो नूर अर्ज़ो समाँ[५] में,
सरगर्मी बशर[६] में थी बशर यादे ख़ुदा में।
थी ताज़गी ख़ुनकी[७] में तो ख़ुनकी थी हवा में,
शादाबी[८] थी निगहत[९] में तो नकहत[१०] थी सबा[११] में।
ख़ुरशैद[१२] मुनव्वर[१३] का दमें जलवहगरी[१४] का,
नूरे रुख़े महताब[१५] चिराग़े शहरी[१६] था ॥
दरियाय फ़लक[१७] में था अजब नूर का आलम[१८],
चक्कर में था गरदाब[१९] सिफ़ते नेर्र-ए[२०] आज़म।
उठती थीं शुआओं[२१] की जो मौजें[२२] वह शररदम[२३],
सय्यारे[२४] हुबाबों[२५] की तरह मिटते थे पयहम[२६]।
थी शोरशे तूफ़ान सहर[२७] ग़रब से था शर्क़[२८],
आख़िर को सफ़ीना[२९] महेगर्दू[३०] का हुआ ग़र्क़[३१] ॥

---

१ आकाश। २ प्रभात का प्रकाश। ३ सितारों का खलियान। ४ मनोरञ्जन। ५ भूमि और आकाश। ६ मनुष्य। ७ ठंडापन। ८ हरियाली। ९ सुगंध। १० सुगंध। ११ वायु। १२ सूर्य। १३ प्रकाशित। १४ प्रकाश का समय। १५ चन्द्र के मुख का प्रकाश। १६ प्रभात का दीपक। १७ आकाशरूपी समुद्र। १८ दृश्य। १९ भँवर। २० सूर्य। २१ किरणों। २२ लहरें। २३ अँगारों की तरह। २४ नक्षत्र। २५ बुलबुलों। २६ लगातार। २७ प्रभात का द्वन्द्व। २८ पश्चिम से पूर्व तक। २९ नौका। ३० आकाश के चन्द्र। ३१ डूबा हुआ।

था कुन्दा[१] शहे ख़ावर[२] की नगीं[३] पर,
वल्लैल[४] का बाक़ी था निशाँ भी न कहीं पर।
थी महर[५] की फैली जो ज़िया[६] चर्खे बरीं[७] पर,
आने लगा रह रह के वही नूर ज़मीं पर।
ज़र्रों[८] का सितारा भी चमकता नज़र आया,
पैमानए ख़ुरशैद[९] छलकता नज़र आया॥
वह सुबह का आलम[१०] वह चमनेज़ार[११] का आलम,
मुरग़ानेहवा[१२] नग़माज़नी[१३] करते थे बाहम।
हंगाम सहर[१४] बादे सहर[१५] चलती थी पयहम[१६],
आराम से सब्ज़ा था तहे चादरे शबनम[१७]।
हर सिम्त[१८] बँधी नारए बुलबुल[१९] की हवा थी,
गुंचों[२०] की नसीमे सहरी[२१] उक़दा कुशा[२२] थी॥
जो नख़्ल[२३] था गुलशन में सरसब्ज़[२४] खड़ा था,
दामाने सहर[२५] में गुले ख़ुरशैद[२६] पड़ा था।

---

१ खुदा हुआ। २ पूरब का राजा (सूर्य)। ३ नगीना। ४ रात। ५ सूर्य। ६ प्रकाशित। ७ उच्च आकाश। ८ रजकणों। ९ सूर्यरूपी प्याला। १० दृश्य। ११ बाग़। १२ वायु के पक्षी। १३ राग गाते। १४ प्रभात की चहल पहल। १५ प्रभात की वायु। १६ लगातार। १७ ओस की चादर। १८ तरफ़। १९ बुलबुल के राग। २० कलियों। २१ प्रभात की वायु। २२ गाँठ खोलनेवाली अर्थात् उन्हें खिलानेवाली। २३ वृक्ष। २४ हरा भरा। २५ प्रभात की गोद। २६ सूर्यरूपी पुष्प।

क्या ख़ूब मुक़द्दर[१] चमनिस्ताँ का लड़ा था,
हर गुल पै गुहर[२] क़तरए शबनम[३] का जड़ा था।
बुलबुल कहीं ताऊस[४] कहीं घूम रहे थे,
मस्तों की तरह नख़्ले चमन झूम रहे थे ।।
मुरग़ाने चमन[५] आलमे हस्ती[६] में सहरदम,
वस्फ़े चमन आराम जहाँ[७] करते थे बाहम ।
शाख़ें थीं कहीं गर्दने तसलीम सिफ़त[८] ख़म[९],
तसबीह[१०] ख़ुदा में हमातम[११] महव[१२] थी शबनम ।
गुंचों को भी थी वर्दे ज़बाँ[१३] हम्द[१४] ख़ुदा की,
आती थी चटकने में सदा सिल्ले[१५] अला की ।।
था पेशे नज़र[१६] वादिए ऐमन[१७] का तमाशा,
हर शाख़ो शजर[१८] में शजरे तूर[१९] का नक़शा ।
था आतिशे गुल[२०] में असर वर्क़े तिजल्ली[२१],
मदहोश[२२] थे मुरग़ाने हवा[२३] सूरते मूसा ।

---

प्रारब्ध । २ मोती । ३ ओस का बूँद । ४ मोर । ५ उद्यान के पक्षी । ६ जाग्रत अवस्था । ७ संसाररूपी उद्यान के सजाव की प्रशंसा । ८ झुकी हुई गर्दन की तरह । ९ झुकी हुई । १० ईश्वर की याद में । ११ तन-मन से । १२ तल्लीन । १३ जिह्वा पर । १४ गुणगान । १५ ईश्वर । १६ दृष्टि के सामने । १७ निर्भीकता की घाटी । १८ डाल और वृक्ष । १९ तूर (एक पर्वत) के वृक्ष । २० फूल की अग्नि । २१ ईश्वरीय प्रकाश । २२ मस्त । २३ वायु के पक्षी ।

शक्ले यदे बैज़ा[१] थी हर इक शाख़ नज़र में,
ऐज़ाज़[२] का गुल था कफ़े गुलचीने सहर[३] में ॥
रौनक़ पै दमे सुबह था ख़ुमख़ानए आलम[४],
थम थम के हवा चलती थी सर्दी भी थी कम कम ।
पैमानए महताब[५] था लबरेज़[६] सहर दम,
था जामसबूही[७] का लिये नैर-ए[८] आज़म ।
गर्दू[९] पै सुबह की भी अजब जलवागरी[१०] थी,
मीनाय फ़लक[११] में मए गुलरङ्ग[१२] भरी थी ॥

— —

## आबे अंगूर

१८९९ ई०

मुहीते दहर[१३] में तहज़ीब[१४] का जो दौर[१५] हुआ।
हवा बदल गई रंगे ज़माना और हुआ ।
दिमाग़ के लिए सामाने फ़िक्रो ग़ौर हुआ,
ख़ुदा की शान जहाँ का अजीब तौर हुआ ।

---

१ चमकती हुई हथेली । २ नम्रता । ३ प्रभात के गुलची (फूल तोड़नेवाला) के हाथ में । ४ दुनिया का शराबख़ाना । ५ चन्द्र का प्याला । ६ भरा हुआ । ७ सबेरे की शराब । ८ सूर्य । ९ आकाश । १० चमक-दमक । ११ आकाश । १२ रंगीन शराब । १३ संसार-चक्र । १४ सभ्यता । १५ परिवर्तन ।

घटा जो जहल[१] तो सामान इज़्ज़ो जाह[२] बड़े,
शऊर को जो तरक्क़ी हुई गुनाह बड़े ॥
जो ग़ौरो फ़िक्र हुए ज़ीनते[३] जिनूँ आबाद,
सजाए अक़्ल ने आसायशों[४] के बाग़ेमुराद[५] ।
पड़ी तरक्क़िए इल्मी[६] से ऐश की बुनियाद,
बराय नशा[७] हुई हिकमते कशीद[८] ईजाद[९] ।
जहाँ में आबे तरब[१०] का ज़ुहूर[११] इससे हुआ,
ख़याले पासे अदब[१२] दिल से दूर इससे हुआ ॥
हुई जो बाद कशी[१३] बाग़े दहर[१४] में मंज़ूर,
दिले बशर[१५] से हुई इक क़लम मुहब्बत दूर ।
दिले उरूस[१६] गुलिस्ताँ को दर्दनाक[१७] किया,
भरी बहार में ज़ालिम ने ख़ूने ताक़[१८] किया ॥
खिंची शराब तो की बादकश[१९] ने यों तारीफ़,
बजा[२०] है कि जिस्मे आबेतरब[२१] की जो तौसीफ़[२२]॥

---

१ मूर्खता। २ पद-प्रतिष्ठा। ३ शोभा, सजावट। ४ आराम, चैन। ५ मनोरथों के बाग़। ६ विद्या की उन्नति। ७ नशे के लिए। ८ खींचने की कला। ९ आविष्कृत। १० ऐश का पानी (शराब)। ११ प्रकट होना। १२ शिष्टता के विचार। १३ नशे का खींचना। १४ संसार के बाग़। १५ मनुष्य के हृदय। १६ उद्यानरूपी वधू के हृदय। १७ दुःखित। १८ अंगूर की हत्या। १९ शराब खींचनेवाले। २० उचित। २१ ऐश का पानी (शराब)। २२ प्रशंसा।

मज़ा शबाब[1] का आये जो पिये इसको ज़ईफ़[2],
दिमाग़ हो तरो ताज़ा[3] व पाक साफ़ लतीफ़[4]।
कहा है फूल तो कुछ इसमें ग़फ़्लतगू भी है,
गुलों का रंग भी है और गुलों की बू भी है ॥

न था यह होश कि इस फूल में है रंगे ख़िज़ाँ[5],
तबाह होती है इससे बहारे उम्रेरवाँ[6]।
वह बू है इसकी दिमाग़े बशर[7] हो जिससे गराँ[8],
है इसके रङ्ग से ख़ूनेजिगर[9] का रङ्ग अयाँ[10]।
है ख़ुशगवार[11] पै सोहाने रूहो[12] जिस्म है यह,
हुए असीर[13] हज़ारों अजब तिलिस्म[14] है यह ॥

रफ़ीक़[15] इसकी है मस्ती उदू[16] शऊर[17] इसका,
विदाएहोश[18] का सामान है ज़हूर[19] इसका।
ख़ुमारेमर्ग[20] जो लाये वह है सरूर[21] इसका,
स्याह क़ल्ब[22] को कर दे जो है वह नूर इसका।

---

१ जवानी। २ वृद्ध। ३ हरा भरा। ४ हलका। ५ पतझाड़ का रंग। ६ चलती हुई उम्र। ७ मनुष्य के मस्तिष्क। ८ भारी। ९ कलेजे का रक्त। १० प्रकट। ११ स्वादयुक्त। १२ आत्मा और शरीर का हनन करनेवाली। १३ क़ैद। १४ जादू। १५ मित्र। १६ शत्रु। १७ बुद्धि। १८ बेहोशी। १९ प्रकट होना। २० मृत्यु का नशा। २१ नशा। २२ काला हृदय।

लगाये आग कलेजे में जो वह आब[१] है यह,
करे जो तुफ़ाँ[२] क़यामत वह आफ़ताब[३] है यह ॥
ख़याले बादकशी[४] दिल में गर हुवेदा[५] हो,
तमाम क़ल्ब[६] स्याह सूरते सवेदा[७] हो।
ज़बाँ मज़े पै जो आवे तरब[८] के शैदा[९] हो,
तो सोज़[१०] आतिशे पिनहाँ[११] जिगर में पैदा हो।
ज़बाँ के वास्ते गो रश्के इंगबीं[१२] है यह,
मगर जिगर के लिए आबे आतिशीं[१३] है यह ॥
उदू[१४] बशर[१५] का यह है इस पै है ख़ुदा का इताब[१६],
किसी के दिल में करे घर न बस यह ख़ाना ख़राब[१७]
न इसके शौक़ में बरबाद हो किसी का शबाब[१८],
किसी के दिल में इलाही न हो हवाय शराब।
तबाह सैकड़ों रोशन दिमाग़ इसने किये,
बुझा के दाग़ हज़ारों चिराग़ इसने किये ॥
हज़ारों पर्दए अस्मत[१९] को चाक चाक किया,
हज़ार हुस्न[२०] का इक इक जवाँ हिलाक[२१] किया।

---

१ पानी। २ अद्भुत। ३ सूर्य। ४ शराब खींचने का ख़याल। ५ प्रकट। ६ दिल। ७ दिल पर जो एक काला बिन्दु होता है। ८ ऐश का पानी (शराब)। ९ आसक्त। १० जलन। ११ गुप्त अग्नि। १२ शहद को मात करनेवाला। १३ आग का पानी। १४ शत्रु। १५ आदमी। १६ कोप। १७ घर बिगाड़नेवाली। १८ जवानी। १९ सच्चरित्रता का पर्दा। २० सहस्त्र सौन्दर्य्य। २१ मृतक।

जिगर को ख़ून किया आरज़ू को ख़ाक किया,
चमन जो थे उन्हें सहरायदर्दनाक[१] किया ॥
निशाँ मिटाये उमंगों के और इरादों के,
लहू में ग़र्क़[२] सफ़ीने[३] किये मुरादों के ॥
किया लिहाज़ न शाहों का न[४] वज़ीरों का,
बनाया दस्तनगर[५] हाथ दस्तगीरों[६] का ॥

——

किया फ़क़ीर से कम मरतबा अमीरों का,
रियाज़[७] ख़ाक में सब मिल गया फ़कीरों का।
हर एक के ख़ातिरे बेकस[८] की आरज़ू खोई,
जवाँ का हुस्न तो पीरों की आबरू खोई ॥
बस इसकी हजो का यारा[९] नहीं सख़ुन[१०] के लिए,
जिगर को नेश[११] है यह नोश[१२] है दहन[१३] के लिए।
मुज़िर[१४] है इसकी हविस[१५] हिफ़्ज़ेह जानोतन[१६] के लिए,
ख़िज़ाँ[१७] है इसकी हवा दीन[१८] के चमन के लिए।

---

१ भयानक जंगल। २ डूबे। ३ नावें। ४ नहीं। ५ तबाह। ६ धनवान्, सामर्थ्यवान्। ७ भक्ति। ८ विचारे हृदय। ९ बुराई की ताक़त। १० कविता। ११ डंक। १२ पीने की वस्तु। १३ मुँह। १४ हानिकारक। १५ कामना, लत। १६ शरीर और प्राणों की रक्षा। १७ शिशिर, पतझड़ का मौसम। १८ धर्म।

चमन वह कौन कि गर एक कली भी झड़ जाये,
बहारे गुलशने ईमाँ पै ओस पड़ जाये।
हज़ार हैफ़[१] कि हो दूर बादए तहज़ीब[२],
बशर[३] के वास्ते दुनियाँ मैं बायसेतहज़ीब[४]।
न था ज़मानए बहशत[५] में गो यह ऐश नसीब,
वलैक[६] पाक गुनाहों से था यह अहद[७] ग़रीब।
न था शऊर तो दुनियाँ भी यों ख़राब न थी,
तमीज़[८] नशा की जब तक न थी शराब न थी॥

——

## बरसात।

१९०० ई०

है दिलाती याद मैनोशी[९] फ़िज़ाँ[१०] बरसात की,
दिल बढ़ा जाती है आ आकर घटा बरसात की।
बँध गई है रहमते हक़[११] से हवा बरसात की,
नाम खुलने का नहीं लेती घटा बरसात की।

---

१ अफ़सोस। २ सभ्यता का मद। ३ आदमी। ४ अधर्म अथवा पाप का कारण। ५ असभ्यता के समय। ६ परन्तु। ७ ज़माना। ८ पहिचान, परिचय। ९ मद्य पीना। १० बहार। ११ ईश्वर की कृपा।

जग रहा है हर तरफ़ सब्ज़ा दरो दीवार पर,
इन्तहा[१] गर्मी की है और इब्तिदा[२] बरसात की।
देखना सूखी हुई शाखों में भी जाँ आ गई,
हक़[३] में पौधों को मसीहा है हवा बरसात की।
हों शरीके बज़्मे मै[४] ज़ाहिद[५] भी तोबा तोड़ कर,
झूमती क़िब्ले[६] से उट्ठी है घटा बरसात की।
असल तो यों है मए[७] माशूक़ का जब लुत्फ़ है,
चाँदनी हो रात को दिन को घटा बरसात की।
वह पपीहों की सदाएँ और वह मोरों का रक़्स[८],
वह हवाएँ सर्द वह काली घटा बरसात की।
पार उतर जायेंगे बहरे ग़म[९] से रिन्दे बादा नोश[१०],
ले उड़ेगी किश्तिएमै[११] को हवा बरसात की।
ख़ुद बख़ुद ताज़ा उमंगे जोश पर आने लगीं,
दिल को गर्माने लगी ठंढी हवा बरसात की।
वह दुआएँ मैकशों[१२] की औ वह लुत्फ़े इन्तज़ार[१३],
हाय किन नाज़ों से चलती है हवा बरसात की।
मैं यह समझा अब्र[१४] के रंगीन टुकड़े देख कर,
तख़्त परियों के उड़ा लाई हवा बरसात की।

---

१ सीमा। २ प्रारम्भ। ३ वास्तव में। ४ शराबियों की महफ़िल। ५ परहेज़गार। ६ काबा (मक्का)। ७ शराब। ८ नृत्य। ९ दुःख का सागर। १० मद्यपायी। ११ शराब की नौका। १२ शराब खींचनेवाले। १३ प्रतिक्षा का आनन्द। १४ बादल।

नाज़ हो जिसको बहारे मिस्रो शामो[१] रूम पर,
सर ज़मीने हिन्द[२] में देखे फ़िज़ाँ[३] बरसात की ॥

— —

## कलाम मुतफ़र्रिक़

( स्फुट कवितायें । )

मेरी बेख़ुदी[४] है वह बेख़ुदी कि ख़ुदी का वहमो गुमाँ[५] नहीं,
यह सुरूर[६] साग़रे मै[७] नहीं यह ख़ुमार[८] ख़्वाबे गराँ[९] नहीं ।
जो ज़हूर[१०] आलमे ज़ात[११] है यह फ़क़त हिजूमें सिफ़ात[१२] है,
है जहाँ का और वजूद[१३] क्या जो तिलिस्म[१४] वहमो गुमा नहीं !
यह हयात आलमे ख़्वाब[१५] है न अज़ाब[१६] है न सवाब[१७] है,
वही कुफ़्रोदीं[१८] में ख़राब है जिसे इल्म राज़े[१९] जहाँ नहीं ।
यह है सब जगह जो करो नज़र वह कहीं नहीं जो है बेवसर[२०],
मुझे आज तक न हुई ख़बर वह कहाँ है और कहाँ नहीं ।

---

१ देशों के नाम । २ भारतभूमि । ३ बहार । ४ बेहोशी । ५ खयाल । ६ नशा । ७ शराब का प्याला । ८ नशा । ९ गहरी नींद । १० प्रकट होना । ११ ईश्वरीय । १२ गुणों का समूह । १३ अस्तित्व । १४ ख़यालों का जादू । १५ नींद की दशा । १६ पाप । १७ पुण्य । १८ धर्म अधर्म । १९ संसार के रहस्य का ज्ञान । २० जो दृष्टि में न आये ।

न वह ख़ुम[1] में बादह[2] का जोश है न वह हुस्ने जलवाफ़रोश[3] है,
न किसी को रात का होश है वह सहर[4] को शब का समाँ[5] नहीं।
यह ज़मीं पै जिनका था दबदबा कि बलन्द[6] अर्श[7] पै नाम था,
उन्हें या फ़लक[8] ने मिटा दिया कि मज़ार[9] तक का निशाँ नहीं।

---

किस वास्ते जुस्तजू[10] करूँ शुहरत की,
एक दिन ख़ुद ढूँढ़ लेगी शुहरत मुझको।

---

यों न इन्सान का बरगिश्ता[11] मुक़द्दर[12] हो जाय,
मैं अगर फूल उठा लूँ तो वह पत्थर हो जाय।

---

मग़रिब[13] के बोस्ताँ[14] में जो रंगे ख़िज़ाँ[15] नहीं,
सुनते हैं उस ज़मीन पै यह आस्माँ नहीं।

---

१ घड़ा। २ शराब। ३ प्रकाशयुक्त सौन्दर्य। ४ सुबह। ५ रात्रि का दृश्य। ६ उच्च। ७ आकाश। ८ आकाश। ९ क़ब्र। १० तलाश। ११ ख़राब। १२ तक़दीर। १३ पश्चिम। १४ बाग़। १५ पतझाड़ का रंग।

कुछ और है वह शायरे मुअ़जिज़ बयाँ[१] नहीं,
जिसके सखुन से रंगे तबीयत अयाँ[२] नहीं।
बुलबुल की तरह शोर मचाते हैं रात दिन,
जो आशनाय लज़्ज़ते दर्दे निहाँ[३] नहीं।
मज़मून आबदार[४] हैं दुरहाय शाहवार[५],
दरियाय नूर[६] है मेरी तबए रवाँ[७] नहीं।
इज़हारदर्द[८] ग़ैर से करते हैं बुलहविस[९],
हमको दिमाग़ नालओ आहो फ़ुग़ाँ[१०] नहीं।
इस मुर्दा दिल को ख़ाक नहीं ज़िन्दगी का लुत्फ़,
जिसकी शबाब में थी तबीयत जवाँ नहीं।
दोशे सबा[११] पै रहता हूँ मानिन्द मुर्ग़े बू[१२],
शाख़े शजर[१३] को बार[१४] मेरा आशियाँ[१५] नहीं।
जादू किसी के हुस्न का चलता है रात दिन,
बेकार नक़्श बन्दिए कोनों मकाँ[१६] नहीं।

---

१ सुन्दर रचना करनेवाला सुकवि। २ प्रकट। ३ दुःख को गुप्त रखने के आनन्द से परिचित। ४ पानीदार, चमकदार। ५ मोतियों की तरह। ६ प्रकाश की नदी। ७ तेज़ तबीयत। ८ दुख का प्रकाशन। ९ मूर्ख। १० रोने पीटने। ११ वायु के कंधे। १२ गंधरूपी पक्षी। १३ वृक्ष की डालों। १४ बोझ। १५ घोंसला। १६ घर, मकान।

क्या देखते ही देखते दुनियाँ बदल गई,
वल्लाह! वह जमीं नहीं वह आस्माँ नहीं।

— —

जहाँ में यों हों ज़बाँ जिस तरह दहन[१] के लिए,
सख़ुन[२] है मेरे लिए और मैं सख़ुन के लिए।
बशर[३] का दिल वह नहीं संगी ख़श्त[४] है लारैब[५],
कि जिसमें दर्द मुहब्बत न हो वतन के लिए।

— —

अभी नया जोश इश्क़ का है सलाह सुनते नहीं किसी की,
करेंगे आख़िर में फिर वही हम जो चार यार आशना[६] कहेंगे।
हमारे और ज़ाहिदों[७] के मज़हब में फ़र्क़ अगर है तो इस क़दर है,
कहेंगे हम जिस्को पासेइन्साँ[८] वह उसको ख़ौफ़े ख़ुदा[९] कहेंगे।

— —

अहले बीनिश[१०] को तो हस्ती[११] में ख़ुदा की शक है,
उनपै हसरत[१२] है जो बन्दे को ख़ुदा कहते हैं।

---

१ मुँह। २ काव्य। ३ आदमी। ४ पत्थर या ईंट। ५ बेशक। ६ मित्र। ७ परहेज़गार। ८ मानुषिक शिष्टाचार। ९ ईश्वरीय भय। १० देखनेवाले लोग (यहाँ पर नास्तिकों से आशय है)। ११ अस्तित्व। १२ अफ़सोस।

नाम मुर्दों का अज़ल[१] से है अबद[२] तक ज़िन्दा,
लोग दुनियाँ को अबस[३] दारे फना[४] कहते हैं।

——

गुल नहीं तो बूय गुल ही से मुअत्तर[५] हो दिमाग़,
कोई रख देता क़फ़स[६] मेरा हवा के सामने।
रंजो राहत का सबब दुनियाँ में कुछ पाया नहीं,
हश्र[७] में हम साफ़ कह देंगे ख़ुदा के सामने।

——

हरदम है तबीयत को उलझन एक यास[८] का आलम[९] तारी[१०] है,
यह साँस नहीं एक काँटा है यह ज़ीस्त[११] नहीं बीमारी है।

——

बुढ़ापा नाम है जिसका वह है अफ़सुर्दगी[१२] दिल की,
जवानी कहते हैं जिसको तबीयत की जवानी है।
जगह थोड़ी सी मिल जावे अगर गोरे ग़रीबाँ[१३] में,
दिले नाशाद[१४] को छोटी सी एक तुरबत[१५] बनानी है।

——

---

१ उत्पत्ति। २ सर्वदा। ३ व्यर्थ। ४ नाशवान्। ५ सुगन्ध से व्याप्त। ६ पींजड़ा। ७ क़यामत। ८ निराशा। ९ हालत। १० छाई हुई। ११ ज़िन्दगी। १२ निर्बलता। १३ ग़रीबों की क़ब्र। १४ दुःखी हृदय। १५ क़ब्र।

फ़स्ले गुल[१] में इश्क़े गुल फ़स्लेख़िज़ाँ[२] में यादे गुल,
मैं असीरे उल्फ़ते नैरंगे गुलशन[३] हो गया।

——

चमन को दीदये उल्फ़त[४] से देख ऐ बुलबुल,
गुलों से फूट के रंगे ख़िज़ाँ[५] निकल आया।
अजल[६] के दिन जो तबाही की फ़ाल[७] देखी गई,
तो नामे किश्वरे हिन्दोस्ताँ[८] निकल आया।

——

रूह को अपनी है इश्क़े जौहरे हुस्ने लतीफ़[९];
गुल से बढ़ कर है ख़याले रंगो बू मेरे लिए।
ख़ाना वीरानी[१०] मेरी सब चाहत हैं शक्लेदुर[११],
एक बलाये जाँ[१२] है मेरी आबरू मेरे लिए।
क़तरए शबनम[१३] जिसे तूफ़ाँ है वह बुलबुल हूँ मैं,
बूय गुल है वायसे दर्दे गिलू[१४] मेरे लिए।

---

१ वसन्त। २ शिशिर ऋतु। ३ उद्यान की परिवर्तनशीलता के प्रेम में फँस गया। ४ प्रेम की दृष्टि। ५ शिशिर का रंग। ६ क़यामत। ७ फ़ेहरिस्त। ८ भारतवर्ष देश। ९ सौन्दर्य का चित्ताकर्षक गुण। १० घर की बरबादी। ११ मोती की तरह। १२ जान को आफ़त। १३ ओस की बूँद। १४ गले के दर्द का कारण।

रूहो क़ालिब[१] की तरह रोज़े अज़ल[२] पैदा हुआ,
लखनऊ के वास्ते मैं लखनऊ मेरे लिए।

——

शेख़ को शौक़े शबाब[३] देखिये कब तक रहे,
रेश[४] पै रंगे ख़िज़ाब देखिये कब तक रहे।

——

दिखाता इश्क़ कामिल[५] कुछ असर गर बाद मुर्दन[६] भी,
तो होता मर्कदे लैला[७] पै साया बेद मजनूँ[८] का।

——

जो नुक्ता सेज[९] थे उनका निशाँ नहीं मिलता,
सुनाएँ किसको सख़ुन[१०] क़द्रदाँ नहीं मिलता।
मिटाया गर्दिशे दौराँ[११] ने इस तरह मुझको,
कि बेकसी को भी मेरा निशाँ नहीं मिलता।
कहाँ अहातए हस्ती[१२] से भाग कर जाऊँ,
नई ज़मीन नया आस्माँ नहीं मिलता।

---

१ शरीर और आत्मा। २ उत्पत्ति के दिन। ३ जवानी का उत्साह। ४ दाढ़ी। ५ पूर्ण प्रेम। ६ मरने के बाद। ७ लैला की क़ब्र। ८ मजनूँ रूपी वेद (बेंत का पौधा)। ९ बारीकी को पहिचाननेवाले। १० काव्य। ११ ज़माने का चक्कर। १२ संसार का घेरा।

हुए क़फ़स[1] से रिहा भी तो किस मुसीबत में,
अँधेरी रात है और आशियाँ[2] नहीं मिलता।

——

नाशाद रहे, नाकाम रहे तक़दीर ही अपनी फूट गई,
जिस शाख़ पै हमने हाथ धरा वह शाख़ वहीं से टूट गई।
अब चैन कहाँ, आराम कहाँ, उम्मीद कहाँ अरमान कहाँ,
आई थी अलम[3] की फ़ौज गराँ[4] वह दिल की बस्ती टूट गई।

——

है रंग आँख को महसूस[5] और दिमाग को बू,
वह शै[6] जो अस्ल में गुल है कहीं चमन में नहीं।

———

## लार्ड कर्ज़न से झपट।

नज़्म ज़रीफ़ाना ( हास्यरसात्मक पद्य )

वह शबेतार[7] में तारों का फ़लक[8] पर जमघट,
छुप गया आँख से बदली जो ज़मी ने करवट।

---

१ पींजड़े। १ घोंसला। ३ रञ्ज। ४ भारी। ५ अनुभव होना, जान पड़ना। ६ चीज़। ७ चीज़। ८ अँधेरी रात।

देखना शर्क़[१] में वह सुबह का तारा चमका,
वह उरूसे सहरे नूर[२] ने उलटा घूँघट।
बढ़ के रिज़वाँ[३] ने वह जन्नत के दरीचे[४] खोले,
आई वह गुलशने फ़िरदौस[५] से फूलों की लपट
चौंक उठा पीरे फ़लक[६] बाँग लगाई ऐसी,
मुर्ग़ ने गुरबए मस्कीं[७] की जो पाई आहट।
गुदगुदाया जो नसीमे सहरी[८] ने आकर,
नाज़ से सब्ज़ए ख़्वाबीदा[९] ने बदली करवट।
नज़र आता है गुलिस्ताँ में परिस्ताँ[१०] का समाँ,
गुल खिले हैं कि है परियों का चमन में जमघट।
यह बहारे चमनिस्ताँ यह सहर का आलम[११],
हाँ, ज़रा बादए गुलरंग[१२] तो लाना झटपट।
हाँ, वह मैं हो कि मिल जाय कहीं थोड़ी सी,
शीरे मादर[१३] की तरह शेख़ भी पीले ग़टग़ट।
देखना लेके सुराही मेरा साक़ी[१४] आया,
जाम[१५] में बादए गुलरंग[१६] दिया उसने उलट।

---

१ पूरब। २ प्रभात का प्रकाश। ३ स्वर्ग के द्वारपाल। ४ खिड़कियाँ। ५ स्वर्ग के उद्यान। ६ वृद्ध आकाश। ७ ग़रीब बिल्ली। ८ प्रभात की वायु। ९ सोया हुआ सब्ज़ा। १० अप्सराओं का निवास-स्थान। ११ प्रभात का दृश्य। १२ शराब। १३ माता का दूध। १४ शराब पिलानेवाला। १५ प्याला। १६ रङ्गीन शराब।

अब मैं पीता हूँ लबों[१] तक मेरे साग़र[२] पहुँचा,
ख़त्म मै[३] हो गई तो हल्क़ से उतरी तलछट।
आ गया जोश तबीयत में बढ़ा गर्दिश ख़ूँ[४],
डोरे आँखों के हुए लाल फिरी गरमाहट।
नशे में चूर हूँ और सूझती है दूर की अब,
डर है कर्ज़न से न हो जाय कहीं मुझसे झपट।
लीजिये सामने मेरे है शबीहे[५] कर्ज़न,
रंग इस तरह बदलती है कि जैसे गिरगट।
सुर्ख़ ग़ुस्से से कभी ज़र्द कभी सदूमे[६] से,
ख़ौफ़ के मारे कभी रंग में है नीलाहट।
आये हैं आप तो कुछ हज़रते कर्ज़न सुनिये,
आप अगर मुह के कड़े हैं तो हूँ मैं भी मुँहफट।
आ गया तैश[७] मुझे दिल का निकालूँगा बुख़ार,
साफ़ कहता हूँ नहीं बात में अपनी बनवट।
मानियेगा न बुरा आदमी हैं आप शरीफ़,
आलमेनशा[८] में बक जाऊँ अगर कुछ सटपट।
हाँ यह क्यों आपके गुम हो गये हैं होश हवास,
कनवोकेशन में यह दिखलाई है क्या झल्लाहट।

---

१ होठों। २ प्याला। ३ शराब। ४ रक्त का दौरान। ५ शक्ल। ६ रञ्ज। ७ क्रोध। ८ नशे की हालत।

गुलफ़िशानी[१] के एवज़ दूर किया दिल का बुख़ार,
    .ख़ूब फेंका सरे अहबाब[२] पै कूड़ा करकट।
दीं सलाहें हमें किस रंग की माशा अल्लाह,
    ख़ूब हम जानते हैं आप हैं जैसे नटखट।
गालियाँ किस लिए दरपर्दा सुनाईं हमको,
    नाचने निकले तो फिर मुँह पै यह कैसा घूँघट।
याद रह जायगी लेकिन है वह ठोकर खाई,
    तौसने तबअ[३] को अब फिर न उड़ाना सरपट।
अहले बंगाल[४] ने क्या .ख़ूब किया है हमला,
    क्या तेरी फ़ौजे मज़ामीं[५] ने है खाया घूँघट।
मुँह दिखाना तुझे वाजिब नहीं कलकत्ते में,
    अब मुनासिब तेरे रहने के लिए है चिनहट[६]।
.ख़ूब बौछार हुई चार तरफ़ से तुझ पर,
    पानियर तक को न .ख़ुश आई तेरी जींट ज़पट[७]।
कांग्रेसवाले तो क्या, .ख़ुश नहीं तुझसे दिल में,
    दुश्मने मुल्क अलीगढ़ के पुराने खूसट।
ताज वक़अत[८] का उठा सर से तेरे चलते वक्त,
    बे चिराग़ आये नज़र सुबह को जैसे दीवट।

---

१ फूल झाड़ने। २ मित्रों के सिर पर। ३ तबीयत के घोड़े। ४ बङ्गाल-निवासियों। ५ लेखों और व्याख्यानों की सेना ने। ६ लखनऊ ज़िले के अन्तर्गत एक क़स्बा। ७ झूठी शेख़ी। ८ प्रतिष्ठा।

जिससे नाशाद[१] रिआया है वह है दौर[२] तेरा,
कर दिया मुल्क को इस पाँच बरस में चौपट ।
बस तेरा चल न सका क़हतो वबा[३] से कुछ भी,
शहर वीरान हैं आबाद हुए हैं मरघट ।
अब मुनासिब है यही कीजिये पिंजड़ा ख़ाली,
हम भी ख़ुश आप भी ख़ुश दूर कहीं हो झंझट ।
तू हो जाने पै जो राज़ी तो क़सम सर की तेरे,
करके चन्दा तुझे हम ले दें विलायत का टिकट।
और जो तुझको नहीं मंजूर यह अहसाँ लेना,
भेज दें हम तुझे बैरंग बनाकर पैकट ।
यही इक़रार यही क़ौल यही वादा था,
ओ सख़ुनसाज़[४], ज़बाँसाज़[५] फ़िसूँगर[६] नटखट ।
फूँक डाले तेरी स्पीचों के बंडल हमने,
अब की होली में जलाये नहीं चैले बनकट ।
चेम्बरलेन से उस्ताद का शागिर्द है तू,
याद हैं मिल के मक़ूले[७] न उसूले[८] बेगट[९] ।
कौन्सिल के जो तेरे मेम्बरे सरकारी हैं,
वह भी कमबख़्त हैं सब चोर के साथी गलकट ।

---

१ नाख़ुश । २ ज़माना । ३ दुर्भिक्ष, बीमारी । ४-५ वक्ता, व्याख्याता । ६ जादूगर । ७ सिद्धान्त । ८ कथन, सिद्धान्त। ९ एक पाश्चात्य विद्वान् ।

या इलाही यह चली बादे मुख़ालिफ़[१] कैसी,
आ गया उड़ के जो लन्दन से यह कूड़ा करकट।
है मगर मुल्क में दो चार तह्मतन[२] याँ भी,
आस्तीं[३] तेरे मुक़ाबिल में जो लेते हैं उलट।
याद रख हश्र[४] तलक भी न तुझे भूलेगी,
गोखले की वह चिंघाड़ और वह मेहता की डपट।
चल यहाँ से तो विलायत में ख़बर लेंगे तेरी,
चैन से रात को सोयेगा न तू एक करवट।
दादख़्वाहों[५] का पुलिस है वही दरबारे अज़ीम[६],
पार्लमेन्ट में लिखवायेंगे हम तेरी रपट।
बच गया वाँ भी तो फिर हश्र में होगा इंसाफ़,
काम आयेगी ख़ुदा से न तेरी जींट ज़पट[७]।
तालियाँ पीटेंगे रुस्वाई[८] पै तेरे मज़लूम[९],
दीदनी[१०] होगी क़यामत में तेरी घबराहट।
अब भी आ होश में अन्दाज़े हुकूमत[११] को बदल,
मर्द होके तुझे वाजिब नहीं यह तिरियाहट[१२]।
सोच अंजाम को एक रोज़ है सबको मरना,
है नमकख़्वार हमारा तू न कर हमसे कपट।

---

१ विरुद्ध वायु। २ बहादुर, पहलवान। ३ आस्तीन, बाहें। ४ प्रलय। ५ फ़रियादियों। ६ बड़ा दरबार। ७ शेख़ी। ८ बदनामी। ९ सताये हुए। १० देखनी। ११ शासन का ढङ्ग। १२ स्त्रियों का सा हठ।

बैठ कुर्सीय विज़ारत[1] पै संभल कर प्यारे,
आहे मज़लूम[2] ने शाहों के दिये तख़्त उलट।
अब मेरा नशा उतरता है मैं होता हूँ ख़मोश,
बस तेरे वास्ते काफ़ी है यही सर्टीफ़िकट।
आ गया होश मुझे खुल गईं आँखें लेकिन,
अब वह कर्ज़न नज़र आते हैं न वह उनका चुरुट।
मेरे मौला मेरी बिगड़ी के बनानेवाले,
तू ही तक़दीर अब इस ख़त्तए बेकस[3] की उलट।
शाह एडवर्ड का इक़बाल बढ़ा दुनियाँ में,
जिस पै सर फोड़ते हैं हम वह है इसकी चौखट।
बस ज़बाँ अब न हो तू माकां आराय सख़ुन[4],
रश्क[5] से मर्क़दे सौदा[6] न कहीं जाय उलट।
ऐ उरूसे सख़ुन[7] अल्लाह रे! जोबन तेरा;
लाट साहब को भी नाथे है तेरी ज़ुल्फ़ की लट।
हज़रते "पंच" से बिगड़ेंगे तो बन जायेंगे,
लाट साहब को मुनासिब नहीं याँ घबराहट।

---

१ मंत्रित्व की कुर्सी। २ दुखाये हुए दीन की पुकार। ३ बिचारे देश (भारतवर्ष)। ४ काव्य के क्षेत्र को सजानेवाली। ५ ईर्ष्या, डाह। ६ सौदा (उर्दू के एक नामी कवि) की क़ब्र। ७ काव्यरूपी नववधू।

समाप्त